RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 13
लखनऊ, शुक्रवार, 30 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




एक फिल्म का हिट होना काम मिलने की गारंटी नहीं होता


विविध-12


# पाक ने कबूला, पुलवामा हमले में था उसका हाथ

## आतंकी साजिश में इमरान सरकार की भूमिका स्वीकारते मंत्री फवाद चौधरी ने संसद में कहा-हमने भारत को घुस कर मारा

- पुलवामा हमले में 40 सीआरपीएफ जवान हुए थे बलिदान
- दूसरी ओर पाक के एक वरिष्ठ विपक्षी नेता ने कहा, भारत के संभावित हमले के डर से पाकिस्तान के नेताओं के कांप रहे थे पैर



पाकिस्तान के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के एक वरिष्ठ मंत्री ने बृहस्पतिवार को सनसनीखेज खुलासा करते हुए स्वीकार किया कि 2019 में जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के लिए उनका देश जिम्मेदार है। उस हमले में सीआरपीएफ के 40 जवानों के शहीद होने के बाद दोनों देश जंग के मुहाने पर आकर खड़े हो गए थे।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी ने नेशनल असेंबली में बहस के दौरान कहा, हमने हिंदुस्तान को घुस कर मारा। पुलवामा में हमारी कामयाबी, इमरान खान के नेतृत्व में इस देश की कामयाबी है। आप और हम सभी इस कामयाबी का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी चौधरी का यह बयान विपक्षी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) नेता अयाज सादिक के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को रिहा करने की गुहार लगाई थी, जिन्हें 27 फरवरी, 2019 को पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों के साथ हवाई टकराव में उनका मिग-21 बाइसन लड़ाकू विमान गिर जाने के बाद पाकिस्तानी सेना ने हिरासत में ले लिया था। भारतीय वायु सेना के विमानों ने 26 फरवरी 2019 को तड़के पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र के बालाकोट में स्थित जैश ए मोहम्मद के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था।

सादिक ने जिस उच्चस्तरीय बैठक का जिक्र करते हुए यह दावा किया था उसमें सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा भी शामिल थे। सादिक ने बैठक को याद करते हुए कहा, विदेश मंत्री (कुरैशी) ने हमसे कहा कि खुदा के वास्ते, उसे (अभिनंदन) को वापस जाने दीजिए, वरना भारत रात नौ बजे पाकिस्तान पर हमला कर देगा। पुलवामा हमले के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्री रहे चौधरी ने सादिक के बयान की आलोचना करते हुए उसे अनुचित बताया है। अमेरिका के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी सरजमी को आतंकवादी समूहों की सुरक्षित पनाहगाह बनने से रोके और पुलवामा हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाए।

## राहुल पर भाजपा का वार अब खुलनी चाहिए आंख

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भाजपा** अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सशस्त्र बलों का मजाक उड़ाने के लिए गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला और एक कथित वीडियो का हवाला देते हुए उन पर निशाना साधा जिसमें एक पाकिस्तानी सांसद कह रहे हैं कि विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को इस्लामाबाद ने इसलिए रिहा किया क्योंकि उसे भारत के हमले का डर सता रहा था।

नड्डा द्वारा ट्वीट किए गए वीडियो में पाकिस्तान के एक सांसद यह कहते सुने जा रहे हैं कि पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा की उपस्थिति में हुई एक बैठक में विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा था कि अभिनंदन को रिहा नहीं किया गया तो हिन्दुस्तान नौ बजे रात को पाकिस्तान पर हमला कर रहा है। वर्ष 2019 में भारत द्वारा बालाकोट में किए गए हवाई हमले के बाद एक हवाई युद्ध के क्रम में अभिनंदन पाकिस्तानी सीमा क्षेत्र में प्रवेश कर गए थे, जहां उन्हें हिरासत में ले लिया गया था। वीडियो में पाकिस्तानी सांसद कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, अभिनंदन की क्या बात करते हैं। मुझे याद है शाह महमूद कुरैशी साहब उस मीटिंग में थे।

प्रधानमंत्री साहब ने उसमें आने से इंकार कर दिया, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ तशरीफ लाए। पैर कांप रहे थे, पसीने माथे पर थे और हमसे फॉरेन मिनिस्टर शाह महमूद साहब ने कहा कि खुदा के वास्ते अब इसको वापस जाने दें क्योंकि नौ बजे रात को हिन्दुस्तान पाकिस्तान पर हमला कर रहा है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए (शेष पेज 9)

## पूरी दुनिया जानती है पाक देता है आतंकवाद को बढ़ावा: भारत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूरा विश्व आतंकवाद का समर्थन करने में पाकिस्तान की भूमिका के बारे में सच्चाई जानता है। भारत-अमेरिका के बीच टू-प्लस-टू वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में पाकिस्तान और सीमापार आतंकवाद का जिक्र किए जाने पर पाकिस्तान की आपत्ति को सख्ती से खारिज करते हुए भारत ने यह बात कही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि जो देश संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित, अधिकतम आतंकवादियों को पनाह देता है, उसे खुद को पीड़ित बताने का प्रयास कभी नहीं करना चाहिए। उन्होंने भारत-अमेरिका संयुक्त बयान पर पाकिस्तान की प्रतिक्रिया को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में प्रेस वार्ता में कहा कि पूरा विश्व आतंकवाद का समर्थन करने में पाकिस्तान की भूमिका से वाकिफ है। भारत और (शेष पेज 9)

## सपा को सबक सिखाने के लिए भाजपा से भी परहेज नहीं

- बसपा सुप्रीमो ने बगावत करने वाले सात विधायकों को किया निलम्बित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधानसभा** उप चुनाव से पहले ही राज्यसभा चुनाव को लेकर यूपी की सियासत में दिलचस्प मोड़ आने शुरू हो गए हैं। राज्यसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के विरोध में खड़े होने व समाजवादी पार्टी से नजदीकियों के चलते बसपा सुप्रीमो मायावती ने सात विधायकों को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही मायावती ने अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा है कि एमएलसी के चुनाव में सपा को हराने के लिए बसपा पूरी ताकत लगा देगी।

विधायकों को बीजेपी समेत किसी भी विरोधी पार्टी के उम्मीदवार को वोट क्यों ना देना पड़ जाए, जो भी पार्टी सपा के दूसरे उम्मीदवार को हराने के लिए भारी पड़ेगी तो उसे हम अपने विधायकों का वोट जरूर दिलाएंगे। गुरुवार को मीडिया से मुखातिब बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि 2 जून 1995 गेस्ट हाउस कांड का मुकदमा वापस लेना गलती थी, चुनाव प्रचार के बजाय अखिलेश यादव मुकदमा वापस कराने में लगे थे। बार-बार एससी मिश्र को फोन करके मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगे जिसके चलते चुनाव के दौरान ही हमें केस वापस लेना पड़ा। मायावती ने कहा कि चुनाव बाद जो रवैया हमारी पार्टी ने देखा उससे हमें यही लगा कि हमने चुनाव के दौरान केस को वापस लेकर बहुत बड़ी गलती की है। हमें इनके साथ कोई चुनावी गठबंधन नहीं करना चाहिए था। कल राज्यसभा के पर्चों की जांच के दौरान सफलता न मिलने पर अब यह पार्टी बीएसपी पर बीजेपी के साथ साठगांठ करके चुनाव लड़ने का आरोप लगा रही है।

मायावती ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद सबसे पहले सपा की ओर से रामगोपाल यादव ने पर्चा दाखिल किया। इसके बाद एससी मिश्र ने हमसे कहा कि सपा ने अपना केवल एक ही पर्चा दाखिल कराया है ऐसा लगता है कि शायद वह अपना दूसरा उम्मीदवार खड़ा नहीं कर रहे हैं। ऐसे में हमें अपना भी उम्मीदवार जरूर खड़ा कर देना चाहिए अन्यथा कोई ना कोई बड़ा पूंजीपति हमारे भी विधायकों की खरीद फरोख्त करके चुनाव जीत जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा के लिए अपना प्रत्याशी उतारने से पूर्व बसपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कई बार अखिलेश को फोन किया लेकिन बार-बार उनका फोन उनके प्राइवेट सेक्रेटरी ने उठाया। इसके बाद राष्ट्रीय महासचिव ने रामगोपाल यादव से फोन पर बात की और रामगोपाल यादव ने स्पष्ट रूप से कहा कि समाजवादी पार्टी सिर्फ एक ही सीट (शेष पेज 9)

## निलम्बित विधायकों ने कहा बीजेपी से मिली हैं मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी से नजदीकियों के आरोप में पार्टी से निलम्बित किये गए बसपा विधायक भी खुलकर मायावती के विरोध में आ गए हैं। विधायकों ने मायावती पर बीजेपी से मिले होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने इसका विरोध किया, इसलिए यह कार्रवाई की गई है। बीएसपी के निलंबित विधायक असलम चौधरी ने कहा कि मायावती बीजेपी से मिल गईं हैं। असलम ने कहा कि बसपा और बीजेपी मिले हुए हैं। मैंने इस गठबंधन का विरोध किया। विरोध की वजह से मायावती ने निकाला है। मैं बसपा का विधायक बना रहूंगा। वहीं बागी विधायक बिंद का कहना है कि भाजपा से मिलने का हमने विरोध किया। जिसकी वजह से यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव से उनकी कोई मुलाकात नहीं हुई है। उधर बीएसपी के विधायक हरगोविंद भार्गव का कहना है कि मैं कल लखनऊ में था ही नहीं। मैं अब भी बीएसपी का विधायक हूँ।

**ये हुए निलम्बित:** राज्यसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार रामजी गौतम के प्रस्तावक के रूप में हस्ताक्षर करने वाले श्रावस्ती के भिनगा के विधायक असलम राईनी, हापुड़ के ढोलना से विधायक असलम अली, प्रयागराज के प्रतापपुर से विधायक मुजतबा सिद्दीकी तथा प्रयागराज के हंडिया से विधायक हाकिम लाल बिंद को निलम्बित किया गया है। जबकि अखिलेश यादव से मुलाकात करने वाले सीतापुर के सिधौली से विधायक हरगोविंद भार्गव, प्रतापगढ़ के मुंगरा बादशाहपुर से विधायक सुषमा पटेल तथा आजमगढ़ के सगड़ी से विधायक वंदना सिंह को निलम्बित किया गया है।

## जम्मू-कश्मीर में भाजपा के तीन कार्यकर्ताओं की गोली मारकर हत्या

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के कुलगाम जिले में बृहस्पतिवार को आतंकवादियों ने भाजपा के तीन कार्यकर्ताओं की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार देर शाम कुलगाम जिले के वाई के पोरा इलाके में फिदा हुसैन, उमर हाजम एवं उमर राशीद बेग की आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

उन्होंने बताया कि पीड़ितों को काजीगुंड के एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन माने जाने वाले द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी ली है। सोशल मीडिया अकाउंट पर डाले संदेश में टीआरएफ ने कहा कि कब्रिस्तान भर जाएंगे। उल्लेखनीय है पाकिस्तान की मदद से आतंकवादी लगातार सीमावर्ती राज्य जम्मू कश्मीर में आम लोगों पर हमले कर रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा चुका है।

## पुलिस पर हमला, डीएम और एसपी पर तबादले की गाज



बिहार के मुंगेर में ताजा हिंसा

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना/मुंगेर

**बिहार** के मुंगेर जिले में गुरुवार को दोबारा हिंसा भड़क गई। गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधीक्षक और एसडीओ कार्यालयों, तीन थानों और एक चौकी सहित शहर में कई स्थानों पर तोडफोड़ की और अनेक वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इनमें दो गाड़ियां पुलिस की भी थीं।

वहीं निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारी राजेश मीणा और पुलिस अधीक्षक लिपि सिंह को हटा दिया और मगध प्रमंडल के आयुक्त असंगबा चुबा एओ को पूरी घटना की जांच करने का आदेश दिया है। बिहार विधानसभा चुनाव के चरण के मतदान से एक दिन पहले मुंगेर जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय चौक पर सोमवार देर रात देवी दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के दौरान हुई गोलीबारी और पथराव में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और सुरक्षाकर्मियों सहित दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे।

घटना के एक कथित वीडियो में सुरक्षाकर्मी विसर्जन जुलूस में लोगों के एक समूह पर लाठीचार्ज करते दिख रहे हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर एक विचलित करने वाली तस्वीर वायरल हुई, जिसमें इस घटना में कथित तौर (शेष पेज 9)

## जातिवादी-वंशवादी ताकतों को हराना होगा

- बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान बोले योगी, कहा-राजद-कांग्रेस और भाकपा माले महागठबंधन लाना चाहता है जंगलराज

**भाषा।** दरौंदा (सिवान)



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजद-कांग्रेस-भाकपा माले महागठबंधन पर बिहार में दोबारा जंगलराज लाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कश्मीर से आतंकवाद के खात्मे के बाद देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंकने की तैयारी चल रही है।

योगी आदित्यनाथ ने सिवान में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खास तौर पर अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण, एक बार में तीन बार तलाक के खिलाफ कानून बनाने एवं जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किए जाने का जिक्र किया। उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बिहार के विकास के लिए नीतीश कुमार के नेतृत्व में पुन: सरकार बनाए जाने पर बल दिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, याद कीजिए, कुछ वर्षों पहले बिहार के सामने पहचान का संकट था। जंगलराज की स्थिति किन लोगों ने पैदा की थी? आज वे फिर से ताक में हैं।

इन जातिवादी और वंशवादी ताकतों को परास्त करना है। विपक्ष, खास तौर पर राजद पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि चुनाव में मतदान के जरिए जातिवादी एवं वंशवादी ताकतों को परास्त करना है तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज से 15 साल पहले बिहार के युवा अपनी पहचान छुपाने के लिए मजबूर थे और ऐसा संकट पैदा करने वाले लोग आज बिहार में फिर से रोजगार का झुनझुना दिखाकर युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, जातिवाद के नाम पर परिवारवाद को बढ़ावा देकर और परिवारवाद के जरिए भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर इन्होंने बिहार को बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं की प्रतिभा का पूरी दुनिया लोहा मानती है, लेकिन जातिवादी एवं परिवारवादी ताकतों ने राज्य के युवाओं की प्रतिभा को कुंद किया।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 15 वर्षों में बिहार को विकास के पथ पर ला कर आगे बढ़ाया गया है। विपक्षी महागठबंधन पर तीखा प्रहार हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस और राजद ने समाज विरोधी और हिंसा फैलाने वाली ताकतों से गठजोड़ किया है और ए राज्य में विकास को बाधित करना चाहते हैं। राजद-कांग्रेस-भाकपा माले महागठबंधन बिहार में दोबारा जंगलराज लाना चाहते हैं। योगी ने कहा, लेकिन वे सुन लें कि कश्मीर में आतंकवाद के खात्मे के बाद अब नक्सलवाद को देश से उखाड़ फेंकने की तैयारी चल रही है। अब भारत की धरती पर नक्सलवाद का निशान नहीं रहेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा अयोध्या में जब राम मंदिर बनाने की बात चलती थी तब लोग पूछते थे कि मंदिर कब बनेगा। पांच अगस्त 2020 को (शेष पेज 9)

## पैंगबर के कार्टून पर हिंसा जारी

## फ्रांस में कलम किया महिला का सिर, अन्य दो की हत्या


**एपी।** पेरिस

**भूमध्यसागरीय** शहर नीस में बृहस्पतिवार को एक गिरिजाघर में हमलावर द्वारा चाकू से किए गए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह पिछले दो महीनों में फ्रांस में इस तरह का तीसरा हमला है। नोट्रेडम चर्च (गिरिजाघर) में हमले को अंजाम देने वाला हमलावर पुलिस द्वारा पकड़े जाने के दौरान घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस वारदात स्थल से एक किलोमीटर की दूरी पर वर्ष 2016 में बास्तील डे परेड के दौरान एक हमलावर ने ट्रक को भीड़ में घुसा दिया था, जिसमें दर्जनों लोगों की मौत हो गई थी। दो पुलिस अधिकारियों ने नाम का खुलासा नहीं करते हुए कहा कि माना जा रहा है कि बृहस्पतिवार की वारदात को हमलावर ने अकेले अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि इसलिए पुलिस अन्य हमलावरों की खोज नहीं कर रही है। नीस के मेयर क्रिस्चियन एस्त्रोसी ने कहा, वह (हमलावर) घायल होने के बाद भी बार-बार अल्लाह अकबर चिल्ला रहा था। एस्त्रोसी ने ही बीएफएम टेलीविजन को बताया कि हमले में दो लोगों की मौत हुई है, दो की गिरिजाघर में जबकि बुरी तरह से घायल तीसरे व्यक्ति ने वहां से भागने के दौरान दम तोड़ा। उल्लेखनीय है कि यह घटना ऐसे समय हुई है जब फ्रांस में आतंकवादी हमले को लेकर पहले ही अलर्ट जारी किया हुआ है। वहीं, फ्रांसीसी संसद के निचले सदन ने कोरोना वायरस महामारी के चलते नई पाबंदियों पर बहस को स्थगित करते हुए पीड़ितों के लिए कुछ देर मौन रखा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रो बाद में नीस के लिए रवाना हुए।

## अलर्ट: ठीक हो चुके मरीजों में भी मिल सकता है वायरस

- शोधकर्ताओं की सलाह- कोरोना को हराने के बाद लोगों से मिलने-जुलने में बरतें सावधानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कोरोना** से ठीक हो चुके लोग बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और किसी के भी सीधे संपर्क में आने से बचें, क्योंकि बीमारी को मात देने के बाद भी उनमें कोविड-19 वायरस मौजूद हो सकता है। खास यह कि इस बारे में उन्हें जानकारी भी होती है। शोधकर्ताओं ने चेताया है कि स्वस्थ हो चुके कोरोना मरीजों के संपर्क में आने वाले लोगों में महामारी फैलने का खतरा बराबर बना रहता है। अमेरिकन जर्नल ऑफ प्रिवेंटिव मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, कोविड-19 से विश्व स्वास्थ्य संगठन के मापदंड के अनुसार पूरी तरह स्वस्थ हो चुके 17 प्रतिशत रोगियों में फालोअप स्क्रीनिंग के दौरान वायरस के लक्षण पाए गए। जिन रोगियों में श्वसन संबंधी लक्षण, विशेष रूप से गले में खराश और राइनाइटिस के शिकार थे, उनके कोरोना पॉजिटिव मिलने की संभावना अधिक थी। इससे पता चलता है कि इन दोनों लक्षणों को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए और कोविड-19 से उबरने वाले सभी रोगियों में इसका पूरी तरह आकलन करना चाहिए। अगोस्टिनो जिमेली यूनिवर्सिटी पॉलिक्लीनिक के शोधकर्ताओं ने कोविड से ठीक हो चुके कुछ रोगियों के समूह की जांच की ताकि यह पता लगाया जा सके कि आखिर इलाज और क्वॉरंटीन के बाद उनके शरीर में किस तरह की प्रतिक्रिया हुई। अध्ययन में 131 ऐसे मरीजों को षामिल किया गया था जिन्होंने संक्रमित होने के बाद इलाज और क्वॉरंटीन के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों का पूरी तरह पालन किया। इन दिशानिर्देशों में तीन दिनों के लिए दवाओं का उपयोग किए बिना रोगी को बुखार-मुक्त होना आवश्यक है। उनके लक्षणों में भी सुधार होना चाहिए और 24 घंटे में कम से कम दो बार निगेटिव रिपोर्ट आनी चाहिए। कैथलिक यूनिवर्सिटी ऑफ द सैक्रेड हार्ट, इटली से जुड़े अध्ययन के नेतृत्वकर्ता लेखक फ्रांसिस्को लैंडी ने कहा कि चिकित्सकों और शोधकर्ताओं ने मरीज में कोविड-19 के उच्च प्रभाव की स्थिति पर ध्यान केंद्रित किया, लेकिन लंबे समय बाद भी प्रभाव पड़ने की आशंका के मद्देनजर ठीक होने के बावजूद मरीज की निरंतर निगरानी की। बाद में मरीज का एक नया आरटी-पीसीआर टेस्ट किया गया। कोविड-19 के लक्षण जैसे खांसी, थकान, दस्त, सिरदर्द, स्वाद विकार, भूख न लगना, गले में खराश और राइनाइटिस की मौजूदगी का संकेत मिलने पर मरीज की जनसांख्यिकीय, चिकित्सीय और इलाज संबंधी जानकारी एकत्र की गई। इसके निष्कर्षों से पता चला कि 16.7 प्रतिशत मरीजों में दोबारा कोरोना के लक्षण मिले। उम्र या लिंग के मामले में पॉजिटिव या निगेटिव रोगियों के बीच कोई खास अंतर नहीं पाया गया। रोगियों में से किसी को बुखार नहीं था और सभी की स्थिति में इलाज के दौरान सुधार देखा गया। सिर्फदो लक्षण जो पॉजिटिव रोगियों में अधिक पाए गए, उनमें गले में खराश (18 प्रतिशत बनाम चार प्रतिशत) और राइनाइटिस के लक्षण (27 प्रतिशत बनाम दो प्रतिशत) थे।

### देश में 49,881 नए मामले, 517 और मौतें

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के 49,881 नए मामले सामने आने के बाद देश में कुल संक्रमितों की संख्या बृहस्पतिवार को 80 लाख के पार पहुंच गई। वहीं 73.15 लाख लोगों के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही देश में मरीजों के ठीक होने की दर 90.99 प्रतिशत हो गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में अभी तक कोविड-19 के कुल 80,40,203 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, पिछले 24 घंटे में 517 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,20,527 हो गई। देश में कोविड-19 से मृत्यु दर 1.49 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी 6,03,687 लोगों का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 7.5 प्रतिशत है।

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| संसेक्स | 39,749 | ↓ | 172 | |
| निफ्टी | 11,670 | ↓ | 58 | |
| सोना | 50,630 | ↓ | 121 | /10g |
| चांदी | 60,098 | ↓ | 1277 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल का निधन



**अहमदाबाद।** गुजरात में भाजपा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल का बृहस्पतिवार को यहां निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। पटेल हाल ही में कोविड-19 से उबरे थे। बृहस्पतिवार की सुबह स्वास्थ्य संबंधी कुछ परेशानियों के चलते उन्हे अहमदाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। पटेल 92 वर्ष के थे। वह 1995 और फिर 1998 से 2001 के बीच मुख्यमंत्री रहे। उनके बाद नरेन्द्र मोदी राज्य के मुख्यमंत्री बने थे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई अन्य नेताओं ने केशुभाई पटेल के निधन पर शोक प्रकट किया है।

# योजनाओं की जानकारी देने को ब्लाक स्तर पर बनाएं हेल्प डेस्क

## मुख्य सचिव ने मिशन शक्ति अभियान के दूसरे चरण का माइक्रो प्लान 30 अक्टूबर तक बनाने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा है कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिये संचालित विशेष अभियान मिशन शक्ति का प्रथम चरण 25 अक्टूबर को सम्पन्न हो चुका है। इस अभियान के द्वितीय चरण का माइक्रोप्लान तैयार करने के लिए सम्बन्धित सभी विभाग द्वारा अपनी-अपनी कार्ययोजना प्रत्येक दशा में 30 अक्टूबर तक गृह विभाग को उपलब्ध करा दी जाये।

मुख्य सचिव ने मिशन शक्ति की अभियान की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के प्रभावी अनुश्रवण के लिए एक पोर्टल यथाशीघ्र तैयार करा लिया जाए जिसमें विभिन्न विभागों में संचालित कार्यक्रमों की जानकारी एवं फोटोग्राफ्स अपलोड किये जायें। पोर्टल पर महिलाओं एवं बालिकाओं से सम्बन्धित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी अपलोड की जाए। राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों में महिला लाभार्थियों की भागीदारी बढ़ायी जाये। महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए कौशल विकास विभाग द्वारा उन्हें प्रशिक्षित किया जाए तथा अधिक से अधिक रोजगार भी उपलब्ध कराया जाए। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा ब्लाक स्तर पर महिलाओं को प्रदेश की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान किये जाने के लिए एक हेल्प डेस्क स्थापित की जाए। राजस्व विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन के लिये जनपद के प्रत्येक तहसील में स्थापित महिला हेल्प डेस्क को प्रभावशाली ढंग से संचालित किया जाये। इसके साथ ही हेल्प डेस्क में प्राप्त होने वाली शिकायतों के अनुश्रवण की भी प्रभावी व्यवस्था की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि अभियान के दौरान महिला एवं बाल सुरक्षा से सम्बन्धित वॉल पेन्टिंग, कठपुतली मंचन एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया जाए। महिलाओं एवं बालिकाओं को सोशल मीडिया के उपयोग में बरती जाने वाली सावधानियों एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए। राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा व माध्यमिक शिक्षा विभाग के पाठ्यक्रम में महिला सशक्तीकरण विषय को शामिल करने पर विचार किया जाए। सभी छात्र-छात्राओं एवं अध्यापिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण तथा शारीरिक, मानसिक यौन शोषण के विषय में विधिक जानकारी के लिए जागरूक किया जाए। औद्योगिक विकास विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति के रूप में व्यापारिक प्रतिष्ठानों में जागरूकता गोष्ठी एवं कार्यशालाएं आयोजित की जाएं। समय-समय पर विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों का सूचना विभाग द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि सेफ सिटी प्रोजेक्ट के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाये। जिन थानों में महिला हेल्पडेस्क की स्थापना का कार्य अवशेष है, उन्हें शीघ्रताशीघ्र पूरा किया जाये। महिला अपराधों में अपराधियों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जाए।

## मरीजों को मिलने वाली सेवाओं की जांच थर्ड पार्टी से कराएं

- मुख्य सचिव ने की कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा है कि कोविड-19 के संक्रमण में निरन्तर कमी आने के बावजूद प्रत्येक स्तर पर सतर्कता और सावधानी बरती जाए। संक्रमण के पुन: प्रसार की आशंका के दृष्टिगत कोविड-19 के प्रभावी रोकथाम के लिए कोविड-19 प्रोटोकॉल, मास्क का अनिवार्य रूप से प्रयोग, सोशल डिस्टेसिंग का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। उन्होंने कहा कि सैम्पलिंग, कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग, सर्विलांस एवं उपचार की व्यवस्था को और बेहतर बनाने की कार्ययोजना तैयार की जाए। कोविड हॉस्पिटलों में मरीजों के इलाज, भोजन, साफ-सफाई आदि सेवाओं की जांच समय-समय पर थर्ड पार्टी द्वारा हॉस्पिटल में स्थापित सीसीटीवी फुटेज से करायी जाए। जनपदों में नामित नोडल ऑफिसर भी समय-समय पर मरीजों से फोन पर बात कर उनका फीडबैक प्राप्त करें।

मुख्य सचिव ने कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि कोविड हॉस्पिटल में कार्यरत सभी चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ कोविड वार्ड में जाते समय अपने नाम एवं पदनाम की पट्टिका अवश्य लगायें तथा निर्धारित सभी प्रोटोकॉल्स का पालन करें।

## राज्यपाल ने दी ईद-मिलादुन्नबी की बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेशवासियों, विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस ईद-मिलादुन्नबी पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के आनन्दमय एवं स्वस्थ जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि हजरत मोहम्मद साहब ने मानव को मानव से जोड़ने, आपसी भाईचारा एवं एकता की जो शिक्षा दी है, वह सभी के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। आनंदीबेन पटेल ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि सभी लोग कोरोना महामारी के परिप्रेक्ष्य में सामूहिक आयोजन एवं भीड़भाड़ से बचें तथा सामाजिक दूरी बनाते हुए मास्क का प्रयोग अवश्य करें।

## केशुभाई पटेल के निधन पर जताया दुख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश एवं मध्य प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सोमनाथ मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष केशुभाई पटेल के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने अपने शोक सन्देश में कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल के नेतृत्व में गुजरात राज्य का जो विकास हुआ, वह अकल्पनीय है। वे लम्बे समय तक गुजरात की राजनीति में सक्रिय रहे और राज्य के दो बार मुख्यमंत्री पद को सुशोभित किया। वास्तव में केशुभाई पटेल का निधन मेरे लिये व्यक्तिगत क्षति है तथा राजनीतिक क्षेत्र के लिये भी अपूरणीय क्षति है। आनंदीबेन पटेल ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए दु:खी परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

## गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए ईओआई ड्राफ्ट को मंजूरी

- यूपीडा की 61 वीं बोर्ड बैठक में लिया गया निर्णय
- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर अब मेसर्स सहकार ग्लोबल लिमिटेड वसूलेगा टोल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** में गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण में सरकार एक कदम और आगे बढ़ गई है। गंगा एक्सप्रेस वे के लिए पीपीपी माडल पर निजी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए ईओआई ड्राफ्ट को मंजूरी मिल गई है। अब इस ड्राफ्ट को कैबिनेट की मंजूरी के पास भेजा जाएगा। यह निर्णय यूपीडा अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में 61 वीं बोर्ड की बैठक में लिया गया। इस बारे में अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के सिविल निर्माण कार्यों की लागत 22145 करोड़ आएगी। जिस पर अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है। सिविल निर्माण कार्य के लिए वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था किये जाने के लिए पीपीपी माडल अपनाया जाएगा। इसके लिए निवेशकों को आकर्षित करने के लिए बोर्ड बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के नियमों के तहत ड्राफ्ट रुचि की अभिव्यक्ति ईओआई पर निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना की कुल लागत 36410 करोड़ है जिसमें भूमि अधिग्रहण की लागत 9255 करोड़ आंकलित की गयी है। परियोजना से मेरठ, हापुड़, बुलन्दशहर, अमरोहा, सम्भल, बदांयू, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ एवं प्रयागराज लाभान्वित होंगे। परियोजना के लिए लगभग 7800 हेक्टेअर भूमि की आवश्यकता होगी। बोर्ड की बैठक में यूपीडा के अधिकारियों ने बताया कि डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत अलीगढ़ में 12 एवं कानपुर नगर में 1 औद्योगिक इकाईयों को भूखण्ड आवंटित किया जा चुका है। इसके दृष्टिगत जब तक परियोजना की भूमि में यूपीडा का कार्यालय, सामुदायिक भवन निर्मित न हो तब तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए किराये पर अलीगढ़ में एक भवन किराये पर ले लिया गया है। जिसका अनुमोदन बोर्ड द्वारा प्राप्त कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर टोल की वसूली के लिए 2 मुख्य टोल प्लाजा एवं 15 रैम्प प्लाजा स्थापित किये गये हैं। इन टोल प्लाजाओं के संचालन, टोल कलेक्शन तथा 5 एम्बुलेन्स व 10 पेट्रोलिंग वाहन उपलब्ध कराये जाने के लिए नवीन एजेन्सी के चयन के लिये ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से मेसर्स सहकार ग्लोबल लिमिटेड के चयन को निदेशक मण्डल द्वारा मंजूरी प्रदान की गयी।

## मायावती के भाजपा को समर्थन वाले बयान पर प्रियंका ने कसा तंज

**लखनऊ।** मायावती के भाजपा को समर्थन वाले बयान पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने तंज कसा है। मायावती ने गुरुवार को ऐलान किया है कि भविष्य में समाजवादी पार्टी के एमएलसी प्रत्याशी को हराने के लिए चाहे बीजेपी या अन्य किसी भी प्रत्याशी को बसपा पूरा समर्थन देगी। मायावती के प्रेस कांफ्रेंस में दिए गए बयानों का वीडियो ट्वीट करते हुए प्रियंका गांधी ने लिखा कि इसके बाद भी कुछ बाकी है, मायावती बिहार में भी एक अलग मोर्चा बनाकर लड़ रही हैं। उनका मोर्चा एनडीए और भाजपा के खिलाफ हमलावर है। प्रियंका का ट्वीट बिहार के लिए भी संदेश के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल प्रियंका गांधी लगातार बसपा सुप्रीमो को कई मुद्दों पर घेरती रही हैं और बीजेपी की करीबी जताने की कोशिश करती रही है। कुछ महीने पहले राजस्थान में राजनीतिक संकट के दौरान भी प्रियंका ने बसपा को भाजपा का अघोषित प्रवक्ता करार दिया था।

## पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

- उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश का पार्टी नेतृत्व सोशल मीडिया मैनेजमेंट व व्यक्तिगत ब्रांडिंग में लीन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में विधानसभा उपचुनाव से पहले कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। उन्नाव से पूर्व सांसद और पार्टी का बड़ा चेहरा अन्नू टंडन ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। अन्नू टंडन ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को अपना इस्तीफा भेज दिया है। उन्होंने पार्टी के प्रदेश नेतृत्व पर कई सवाल उठाने के साथ अपनी उपेक्षा का भी आरोप लगाया।

अपनी इस्तीफे में अन्नू टंडन ने कहा कि उनकी कर्मभूमि उत्तर प्रदेश और खासतौर से उनका गृह क्षेत्र उन्नाव है। बीस वर्षों से वह जनसेवा व समाज सेवा करती आई हैं। इसके अतिरिक्त वह राजनीतिक तौर पर प्रदेश व अपनों के बीच में काम करते रहना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के साथ कोई तालमेल न होने के कारण उन्हें कई महीनों से काम में उनसे कोई सहयोग प्राप्त नहीं हो रहा है। 2019 का चुनाव हारना उनके लिए इतना कष्ट दायक नहीं रहा जितना पार्टी संगठन की तबाही और उसे बिखरते हुए देखकर हुआ।

अन्नू टंडन ने आरोप लगाया कि प्रदेश का नेतृत्व सोशल मीडिया मैनेजमेंट व व्यक्तिगत ब्रांडिंग में इतना लीन है कि पार्टी व मतदाता के बिखर जाने का उनको कोई इल्म नहीं है। पूर्व सांसद ने कहा कि उनके नेक इरादों के बावजूद उनके व उनके सहयोगियों के मेरे बारे में कुछ चुनिंदा अस्तित्व विहीन व्यक्तियों द्वारा झूठा प्रचार सिर्फ वाहवाही के लिए किया जा रहा है। पूर्व सांसद ने कहा इन सारी बातों के बावजूद वह कई महीनों से पार्टी में इस उम्मीद से बनी रहीं कि शायद प्रदेश के सुंदर भविष्य के लिए अच्छे और काबिल नए नेतृत्व को प्रोत्साहित किया जाएगा।

उन्होंने कहा उनकी वार्ता पार्टी महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा से भी हुई। लेकिन कोई भी विकल्प या आगे का रास्ता जो सबके हित में हो नहीं निकल पाया। इसके अलावा उत्तर प्रदेश और अन्य प्रदेशों के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से भी चंद महीनों में उनकी बातचीत हुई और हालातों से सभी असहाय ही लगे। अन्नू टंडन ने समाजवादी पार्टी में जाने की अटकलों को लेकर कहा है कि वह भविष्य में भी कौन से रास्ते पर चलेंगी इस पर अपने सहयोगियों और कार्यकर्ताओं से परामर्श लेकर फैसला करेंगी।

## धान की जोरदार खरीद, सरकार चौकन्नी

- धान खरीद से जुड़े नोडल अधिकारियों को बिचौलियों पर नजर रखने के साथ-साथ क्रय केन्द्रों पर औचक छापेमारी करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विपरीत** हालात में धान की जोरदार खरीद ने सरकार के सामने नयी चुनौती पैदा कर दी है। सरकार को आशंका है कि धान खरीद में कही कोई गड़बड़ी की दस्तक तो नहीं। इस आशंका को देखते हुये धान क्रय केन्द्र पर निगरानी बढ़ा दी गई है। धान खरीद से जुड़े नोडल अधिकारियों को बिचौलियों पर नजर रखने के साथ-साथ क्रय केन्द्रों पर औचक छापेमारी करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

विदित हो कि इस बार पिछले साल के मुकाबले धान की काफी अच्छी खरीद चल रही है। समर्थन मूल्य पर दो लाख मीट्रिक टन से अधिक धान अभी तक खरीदा जा चुका है। अगले महीने से दूसरे चरण में शामिल जिलों में भी धान की खरीद शुरू होने पर खरीद की रफ्तार और भी बढ़ने की उम्मीद है। पहली अप्रैल से राज्य में धान खरीद का पहला चरण शुरू हुआ था। जिसमें लखनऊ सम्भाग के लखीमपुर, हरदोई, सीतापुर तथा बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी मण्डलों में खरीद का काम चल रहा है। पहली अक्टूबर से दूसरे चरण में पूर्वी उत्तर प्रदेश के लखनऊ सम्भाग के लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव तथा चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, देवीपाटन, बस्ती, गोरखपुर, आजमगढ़, वाराणसी, विन्ध्यांचल एवं प्रयागराज मण्डलों में खरीद शुरू होगी।

धान क्रय हेतु खाद्य विभाग की विपणन शाखा, एसएफएस, पीसीए, पीसीयू, मण्डी परिषद, एनसीसीएफ, नैफेड, भारतीय खाद्य निगम, उपभोक्ता सहकारी संघ एवं राज्य कृषि एवं औद्योगिक निगम द्वारा प्रदेश में कुल 4000 क्रय केन्द्र स्थापित किए गये हैं। जानकारों का कहना है कि दो साल पहले भी गेहूं खरीद काफी तेज रफ्तार से हुई थी।

## भाजपा को छोड़ सभी दलों में जातिवाद व परिवारवाद का बोलबाला: वीरेन्द्र तिवारी

- भाजपा कार्यकर्ताओं की मंडलीय प्रशिक्षण कार्यशाला

संवाददाता। निगोहां



**भारतीय** जनता पार्टी 18 करोड़ से अधिक सदस्यों वाला सबसे बड़ा राजनैतिक दल है और केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार दो बार से पूर्ण बहुमत की सरकार व यूपी सहित कई प्रदेशों में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकारें हैं। उक्त उदगार यूपीसीएलडीएफ के चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने गुरुवार को निगोहां कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओं की मंडलीय प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रथम सत्र के उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं के समक्ष व्यक्त किए। भाजपा कार्यकर्ताओं की मंडलीय प्रशिक्षण में भारतीय जनता पार्टी एवं हमारा दायित्व विषय पर तिवारी ने कहा कि भाजपा में अनवरत कार्य करते करते एक बूथ अध्यक्ष प्रदेश का मुख्यमंत्री, देश का प्रधानमंत्री तथा पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बन सकता है। जबकि अन्य दलों में जातिवाद, परिवारवाद का बोलबाला है जहाँ परिवार का मुखिया या पुत्र, भाई, बहन या भतीजा ही इन पदों पर बैठ सकता है। श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी विचार धारा पर आधारित एक संगठन है। हम सभी को संगठन में मिले छोटे बड़े दायित्व का निर्वहन जिम्मेदारियों के साथ करना चाहिये। श्री तिवारी ने केंद्र व यूपी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास, के मंत्र पर कार्य करते हुए सशक्त एवं भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण का कार्य किया है।

## बुनकरों को फ्लैट रेट पर बिजली देने की मांग

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक बार फिर योगी सरकार पर निशाना साधा है। प्रियंका ने वाराणसी के बुनकरों की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में प्रियंका ने कहा है कि दुनिया में बनारस का नाम मशहूर करने वाले बुनकरों को फ्लैट रेट पर बिजली न देना, नए रेट पर बिजली बिल वसूली के लिए उन्हें प्रताड़ित करना बेहद गलत है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को अविलंब फ्लैट रेट पर बिजली व पुराने दर पर बकाया भुगतान लागू कर बुनकरों की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा कि उनकी जानकारी में आया है कि पिछले कुछ समय से वाराणसी के बुनकर बहुत ही परेशान और हताश हैं। कोरोना महामारी और सरकारी नीतियों के चलते उनका पूरा कारोबार चौपट हो गया है।

## उपचुनाव में हार की आशंका से मतदाताओं को भयभीत कर रही भाजपा: सपा

- निर्वाचन आयोग को शिकायतों का संज्ञान लेकर संवेदनशील क्षेत्रों में केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात करना चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया है कि विधानसभा उपचुनावों में मतदान की तिथि जैसे जैसे नज़दीक आ रही है भाजपा अपनी हार की आशंका के चलते चुनाव में सत्ता का दुरूपयोग और मतदाताओं को भयभीत करने का हथकंडा अपनाने लगी है।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि कहीं मतदाताओं और समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को लाल कार्ड जारी हो रहा है तो कहीं प्रधान और कोटेदारों को पुलिस के द्वारा धमकाया जा रहा है। देवरिया सदर में नियुक्त प्राथमिक अध्यापकों पर बेसिक शिक्षामंत्री द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारियों के साथ मिलकर अनैतिक दबाव बनाये जाने की सूचनाएं हैं। शिक्षकों को भाजपा का समर्थन करने के लिए कहा जा रहा है। जनपद जौनपुर के मल्हनी विधानसभा क्षेत्र में कई ऐसे मतदान केन्द्र हैं जहां पिछले चुनावों में हिंसा और बूथ कैप्चरिंग हुई थी। यहां गरीब एवं कमजोर भाजपा सरकार के मतदाताओं को धमकियां दी जा रही हैं। भाजपा सरकार के तमाम मंत्री विभिन्न क्षेत्रों में डेरा डाले हुए हैं और मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में समर्थन के लिए हर तरह से आतंकित किया जा रहा है। चौधरी ने कहा कि इसलिए निर्वाचन आयोग को इन शिकायतों का संज्ञान लेकर संवेदनशील क्षेत्रों में केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात करना चाहिए। राजेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा चुनाव की आदर्श आचार संहिताओं का भी उल्लंघन कर रही है।

## सीएम आज चित्रकूट में

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 30 अक्टूबर को जनपद चित्रकूट का भ्रमण करेंगे। जनपद भ्रमण के दौरान लालापुर स्थित वाल्मीकि आश्रम पहुंचकर मुख्यमंत्री सर्वप्रथम असावर माता का पूजन व आरती करेंगे। तत्पश्चात महर्षि वाल्मीकि पर्वत पर स्थित वाल्मीकि आश्रम में पूजन, आरती एवं हवन करने के उपरान्त अखण्ड वाल्मीकि रामायण पाठ का शुभारम्भ करेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर श्रद्धालुओं को भी सम्बोधित करेंगे।

## यूपी ने पौने दो करोड़ लीटर सैनिटाइजर का उत्पादन कर रचा इतिहास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने 1,76,66,000 लीटर सैनिटाइजर का उत्पादन कर इतिहास रचा है। प्रदेश में कुल उत्पादन क्षमता 6,00,000 लीटर से अधिक है। प्रदेश की सभी इकाइयों ने 1,60,07,600 पैकिंग की मार्केट में आपूर्ति की जा चुकी है। अभी वर्तमान में कुल 51,88,260 पैकिंग बिक्री हेतु उपलब्ध हैं। कोरोना आपदा से निपटने के प्रयास में वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए सैनिटाइजर का उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने कई कंपनियों को सैनिटाइजर बनाने का लाइसेंस दिया है। उत्तर प्रदेश में चीनी मिलें, डिस्टिलरी, सैनिटाइजर बनाने वाली कंपनियां और अन्य संस्थाएं सैनिटाइजर का उत्पादन कर रही हैं। कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में उत्तर प्रदेश का बना सैनिटाइजर भेजा जा रहा है। साथ ही विभिन्न विभागों को निशुल्क सैनिटाइजर की आपूर्ति भी की जा रही है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र नितिन अग्रवाल व पुत्रवधु विन्नी गुप्ता को बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। अब उन लोगों के किन्हीं कृत्यों व लेन देन से मेरे व मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध व सरोकार न होगा। अनिल अग्रवाल पुत्र स्व0 कुंजलाल अग्रवाल, 120/66, लाजपत नगर, कानपुर, M-9336104912.

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरा यू0पी0 बोर्ड हाईस्कूल संस्थागत परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 1325064 एवं इण्टरमीडिएट संस्थागत परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0984365 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। प्रशान्त वर्मा पुत्र श्री देवेन्द्र कुमार, ग्राम – बेरसुवा, पोस्ट – चौदपुर, तहसील–मिश्रिख, जिला–सीतापुर।

## 34 करोड़पति उम्मीदवार मैदान में

**विधानसभा उप चुनाव**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आगामी** 3 नवम्बर को प्रदेश में प्रस्तावित विधानसभा उपचुनाव में इस बार 34 करोड़पति उम्मीदवार मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इन उम्मीदवारों में बीएसपी के सातों प्रत्याशी करोड़पति हैं। मजेदार बात यह है कि इस बार 6 निर्दलीय उम्मीदवार भी करोड़पति हैं। वहीं 18 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं तो 15 फीसदी गम्भीर अपराध वाले प्रत्याशी भी मैदान में हैं। गुरुवार को यह रिपोर्ट यूपी इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफसे उपचुनाव में उतरे 88 प्रत्याशियों के शपथपत्र के आधार पर जारी की गई है।

एडीआर की तरफसे जारी रिपोर्ट के मुताबिक अमरोहा से 14, बुलंदशहर से 18, देवरिया से 14, फिरोजाबाद से 9, जौनपुर से 16, कानपुर से 6 और उन्नाव से 10 उम्मीदवार मैदान में है। उपचुनाव में उतरे उम्मीदवारों में बीएसपी के 7 में से 5, एसपी के 6 में से 5, कांग्रेस के 6 में से 1 और 22 में से 3 निर्दलीय उम्मीदवार दागी हैं। उपचुनाव में बीजेपी को छोड़कर सभी दलों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित करने वाले 17 से 83 फीसदी उम्मीदवार को टिकट दिए हैं। वही 84 में 34 करोड़पति उम्मीदवार में बीएसपी के 7 में से 7, एसपी के 6 में से 5, कांग्रेस के 6 में से 4, बीजेपी के 7 में से 4 उम्मीदवार करोड़पति हैं। इन उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 2.91 करोड़ है। देवरिया सीट से सपा के प्रत्याशी ब्रह्माशंकर त्रिपाठी के पास सबसे ज्यादा 31 करोड़ से ऊपर की संपत्ति है। दूसरे पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जौनपुर की मल्हनी सीट से किस्मत आजमा रहे धनंजय सिंह के पास 23 करोड़ से ऊपर की सम्पति है। इसी तरह तीसरे स्थान पर बुलन्दशहर सीट से रालोद प्रत्याशी प्रवीण कुमार सिंह के पास 21 करोड़ से ऊपर की सम्पत्ति है।

देनदारी के मामले में धनंजय सिंह के ऊपर एक करोड़ रुपये, अमरोहा से बीजेपी प्रत्याशी संगीता चौहान पर 88 लाख और उन्नाव से राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राम प्रकाश सिंह पाल पर 57 लाख रुपए हैं। सबसे अधिक इनकम टैक्स भरने वाले उम्मीदवारों में निर्दलीय प्रत्याशी डॉ शालिनी मोहन सहाय पहले पर, ब्रह्माशंकर त्रिपाठी दूसरे नम्बर पर और तीसरे पर बीएसपी उम्मीदवार जय प्रकाश दुबे है। पढ़े लिखे उम्मीदवारों की बात करें तो 26 उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता 5 से 12वीं के बीच है। जबकि 47 स्नातक हैं।

## वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर हों विवेचनाएं: बृजलाल

- यूपी 112 मुख्यालय में हुआ व्याख्यान का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के पूर्व डीजीपी बृजलाल ने वैज्ञानिक विवेचना, इन्फॉर्मेशन टेक्नालजी के प्रयोग पर जोर देते हुए कहा कि सिर्फ बयानों पर आधारित विवेचनाएं कोर्ट में जा कर कमजोर पड़ जाती हैं। इसलिए कोर्ट में प्राथमिक साक्ष्य के रूप में वैज्ञानिक साक्ष्य प्रस्तुत करना जरूरी है। पूर्व डीजीपी बृहस्पतिवार को यूपी 112 मुख्यालय में पुलिस विवेचना: भविष्य की चुनौतियों की तैयारी विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे।

इस वर्ष भारत सरकार द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी प्रदेशों में 21 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक शहीदों की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिसके तहत ही 29 अक्टूबर को 112 मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लीडरशिप डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट के तत्वाधान में आयोजित व्याख्यान में 1977 बैच के आइपीएस व पूर्व डीजीपी बृजलाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। अपने वक्तव्य में उहोंने पुलिस विभाग के अपने लम्बे अनुभवों के आधार पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस महानिदेशक हितेश चन्द्र अवस्थी द्वारा की गई। पुलिस महानिदेशक ने इस मौके पर विवेचना की गुणवत्ता को सुधारने के लिए उठाये जा रहे कदमों के बारे में चर्चा की। लीडरशिप डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट यूपी 112 में प्रशिक्षण के लिए इस विंग का प्राविधान किया गया है। इसके अंतर्गत इस प्रकार के व्याख्यान, सेमिनार और प्रशिक्षण आयोजित किए जाने की व्यवस्था है। कार्यक्रम में डीजी विशेष जांच चन्द्र प्रकाश, एडीजी ट्रैफिक, एडीजी रेलवे, एडीजी क्राइम, एडीजी मानवाधिकार, एडीजी स्थापना, एडीजी लॉजिस्टिक्स, एडीजी भर्ती बोर्ड, एडीजी पीएसी, एडीजी पुलिस मुख्यालय और डीआईजी एनआईए उपस्थित रहे।


डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
मोहान रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226 017
निविदा सं: 47 दिनांक-29.10.2020
अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिक संकाय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रयोगशाला हेतु ई-निविदा के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, विवरण निम्नवत है :- क्र0सं0 1, कार्य का विवरण-सिविल इंजीनियरिंग विभाग, निविदा मूल्य 900000.00, ई.एम.डी. (रु0) 9,500/- निविदा प्रपत्र (रु0) 2200/-, बिड डाक्यूमेन्ट http://etender.up.nic.in एवं http://dsmru.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं, निविदा ई-पोर्टल पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है।
कुलसचिव

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# नीचे आने लगा कोरोना का ग्राफ

## राजधानी में कोरोना के 218 सूबे में 1979 नए मरीज मिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सूबे** में कोरोना वायरस के संक्रमण में काफी गिरावट दर्ज की गई है। सूबे में गुरुवार को 1979 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि 24854 केस एक्टिव बताए गए हैं। वही अभी तक प्रदेश में 6983 मरीजों की मौत हो चुकी है। जबकि राजधानी लखनऊ में 218 केस सामने आए हैं। राजधानी में एक्टिव केस का आंकड़ा 3225 है। अभी तक राजधानी में 876 मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 477895 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2465 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 446054 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। वहीं राजधानी में अभी तक 61,858 कोरोना संक्रमित मरीज मिल चुके हैं। इनमें आज 236 को डिस्चार्ज करने के साथ ही अब तक 58627 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर 6562 लोगों के सैम्पल टीमों द्वारा लिये गये हैं। जिनमें प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 25, आलमबाग 10, तालकटोरा 11, हसनगंज 14, गोमती नगर 27, हजरतगंज 11, मड़ियांव 13, रायबरेली रोड 17, अलीगंज 14, चौक 10, विकासनगर 12 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। वहीं आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 75 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमें से 75 सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 43 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 32 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया। प्रदेश स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 218, कानपुर में 84, प्रयागराज में 75, गोरखपुर में 75, गाजियाबाद में 93, वाराणसी में 79, नोएडा में 130, मेरठ में 118, बरेली में 46, मुरादाबाद में 34, अलीगढ़ में 30, झांसी में 40, सहारनपुर में 26, बाराबंकी में 15, अयोध्या में 15, आगरा में 46, बलिया में 25, लखीमपुर खीरी में 10, शाहजहांपुर में 17, देवरिया में 6, मुजफ्फरनगर में 39, जौनपुर में 13, महाराजगंज में 7, कुशीनगर में 49, आजमगढ़ में 14, हरदोई में 10, रामपुर में 5, इटावा में 11, मथुरा में 40, गाजीपुर में 10, बस्ती में 10, गोंडा में 8, बुलंद शहर में 22, प्रतापगढ़ में 20, सीतापुर में 12, उन्नाव में 19, सुल्तानपुर में 14, फर्रुखाबाद में 35, पीलीभीत में 6, चंदौली में 16, सिद्धार्थ नगर में 5, रायबरेली में 16, बहराइच में 13, सोनभद्र में 61, बिजनौर में 8, अमरोहा में 16, हापुड़ में 22, बदायूं में 13, मैनपुरी में 13, फिरोजाबाद में 11, कन्नौज में 12, संत कबीर नगर में 5, अमेठी में 6, फतेहपुर में 15, ललितपुर में 10, शामली में 7, मिर्जापुर में 7, मऊ में 43, जालौन में 15, औरैया में 16, संभल में 7, बांदा में 14, एटा में 8, भदोही में 9, कानपुर देहात में 1 ,कौशांबी में 17, बलरामपुर में 5, चित्रकूट में 13, कासगंज में 3, अम्बेडकर नगर में 5, बागपत में 3, हमीरपुर में 18, हाथरस में 2, श्रावस्ती में 4, महोबा में 3 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

### राजकीय मेडिकल कालेजों में आरटीपीसीआर की जांच हुई सस्ती

**लखनऊ।** चिकित्सा शिक्षा विभाग के अन्तर्गत मेडिकल कालेजों एवं संस्थानों में नॉन कोविड केयर के मरीजों की कोविड.19 संक्रमण की आरटीपीसीआर जांच की अधिकतम दर को कम करते हुये 600 रूपये निर्धारित की गई है। गुरुवार को यह जानकारी अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डा रजनीश दुबे ने दी है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जांच की अधिकतम दर 1500 रूपये निर्धारित की गयी थी। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि थैलीसीमिया एवं हिमोफीलिया के मरीजों की कोविड जांच नि:शुल्क कर दी गई है। इसके साथ ही इन मरीजों के तीमारदारों की भी जांच नि:शुल्क की जायेगी। डायलिसिस एवं कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के मरीजों एवं इनके अधिकतम एक तीमारदार की कोविड.19 की आरटीपीसीआर जांच 300 रुपये निर्धारित की गई है।

# राजधानी में 5.50 लाख लोगों की होगी स्क्रीनिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### टीबी उन्मूलन अभियान




**देश** से वर्ष 2025 तक टीबी को जड़ से खत्म करने उद्देश्य से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राजधानी में 2 से 11 नवम्बर तक सघन क्षय रोगी खोज अभियान चलाया जायेगा। मार्च में यह अभियान कोरोना संक्रमण के कारण स्थगित कर दिया गया था। गुरुवार को यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय भटनागर ने दी है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. एके चौधरी ने बताया कि क्षय रोगी खोज अभियान के दौरान तीन सदस्यीय 275 टीमों द्वारा चिन्हित क्षेत्रों के 5.50 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसमें 2.30 लाख लोगों की स्क्रीनिंग ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 3.20 लाख लोगों की स्क्रीनिंग शहरी क्षेत्रों में की जाएगी। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कुल 275 टीमों के 825 सदस्यों द्वारा 10 दिन चिन्हित क्षेत्रों में घर-घर भ्रमण किया जाएगा। 55 सुपरवाइजर द्वारा टीमों की गहन मॉनिटरिंग की जाएगी। डीटीओ ने बताया कि यह अभियान साल में दो बार चलाया जाता है जिसके तहत 10 प्रतिशत आबादी का लक्ष्य लेकर संभावित टीबी रोगियों को खोजा जाता है। सीएमओ डा. संजय भटनागर ने बताया कि भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में डायग्नोस्टिक सिस्टम को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पांच और आधुनिक ट्रूनॉट मशीन उपलब्ध करायी गयी हैं, जिन्हें सक्रिय क्षय रोग खोज अभियान के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोसाईगंज, मोहनलालगंज, काकोरी, 100 शैय्या अस्पताल बख्शी का तालाब तथा राज्य कर्मचारी बीमा अस्पताल सरोजनी नगर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित करते हुए सुदूर क्षेत्रों को भी जीन एक्सपर्ट जांच की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। अभियान के दौरान ठाकुरगंज टीबी अस्पताल, केजीएमयू, डीटीसी राजेन्द्र नगर लखनऊ तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला चिकित्सालय लखनऊ में पूर्व से संचालित सीबी नॉट लैब द्वारा जीन एक्सपर्ट की जांच की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 10 दिवसीय सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान के दौरान क्षय रोग के लक्षण पाए गए व्यक्तियों की तुरंत जांच कर क्षय रोग चिन्हित होने पर उपचार प्रारंभ करते हुए भारत सरकार के निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत इलाज के दौरान मिलने वाली 500 रुपये प्रति माह की धनराशि के भुगतान के लिए रजिस्टर किया जायेगा।

## अभियान चक्रव्यूह: सप्ताह भर में तीन दर्जन से अधिक अपराधी पहुंचे सलाखों के पीछे



**लखनऊ।** शहर में अपराधियों पर नकेल कसने की कयावद में लगातार पुलिस आयुक्त सुजीत पाण्डेय के आदेश पर चक्रव्यूह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान पुलिस रात में संदिग्ध लोंगों की चेंकिग के साथ ही इधर उधर घूम रहे लोगों को भी चेक कर रही है। जिसके चलते लगातार शहर में बदमाशों को पकड़ा जा रहा है। चक्रव्यूह अभियान के तहत बीते 25 अक्टूबर को अजीम को एक तमंचे साथ पकड़ा गया। चौक में एक साल से फरार चल रहे अपराधी गप्पू खान को छेड़खानी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जबकि मोहनलालगंज् में आईपीएल में सट्टेबाजी करने वाले छह सट्टेबाज सौरभ सिंह, आलोक कुमार, अंकुर कुमार, नवीन सैनी, राम कृपाल दिलीप कुमार पकड़े गए। वहीं जानकीपुरम में बीते 26 अक्टूबर को जालसाजी करने वाले मनोज कुमार और 27 अक्टूबर को पीजीआई में दो गांजा तस्कर विजय पाल और लक्ष्मण राजू को पुलिस ने दबोचा था। इसके अलावा कृष्णानगर में उसी दिन तमंचे के साथ संजय सोनकर को गिरफ्तार किया गया था। इसी तरह से बीते एक सफ्ताह में करीब तीन दर्जन से अधिक बदमाशों को पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। चक्रव्यूह अभियान की वजह से बदमाशों में आजकल खलबली मची हुई है।

# सुरक्षा को लेकर बैंक अलर्ट नहीं

### जेसीपी लॉ एंड आर्डर ने परखीं व्यवस्थाएं, मिलीं तमाम खामियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** में बृहस्पतिवार को जेसीपी लॉ एंड आर्डर ने तूफानी चेकिंग अभियान चलाते हुए बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था परखी। इस दौरान पुलिस ने पांच जोन के 620 बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था परखी। इस दौरान कई बैंकों में अलार्म और सीसीटीवी कैमरे समेत अन्य सुरक्षा उपकरण खराब मिले। वहीं कर्मचारी और गार्ड भी सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षित नहीं दिखे। बैंकों में सुरक्षा को लेकर लापरवाही सामने आने पर जेसीपी ने इन्हें जल्द सुधारने की हिदायत दी है।

ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लॉ एंड आर्डर नवीन अरोरा ने बताया कि गुरुवार को सभी जोन में स्थित बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया गया। जेसीपी के मुताबिक गुरुवार को सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक चलाया गया यह स्पेशल चेकिंग अभियान कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद यह चौथा और बड़ा अभियान था। जिसमें पांच जोन के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी और इंस्पेक्टर से लेकर चौकी प्रभारियों ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था परखी। वहीं अभियान का नेतृत्व कर रहे ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर नवीन अरोरा ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया व इंडियन बैंक की हजरतगंज ब्रांच में चेकिंग की। इस दौरान बैंक प्रबंधक सिक्योरिटी अलार्म, फायर ऑडिट रजिस्टर नहीं दिखा सके। इतना ही नहीं बैंक मैनेजर के पास स्थानीय थाने के इंस्पेक्टर का नंबर भी नहीं था। इसके साथ ही स्मोक डिटेक्टर भी खराब देख जेसीपी ने नाराजगी जताई। जेसीपी ने बताया कि लूट या आग लगने पर क्या सावधानी बरतनी चाहिए यह भी जानकारी कैशियर से लेकर सुरक्षा गार्ड को नहीं थी। इस दौरान जेसीपी ने कड़े शब्दों में कहा कि बैंक की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता में है यदि स्वयं सुरक्षा नहीं कर सकते हैं तो पुलिस की मदद लें। इस दौरान बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों व आपातकालीन अलार्म की जांच के साथ जमा व निकासी काउंटर पर पहुंचे ग्राहकों से पूछताछ भी की गई। कर्मचारियों से भी आवश्यक जानकारी ली गई। इस दौरान बैंक के कर्मचारियों को भी सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही कोई संदिग्ध नजर आने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की बात बताई गई।

### इन जोनों में बैंकों की हुई चेकिंग

| जोन | बैंक |
|---|---|
| पूर्वी | 170 |
| उत्तरी | 147 |
| पश्चिमी | 95 |
| मध्य | 154 |
| दक्षिणी | 54 |

## छात्रवृत्ति में गड़बड़ी पाए जाने पर 17 कॉलेजों को नोटिस

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग में छात्रवृत्ति के लिए मांगी गई सूचनाओं में गड़बड़ी पाए जाने पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने 17 कॉलेजों को नोटिस जारी किया है। इन कॉलेजों को 30 अक्तूबर तक अपने सभी दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत होने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही विवि की तरफसे कहा गया है कॉलेजों की ओर से सूचनाएं न देने से छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति पर असर पड़ सकता है। विवि की तरफसे जिन कालेजों को नोटिस जारी की गई है उनमें लखनऊ मॉडल इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, जनकल्याण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एक्सीलेंस लखनऊ, इंस्टीट्यूट ऑफहोटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी मेरठ, यूनाइटेड कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग एंड रिसर्च ग्रेटर नोएडा, श्री हरीश चन्द्र पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज वाराणसी, किशन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी मेरठ, एचएमएफए मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग प्रयागराज, नवनीत कॉलेज ऑफटेक्नोलॉजी आजमगढ़, एफआईटी कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग मेरठ समेत अन्य शामिल हैं।

## डॉ. एके सिंह बनाए गए लोहिया संस्थान के कार्यवाहक निदेशक

**लखनऊ।** शासन स्तर पर अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एके सिंह को डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान का कार्यवाहक निदेशक बनाया गया है। डॉ एके सिंह को संस्थान का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया था। उन्होंने बताया कि प्रदेश के राज्यपाल एवं संस्थान की कुलाध्यक्ष आनंदी बेन पटेल के अनुमोदन के उपरान्त डॉ सिंह को कार्यवाहक निदेशक बनाये जाने का आदेश निर्गत कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डॉ रजनीश दूबे ने बताया कि डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के 48 प्रोफेसरों को पदोन्नति प्रदान की गई है। इनमें 11 लोगों को प्रोफेसर (जूनियर ग्रेड) से प्रोफेसर के पद पर, 14 एसोशिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर जूनियर ग्रेड एवं 23 असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोशिएट प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नति प्रदान की गई है।

## चोरी में मुल्जिम की कस्टडी रिमांड मंजूर

**लखनऊ।** चोरी के एक मामले में निरुद्ध मुल्जिम कासिम जोजो जाफरी को अदालत ने सीतापुर के खैराबाद आने जाने में लगने वाले समय के अतिरिक्त छह घंटे के लिए पुलिस की कस्टडी में सौंपने का आदेश दिया है। एसीजेएम श्रद्धा भारतीय ने यह आदेश थाना चौक के एसआई शिव बहादुर सिंह की अर्जी पर दिया है। मुल्जिम की कस्टडी रिमांड की यह अवधि 30 अक्टूबर की सुबह नौ बजे से शुरु होगी। अभियोजन अधिकारी विजय कुमार यादव ने अर्जी पर बहस करते हुए कहा कि मुल्जिम ने चोरी की मोटरसाईकिल सीतापुर के खैराबाद में अपने मित्र के यहां रखने की बात कही है। लिहाजा उस मोटरसाईकिल को बरामद कराने के लिए उसका 48 घंटे का पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर किया जाए।

## सड़क हादसों में आधा दर्जन जख्मी

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में तकरीबन आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें इलाज के लिए सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। बंथरा प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि मोहान की तरफसे आ रही कम्पाइन मशीन एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बनी-मोहान मार्ग स्थित नरायणपुर गांव के पास पलट कर गहरे गड्ढे में गिर गई। इस सड़क हादसे में चालक सहित तीन लोग कम्पाइन मशीन के नीचे दब गये। ग्रामीणों की मदद से एक घायल को निकाला जा सका जबकि अन्य को निकालने के लिए क्रेन का सहारा लिया गया। उधर यहीं के लतीफनगर गांव के पास पैदल सड़क पार कर रहे हसनखेड़ा निवासी कौशल (40) को एक मारूति वैन ने ठोकर मार दी। जिससे कौशल गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। उधर कौशल को ठोकर मारने के बाद वैन चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर फरार हो गया।

## पशुधन घोटाला मामले में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ।**भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज संदीप गुप्ता ने पशुधन घोटाला मामले में निरुद्ध मुल्जिम संतोष मिश्रा की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। सरकारी वकील प्रभा वैश्य के मुताबिक 13 जून 2020 को इस मामले की एफआईआर इंदौर के एक व्यापारी मंजीत सिंह भाटिया उर्फ रिन्कू ने थाना हजरतंगज में दर्ज कराई थी। इस मामले में 10 मुल्जिमों में संतोष को भी नामजद किया गया था। मुल्जिमों पर कुटरचित दस्तोवजों व छद्म नाम से गेहूंए आटाए शक्कर व दाल आदि की सप्लाई का ठेका दिलवाने के नाम पर नौ करोड़ 72 लाख 12 हजार रुपए की ठगी करने का इल्जाम है।

# राम अचल राजभर समेत चार आरोपियों की अंतरिम जमानत अर्जी हुई खारिज

### भाजपा नेता दयाशंकर सिंह के परिवार की महिलाओं व उनकी बेटी के लिए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करने का मामला

विधि संवाददाता। लखनऊ

**भाजपा** नेता दयाशंकर सिंह के परिवार की महिलाओं व उनकी बेटी के लिए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करने के आपराधिक मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने बसपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव राम अचल राजभर व तत्कालीन राष्ट्रीय सचिव मेवालाल गौतम समेत अतर सिंह राव तथा नौशाद अली की अंतरिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। विशेष जज पवन कुमार राय ने इन मुल्जिमों की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए दो नवंबर की तारीख तय की है। बीते 21 अक्टूबर को विशेष अदालत ने इन सभी मुल्जिमों के साथ ही बसपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव नसीमुद्दीन सिद्दीकी को भगौड़ा घोषित करते हुए इनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया था। 22 जुलाई 2016 को इस मामले की नामजद एफआईआर दयाशंकर सिंह की मां तेतरी देवी ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील मुनेश बाबू यादव के मुताबिक 12 जनवरी 2018 को इस मामले में इन सभी मुल्जिमों के खिलाफ आईपीसी की धारा 506, 509, 153ए, 34, 149 व पॉक्सो एक्ट के तहत भी आरोप पत्र दाखिल किया गया था। लेकिन तबसे मुल्जिमान न तो अदालत में हाजिर हुए और न जमानत कराई।

## तत्कालीन सहायक आवास आयुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

**लखनऊ।** भ्रष्टाचार के एक आपराधिक मामले में गिरफ्तार तत्कालीन सहायक आवास आयुक्त रजनीश त्रिवेदी को अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। शुक्रवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज संदीप गुप्ता की अदालत में इस मुल्जिम को पेश किया गया था। अदालती पत्रावली के मुताबिक उप्र आवास एवं विकास परिषद में सहायक आवास आयुक्त के पद पर तैनात रहे रजनीश त्रिवेदी पर आरोप है कि रक्त का संबध नहीं होते हुए भी उन्होंने अल्प आय वर्ग में पंजीकृत गीता साहू का भवन कृष्णा कुमारी के नाम अंतरित कर दिया। इसके साथ ही मुल्जिम पर अंतरण संबधित समस्त विभागीय दस्तावेज भी गायब करने का आरोप है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मकान में लगी आग लाखों का सामान राख


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आशियाना** थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक मकान मे संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आने से आलमारी में रखे हजारों रुपये नगदी समेत लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर स्वाहा हो गया। आग लगने के कारणों की जानकारी अभी नहीं हो सकी है। इंस्पेक्टर का कहना है कि जांच के बाद ही सही तथ्य सामने आएगा। मकान से लपटें व धुआं उठता देख आनन-फानन दमकल विभाग और पुलिस का सूचित किया गया। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद घण्टों बाद काबू पाया गया। आशियाना थाना क्षेत्र के सपोर्टगंज अवधनगर में सेना से रिटायर्ड श्याम सुंदर शुक्ला पुत्र शिव कुमार शुक्ला अपने परिवार संग रहते है। गुरुवार सुबह मकान के दूसरे तल पर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गया। आग की चपेट में आये एसी, फ्रिज समेत घर के कई कीमती समान व 55 हजार की नकदी जलकर स्वाहा हो गयी। पीड़ित ने आग की सूचना कंट्रोल नंबर.112 पर पुलिस को दी। फायर बिग्रेड की गाड़ी को तंग गलियों में घुसने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। लोगों की मदद से पाइप जोड़कर आग पर काबू पाया गया।

# कालाबाजारी की भेंट चढ़ गया गरीबों का निवाला

### 15 दिन पहले गल्ला गोदाम से निकाला राशन कोटेदारों तक नही पहुंचा, शिकायत के बाद भी गोदाम प्रभारी ने नहीं की कोई कार्रवाई

संवाददाता। सरोजनीनगर



**कोरोना** महामारी के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राहत पैकेज की घोषणा करते हुए गरीबों को मुफ्त में राशन दिये जाने की योजना शुरू की थी। सरकार द्वारा दिया जाने वाला यह राशन गरीबों तक क्यों नहीं पहुंच रहा इसका नमूना सरोजनीनगर में देखा जा सकता है। आलम यह है कि 15 दिन पहले सरकारी गल्ला गोदाम से दो कोटेदारों को भेजा गया तकरीबन दो टन राशन गरीबों तक नहीं पहुंचा। कोटेदारों ने इसकी शिकायत गोदाम प्रभारी से की तो उसने खाद्य निरीक्षक से शिकायत करने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया। इस संबंधमें गोदाम प्रभारी राम प्रकाश का कहना है कि कोटेदारों की शिकायत पर राशन आपूर्ति करने वाले ठेकेदार को नोटिस जारी की गई है। ठेकेदार का जवाब आने के बाद एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

सरोजनीनगर विकासखंड की नीवा ग्राम पंचायत के गरीब परिवारों के लिए 89.59 कुंतल व यहीं की तिरवा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के लिए खाद्य एवं रशद विभाग द्वारा 74.85 कुंतल राशन का वितरण किया जाता है। बीते 14 अक्टूबर 2020 को वाहन (यूपी-32केएन-8089, यूपी-32एलके-8105 व यूपी-32 सीजेड-2460) से नीवा गांव के लिए 89.59 कुंतल गेहू भेजा गया था। इसी दिन यहां के तिरवा गांव भी (यूपी-32केएन-8089 व यूपी-32एलके-8105) से 74.85 कुंतल गेहू भेजा गया। कई दिनों तक राशन नहीं पहुंचा तो नीवा के कोटेदार सुभाष व तिरवा के कुशहर ने गोदाम प्रभारी राम प्रकाश से इसकी शिकायत की। कोटेदारों का आरोप है कि गोदाम प्रभारी ने सरोजनीनगर के आपूर्ति निरीक्षक से शिकायत करने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया। यही नहीं क्षेत्र के अधिकतर कोटेदारों ने बताया कि उन्हें दो से लेकर 10 कुंतल तक राशन की कम आपूर्ति की गई है। गोदाम प्रभारी ने बताया कि कोटेदारों तक राशन पहुंचाने का ठेका शिवकुमार सिंह के पास है और उनके प्रतिनिधि गोपी कृष्णा कोटेदारों तक राशन पहुंचाने का काम करते हैं। कोटेदारों की शिकायत पर ठेकेदार शिव कुमार सिंह व उनके प्रतिनिधि को नोटिस जारी की गई है। यदि उनकी तरफसे कोई जवाब नही आता तो एफआईआर की जाएगी।

केनरा बैंक Canara Bank
A Government of India Undertaking
SyndicateBank
ई-नीलामी बिक्री सूचना
क्षेत्रीय कार्यालय 1: तीसरी मंजिल ट्रेड सेंटर मकबूल आलम रोड, वाराणसी

ई-नीलामी बिक्री सूचना

बैंक में दृष्टिबंधक वाहनों को जिनका विवरण निम्नलिखित है, को ऋणियों द्वारा ऋण की किस्त एवं ब्याज के भुगतान में चूक करने के कारण, अपने कब्जे में ले लिया गया है। इन वाहनों की नीलामी "जहाँ है जैसा है" के आधार पर केनरा बैंक की सम्बन्धित शाखा पर की जायेगी।

वाहन निरीक्षण की तिथि : 09.11.2020 से 11.11.2020 तक, समय प्रातः 10:00 से सायः 5:00 बजे तक

| ऋणी / गारन्टर का नाम एवं पता | वाहन का विवरण | कुल उत्तरदायित्व | आरक्षित मूल्य / ईएमडी | कब्जे का प्रकार | सम्पर्क विवरण / बैंक विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| शाखा- वाराणसी मेन (ई-सिंडीकेट) | | | | | |
| श्री दीनदयाल गुप्ता (ऋणी) पुत्र श्री एम.एल. गुप्ता निवासी-आर/एस-91/102-एफ-नई बस्ती, पांडेयपुर वाराणसी, जिला वाराणसी-221001, श्री सौरभ कुमार पांडे (गारण्टर) पुत्र श्री मारूती नंदन पांडे निवासी-के-54/45, दारानगर जिला-वाराणसी-221001 | मॉडलः TATA MOTORS LTD/TATA "INDIGO Ecs Lx" CAR/02/2015 वाहन नं. : UP65DT4174 इंजन नं. : 475IDT14BUYP07197 चेसिस नं. : MAT607341FPB08741 वाहन की श्रेणी: MOTOR CAB (TAXI) बॉडी: (SALOON) | रू. 2,49,640.88 दि. 27.10.2020 तक + ब्याज व अन्य खर्चे | रू. 22,000/- / रू. 2,200/- | भौतिक | Branch Manager Mob.: 6387926769 A/c No. 87513020000049 IFSC Code SYNB0008751 Email: cb18751@canarabank.com |

निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय 11.11.2020 सायं 5:00 बजे तक एवं ई-नीलामी की तिथि: 12.11.2020 समयः प्रातः 11:30 से दोपहर 12:30 बजे

बिकी के नियम व शर्तो के लिए कृपया केनरा बैंक की बेबसाइट (www.indianbankseauction.com) में दिए गए लिंक ई-नीलामी का संदर्भ लें। या किसी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान संबंधित शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक : 30.10.2020 स्थानः वाराणसी प्राधिकृत अधिकारी

# गांवों की उन्नति से ही देश का विकास संभव

## उत्सवों एवं त्योहारों को ध्यान में रखकर ग्रामीण उत्पादों को तैयार करायें तथा स्थानीय मेलों व बाजारों में उत्पादों के विक्रय के लिए निशुल्क स्थान दिलाएंः राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि ग्रामोन्नयन से राष्ट्रोन्नयन, सशक्त ग्राम से सशक्त भारत और सशक्त भारत से आत्मनिर्भर भारत का मिशन तभी पूर्ण हो सकता है, जब हम ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की योजनाओं, ग्रामीण कामगारों का सही मार्गदर्शन, ग्रामीण उद्यमिता का अनुकूल विकास आदि को सबल प्रदान करें। राज्यपाल ने कहा कि उत्सवों एवं त्योहारों को ध्यान में रखकर ग्रामीण उत्पादों को तैयार करायें तथा स्थानीय मेलों व बाजारों में उत्पादों के विक्रय हेतु उचित एवं नि:शुल्क स्थान दिलायें, जहां ग्रामीण अपने उत्पाद बेच सकें।

गुरुवार को राजभवन से छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालयए कानपुर एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ग्रामीण उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ कार्यशाला का आनलाइन उद्घाटन राज्यपाल ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाए ताकि वे उन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। हस्तशिल्पियों, दस्तकारों और कारीगरों को नई तकनीक एवं डिजाइन की भी जानकारी दी जाये, जिससे वे अपनी कलाकृतियों एवं उत्पादों में अपेक्षित सुधार लाकर अपने उत्पादों को बड़े बाजार में बेच सकें। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर सर्वे कराकर उनकी जरूरतों के हिसाब से तकनीक उपलब्ध कराया जाना चाहिए। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि देश की अधिकतर आबादी गांवों में रहती है। इसलिए ग्रामवासियों का विकास ही देश के समग्र विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा गांवों को सशक्त बनाये जाने की दिशा में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कुटीर और लघु उद्योगों को बड़े पैमाने पर सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि गांवों को आर्थिक मदद के साथ ही तकनीकी रूप से भी सक्षम बनाये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं को भी उद्यमिता के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिएए जो महिला सशक्तीकरण के लिए आवश्यक भी है।

# अटल विश्वविद्यालय के लोगो व सूक्ति का लोकार्पण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को राजभवन में नवनिर्मित अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के लोगो व सूक्ति ध्येय वाक्य आरोग्यमेव अटल अमृतम् का लोकार्पण किया। राज्यपाल ने लोगो व सूक्ति की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छा बना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.एके सिंह तथा रजिस्ट्रार अनिल कुमार भी उपस्थित थे। बता दें कि लोगो व सूक्ति के चयन के लिये चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आनलाइन प्रतियोगिता करायी गयी थी जिसमें कुल 252 लोगो व 138 सूक्तियां प्राप्त हुई थी। तीन विशेषज्ञों की टीम ने सर्वश्रेष्ठ लोगो व सूक्ति ध्येय वाक्य का चयन किया। इसमें रूपये बीस हजार की राशि प्रथम विजेता के लिये निर्धारित की गयी थी। लोगो के लिए रचित सिंह तथा सूक्ति के लिए डॉ अमिता जैन को प्रथम पुरस्कार के रूप में 20-20 हजार रुपये दिये गये।

### बाय-बाय कोरोना पुस्तक का हुआ लोकार्पण

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को राजभवन में डॉ प्रदीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा कोरोना वायरस पर केन्द्रित एवं साइंटून्स पर आधारित पुस्तक बाय-बाय कोरोना का लोकार्पण किया। पुस्तक बाय-बाय कोरोना में कोरोना वायरस के बारे में विस्तृत जानकारी साइंस कार्टून्स के माध्यम से प्रस्तुत की गई है। पुस्तक में कार्टून के माध्यम से महामारी से लेकर वैश्विक महामारी कोविड.19 और उससे जुड़े लक्षणों, बीमारी की रोकथाम और सावधानियों का रोचक चित्रण किया गया है।

# सांसद ने छेड़ी नई पीढ़ी को नशामुक्त करने की मुहिम

संवाददाता। मोहनलालगंज



**बेटे** की मौत से आहत भाजपा सांसद कौशल किशोर ने नई पीढ़ी को नशामुक्त करने की मुहिम छेड़ दी है। किसी और पिता को नशे की वजह से अपना बेटा नहीं खोना पड़े इसके लिए सांसद ने एक हजार युवाओं को इस मुहिम से जोड़कर नशे के विरुद्ध देशभर में बड़ा आन्दोलन चलाने की ठानी है। नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प ले चुके सांसद के अभियान को सोशल मीडिया पर खूब जन समर्थन मिल रहा है।

मोहनलालगंज सांसद कौशल किशोर और मलिहाबाद विधायक जयदेवी कौशल के बेटे आकाश किशोर ने नशे की लत की वजह से लिवर की बीमारी से 19 अक्टूबर को केजीएमसी में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। बेटे की मौत ने सांसद कौशल किशोर के परिवार को झिंझोड़ कर रख दिया। नशे की लत की वजह से देश के किसी और परिवार को इस तरह अपने प्रियजन के वियोग का गम नहीं सहन करना पड़े इसके लिए सांसद कौशल किशोर और उनकी पत्नी मलिहाबाद विधायक जयदेवी कौशल ने देश की युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए व्यापक रूप से जागरूक कर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया है। युवाओं को अपने नशामुक्ति अभियान से जोड़कर इसे जन आन्दोलन का रूप देने के लिए सांसद कौशल किशोर खुद सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर आमजन से नशा मुक्त समाज के निर्माण में भागीदार बनने की अपील कर रहे हैं। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर भाजपा सांसद की यह मुहिम बेहद लोकप्रिय हो रही है और युवा इसमें बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाने के लिए आगे आ रहे हैं।

**एक हजार युवाओं को शपथ दिलाएंगे:** आमजन से अपील कर रहे सांसद कौशल किशोर युवाओं को नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए आगामी 3 दिसम्बर को लखनऊ के गांधीभवन सभागार में एकत्र होकर नशामुक्ति के लिए कारगर मुहिम छेड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नशामुक्त और खुशहाल समाज के निर्माण के लिए सांसद इस दिन खुद एक हजार युवाओं को शपथ दिलाकर अपने आसपास अधिक से अधिक युवाओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का आह्वान करेंगे।

# सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन संदिग्ध चिन्हित

● चिनहट इलाके में फूड इंस्पेक्टर के यहां हुई लूट का मामला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के चिनहट इलाके में फूड इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह के यहां बंधक बनाकर लूट के मामले के खुलासे में लगी पुलिस ने करीब पांच टीमों व सर्विलांस के माध्यम से तीन लोगों को चिन्हित किया है। बताया जा रहा है इस वारदात को अंजाम देने वाले कुछ संदिग्ध बदमाशों को इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर निकाला गया है। इसी आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो वारदात के संबंध में खासी जानकारी मिली है और संभवत: जल्द ही इस वारदात का खुलासा कर शामिल लोगों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। बताया जा रहा है कि जेल में बंद लोगों की कुंडली निकाली गई है और जल्द ही एक टीम जेल जाकर उनसे इस संबंध में पूछताछ करेगी। हिरासत में लिए गए संदिग्धों से अहम जानकारी मिली है। इस वारदात के करीब 15 दिन से भी अधिक दिन हो गए हैं लेकिन कोई पुख्ता सबूत हाथ नहीं लग सके हैं। वहीं इस मामले पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द घटना का खुलासा किया जायेगा। विदित हो कि गत दिनों चिनहट निवासी फूड इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह के घर देर रात आधा दर्जन लोग घुसे थे और परिवार को बंधक बनाकर नकदी और लाखों के जेवरात लूट लिए थे। इस दौरान विरोध करने पर लुटेरों ने चाकू से हमला कर घायल भी किया था। घटना के बाद हड़कम्प मचा तो पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे थे और डॉग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट दस्ते को बुलाकर जांच की थी और जल्द खुलासे का दावा भी किया था लेकिन 15 दिन बीत चुके हैं पुलिस की लगी टीमें हवा में तीर चला रही हैं।

# ट्रेनें निरस्त, रिफंड के लिए इधर से उधर भटक रहे यात्री

**लखनऊ।** बेगमपुरा और चंडीगढ़ एक्सप्रेस पंजाब में किसान आंदोलन के चलते भले ही कैंसिल कर दी गई है। लेकिन इन गाड़ियों के टिकट रिफंड को लेकर यात्री अभी भी भटक रहे हैं। हफ्ते बर्बाद भी उन्हें रिफंड नहीं मिला। दरअसल पंजाब में किसान आंदोलन के चलते 4 नवंबर तक कई ट्रेनों को निरस्त कर दिया गया है। इसमें वाराणसी से जम्मू तवी जाने वाली बेगमपुरा एक्सप्रेस और लखनऊ से चंडीगढ़ के बीच चलने वाली लखनऊ चंडीगढ़ एक्सप्रेस जैसी प्रमुख गाड़ियां भी शामिल हैं। एक तरफ जहां गाड़ियां कैंसिल होने की वजह से यात्रियों का सफर दूभर हो गया है। वहीं दूसरी तरफ वे टिकट रिफंड के लिए भी परेशान घूम रहे हैं। यह हालत तब है जब रिफंड का पैसा तीन दिन के भीतर यात्री के खाते में आ जाना चाहिए। इंजीनियर प्रकृति सिंह ने बताया कि 1 नवंबर के लिए लखनऊ से जम्मू तवी में माता वैष्णो देवी दर्शन के लिए बेगमपुरा एक्सप्रेस में टिकट करवाया था लेकिन किसान आंदोलन के चलते जब ट्रेन कैंसिल हुई तो रिफंड ऑटोमेटिक उनके खाते में आ जाना चाहिए था। लेकिन 5 दिन बाद भी उन्हें रिफंड नहीं मिला है। डीआरएम कार्यालय में भी संपर्क किया। लेकिन कहीं से कोई सटीक जवाब नहीं मिला। अलीगंज के रहने वाले प्रभात ने बताया कि उन्होंने 29 अक्टूबर के लिए लखनऊ चंडीगढ़ एक्सप्रेस में थर्ड एसी में टिकट करवाया था। उन्हें कंपनी के काम से अनिवार्य रूप से चंडीगढ़ जाना था लेकिन ट्रेन कैंसिल होने की वजह से उन्हें बस से यात्रा करनी पड़ी। ट्रेन कैंसिल होने की सूचना के बाद भी उनका रिफंड नहीं मिला।

# सेन्ट्रल बैंक में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर दिलाई गई सत्य व निष्ठा की शपथ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सार्वजनिक** क्षेत्र के प्रमुख बैंक सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया लखनऊ में 27 अक्टूबर से 2 नवम्बजर 2020 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सतर्कता जागरुकता सप्तारह का शुभारम्भ करते हुये बैंक के आंचलिक कार्यालय लखनऊ में फील्ड महाप्रबंधक नरेन्दभर सिंह द्वारा स्टाफ को सत्य व निष्ठा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उन्होंने सभी को जीवन के प्रत्येदक क्षेत्र में सतर्क एवं ईमानदार रहने की आवश्यरकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता रखनी चाहिये। हमारे जीवन में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार हमारे देश की आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक प्रगति को रोकता है। सतर्कता अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस वर्ष का थीम सतर्क भारत समृद्ध भारत है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने केन्द्रम सरकार के संस्थानों में व्यतवस्था्गत सुधार हेतु नागरिकों से सुझाव मांगने की नई पहल शुरु की गई है।

इस अवसर पर उप महाप्रबंधक आडिट अलख निरंजन, सहायक महाप्रबंधक डीके सिंह, अनिल कुमार मीलू, एलसी मीना एवं अन्य सभी मुख्य प्रबंधकगण उपस्थित रहे।

## सीएमएस में इंटरनेशनल मीडिया कांफ्रेंस आज, सीएम होंगे मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में 'इण्टरनेशनल मीडिया कांफ्रेंस' का ऑनलाइन आयोजन कल 30 अक्टूबर, शुक्रवार को किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि यह सम्मेलन 'इन्श्योरिंग जेण्डर जस्टिस' अर्थात लैंगिक न्याय सुनिश्चित करने के महत्वपूर्ण व सम-सामयिक विषय पर आयोजित है, जिसमें समाज में लैंगिक समानता स्थापित करने, लैंगिक न्याय सुनिश्चित करने एवं महिलाओं पर होने वाले अपराध व हिंसा पर अंकुश लगाने पर विचार प्रस्तुत किए जाएंगे तथापि निराकरण पर मीडिया, समाज तथा स्कूल की भूमिका को उजागर किया जाएगा।

## भगवान राम से जुड़े स्थलों के दर्शन के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आईआरसीटीसी** की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए प्रभु श्रीराम से जुड़े स्थलों के दर्शन के लिए श्री राम पथ यात्रा स्पेशल ट्रेन शुरू की है जो 12 से 17 दिसंबर तक चलेगी। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम आईआरसीटीसी तीर्थ यात्रियों के लिए भारत दर्शन ट्रेन की तर्ज पर यह ट्रेन शुरू कर रहा है। आईआरसीटीसी अधिकारियों ने बताया कि यह यात्रा 6 दिन और पांच रातों की ह, जिसके लिए प्रति व्यक्ति 5670 रुपए का टिकट रखा गया है। यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों को अयोध्या, प्रयाग और चित्रकूट में प्रभु श्रीराम से जुड़े तीर्थ स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। ट्रेन देहरादून से चलकर हरिद्वार, मेरठ, गाजियाबाद, अलीगढ़, हाथरस, टूंडला, इटावा, कानपुर, लखनऊ के रास्ते अयोध्या पहुंचेगी। इन स्टेशनों से सवार होने की सुविधा यात्रियों को मिलेगी।

# शकुंतला मिश्रा विवि में 50 से 75 फीसदी सीटें फुल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्नातक** स्तर पर चल रही काउंसलिंग प्रक्रिया के बीच गुरुवार को डॉ शकुंतला मिश्रा यूनिवर्सिटी प्रशासन की तरफ यूजी की काउंसिलिंग का डेटा जारी कर दिया गया है। विवि के मुताबिक यूनीवर्सिटी में संचालित बीकॉम, बीए, डीएवीआई, डीएड एचआई पाठ्यक्रम काफी डिमांड में हैं। इन पाठ्यक्रमों में सीटों के सापेक्ष 50 से 75 फीसदी सीटें फुल हो चुकी हैं। विवि के प्रवेश समन्वयक डॉ. कौशल शर्मा ने बताया कि विवि में यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। अभी तक यूजी में बीए पाठ्यक्रम को छोड़ अन्य पाठ्यक्रमों की काउंसलिंग के तीन चरण निपट चुके हैं। उन्होंने बताया कि पीजी पाठ्यक्रमों में आवेदन अभी लिए जा रहे हैं। विवि के कुलसचिव अमित कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार 30 अक्टूबर पीजी पाठ्यक्रमों में आवेदन करने की अंतिम तारीख निर्धारित की गई है। हालांकि अभी विवि प्रशासन तारीख को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। विवि के कुलसचिव ने कहा कि हम 5 नवंबर तक तारीख बढ़ा सकते हैं।

**भाषा विश्वविद्यालय में अभी भी दाखिले का मौका:** ख्वाजा मुईनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय में यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए स्टूडेंट्स के पास अभी भी मौका है। यूनिवर्सिटी ने इन कोर्सेस में 31 अक्टूबर तक आवेदन करने की अंतिम तारीख निर्धारित की है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. काजिम रिजवी ने बताया कि इस साल इंजीनियरिंग फैकेल्टी के बीटेक कोर्स में 348 सीटों के सापेक्ष 203 सीटे भर चुकी हैं और बीटेक के विभिन्न विषयों में अभी तक 33 स्टूडेंट्स ने प्रवेश लिया है।

## डीएल आवेदकों को अब पूछताछ काउंटर से मिलेगा टोकन

**लखनऊ।** ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में डीएल बनवाने के लिए टोकन व्यवस्था को स्मार्ट चिप कंपनी के कर्मियों से छीनकर आरटीओ के सरकारी कर्मियों को दे दिया गया है। अब आरटीओ कार्यालय में डीएल आवेदकों को टोकन पुरानी बिल्डिंग के पूछताछ काउंटर से मिलेगा। यह टोकन सिर्फ उन्हीं आवेदकों को दिया जाएगाए जिनको उसी दिन तारीख पर बुलाया गया है। गौरतलब है कि आरटीओ में टोकन व्यवस्था की धंधली पर अपर परिवहन आयुक्त वीके सिंह ने बुधवार को कार्यालय में छापेमारी की थी। जिसमें टोकन वितरण में दलालों की गठजोड़ का खुलासा हुआ था। इस मामले में आरटीओ प्रशासन रामफेर द्विवेदी ने टोकन व्यवस्था में बदलाव करते हुए पारदर्शी तरीके से आवेदकों को टोकन बांटने की व्यवस्था गुरुवार से शुरू की है। डीएल संबंधी तीन तरह के आवेदकों को टोकन दिया जाएगा। इनमें लर्निंग डीएल, परमानेंट डीएल व डीएल नवीनीकरण के आवेदकों को शामिल किया गया है। रोजाना ऐसे आवेदकों की संख्या 800 के करीब है। इसके अलावा डीएल संबंधी आवेदक सीधे संबंधित काउंटर पर जाकर डीएल संबंधी काम कराएंगे।

# कुम्हारों के लिए अच्छे दिन का संदेश लाया आत्मनिर्भर भारत अभियान

● चीनी उत्पादों के बहिष्कार की मुहिम से जगी उम्मीद

नवनीत तिवारी। मोहनलालगंज





**रफ्तार** पकड़ रही चीनी उत्पादों के बहिष्कार की मुहिम से सालों बाद मिट्टी कारीगरों में अच्छे दिनों की उम्मीद जग उठी है। इलेक्ट्रानिक चाक और जमीन के पट्टे की सरकारी मदद के अभाव में भी कुम्हार और कसगरों के परिवार सुनहरे भविष्य के सपने गढ़ने लगे हैं। दीपावली पर अच्छे कारोबार की उम्मीद लिए हुनरमंद परिवार उधार के रुपयों से संसाधन जुटाकर मिट्टी के दीए और मूर्तियां तैयार कर रहे हैं। देशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया आत्मनिर्भर भारत अभियान मिट्टी के दीए, खिलौने और मूर्तियां बनाने वाले कुम्हार और कसगर परिवारों के लिए अच्छे दिनों का संदेश लेकर आया है। बाजार पर चीनी मिट्टी के खिलौन-मूर्तियां और चाइनीज झालरों का एकाधिकार समाप्त होने की उम्मीद लिए मिट्टी कारीगरों के परिवार इस दीपावली अच्छी कमाई की आस लगाए हुए हैं। लिहाजा मोहनलालगंज के मऊ, निगोहां, सिसेण्डी और छिबऊ खेड़ा समेत अन्य गांवों में कुम्हार और कसगर परिवार इन दिनों जोर-शोर से मिट्टी गढ़ कर देशी उत्पाद तैयार कर रहे हैं।

**उधार के चाक से कल्पना को आकार दे रहीं बेटियां:** मोहनलालगंज के मऊ गांव निवासी अहमद अली उर्फ बुद्धू बचपन से ही मिट्टी के खिलौने और मूर्तियां बनाने का काम करते आए हैं। लेकिन चीनी मिट्टी के उत्पादों का बाजार में एकाधिकार और लिवर की बीमारी ने इनके परिवार को तंगहाल बना दिया। लिहाजा परिवार का पेट पालने के लिए पुश्तैनी कारोबार छोड़कर दूसरे छोटे-मोटे काम करने की मजबूरी है। प्रशासन से इलेक्ट्रानिक चाक और जमीन का पट्टा भी नहीं मिल सका। लिहाजा इस दीपावली अच्छी कमाई की उम्मीद में बेटियां चांदनी, नाजनी और साजनी अपनी मां शफीकुन्निशा के साथ चाक उधार मांगकर खिलौने और मूर्तियां बनाकर रंगाई कर रहे हैं। इसी तरह रफीक समेत गांव के तकरीबन आधा दर्जन परिवार इस बार जोर-शोर से मिट्टी से बने देशी उत्पाद बाजार में बेचकर अच्छा मुनाफा कमाने की तैयारी में जुटे हुए हैं।

**कर्ज लेकर मिट्टी के दीए और कुल्हड़ बना रहे जावेद:** मऊ गांव निवासी मोहम्मद जावेद के परिवार में मिट्टी के दीए और कुल्हड़ बनाने का काम पुश्तैनी है। लेकिन पिछले कुछ वर्ष में बाजार में बिक्री नहीं होने से जावेद ने मिट्टी की कारीगरी छोड़कर मजदूरी शुरु कर दी। चीनी उत्पादों के बहिष्कार की मुहिम से इस बार अच्छे कारोबार की उम्मीद में जावेद ने 9 हजार रुपए कर्ज लेकर चाक खरीदा है। जिससे जावेद अपने पिता सुबराती के साथ मिलकर मिट्टी के दीए और कुल्हड़ बनाने में जुटा हुआ है।

**कुम्हारों के घर भी रौनक लौटी:** छिबऊ खेड़ा निवासी प्रभुदयाल ,शुकरू, गंगादीन, हरिप्रसाद, नन्द लाल, नन्दकिशोर, विश्राम, मुन्नालाल समेत कुम्हारों के परिवार में भी इस बार रौनक लौटती नजर आ रही है। पट्टा नहीं मिलने से मिट्टी की दिक्कत जरुर है फिर भी तालाब से मिट्टी का जुगाड़ कर कुम्हार परिवार तेजी से मिट्टी के दीए, कुल्हड़ और चकिया तैयार करने में जुटे हुए हैं। बुजुर्ग प्रभुदयाल ने बचपन के दिन याद करते हुए बताया कभी इसी चाक से ही पूरे परिवार की रोटी चला करती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्ष में मेहनताना निकलना भी मुश्किल हो गया। जिससे युवाओं को आमदनी के लिए दूसरे काम करने पड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत योजना से परिवर्तन की उम्मीद लगाए प्रभुदयाल इस दीवाली अच्छी कमाई का सपना सहेजे हुए हैं।

## तीन लाख सोलह हजार में बिका वीआईपी नंबर 0001

**लखनऊ।** नए वाहनों पर वीआईपी नंबरों की नीलामी बोली गुरुवार शाम छह बजे खत्म हुई। पहले चरण में यूपी 32 एलएस 0001 नंबर के लिए तीन गाड़ी मालिकों ने नंबर अपने नाम करने के लिए लगातार नीलामी बोली में ऊंची बोली लगाई। लिहाजा एक लाख रुपये की कीमत का 0001 नंबर अंतिम दिन तीन लाख 16 हजार 500 रुपये की नीलामी बोली में बिका। इस वीआईपी नंबर को स्वास्तिक मिनिरल एजेंसी ने खरीदा। इसके अलावा अंतिम दिन नीलामी बोली में 02020, 1000, 1313 व 1717 नंबर पर न्यूनतम बोली लगाकर गाड़ी मालिकों ने यह नंबर अपने नाम कर लिया।

# डीएम ने दीपोत्सव की तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण

● कार्यों में तेजी लाने व कार्यों को समय से पूरा करने का दिया निर्देश

संवाददाता। अयोध्या

**जिलाधिकारी** अनुज कुमार झा ने कोविड.19 बेसिक महामारी के कारण शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए आगामी दीपोत्सव को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध में सरयू आरती स्थल एवं घाट, लक्ष्मण किलाघाट, राम की पैड़ी, राम कथा पार्क, राही यात्री निवास, भजन संध्या स्थल का किया स्थलीय निरीक्षण। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सरयू आरती स्थल घाट पर बनाए जा रहे आरती मंच सहित राम की पैड़ी व लक्ष्मण किलाघाट पर किए जा रहे कार्यों तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण करनेए टूटे हुए पत्थरों को बदलने हेतु संबंधित विभागों कार्यदायी संस्थाओं निर्देश दिए। यहां पर लगाई गई सभी डस्टबिनों की साफ सफाई कराकर उसे सुव्यवस्थित कराने हेतु सहायक नगर आयुक्त को निर्देश दिए। राम की पैड़ी पर निर्माणाधीन एलईडी लगाने के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को राम की पैड़ी व घाटों पर अनावश्यक रूप से रखी गई बालू अन्य सामानों को शीघ्र हटाने तथा राम की पैड़ी की बुर्ज की साफ.सफाई व पुताई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सरयू आरती घाट पर बनाए गए कपड़े बदलने के घरों को भी साफ सफाई सफाई कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राम की पैड़ी व सरयू आरती घाट पर प्राइवेट गाड़ियों के प्रवेश को पूर्णता प्रतिबंधित करनेए ठेले आज पर लगाई की दुकानों को तत्काल हटवाने तथा वहां पर टहल रही गायों को तत्काल पकड़कर गौ.आश्रय स्थल में छोड़ने या किसी पालने वालों को दान देने हेतु नगर निगम व क्षेत्राधिकारी अयोध्या को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने लक्ष्मण किला घाट के पास टूटे हुए पत्थरों को बदलने तथा अनावश्यक रूप से रखे गए बोल्डरों को तत्काल हटाने हेतु सिंचाई विभाग को निर्देश दिए.इस अवसर पर जिलाधिकारी ने डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर शैलेंद्र वर्मा व आशीष मिश्रा को दीपोत्सव के अवसर पर कोविड.19 वैश्विक महामारी के दृष्टिगत जारी गाइडलाइन के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए 5ण्30 लाख से अधिक दीपों को जलाने का रिकॉर्ड लक्ष्य के दृष्टिगत विस्तृत प्लान तैयार करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि दीयों को चलाने में सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखा जाएगा उसी के अनुसार दीपों को जलाने की डिजाइन तैयार किया जाए। उन्होंने इससे संबंधित टेंडर व कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। राम की पैड़ी घास को कटवानेए पेड़ों की ड्रेसिंग तथा अनावश्यक रूप से उगी झाड़ियों को डी0एफ0ओ0 से समन्वय स्थापित करें तत्काल कटाने के निर्देश दिए। तदोपरांत जिलाधिकारी द्वारा राम कथा पार्क का निरीक्षण किया गया इस अवसर पर जिलाधिकारी ने रामकथा पार्क के मंच को साफ सफाई कराने उस पर लगे पैनल को ठीक कराने तथा पार्क में उगी घास को उद्यान विभाग से संबंध में कर तत्काल का कटाने व संपूर्ण पार्क की साफ.सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्क के विस्तारीकरण के कार्य में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने यात्री निवास का भी निरीक्षण किया चल रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। तदोपरांत जिलाधिकारी द्वारा भजन संध्या स्थल का निरीक्षण किया गया इस अवसर कार्यदाई संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि 2 नवंबर तक सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा जिलाधिकारी ने टूटे टाइल्स को बदलनेए घास की छटाई करानेए तथा दीवारों की पेंटिंग कराने के साथ.साथ संपूर्ण परिसर की साफ.सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर डॉ. वैभव शर्मा, अधिशासी अभियंता सरयू नहर खंड प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग, परियोजना प्रबंधक उप्र राजकीय निर्माण निगम उप्र प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड नागर कार्य इकाई रेजीडेंट मजिस्ट्रेट, अयोध्या एवं क्षेत्राधिकारी अयोध्या, डॉ राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय से आशीष मिश्रा तथा कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## अधिकारियों के साथ की मंत्रणा

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि विगत दिवस आयुक्त की अध्यक्षता में अयोध्या में चतुर्थ दीपोत्सव.2020 मनाने की बैठक हुई थी जिसमें निर्णय लिया गया था कि कोविड.19 प्रोटोकाल एवं गाइड लाइन का पालन करते हुए 11, 12 एवं 13 नवम्बर 2020 को भव्य दीपोतसव कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। इस आयोजन में सूचनाए पर्यटनए सांस्कृति विभाग द्वारा विशेष रूप से सांस्कृतिक एवं प्रचार.प्रसार के कार्यो में जिम्मेदारी होती है जिसके तहत जिलाधिकारी द्वारा सूचना निदेशक को इस कार्यक्रम के सजीव प्रसारण हेतु दूरदर्शन को निर्देशित करने का अनुरोध किया गया है तथा लगभग 50 एलईडी वाहनए हजारो की मात्रा में होर्डिग्सए स्टैण्डी लगाने का भी अनुरोध किया गया है। जिससे घर बैठे लोग कार्यक्रम देख सके। साथ ही रामायण पर आधारित 11 बड़ी गाड़ी पर झांकी भी निकाली जायेगी तथा 05 लाख 50 हजार से अधिक दीपक जलाये जायेंगे। अयोध्या के आस.पास के रामायण काल से जुड़े स्थलो व धार्मिक स्थलो पर भी दीपक प्रज्वलित किये जायेगें। इस कार्य में समन्वय हेतु सूचनाए सांस्कृतिए पर्यअन के अलावा उद्यानए परिवहनए विद्युतए नगर निगम व अवध विश्वविद्यालय को भी आवश्यक सहयोग के निर्देश दिये गये है। इस कार्यक्रम का आयोजन भव्यता से हो सोशल डिस्टेसिंग का पालन हो ऐसी व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिया गया है। उल्लेखिनिय है कि शासन द्वारा पूर्व में कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की एकादशी से लेकर चतुर्थदशी तक दीपोत्सव मेला को प्रान्तीयकृत मेला घोषित किया गया है। इसमें मानक के अनुसार तैयारी करने के निर्देश दिये गये है।

## डीएम ने रक्तदान शिविर का किया शुभारम्भ

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनूज कुमार झा ने टाटा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जश्न ईद ए मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर जिला अस्पताल अयोध्या में रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रथमेश कुमारए अपर जिलाधिकारी नगर डॉ वैभव शर्माए टाटा वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं रक्तदान शिविर के आयोजक मो0 कमर राईन सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं रक्त दाता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कोविड.19 वैश्विक महामारी के दौरान ईद ए मिलादुन्नबी के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर के आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस आयोजन के दौरान त्यौहार तो मनाया ही जा रहा हैय इसके साथ ही लोगों जरूरतमंदों को मदद भी मिल रही है। त्योहार मनाने की इस भावना दूसरों को मदद भी मिल रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कोविड.19 के दौरान चिकित्सकों द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना की।

# एनटीपीसी टाण्डा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**टाण्डा** विद्युतगृह के सतर्कता विभाग की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ दिनांक 27 अक्टूबर, 2020 को किया गया। सप्ताहव्यापी यह सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम दिनांक 27 अक्टूबर से 02 नवंबर 2020 तक चलेगा। इसी क्रम में परियोजना के अलग-अलग कार्यस्थलों पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। प्रशासनिक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक के0एस0राव द्वारा, सेवा भवन में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) एस.के.सिंह द्वारा तथा एनटीपीसी चिकित्सालय में महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डॉ0 उदयन तिवारी द्वारा कर्मचारियों को ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाइ गई। सभी ने एक स्वर से प्रतिज्ञा लिया कि ''वे जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी तथा कानून के नियमों का पालन करेंगे, न तो रिश्वत लेंगे और न ही रिश्वत देंगे, सभी काम ईमानदारी तथा पारदर्शी रीति से करेंगे, जनहित में कार्य करेंगे, अपने निजी आचरण में ईमानदारी दिखाकर उदाहरण प्रस्तुत करेंगे, भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट उचित एजेंसी को देंगे।'' कार्यक्रम का आयोजन उप महाप्रबंधक (सतर्कता) मदन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मदन कुमार ने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान कर्मचारियों, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों, टाउनशिप परिसर स्थित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं के लिए विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी लोगों से प्रतियोगिताओं में उत्साहपर्वूक प्रतिभाग करने की अपील की।

# संविधान मंदिर के समान, राम दरबार को पुर्नप्रतिष्ठित किया जाएः परमहंस दास

● देश में हो रहे बहन बेटियों पर अत्याचार और महाराष्ट्र सरकार द्वारा मंदिर खोलने के लिए तपस्वी छावनी में हुआ बुद्धि शुद्धि यज्ञ

संवाददाता। अयोध्या



**आचार्य** पीठ तपस्वी छावनी में गुरूवार को महंत परमहंस दास के संयोजन में संविधान पुर्नप्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में काफी संख्या में संत व रामभक्त भी उपस्थित रहे। जिन्होंने यज्ञशाला में आहुतियां डालने के बाद 108 बार जय श्री राम का जाप किया। महायज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात महंत श्री दास द्वारा कन्या पूजन किया गया। इस अवसर पर महंत परमहंस दास ने कहाकि जब बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान की संरचना की थी। तो उसमें सबसे पहले रामदरबार का चित्र अंकित किया गया। लेकिन बाद में कांग्रेसियों ने भारतीय संस्कृति को विलुप्त करने की साजिश के तहत। संविधान की प्रकाशित प्रतियों से रामदरबार का चित्र गायब करवा दिया। तब से लोगों में कानून नाम का डर गायब हो गया। आज हमारी निकिता तोमर जैसी न जानें कितनी बहन.बेटियों की हत्याएं और इज्जत लूटी जा रही हैं। तो कहीं गैंगरेप हो रहा है। इसलिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह करता हूं कि संविधान की सभी प्रतियों में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम को पुर्नप्रतिष्ठित किया जाए। उन्होंने कहाकि संविधान हमारे लिए मंदिर के समान है। उसके देवता भगवान राम हैं और अगर मंदिर से देवता हट जाएं। तो उसमें बचेगा क्याघ् इसलिए राममंदिर निर्माण के साथ ही साथए संविधान में भगवान राम को पुर्नप्रतिष्ठित करके पूरे देश में राममय वातावरण बनाया जाए। भारतीय संस्कृति का समग्र दर्शन भगवान राम के चरित्र से किया जाता है। रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करके केजी से पोस्ट ग्रेजुएट तक के विविध पाठ्यक्रमों में अनिवार्य किया जाए। साथ ही माताओंए बहनों और बेटियों की सुरक्षा के लिए कठोर कानून बनाया जाए। ताकि गैंगरेपए हत्या जैसी घटनाओं को रोका जा सके। महंत ने कहाकि महाराष्ट्र सरकार में शराब की दुकानेंए मॉल व मार्केट खुल गए। लेकिन मंदिरों में ताला लगा हुआ है। महाराष्ट्र सरकार की बुद्धि.शुद्धि के लिए भी हवन.पूजन किया गया। एक धर्माचार्य होने के नाते मैं राष्ट्रहित में पीएम मोदी से मांग करता हूं कि भारतीय संविधान की जो भी प्रतियां प्रकाशित हों। उसमें भगवान राम को पुर्नप्रतिष्ठित किया जाए। इस मौके पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय महासचिव देवेंद्र पाण्डेय व प्रदेश अध्यक्ष पीयूषकांत वर्मा भी मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में चली गोली महिला समेत दो लोग घायल

● आक्रोशित लोगों ने किया मार्ग जाम

**अम्बेडकरनगर।** जिला मुख्यालय के निकट अयोध्या मार्ग पर पचास नम्बर ट्यूबवेल के निकट खेत में चारा काट रही एक महिला को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। बीच-बचाव करने गये गांव के सोनू वर्मा को भी छर्रे लगे हैं। गोली मारने के बाद आरोपी फरार हो गये। वहीं आक्रोशित लोगों ने अकबरपुर अयोध्या मार्ग को जाम कर दिया तथा आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग करने लगे। जानकारी के अनुसार मामला भूमि विवाद से जुड़ा हुआ है। अरियौना गांव निवासी राजकुमार वर्मा ने उर्मिला पाण्डेय समेत दो अन्य लोगों के पक्ष में अपनी पांच बीघा जमीन का बैनामा कर दिया था। इस मामले में क्रेता पक्ष के ज्ञानेन्द्र पाण्डेय का कहना है कि वह उच्च न्यायालय तक से जीत चुके हैं तथा मौके पर खतौनी धारक है। इसके बावजूद सुरजन कुमार खुद को राजकुमारी के पति को अपना पिता बताकर विवाद उत्पन्न करता रहता है जबकि वह उनका भतीजा है। उनका कहना है कि उन्होंने दोपहर में अकबरपुर थाने में सूचना देकर बुवाई के लिए जाने की बात कही थी। जब उनके लोगों ने जोतना -बोना शुरू किया तो विपक्षियों ने गन्ने के खेत से फायरिंग शुरू कर दी। हालांकि इसके विपरीत स्थानीय लोगों को कहना है कि गोली चलाने वालों ने जबरन खेत जोतने का प्रयास किया था तथा किरन 36 पत्नी सुरजन कुमार द्वारा विरोध करने पर उसे गोली मार दी गई। गोली उसकी कनपटी को छूती हुई निकल गई। मौके पर बीच-बचाव करने गये गांव के ही सोनू पुत्र हरिराम वर्मा को भी छर्रे लगे हैं। पुलिस मार्ग जाम किये लोगों को समझा -बुझाकर सड़क को खाली कराने में सफल रही।

## गोरखपुर सीमा में मिला लापता व्यक्ति का शव

**अम्बेडकरनगर।** थाना क्षेत्र राजेसुलतानपुर अंतर्गत ग्राम टिकोरिया बुजुर्ग निवासी 50 वर्षीय सुभाष कसौधन पुत्र मिठाई लाल जो बीते 3 दिनों से गायब थे उनका शव गोरखपुर के बेलघाट सीमा में थाना सिकरीगंज की नदी से बरामद हुआ है। मालूम हो बीते 27 तारीख की सुबह से सुभाष कसौधन घर से गायब थे जिसकी सूचना परिजनों ने थाना राजेसुलतानपुर में गुमशुदगी रिपोर्ट लिखाई थी पुलिस और सोशल मीडिया के माध्यम से सुभाष कसौधन की खोजबीन जारी थी इसी बीच आज सुभाष कसौधन का शव बेलघाट के पास थाना सिकरीगंज अंतर्गत नदी से बरामद हुआ । सूचना मिलने पर परिजन बेलघाट थाना सिकरीगंज पहुंचे और परिजनों की उपस्थिति में शव को अन्यत्र परीक्षण हेतु गोरखपुर अस्पताल भेज दिया गया है जहां परिजन उपस्थित हैं । खबर लिखे जाने तक शव घर तक नहीं पहुँचा है वही पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।

# भाजपा की सदरपुर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

● किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया सम्बोधन

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



प्रशिक्षण वर्ग को सम्बोधित करते राम प्रकाश यादव — पायनियर

**भारतीय** जनता पार्टी सदरपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष दान बहादुर यादव की अध्यक्षता में प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामप्रकाश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां समाज निर्माण में बढ़ गई हैं। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता प्रधान जन संगठन के पंच निष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान ही नहीं वरन् भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है । उसके कारण हम सभी कार्यकर्ताओं को केंद्र और प्रदेश सरकार में होने के कारण नैतिक जिम्मेदारी है। हम संरक्षक की भूमिका में हैं। हमें आम जन की भावनाओं के अनुरूप पार्टी द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी जन जन तक पहुंचाने के दायित्व का निर्वहन करना चाहिए, भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी द्वारा लिए गए सामूहिक निर्णय का सम्मान करना चाहिए। भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने आप को जन सेवक के रूप में प्रस्तुत करने का आह्वान किया। बिगत चुनावों में पहले चुनाव में पार्टियां कैपिटल बाद ,साम्यवाद, समाजवाद , जातिवाद के नाम पर वोट मानती थी। 2019 के चुनाव में माननीय मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने विकास बाद, राष्ट्रवाद के नाम पर चुनाव लड़ा और पार्टी का परचम फहराया। पार्टी द्वारा विकास कार्यों के साथ-साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एकात्म मानववाद अन्त्योदय, को जन मुखी बनाते हुए जन भावनाओं के अनुरूप राष्ट्रवाद एवं विकासवाद के आधार पर जन जागरण करने का आह्वान किया।

## क्विक न्यूज

### स्मार्ट मीटर के नाम पर जबरदस्त लूटः वैभव

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के उपभोक्ताओं के साथ स्मार्ट मीटर के नाम पर पिछले एक साल से जबरदस्त लूट हो रही है। इस मामले में एक रिपोर्ट भी आयी पर उसको सरकार द्वारा दबा के रखा गया। इस रिपोर्ट में उजागर हुआ की बिजली के मीटर 30 फीसद ज्यादा चल रहे हैं। लगातार इस बात की शिकायत हो रही है कि उपभोक्ताओं को लूटा जा रहा है और योगी आदित्यनाथ की सरकार भी इस पर कोई कार्यवाही न करके हर 6 महीने में एक बार बिजली का बिल बढ़ देती है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता वैभव जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि बीते 10 दिनों से अभियान चल रहा है। उत्तर प्रदेश में जिसमें उपभोक्ताओं के खिलाफएफआई आर दर्ज हो रही है। भुगतान न करने पर यह अपनी तरह का पहला ऐसा मामला होगा कि खुद सरकार लूट कर रही है। उन्होंने कहा कि जितना बिल मीटर तेजी की वजह से उपभोक्ताओं से वसूला गया है वो सारे पैसा उपभोक्ताओं को वापस किया जाए। वरना आम आदमी पार्टी इसको लेकर एक व्यापक और बड़ा आंदोलन पूरे उत्तर प्रदेश में चलाएगी। ये उपभोक्ताओं के साथ आम आदमी के साथ बिजली के बिल के नाम पर एक बड़ी लूट है। आज गोरखपुर के उपभोक्ताओं की सहायता के लिए एक हेल्प लाइन नंबर 9415573090 जारी किया गया है। जिसके भी बिल ज्यादा आए हैं, बिल गलत और जिनके बकाया बिल के नाम पर एफआई आर दर्ज हुई है इस नम्बर पर फोन करके जानकारी दे सकते हैं।

### कुलपति ने सीएम से की मुलाकात, वेबिनार पर चर्चा

**गोरखपुर।** गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश सिंह ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मंदिर में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उन्होंने 卐पूर्वांचल विकासः मुद्दे, रणनीतियाँ और रास्ता आगे卐 पर आयोजित दो दिवसीय वेबिनार की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्वांचल क्षेत्र के स्थानीय उत्पादों जैसे गोरखपुर के टेराकोटा, भदोही के कालीन, वाराणसी की साड़ी, आजमगढ़ के ब्लैक पॉटरी, देवरिया के सजावटी उत्पाद, बस्ती के लकड़ी के शिल्प आदि पर जोर दिया। सीएम ने स्थानीय उत्पादों को बनाने वाले छोटे उद्योगों को बैंकिंग क्रेडिट सिस्टम से जोड़ने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। सीएम ने कहा कि बैंकर और निवेशकों को भी वेबिनार में आमंत्रित किया जाना चाहिए। बैठक के बाद डीडीयू के वीसी प्रोफेसर सिंह ने कहा कि पूर्वांचल, पूर्वी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के विकासशील और संसाधनयुक्त जिलों के भविष्य के विकास का समग्र रोड मैप तैयार करने के उद्देश्य से डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में पूर्वांचल विकास बोर्ड का कार्यालय स्थापित किया गया है। इसे ध्यान में रखते हुए, प्रो सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन सरकार के योजना विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

### पार्टी के झंडे के रंग में रंगे गए शौचालय को लेकर भड़के सपाई

**गोरखपुर।** रेलवे चिकित्सालय का शौचालय सपा के झंडे में रंग दिया गया है। इसे लेकर सपाइयों में भारी आक्रोश है। गुरूवार को सपाइयों ने इसके विरोध में प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। पार्टी के जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी ने कहा कि किसी भी राजनीतिक पार्टी के ध्वज के रंगो का अपमान घोर निंदनीय श्रेणी में आता है। लिहाजा आज गोरखपुर रेलवे अस्पताल में शौचालय की दीवारों को सपा के रंग में रंगा जाना एक कृतिम घटना को दर्शाता है। पार्टी के मान सम्मान और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से किए गए इस कार्य से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में रोष है। सपा ने ट्वीट कर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अतिशीघ्र इस तरह का कृत करने वालों पर कार्यवाही नहीं की गई तो समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### चाकू, चोरी की मोटरसाइकिल और स्कूटी के साथ गिरफ्तार

**गोरखपुर।** पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने, अपराधियों की गिरफ्तारी एवं घटना के अनावरण में लगी शाहपुर थाने की पुलिस टीम ने आज तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जामा तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध चाकू जहां बरामद किया गया वहीं उनकी निशानदेही पर चोरी की मोटरसाइकिल, स्कूटी बरामद की गई। क्षेत्र में मामूर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मंजीत चौहान पुत्र सुरेन्द्र चौहान निवासी हरिसेवक पुर न. 01 दुर्गा मन्दिर के पास थाना गुलरिहा, सोनू थापा पुत्र शंकर निवासी एच.एन. सिंह जियो टावर थाना शाहपुर, जगरनाथ उर्फचिन्टू पटेल पुत्र मनोज पटेल निवासी बासी थाना बासी जनपद सिद्धार्थनगर को खंजाची चौराहा के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, उ.नि. मो. आरिफ अली शेर, राहुल सिंह, अनूप कुमार तिवारी, हे.का. हरेन्द्र सिंह, विरेन्द्र तिवारी, का. सुनिल कुमार यादव, दिलीप गौतम शामिल रहें।

## युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन को भेजा जेल

**अम्बेडकरनगर।** बसखारी थाना क्षेत्र के भिटौरा गांव में स्थित एक धान के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिले शव के मामले में बसखारी पुलिस ने खुलासा करते हुए एक महिला समेत दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।शव मिलने के बाद से ही मृतक की पत्नी ने गांव के ही एक दंम्पति के ऊपर अपने पति की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए बसखारी थाने में तहरीर दी थी। हत्या अवैध संबंधों को लेकर बताई जा रही है। बता देगी बीते 24 अक्टूबर को मनकू राम पुत्र अधारी निवासी भिटौरा थाना बसखारी का शव गांव के उत्तर दिशा में स्थित राम उजागीर वर्मा के धान के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया था। जिसमें बसखारी पुलिस ने मृतक की पत्नी करोरा देवी की तहरीर पर गांव के ही दुर्गेश गौड़ पुत्र सूरत व उसकी पत्नी अनीता देवी के विरुद्ध एसटी एससी सहित हत्या जैसे संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई थी। बताया जाता है कि मृतक मनकू का गांव के ही दुर्गेश गौड़ के घर गांजा पीने के चक्कर में अक्सर आना जाना लगा रहता था।

# मंडलायुक्त ने की परियोजनाओं की समीक्षा

● निर्माण कार्यों को पूर्ण कर तत्काल हस्तगत करने के निर्देश

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



निर्माण कार्यों की समीक्षा करते मण्डलायुक्त — पायनियर

**मंडलायुक्त** एमपी अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री की घोषणाओं वाली 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं का समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान कार्यदाई संस्था राजकीय निर्माण निगम द्वारा निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केंदुई कला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेसुल्तानपुर, बेवाना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़पुर कोड़ाही के निर्माण कार्य को तत्काल पूर्ण करा कर हैंड ओवर करने का निर्देश मंडलायुक्त ने दिया। कार्यदाई संस्था ब-के द्वारा नवनिर्मित रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मोहसिन पुर में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी बेघरों के लिए आश्रय योजना के अंतर्गत आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर हैंड ओवर कराने का निर्देश अधिशासी अभियंता सीएनडीएस को दिया गया। कार्यदाई संस्था पैक्स द्वारा नवनिर्मित मॉडल स्कूल रामनगर,100 बेड ओबीसी गर्ल्स हॉस्टल माननीय काशीराम इंजीनियरिंग कॉलेज एवं जीजीआईसी भीटी का कार्य तत्काल पूर्ण कराकर हैंड ओवर करने का निर्देश दिया गया।बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने बिंदुवार समस्त कार्य दाई संस्थाओं के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं से संबंधित समस्त परियोजनाओं के प्रगति के कार्यों में तेजी लाते हुए पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं वाली परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण किया जाना प्रथम दायित्व में है। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं धना भाव के कारण अपूर्ण है , इनके संबंध में पत्राचार कर धन उपलब्ध कराकर कार्यों को पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय में ही परियोजनाओं को पूर्ण करना समस्त कार्य दाई संस्थाओं की जिम्मेदारी है, जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करते हुए कार्यों में तेजी लाते हुए परियोजनाओं को पूर्ण कर ससमय के अंदर पूर्ण कराकर हैंडोवर करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा ,अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त कार्यदाई संस्थाओं के अधिशासी अभियंता एवं संबंधित विभागीय अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे ।

## मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन पालिटेक्निक कालेज का किया औचक निरीक्षण

**अम्बेडकरनगर।** मंडलायुक्त एवं जनपद के नोडल अधिकारी एमपी अग्रवाल ने जनपद के विकासखंड टांडा में पहुंच कर निर्माणाधीन पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण किया। राजकीय पॉलिटेक्निक दौलतपुर हाजल पट्टी टांडा में कार्यदाई संस्था राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा राजकीय पॉलिटेक्निक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। मंडलायुक्त के द्वारा राजकीय पॉलिटेक्निक का भौतिक निरीक्षण किया गया। 36000 वर्ग फीट में निर्माणाधीन राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज के मेन बिल्डिंग का फाउंडेशन का कार्य प्रगति पर पाया गया। बाउंड्री वाल की भी कार्य प्रगति पर थी। इस बिल्डिंग का कार्य मार्च 2022 तक पूर्ण किया जाना है। इस दौरान मंडलायुक्त ने राजकीय निर्माण निगम के अधिशासी अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानक में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए और निर्धारित समय के अंदर कार्य पूर्ण कर बिल्डिंग को हैंड ओवर किया जाए।

# वायु प्रदूषण से बढ़ेगा कोरोना

## शोध से निकला नतीजा

**शोधकर्ताओं** ने हमारी सबसे बुरी आशंका की पुष्टि की है कि प्रदूषित वाये से न केवल कोरोना के लक्षण गंभीर होते हैं, बल्कि यह वायरस को हमारे चारों ओर बांधे रखती है। इसे देखते हुए अब समय आ गया है कि हम अपने चारों ओर की हवा को स्वच्छ बनाने के लिए गंभीर प्रतिबद्धता प्रदर्शित करें। इसके लिए कठोर राजनीतिक इच्छाशक्ति, लागू करने योग्य नीतियों, जीवनशैली में परिवर्तन तथा टिकाऊ व्यवहार जरूरी हैं तथा ऐसा न होने पर मौत का खतरा है। नवीनतम वैज्ञानिक अध्ययनों ने उस आम समझदारी पर मुहर लगाई है कि हवा में ठोस कणों का संकेंद्रण उसे जितना भारी बनाता है, उतना ही उनमें कोविड-19 वायरस के फंसे रहने का खतरा बढ़ जाता है। इससे कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ता है। वायु प्रदूषण से फेफड़ों को नुकसान पहुंचता है जिससे दमा, फेफड़ों की बीमारियां, कार्डियोवैस्कुलर बीमारियां तथा मधुमेह बढ़ते हैं और इन बीमारियों की उपस्थिति में कोविड जानलेवा हो जाता है। ऐसे में दिल्लीवासियों की चिन्ता बढ़ गई है जिनकी हर साल जाड़े में प्रदूषण झेलने से बीमारी के प्रति प्रतिरोध क्षमता घटी है। मधुमेह नियंत्रण के राष्ट्रीय केन्द्र-एनसीडीसी ने चेतावनी दी है कि इस जाड़े में श्वसन रोगों के रोज 15,000 मामले सामने आ सकते हैं जिनसे बीमारी के लक्षण और गंभीर होंगे। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक अध्ययन से पता चला है कि प्रति घन मीटर पीएम 2.5 की केवल एक माइक्रोग्राम वृद्धि से कोविड मृत्यु दर में आठ प्रतिशत वृद्धि हो सकती है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के अप्रैल में कराए एक अध्ययन से भी इंग्लैंड के अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में कोविड-19 की भयावहता पुष्ट हुई है। 2019 की विश्व



वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित 30 शहरों में से 21 थे जहां हवा की गुणवत्ता डब्लूएचओ द्वारा सुझाए मानकों से दस गुना अधिक खराब थी। पिछले सप्ताहों में दिल्ली में पीएम 2.5 का स्तर 180-340 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था जिससे फेफड़े खराब होने व संक्रमणों से लड़ने की शारीरिक क्षमता प्रभावित होती है। इटली के अध्ययनों से पता चलता है कि ऐसे में वायरस का प्रसार बढ़ सकता है। पराली जलाने, त्योहारों पर आतिशबाजी, हवा की कम गति तथा वाहनों व उद्योगों के कारण बढ़ते प्रदूषण ने स्थिति खराब की है।

ऐसे में हमें प्रदूषण की समस्या के स्थाई समाधान की आवश्यकता है जो केवल प्रतीकवाद से संभव नहीं है। हालांकि, केन्द्र व राज्य सरकारों ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए विभिन्न नीतियां लागू की हैं। इनमें राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम-एनसीएपी नवीनतम है। इसमें भारत के 122 शहरों में शहरों के स्तर पर वायु प्रदूषण से निपटने की रणनीतियां विकसित करना शाामिल है। लेकिन यह योजना अब तक ज्यादा कारगर नहीं हो सकी है। इसके कानूनी कारण हैं क्योंकि एनसीएपी में कठोर कार्रवाई के प्राविधान नहीं हैं। क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त निगरानी व निरीक्षण व्यवस्था तथा इसके लिए प्रशिक्षित कर्मियों की जरूरत है। इसका बजटीय आबंटन भी बहुत कम है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्रों की संख्या 38 है, जबकि उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या 25, महाराष्ट्र में 22 तथा तमिलनाडु में केवल 5 है। यह डेटा एकत्र करने के लिए बिल्कुल नाकाफी है। नीतियों के दृष्टिकोण से सरकारों को आतिशबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की जरूरत है। हमें समझना चाहिए कि जीवन अपने आप में एक निरंतर उत्सव है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए नवीन तकनीकी समाधनों की खोज के लिए समुचित वित्तीय संसाधन जरूरी हैं। इसके लिए एक निवेश फंड बनाया जा सकता है जो पर्यावरण हितैषी उद्योगों को बढ़ावा देकर वायु प्रदूषण घटाने के प्रेरक की तरह काम करे। बिजनेसों को अपने उत्सर्जनों की सीमायें तय करने के साथ यह भी बताना चाहिए कि उनके उत्पादों का प्रदूषण फुटप्रिंट क्या है। इससे उपभोक्ताओं की पसंद ज्यादा पर्यावरण हितैषी हो सकेगी। एक अध्ययन से स्पष्ट है कि दिल्ली में लगभग 2.2 मिलियन स्कूली बच्चों के फेफड़ों को स्थाई नुकसान हो चुका है। इस समस्या से न निपटना जानलेवा हो सकता है।

# बंगाल की राजनीतिक विशिष्टता

बंगाल राजनीतिक रूप से हिंदी पट्टी वाले राज्यों से एकदम अलग है। यहां लोग पहले बंगाली हैं, जबकि धर्म समेत बाकी चीजें बाद में आती हैं।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



पश्चिम बंगाल की राजनीति में 8 अक्टूबर को हुगली नदी के पश्चिमी किनारे पर पुलिस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच टकराव असामान्य नहीं है। लेकिन ऐसे टकरावों को राज्य की राजनीति का अंग नहीं बनने देना चाहिए। भाजपा पूरब के इस किले पर कब्जे का प्रयास कर रही है, पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 1953 में असामयिक दु:खद निधन के बाद भाजपा के पास कोई कद्दावर नेता नहीं है। बंगाल ने एक भी ऐसा नेता नहीं पैदा किया है जो खासकर हिंदुओं की देखभाल कर सके। इसका कारण यह है कि राज्य ने हमेशा धार्मिक पहचान पर सांस्कृतिक पहचान को वरीयता दी है।

इसके साथ ही विभाजन के बाद पूर्वी बंगाल से आने वाले हिंदू शरणार्थियों के लिए कुछ खास नहीं किया गया और इस समस्या से निपटने के लिए राज्य को अकेले छोड़ दिया गया। सहायता करने के बजाय तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस बारे में मुख्यमंत्री विधान राय को कई पत्र लिखे थे। 16 अगस्त, 1948 को लिखे पत्र में प्रधानमंत्री ने कहा था, 'पूर्वी बंगाल से बड़ी संख्या में आने वाले लोगों की समस्या का कोई समाधान नहीं है। इसी कारण मुझे इसे रोकने की बहुत चिन्ता है। जो भी हो, मेरे विचार से पूर्वी बंगाल के कुछ हिंदू नेताओं का पश्चिम बंगाल आना बहुत गलत है।' 22 अगस्त को नेहरू ने एक और पत्र लिखा था जिसमें कहा गया था कि 'यदि उनका बड़े पैमाने पर पलायन जारी रहता है तो यह एक बड़ी विभीषिका होगी। मैं इससे कांप जाता हूं।' जब नेहरू ने पंजाब में ऐसा ही प्रयास किया तो बताया गया कि उनका जीवन खतरे में फंस सकता है।

विडंबना है कि विभाजन के बाद सालों तक कांग्रेस को हिंदू पार्टी समझा जाता था, पर यह समझ बंगाल की नदियों में डूब गई। बाद के दशकों में कम्युनिस्ट पार्टियों ने शरणार्थियों के वोटों का लाभ उठाया, जबकि उन्होंने सक्रिय रूप से विभाजन का समर्थन किया था। जनसंघ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस व हिंदू महासभा ने शरणार्थियों की सहायता के सारे प्रयास किए, पर उस समय बंगाल में उनके पास कार्यकर्ताओं व संसाधनों की भारी कमी थी। उनको कम्युनिस्टों ने पूरी तरह हाशिए पर धकेल दिया। विडंबना है कि एक तिहाई शरणार्थी मतदाता वाम मोर्चा का वोटबैंक बन गए। जहां तक कांग्रेस का सवाल है, चार दशक पहले 1977 में बंगाल कांग्रेस का सूरज डूब गया था।

बाद के दो चुनावों में हिंदू महासभा के चार विधायक जीते, पर केवल बांकुड़ा जिले में। जनसंघ व उनके सहयोगियों को मतदाताओं का समर्थन नहीं मिला, न ही वे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के निधन के बाद कोई लोकप्रिय नेता तैयार कर सके। हालांकि, प्रोफेसर हरिपद भारती एक सम्मानित व्यक्ति थे, पर वे मतदाताओं का आकर्षण नहीं थे। इसका सबसे बड़ा कारण बंगाली बुद्धिजीवी तथा उनका कोमल हृदय है। भाजपा को भी इसे समझने की जरूरत है। चाहे ईसाई हो, मुसलमान या हिंदू, इस राज्य के निवासी पहले बंगाली हैं तथा धर्म समेत बाकी सारी चीजें बाद में आती हैं। उदाहरण के लिए, बांग्लादेश का राष्ट्रगान गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा रचित है। आज रवीन्द्र संगीत की सर्वाधिक लोकप्रिय गायक ढाका की रिज़वाना चौधरी बानिया हैं जो साड़ी पहनती हैं और टीका लगाती हैं। बांग्लादेश की अनेक मुस्लिम महिलाओं की तरह धर्म उनके इस काम में बाधा नहीं डालता है।

किसी अन्य चीज के मुकाबले बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन का मूल कारण भाषा थी। फरवरी, 1948 में कायदे आजम मुहम्मद अली जिन्ना पहली बार ढाका गए तथा उन्होंने विश्वविद्यालय छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने जोर दिया कि पाकिस्तान की एक राष्ट्रीय भाषा उर्दू होगी। स्रोताओं ने पूछा कि 'बांग्ला का क्या होगा? हम पाकिस्तान में बहुसंख्यक हैं।' इस पर जिन्ना गुस्सा हो गए। उन्होंने पूछा कि क्या पूर्वी पाकिस्तान के बंगालियों की कोई खास उपलब्धि है। इसकी प्रतिक्रिया में ढाका की सड़कों पर पहला आंदोलन हुआ। कुछ समय बाद ही बांग्लादेश के राष्ट्रपिता व वर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान ने मुस्लिम लीग से इस्तीफा दे दिया तथा अवामी लीग की स्थापना की। उन्होंने पूर्वी बंगाल के अधिकारों के लिए आंदोलन किया और अंतत: उसे अलीगढ़ में सपना देखने वालों से अलग किया जो एक मुस्लिम देश को नया मदीना समझ रहे थे।

तुर्की के महान आधुनिकतावादी मुस्तफा कमाल पाशा द्वारा 1924 में खलीफ़त को समाप्त करना सुन्नी इस्लाम के मोमिनों के लिए भारी धक्का था। अलीगढ़ विश्वविद्यालय के विद्वान चाहते थे कि पाकिस्तान एक नया खलीफ़ा तैयार करे। लेकिन पूर्वी बंगाल के लोग इस सपने में शामिल नहीं थे। वास्तव में 1946-47 में कुछ समय पूर्वी पाकिस्तान के मुख्यमंत्री रह चुके फजलुर रहमान एक लोकप्रिय किसान नेता थे। अब्दुल रहीम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बड़े भाई शरद चंद्र बोस से स्वतंत्रता के तीसरे आयाम के रूप में एकीकृत बंगाल के बारे में बात कर रहे थे, जबकि अन्य दो आयाम पाकिस्तान और हिंदुस्तान थे। बांग्लादेश के अधिकांश मुसलमानों का धर्मांतरण मौलवियों ने कराया था जो कई पीढ़ियों से चटगांव में बस गए थे।

अरब व्यापारियों के साथ मुस्लिम धर्मगुरु ग्यारहवीं शताब्दी में यहां पहुंचे थे। औपचारिक रूप से मुसलमान होने के बावजूद तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के निवासी सांस्कृतिक रूप से बंगाली बने रहे। उनमें से अनेक धोती पहनते थे और महिलायें अधिकांशत: साड़ी पहनती थीं। संयोग से उस समय कोलकाता में हिंदू भी घर पर लुंगी पहनते थे।

इन साथी मुसलमानों को संबोधित करते हुए बंगाली भद्रलोक अक्सर उनको 'बेचारा मुसलमान' कहते थे। इसकी व्याख्या यह है कि अमीर हिंदुओं ने खासकर गांवों में मुसलमानों का शोषण किया था तथा उनके साथ सामाजिक भेदभाव का व्यवहार किया था। एक सीमा तक उनको हिंदू विवाहों में भोजन के लिए आमंत्रित किया जाता था, पर उनको अक्सर अपनी थाली स्वयं लगानी व साफ करनी पड़ती थी। नौकर केवल हिंदू अतिथियों की सेवा करते थे। वैसे भी हिंदू जमींदार पूर्वी बंगाल के अधिकांश मुसलमानों से अपने गुलामों जैसा व्यवहार करते थे। अपने बारे में बात करते हुए वे कभी हिंदुओं को काफिर कहने की हिम्मत नहीं कर सकते थे। विभाजन के समय हिंदू लड़कियों का अपहरण करने या हिंदू संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए उनको भगाने के अधिकांश अपराधी बाहर से आकर बंगाल में बसने वाले लोग थे।

आज भी स्थानीय लोगों तथा एक समय बाहरी रहे लोगों के बीच अंतर करना कठिन है। उदाहरण के लिए पाकिस्तान के दूसरे प्रधानमंत्री ख्वाजा नजीमुद्दीन बसने वाले परिवार से थे, जबकि शेख मुजीबुर रहमान और उनकी बेटी स्थानीय बंगाली नस्ल के थे। लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया स्पष्ट रूप से बसने वाली परिवार की लगती थीं। हालांकि, उपरोक्त बातों के बावजूद हिंदू-मुस्लिम भिन्नताओं से इनकार नहीं किया जा सकता है।

'हिंदुत्व' शब्द का सबसे पहले प्रयोग श्री अरविंद के ममेरे बाबा राज नारायण बोस ने अपने लेखन में वर्ष 1863 में किया था। बंगाल प्रांत में अनुशीलन समिति के गठन के साथ हिंदू मेलों का आयोजन शुरू हुआ था। इसी प्रकार जब कोई मुसलमान बंगाली हिंदू तथा उसकी सामाजिक-आर्थिक श्रेष्ठता की बात सोचता है तो उसका विरोध करता है। वह सामान्य की तुलना में स्वयं को अधिक मुसलमान दिखा कर अपना विरोध प्रदर्शित करता है, जबकि सामान्य स्थिति में वह एक साथी हिंदू बंगाली जैसा ही दिखता है। इस प्रकार वह आकाश पाताल व आसमान जमीन के बीच झूलता रहता है जिसकी अभिव्यक्ति बांग्लादेशी मीडिया में दिखती है। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए स्पष्ट है कि पश्चिम बंगाल हिंदी पट्टी वाले राज्यों से राजनीतिक रूप से एकदम अलग है।

# बदले परिवेश में तमिलनाडु की राजनीति

"एक बात तो निश्चित है कि तमिलनाडु के चुनावों में शशिकला और रजनीकांत का प्रभाव अवश्य ही देखने को मिलेगा।"

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



तमिलनाडु में सत्ताधारी अन्नाद्रमुक खामोशी से अगले वर्ष के पूर्वार्द्ध में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है। अब जबकि चुनाव होने में कुछ ही महीने शेष हैं, पार्टी अपने वर्तमान मुख्यमंत्री ई पलानीस्वामी को मुख्यमंत्री के प्रत्याशी के तौर पर पेश कर तथा अन्य दावेदार ओ पनीरसेल्लवम को दरकिनार करके अपनी आंतरिक समस्याओं को दूर करने का प्रयास कर रही है। महत्वपूर्ण रूप से, 2021 के चुनाव दो बड़ी प्रतिमूर्तियों, जयललिता व करुणानिधि, के बगैर होंगे, तथा अन्नाद्रमुक एवं द्रमुक नेतृत्व की परीक्षा भी होगी। असलियत में, दोनों में से एक भी दल के पास करिश्माई नेतृत्व नहीं है और ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि अभी तक कोई भी दल लगातार तीन बार सत्ता में नहीं रहा है।

यद्यपि लड़ाई दो प्रमुख द्रविड़ दलों के बीच है, वहां पर दो अन्य कारक भी हैं। पहला कारक है शशिकला नटराजन, जो कई वर्षों तक जयललिता की विश्वासपात्र तथा जोड़ीदार रही हैं। आय से अधिक संपत्तियों के आरोप में चार वर्ष का कारावास भोगने के बाद वो फरवरी 2021 में जेल से बाहर आएंगी। उनके पास पर्याप्त धन और राजनीतिक कौशल है जिसके बल पर वो अन्नाद्रमुक अथवा अपने भतीजे टीटीवी दिनाकरन के साथ हाथ मिला सकते हैं। उन्होंने 'अम्मा मक्कल मुनेत्र कजगम' नामक एक दल बनाया था जिसकी अध्यक्ष शशिकला हैं। अभी तक शशिकला ने अपने पत्ते खोले नहीं हैं। चिनम्मा, जिस नाम से उन्हें उनके अनुयायी पुकारते हैं, शशिकला के अन्नाद्रमुक के भीतर बहुत से वफादार भी हैं, क्योंकि वो अम्मा के समय एक बड़ी ताकत हुआ करती थीं।

तमिलनाडु के राजनीतिक परिदृश्य में शशिकला का ऐसे समय पर पुन: प्रवेश कई लोगों के पंख कटने का सबब बन सकता है। एकमात्र सांत्वना यह है कि कानून के मुताबिक वो अगले छह वर्षों तक चुनाव नहीं लड़ सकती हैं। जयललिता के निधन के पश्चात पार्टी ने शशिकला का समर्थन किया, मगर उनके जेल जाने के बाद, वो पलानीस्वामी के नेतृत्व में एकजुट हो गई। मुख्यमंत्री का मानना है कि उनकी सरकार ने कई मोर्चों पर काम किए हैं, जिनमें कोरोना संकट का प्रबंधन शामिल है, और उन्होंने पार्टी तथा सरकार के भीतर स्वयं को मजबूत किया है। दूसरे, यह स्पष्ट नहीं है कि क्या चिनम्मा प्रभावशाली थेवर समुदाय के भीतर उतनी ही प्रभावीयता रखती हैं, जिसे उन्होंने पूर्व में सशक्त बनाया था। तीसरे, शशिकला अन्नाद्रमुक को तोड़कर पार्टी के असंतुष्ट तत्वों को अपने निकट ला सकती हैं।

चौथे, पार्टी के समक्ष सत्ता विरोधी भावना, आतंरिक अस्थिरता, किसी करियमाई नेता का न होना, तथा द्रमुक के आक्रमण समेत कई चुनौतियां है, जो पलानी सरकार को कमजोर तथा प्रधानमंत्री मोदी के हाथों की कठपुतली बताती रही है। यह आश्चर्य की बात नहीं क्योंकि भाजपा ने अभी तक दिल्ली से अन्नाद्रमुक सरकार को नियंत्रित किया है क्योंकि पलानीस्वामी के केंद्र से समीकरण अच्छे हैं। भाजपा ने पार्टी को राज्य में एकजुट बनाए रखने में भी भूमिका अदा की है। उसे शशिकला अथवा उनके भतीजे के साथ सौदा करने में कोई दिलचस्पी नहीं है तथा पिछले महीने शशिकला की पोएस गार्डन स्थित संपत्ति पर छापेमारी से पार्टी की रणनीति उजागर होती है। शशिकला की योजना अपने उस महल जैसे आवास में जाने की है जिसका निर्माण वो वर्तमान समय में पोएस गार्डन स्थित जयललिता के आवास के सामने करा रही हैं। उनकी लगभग 64 संपत्तियां जब्त कर ली गई हैं।

दूसरा अनजान कारक है तमिल सुपरस्टार राजनीकांत। यद्यपि वो अपने प्रशंसकों के क्लबों पर निर्भर है, यह ज्ञात नहीं है कि क्या उनके पास अपनी प्रस्तावित पार्टी को संगठित करने एवं चलाने का कौशल है भी या नहीं। यद्यपि उन्हें समान रूप से कांग्रेस तथा भाजपा ने लुभाने का प्रयास किया है, मगर 2017 में रजनीकांत ने दो दशकों से चले आ रहे सस्पेंस को खत्म करते हुए एक राजनीतिक दल गठित करने के इरादों की घोषणा की थी। मार्च में उन्होंने घोषणा की थी कि उनकी प्रस्तावित पार्टी विधानसभा चुनावों में सभी 234 सीटों पर लड़ेगी। रजनीकांत अब 'रजनी मक्कल मंद्राम्स' को मजबूत करने में लगे हुए हैं जो उनके प्रशंसक क्लबों का एक राजनीतिक प्रतिरूप है।

उन्होंने यह भी कहा था कि 'मक्काल निधि मैआम' नामक दल का पिछले वर्ष गठन कर चुके साथी सुपरस्टार कमल हासन के साथ गठबंधन की स्थिति में सत्ता साझीदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा चुनावों से पहले होगी। साथ मिलकर, दोनों सुपरस्टार निश्चित रूप से भारी भीड़ जुटा लेंगे लेकिन उनकी वोट खींचने की क्षमता का अभी पता नहीं है। कोरोना के चलते रजनीकांत आम जनता से दूर रहे हैं जबकि कमल हासन की पार्टी को 2019 के लोकसभा चुनावों में मात्र 2 प्रतिशत वोट मिले थे और कोई सीट जीत नहीं पाए थे। रजनीकांत, जयललिता व करुणानिधि द्वारा छोड़े गए एक बड़े राजनीतिक शून्य को भरना चाहते हैं। उन्होंने कुछ समय पूर्व कहा था कि, "दो द्रविड़ हस्तियों को बाहर का रास्ता दिखाने का यह सही समय है। यदि अभी नहीं तो कभी नहीं होगा।" सुपरस्टार ने एक बार घोषणा की थी कि वो स्वयं को मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी के तौर पर पेश नहीं करेंगे और 2021 में इस पद के लिए किसी युवा को नामित करना पसंद करेंगे। इससे पता चलता है कि वो कठपुतली बिठाना चाहते हैं। हालांकि, रजनीकांत के बहुत से प्रशंसकों का मानना है कि मुथुथु नामक फिल्म का उनका प्रसिद्ध संवाद, " कोई नहीं जानता कि मैं कब आऊंगा, कैसे आऊंगा, लेकिन समय आने पर मैं मौजूद रहूंगा।"

अगले कुछ सप्ताहों में राजनीतिक संवेग तथा पार्टियों का पुनर्समूहन तेजी पकड़ेगा। अभी तक, काडर आधारित द्रविड़ियन पार्टियों से मुकाबला रजनीकांत के लिए बड़ी चुनौती होगी। दक्षिणपंथ के प्रति उनके झुकाव के चलते वो भाजपा के साथ गठबंधन कर सकते हैं। तमिलनाडु में आगामी चुनावों से जाहिर होगा कि खिलाड़ियों का गणित व केमेस्ट्री जीतती है या नहीं। एक चीज को निश्चित है, शशिकला व रजनीकांत का प्रभाव देखने को मिलेगा।

## आप की बात

### बिगड़े बोल पर लगाम जरूरी

**चुनावी** दौर में नेतागण अपनी मर्यादाओं को लांघकर आपत्तिजनक ओर अनर्गल टीका टिप्पणी व एक दूसरे को आरोप प्रत्यारोप लगाने की प्रतियोगिता की मैराथन में शामिल है। आचार्य प्रमोद कृष्णम शिवराज जी को कंस, शकुनि, और मारीच से तुलना कर रहे है। एक आचार्य होकर इस तरह की मानसिकता... ? ऐसे ही कही नेता आपसी अनर्गल बयान बाजी एक दूसरे पर करने से चूक नही रहे। ऐसा लगता है कि चुनाव नही आ रहे, जैसे नाग पंचमी पर पहलवानों की तरह कुश्ती ,ओर दांवपेच की तैयारी कर रहे है। इन बिगड़ैल बोल के समाज और जनता जनार्दन पर क्या असर होता है। इन सफेदपोश नेताओ को कोई भान नही। चुनाव आयोग द्वारा इन पर सख्ती लगाना चाहिए। जनता के चुने ये प्रतिनिधि अगर इस तरह से माहौल निर्मित करेंगे। तो विकास की गंगा कितनी बहेगी अंदाजा लगाया जस्य सकता है। किसी भी दल के नेता मंत्री हो ।अगर अपनी वाक वटुता पर नियंत्रण नही कर सकते तो वो पद के लायक ही नही। क्योंकि अनुशासन तो इन नेताओं को पहले आत्मसात करना चाहिये। तभी जनता जनार्दन में शान्ति भाईचारे का संदेश दे सकते है। क्या इन बिगड़ैल बोलो पर समय रहते लगाम लगेगी ?

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### स्वस्थ, सतर्क और जागरूक

**कोरोना** महामारी पद और जब से आया तो हमने देखा कि कई देशों में लॉकडाउन लगा, उसके बाद चरणबद्ध तरीके से लॉकडाउन को बढ़ाया गया और हम लॉकडाउन से अनलॉक की ओर बढ़े। और अब हम अनलॉक 5 में प्रवेश करने वाले हैं। कोविड-19 को नियंत्रित करने के लिए हाल ही में गृह मंत्रालय ने अनलॉक 5 की गाइडलाइन जारी कर दी है। इसमें ज्यादा कुछ बदलाव तो हुआ नहीं है परंतु कंटेनमेंट जोन में लॉकडाउन 30 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। महामारी का प्रकोप पिछले साल सर्दियों में ही शुरू हुआ था और अब हम दोबारा सर्दियों के मौसम में प्रवेश कर चुके हैं यानी अब हमें और सतर्क होने की जरूरत है। वायरस ना फैले इसके लिए जो नियम बनाए गए हैं जैसे मास्क जरूरी है इसे पहनना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना और 2 गज की दूरी का भी पालन करना आदि।वर्तमान में हम देख रहे हैं कि बहुत सारे लोग लापरवाह हो चुके हैं। वो कोरोनावायरस को अब हल्के में ले रहे हैं परंतु हमें इसे हल्के में नहीं लेना है। पीएम मोदी ने भी कहा है कि जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं। ज्यादा सतर्कता और जागरूकता लाने के साथ-साथ हमें और लोगों को भी जागरूक करना होगा।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### शक्ति संपन्न भारत

**नए** परीक्षणों से देश की ताकत में इजाफा होता जा रहा है। पिछले डेढ़ माह में भारत ने 12 मिसाइलों का परीक्षण करके अपनी सैन्य क्षमता का परिचय दिया है। लगातार हासिल हो रही सफलता से दुनिया को भारत की अहमियत समझ लेना चाहिए। भारत की बढ़ती शक्ति से दुनिया का चकित होना स्वभाविक ही है। आधुनिक तकनीकी और सैन्य क्षमताओं की वृद्धि में हमारे प्रयास लगातार सफल हो रहे हैं। भारतीय वैज्ञानिकों ने सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस सहित 12 मिसाइलों का पिछले डेढ़ माह में सफल परीक्षण किया। ओडिशा के बालासोर स्थित चांदीपुर एकीकृत परीक्षण केंद्र से हुए इस नए वर्जन की मारक क्षमता 400 किलोमीटर दूर तक की है। सबसे बड़ी बात यह है कि सभी मिसाइलों में लगने वाली सामग्रियां ज्यादातर भारत में बनी हुई है जो हमारी लगातार बढ़ रही वैज्ञानिक उपलब्धि का उदाहरण है। उन्नत हो रही हमारी क्षमताओं से दुनिया के देशों को समझ लेना चाहिए कि भारत भी एक बड़ी शक्ति है और उसकी हैसियत की उपेक्षा भारी पड़ सकती है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**मुझे** उम्मीद है कि दक्षिण, उत्तर व अंतरराष्ट्रीय समुदाय वार्ता और विश्वास के माध्यम से बाधाएं दूर करेंगे व शांति का दायरा बढ़ाएंगे।

– **मून जे इन**
दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति



**केरल** सरकार व माकपा विविध एजेंसियों द्वारा की जा रही जांच को बाधित करने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उसे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

– **वी मुरलीधरन**
केंद्रीय मंत्री



**आजादी** के बाद से भारतीय सेना इस देश की सुरक्षा व संप्रभुता के समक्ष आई कई चुनौतियों से पार पाने में सफल रही है।

– **राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री

# सपा, बसपा व कांग्रेस तीनों अराजकता के प्रतीकः केशव

**बांगरमऊ उपचुनाव-2020**

- सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्य के आधार पर बांगरमऊ में कमल खिलेगा
- गुरुवार को डिप्टी सीएम ने बांगरमऊ प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को किया संबोधित




**संवाददाता।** बांगरमऊ,उन्नाव

**केंद्र में** मोदी की सरकार न बनी होती तो आज ना तो अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होता और ना ही कश्मीर से धारा 370 समाप्त होती। इसके अलावा कश्मीर में जमीन खरीदने की आप सब की इच्छा भी पूरी न होती। यह बात गुरूवार को बांगरमऊ से बीजेपी प्रत्याशी श्रीकांत कटियार के समर्थन में क्षेत्र के संडीला मार्ग पर स्थित आरएस चौराहे पर आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने की।

उन्होनें कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्य के आधार पर यहां दोबारा कमल ही खिलेगा। उन्नाव की पावन धरती पर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला व चंद्रशेखर आजाद जैसी महान विभूतियों ने जन्म लिया है। यहां बांटो और राज करो की नीति नहीं चलने वाली है। प्रधानमंत्री का नारा सबको स्थान-सबको सम्मान प्रदेश के मुख्यमंत्री साकार कर रहे हैं। कहा कि आज बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंच रहा है।

सपा, बसपा और कांग्रेस तीनों अराजकता के प्रतीक हैं। इन तीनों को उखाड़ फेंकने में ही भलाई है । उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि यदि देश और प्रदेश में कमल न खिलता तो क्या अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होता ? कश्मीर से धारा 370 समाप्त की जाती ?। आप लोग कश्मीर में जमीन खरीद सकते ? स्वयं ही उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि यह तभी संभव हुआ जब केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यहां सभी को मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि अभी राज्यसभा में भी पार्टी कार्यकर्ताओं को ही प्रत्याशी बनाया है। सपा सरकार में निर्मित आगरा एक्सप्रे- वे सिर्फ खास लोगों के लिए है। इससे आम आदमी का कोई लेना देना नही। कार्यक्रम को प्रदेश सरकार के मंत्री बृजेश पाठक, मोहसिन रजा, महेंद्र सिंह पासी, सुरेश पासी, सांसद मुकेश राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष संगीता सेंगर के अलावा अपना दल के जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल, पुनीत गुप्ता, शंकर लाल लोधी, शेष नारायण मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष राज किशोर रावत आदि ने भी संबोधित किया।

## कार्यशाला रूपी विद्यालय में राष्ट्रसेवा हेतु होता है कार्यकर्ता निर्माणः भारती

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी जिला यमुनापार के मंडल जसरा में केन्द्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन राम खेलावन बालिका विद्यालय इरादतगंज में गुरुवार को किया गया। दूसरे दिन के प्रथम सत्र का शुभारंभ करते हुए जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने संगठनात्मक विषय पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा विना गुरू शिक्षक के ज्ञान बिना हम सभी कार्यकर्ता अधूरे हैं। भाजपा के कार्यकर्ताओं को कार्यशाला रूपी विद्यालय में प्रशिक्षण के माध्यम से राजनीति के साथ समाज और राष्ट्रसेवा हेतू प्रेरित किया जाता है। द्वितीय सत्र का संबोधन जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने भारत की सुरक्षा सामर्थ्य के साथ आत्मनिर्भरता पर चर्चा किया। जिला मंत्री हरिदेव धुरिया ने व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डाला तो जिला मंत्री प्रकाश शुक्ला प्रंचड ने भारत की वैचारिक धारा में हमारी भूमिका व राजेश त्रिपाठी ने हमारी कार्य पद्धति एवं संगठन संरचना में हमारी भूमिका व जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने कार्यकर्ताओं केंद्र सरकार राज्य सरकार के उपलब्धियों पर सम्बोधित किया। जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यशाला का समापन सम्बोधन वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकांत विश्वकर्मा ने करते हुए कहा कार्यकर्ता ही समाज निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यकर्ता स्वयं तपकर संगठन को विश्व की सबसे बडी पार्टी बनाया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नंदेश्वर नाथ त्रिपाठी ने करते हुए सभी वक्ताओं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## क्विक न्यूज

### मंडल में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा सतर्कता सप्ताह

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल पर रेल कर्मियों को भ्रष्टाचार नियंत्रण एवं सतर्कता के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए दिनांक 27 अक्टूबर से 02 नवंबर तक सतर्कता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसका विषय सतर्क भारत समृद्ध भारत है। इस अवसर पर बुधवार और गुरुवार को विजिलेंस क्विज एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजिलेंस क्विज में कर्मचारियों से सतर्कता के विभिन्न पहलुओं से जुड़े प्रश्न पूछे गए। निबंध प्रतियोगिता का विषय भ्रष्टाचार नियंत्रण के उपाय निबंध प्रतियोगिता में कर्मचारियों ने समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार और उसके नियंत्रण के विभिन्न उपायों का अपने अपने ढ़ंग से वर्णन किया। कर्मचारियों ने बहुत उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पीआरओ केशव त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में विजयी कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

### सुरक्षा के तरीकों से होगी वैश्विक प्रणाली

**प्रयागराज।** व्यापक सुरक्षा बढ़ाई गई तथा साफसफ़ाई और सुरक्षा तरीकों की एक वैश्विक प्रणाली है। जो अनुभव से जुड़े प्रत्येक हिस्से को उनके लोगों और कर्मचारियों के लिए सुरक्षित बनाने में मदद करती है। छह दशकों से ज़्यादा पुरानी सबसे पहले सुरक्षा वाले नेतृत्व की परंपरा को आगे बढ़ाती है। मैकडॉनल्ड्स इंडिया नार्थ एंड ईस्ट ने प्रेमियों के लिये स्वादिष्ट और मसालेदार चिकन स्ट्रिप्स पेश किया है। अपने अगले पसंदीदा मील के साथ इसका आनंद उठा सकते हैं। उत्तर और पूर्वी भारत में स्थित रेस?टोरेंट्स में मैकडिलीवरी और टेकअवे काउंटर्स के माध?यम से उपलब्ध होंगे। अपनी प्राकृतिक और एक समान कोटिंग के साथ यह चिकन स्ट्रिप्स निश्चित रूप से आपके खाने को एक स्वादिष्ट जूसी और स?पाइसी स?वाद देंगे। मैकडॉनल्ड्स रेस्टोरेन्ट के प्रमुख रॉबर्ट हंगानफूने कहा कि खाने की इच्छा जगाने वाले फ़ूड की विरासत है और अब हम स्वादिष्ट चिकन से उसका विस्तार कर रहे हैं। इसमें गुणवत्ता का भी विशेष तौर पर ध्यान दिया जाएगा।

### कोविड में जीवनशैली को बेहतर बनाने के प्रयास

**प्रयागराज।** कोरोना काल कोविड 19 के दौरान कोशिश हो रही है कि जनता के लिए टेक्नोलॉजी को और सुलभ बनाया जाए। अपने कामयाब सफ़र को आगे बढ़ाते हुए अब टीवी मार्केट में कदम रखा है। आईटेल ने टेलीविज़न सिरीज़ को लांच किया है। जो दमदार टेक्नोलॉजी से युक्त है और बेहद आकर्षक कीमतों पर शानदार अनुभव प्रदान करती है। इसके तहत जो छः नए टीवी लांच किए गए हैं। वह क्वालिटी और फ़ीचर्स से भरपूर मनोरंजन पेश करते हैं। पोर्टफ़ोलियो लोगों को बेमिसाल आनंद देने के लिए बहुत विचारपूर्वक तैयार किया गया है। मेक इन इंडिया की पहल पर चलते हुए यह पोर्टफ़ोलियो पूरी तरह से भारत में बनाया गया है। शहरों और उनसे भी छोटे इलाकों में जो नई सदी के युवा और लोग अपनी जीवनशैली को बेहतर बनाने के ख्वाहिशमंद हैं।

### एसडीएम व सीओ ने नगर में छापा मारकर सीज की पटाखे की दुकान



**उन्नाव।** एसडीएम सदर व सीओ सिटी ने गुरूवार की दोपहर नगर में आतिशबाजी की दुकानों पर छापेमारी की। इससे आतिशबाजों में हड़कंप मच गया। इस दौरान एक दुकान को मानक के अनुरुप न मिलने पर सीज कर दिया। कार्रवाई के भय से कई दुकानदार दुकानें छोड़कर भाग गए। गुरूवार को एसडीएम सदर अक्षत वर्मा व सीओ सिटी गौरव कुमार त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ शहर के अब्बासपुर स्थित आतिशबाजी की दुकानों पर छापा मारा। जहां एक दुकान को मानक के अनुरुप न मिलने पर सीज कर दिया। कार्रवाई के भय से कई दुकानदार दुकानें छोड़कर भाग गए। सीओ ने बताया कि करीब एक दर्जन से अधिक दुकानो को चेक किया गया है। कई दुकानदारो को हिदायत दी गई है। आगे भी यह अभियान लगातार चलता रहेगा।

### धन के अभाव से निर्माण कार्य में लगा ग्रहण, लोग परेशान

**बीघापुर,उन्नाव।** स्थानीय नगर पंचायत की बाजार मार्ग के निर्माण पर धन के अभाव में ग्रहण की काली छाया मंडराने लगी है। तीन माह से मार्ग निर्माण का कार्य ठप्प पड़ा है। प्रशासन द्वारा अभी इस मार्ग निर्माण के लिये स्वीकृत बजट में से एक करोड़ रुपये अवमुक्त होना शेष है। निर्माण ठप्प होने से कस्बेवासियों, स्कूली छात्रों व बाजार आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही मार्ग पर ठेकेदार द्वारा डाली गई डस्ट दुकानदारों के लिये मुसीबत बन गई है। रायबरेली-लालगंज हाइवे से कस्बे के सदर बाजार को जोड़ने वाले इस 850 मीटर के मार्ग का निर्माण पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत होना था। मार्ग निर्माण के लिए करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ था। ईओ राजेश दुबे बताते हैं कि पहली किस्त में एक करोड़ रुपये अवमुक्त हुए थे जिससे उक्त मार्ग का निर्माण कार्य कराया गया। दूसरी किस्त आने में विलम्ब हो रहा है जिसकी वजह से मार्ग निर्माण कार्य ठप्प हो गया है। मार्ग का निर्माण न होने से कस्बे के दुकानदारों के साथ ही वहां के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण अब स्थानीय लोग आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर वाल्मीकि रामायण पाठ

**वाराणसी।** प्रदेश सरकार ने बाल्मीकि जयंती के पावन दिवस को भव्य रूप मनाए जाने का निर्णय लिया है। बाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्र मूल्यों के व्यापक प्रचार प्रसार व जनमानस को जोड़ने के लिए विभिन्न स्थलों पर बाल्मीकि रामायण का पाठ किए जाने का कार्यक्रम रखा गया है। वाराणसी जनपद में 31 अक्टूबर 2020 वाल्मीकि जयंती के पावन दिवस पर मार्कंडेय महादेव परिसर कैथी, सीरगोवर्धन, शुलकंटेश्वर शिव मंदिर, संकुलधारा मठ, नकटेश्वरी भवानी पिंडरा, बाल्मीकि शिव मंदिर करौदी में रामायण पाठ का आयोजन रखा गया है। जिलाकारी कौशल राज शर्मा ने आमजन से अपेक्षा व्यक्त की है कि बाल्मीकि जयंती पर होने वाले रामायण पाठ में शरीर को होकर रामायण में निहित सामाजिक, मानव, राष्ट्रीय मूल्यों को और बढ़ावा दें।

### कृषि विकास योजना के मत्स्य पालन को अनुदान

**वाराणसी।** कृषि विकास योजना के तहत मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी मदद दी जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक परियोजना के लागत 8.50 लाख प्रति हेक्टेयर है, जिसमें तालाब निर्माण पर रुपया 7 लाख एवं प्रथम वर्ष मत्स्य पालन के लिए 1.50 लाख प्रति हेक्टेयर है। मत्स्य पालक विकास अभिकरण के विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र 21 नवंबर को सायं 5 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। लाभार्थियों का चयन प्रथम आवत प्रथम पावत के अनुसार किया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण रविंद्र प्रसाद ने बताया है कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत निजी भूमि में तालाब निर्माण कर मत्स्य पालन करने के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र 21 नवंबर को सायं 5 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। इसमें परियोजना लागत कुल 8.50 लाख प्रति हेक्टेयर है। जिसमें तालाब निर्माण पर रुपया 7 लाख एवं प्रथम वर्ष मत्स्य पालन के लिए 1.50 लाख प्रति हेक्टेयर है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण रविंद्र प्रसाद ने बताया कि आवेदक के पास कम से कम 0.20 हेक्टेयर अधिकतम 2.00 हेक्टेयर तक विवाद रहित निजी स्वामित्व की भूमि होनी चाहिए।

## तेजी से बढ़ रहे साइबर क्राइमः प्रो. नागभूषण

- ट्रिपलआईटी में साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**भारतीय** सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद में साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक प्रो पी नागभूषण ने कहा कि आज डिजीटल युग है। जिसमें साइबर क्राइम बहुत तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने सामाजिक नेटवर्क स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुकता लाने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि ई मेल द्वारा भेजे गये प्रपत्रों की गोपनीयता कैसे सुनिश्चित की जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से साइबर हैंकर किसी के निजी डेटा को चुरा लेते हैं। उन्होंने बताया कि जितनी तेजी से इंटरनेट बैंकिंग व अन्य सुविधाओं का विस्तार हो रही है उतनी ही तेजी से साइबर क्राइम हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि साइबर क्राइम को कैसे रोका जाये इस दिशा में बहुत शोध करने की आवश्यकता है। प्रोण् शेखर वर्मा ने साइबर हैकिंग पर विस्तृत चर्चा करते हुए हैकिंग के विविध माध्यम बताएं। उन्होंने डेबिट कार्ड एटीएम कार्ड क्रेडिट कार्ड आनलाइन ट्रांजक्शन वीआईएसए एमएसडी मोबाइल पेमेन्ट सिस्टम ईएमवी ट्रांजक्शन प्रणाली मालवेयर साफ्टवेयर यूराल स्कैम डीएनएस के व्यवहार प्रणाली पर विस्तृत प्रकाश डाला। डा विजय चौरसिया ने साइबर सिक्योरिटी की आवश्यकता विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि जब तक इस विषय में लोगों का जागरुकता नहीं फैलायी जायेगी तब तक साइबर क्राइम से सुरक्षा निजात नहीं मिल सकता है। कार्यक्रम समन्वयक डा एस वेंकटेशन ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शिवम मिश्रा द्वितीय स्थान शिवम वैशम्पायन तथा तृतीय स्थान पर कौस्ताभ गंगवार को प्रमाण पत्र प्रदान किया। जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में अगथमुडी राहुल नायडू सौम्यदीप बसु अभिनव बत्ता क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर विजयी घोषित किये गये।

## वेब सिरीज पर बैन लगाने की पूर्व एमएलसी ने लगाई गुहार

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**भारतीय** जनता पार्टी की राष्ट्रीय नेता एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य डा. वीणा पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर छोटे पर्दे पर प्रसारित की जा रही वेब सिरीज पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। पूर्व एमएलसी वीर्णा पाण्डेय ने कहा है कि मिर्जापुर का अपना स्मृद्ध धार्मिक इतिहास है लेकिन मिर्जापुर वेबसिरीज के जरिए इस क्षेत्र के धार्मिक शांतिपूर्ण क्षेत्र की छवि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बीएचयू के प्रो. आद्या प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि वेबसिरीज में जिस प्रकार मिर्जापुर की क्षवि को बताया जा रहा है वह सच्चाई से कोसों दूर है। मिर्जापुर अध्यात्म की नगरी है। वहाँ विंध्याचल काली खोह, अष्टभुजा, अहरौरा स्थित भंडारी देवी जैसे प्रमुख धार्मिक स्थान है जहां वर्ष में करोड़ों लोग दर्शन करने आते हैं। विंढम, अहरौरा स्थित लखनिया दरी जैसे आकर्षक पर्यटन स्थल है। चौधरी बद्रीनारायण उपाध्याय 'प्रेमघन' जैसे प्रसिद्ध साहित्यकारों की जन्म कार्यस्थली है मिर्जापुर लेकिन इस छवि को खराब किया जा रहा है।

## उपचुनाव से पहले पूर्व सांसद अन्नू टण्डन ने छोड़ा हाथ का साथ

- समर्थन में कांग्रेस महासचिव अंकित परिहार ने भी छोड़ी पार्टी

**उन्नाव।** जिले की पूर्व सांसद अन्नू टण्डन ने गुरूवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। अपना इस्तीफे की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपने शुभचिंतको को दी। इस्तीफे में उन्होंने प्रदेश नेतृत्व से कोई तालमेल न होने और सहयोग न मिलने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर ही सवाल खड़े कर दिये हैं। उधर, पूर्व सांसद के साथ कांग्रेस महासचिव अंकित परिहार ने भी समर्थन में पार्टी छोड़ दी है। पूर्व सांसद ने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा से बातचीत से भी आगे का कोई रास्ता नहीं निकल सका। कहा कि उन्हें इतना दुख 2019 का लोकसभा चुनाव हारने का नहीं हुआ जितना की पार्टी संगठन की तबाही और बिखराव देखकर हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का नेतृत्व सोशल मीडिया मैनजमेंट व व्यक्तिगत ब्रांडिंग में लीन है। पार्टी और वोटरों के बिखर जाने से उनको कोई मतलब नहीं है। कहा कि नेक इरादों के बावजूद मेरे कुछ सहयोगी और बेहद ही अस्तित्वहीन व्यक्ति मेरा झूठा प्रचार कर रहे हैं। तकलीफतब होती है, जब शिकायत के बाद भी पार्टी का नेतृत्व कोई प्रभावी कदम नहीं उठाता है। मेरी बात पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी से भी हुई कोई भी विकल्प या आगे का रास्ता नहीं निकल पाया।

### आगे की राजनीत को लेकर कहा अभी कुछ तय नहीं



पूर्व सांसद अन्नू टण्डन ने कांग्रेस का साथ छोडने की घोषणा के कुछ समय बाद ही एक वीडियो संदेश जारी कर बताया आगे की राजनीति कहां से करेंगे इसे लेकर कुछ तंय नहीं किया है। जल्द अपने लोगों के साथ बैठकर इस विषय में निर्णय लिया जायेगा। जिसकी जानकारी सभी के साथ शेयर की जायेगी।

## भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को भाजपा ने बनाए रखा जीवंतः केशरवानी

- भाजपा राजरूपपुर मंडल एवं प्रीतमनगर मंडल द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**भारतीय** जनता पार्टी राजरूपपुर मंडल एवं प्रीतम नगर मंडल के द्वारा आयोजित महा प्रशिक्षण कार्यशाला के शुभारंभ के अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश के आजादी के बाद देशवासियों को यह विश्वास था कि कांग्रेस की शासन देश के अंदर सुशासन स्थापित करेगी परंतु जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने सुशासन की स्थान पर भ्रष्टाचार की स्थापना की कहने को तो कांग्रेस का शासन था लेकिन वास्तव में जवाहरलाल नेहरू का परिवार का शासन चल रहा था और इनकी सत्ता ने अंग्रेजी सरकार के जैसे ही तुष्टीकरण की राजनीति करते हुए सनातन भारतीय संस्कृति को एवं पुरुष की मान्यताएं एवं परंपराओं को कुचलने का काम किया लेकिन भारतीय जन संघ एवं भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष की भूमिका निभाते हुए भारतीय संस्कृति को एवं उसकी परंपरा एवं मान्यताओं को जीवंत बनाए रखने के लिए इनकी कुशासन का विरोध किया और इनसे लड़ती रही वास्तव में 2014 में प्रचंड बहुमत के साथ इस देश में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो नरेंद्र मोदी के रूप में आज देशवासियों को छत्रपति शिवाजी महाराज एवं राणा प्रताप के जैसा नेतृत्व मिला। जिनके अदम्य साहस और निर्णय के कारण देश आज हर क्षेत्र में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है और हम सभी कार्यकर्ताओं को गर्व महसूस होता है कि विश्व के सबसे लोकप्रिय क्षमता वान एवं गौरवशाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व के दिशा निर्देश पर कार्य करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशिकी सिंह ने एवं संजय कुशवाहा ने किया। प्रशिक्षण शिविर में कमलेश वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी राजू पाठक चंद्र भूषण पटेल अर्चना शुक्ला आभा श्रीवास्तव आभा सिंह आस्था मिश्रा दुर्गेश नंदिनी जगमोहन आर्या हिमांशु पांडे आदि मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बुलानाला क्षेत्र में स्मार्ट मोबाईल की दुकान में लाखों की चोरी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**कोतवाली** थाना क्षेत्र के अग्रसेन पी जी कालेज के नीचे एक मोबाईल की दुकान में बुधवार की देर चोरों में ने दुकान में सेंध मारकर लाखों रूपये के स्मार्ट फोन गायब कर दिये। इस घटना से आसपास के दुकानदारों में हड़कम्प मच गई। जबकि कोतवाली थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पाण्डेय ने बताया कि मोबाईल की दुकान से हुई स्मार्ट फोन चोरी यहॉ का कर्मचारी ही किया है जो तीन दिन से लापता है। मोबाइल के दुकानदार ने थाने पर चोरी की तहरीर अभी तक नहीं दी है। पुलिस चोरी हुई स्मार्ट मोबाईल की खोजबीन में जुटी है। जबकि दुकानदार ने बताया कि थ्री जी, फोर जी स्मार्ट मोबाईल ज्यादा महंगे चोरी हुई है। पुलिस चोरी करने वाले कर्मचारी को पकड़नें में जुटी है।

## कप्तान कार्यालय में बिना मास्क लगाये पहुंचने वाले पुलिसकर्मियों का हुआ चालान

- एसएसपी के फरमान से पुलिस विभाग में मचा हड़कम्प

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**कोरोनाकाल** में कप्तान ने अपने मातहतों को निर्देश दिया है कि बिना मास्क व हेलमेट के एसएसपी सहित सभी पुलिस कार्यालय में न आवें नही तो उनका भी चालान होगा। इसी आदेश के तहत बुधवार को सैकड़ों पुलिस कर्मियों का बिना मास्क लगाये गेट के अंदर प्रवेश करने पर चालान किया गया। वहीं चालान काट रहे एसआई व यातायात के पुलिस द्वारा उनको तत्काल मास्क भेंट किया जा रहा था। इस कार्यवाही से कप्तान सहित सभी पुलिस कार्यालय में हड़कम्प मच गया। अभी तक पुलिस वाले अपनी खाकी का हनक दिखाकर आम जनता को हर चौराहे पर वाहन रोककर न लगाने वाले नागरिक को मास्क एवं हेलमेट न रहने पर उनको मोबाइल से फोटो खींचकर यातायात कार्यालय भेज दे रहे थे। लेकिन कप्तान अमित पाठक की इस कार्यवाही से पुलिस वालों की हेकड़ई खत्म हो गई। क्योंकि अब उनको भी आम जनता की तरह मास्क व हेलमेट लगाकर चलना व कार्यालय में मास्क लगाकर पहुँचना अनिवार्य हो गया है। एसएसपी कार्यालय के गेट पर ही पुलिस कर्मी को बिना मास्क का चालान काटने के बाद उनसे हस्ताक्षर कराकर एक कापी उपलब्ध कराया जा रहा था जिससे उनको मास्क न लगाने का परिणाम क्या होता है? यह पता चलेगा। पुलिस कर्मी के भी ऊपर कार्यवाही होगी वो आज से जान गये। एसएसपी अमित पाठक ने बताया कि गुरूवार को सायं काल तक रिपोर्ट मिल जायेगी कि कितने पुलिस कर्मी बिना मास्क के आये थे जिनका चालान काटा गया।

## डीएवी एवं 39 जीटीसी ने रोपे 101 पौधे लिया पर्यावरण की रक्षा का संकल्प

- धर्माथ मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी ने पौधरोपण कर दिया जल

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**डीएवी** पीजी कॉलेज, वाराणसी एवं 39 जीटीसी (टीए) की 137 कम्पोजिट इको टाक्स फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति, धर्मार्थ एवं प्रोटोकॉल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. नीलकण्ठ तिवारी, प्रख्यात संगीतकार पद्म भूषण पं. साजन मिश्र, प्राचार्य डॉ. सत्यदेव सिंह, 39 जीटीसी के लेफ्टिनेन्ट कर्नल विनीत सेठ, मंत्री/प्रबन्धक अजीत कुमार सिंह यादव आदि विशिष्ट जनों द्वारा डीएवी इण्टर कॉलेज एवं पीजी कॉलेज के खेल मैदान में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया, साथ ही सभी ने पर्यावरण की रक्षा का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर उपस्थित एनसीसी कैडटों, स्काउट-गाइड, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं गोरखा रेजिमेन्ट को जवानों को सम्बोधित करते हुए माननीय राज्यमंत्री डॉ. नीलकण्ठ तिवारी ने कहा कि वातावरण को स्वच्छ और सुन्दर बनायें रखना हमारी जिम्मेदारी है, इसके लिए पेड़ लगाना सबसे उत्तम उपाय है। उन्होंने यह भी कहा कि माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री सदैव युवाओं को उनके जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य लगाने की प्रेरणा देते है। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश सरकार के प्रयास से पिछले दो वर्ष में पूरे प्रदेश में 25 करोड़ से ज्यादा पौधे लगाये जा चुके है। प्राचार्य डॉ. सत्यदेव सिंह ने कहा कि शहर के बीचोबीच स्थित होने की वजह से हमारे महाविद्यालय में पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से काफी संख्या में पेड़ लगाये जाते रहे है और आज वह पेड़ संरक्षित और सुरक्षित भी है, जिससे सभी को स्वच्छ हवा का लाभ मिलता है। हमारी कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा पौधें रोंपे जाये और उससे भी ज्यादा उन्हें संरक्षित रखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में आम, अशोक, शीशम, गुलमोहर, चिक्रन आदि के कुल 101 पौधे रोपित किये गये। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. पी.के.सेन, हरिबंश सिंह, डॉ. विक्रमादित्य राय, नरेन्द्र कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जन आस्था की पुरातन सामाजिक परंपराओं को रौंदा जा रहा हैः राय

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भाजपा धर्म** एवं संस्कृति की बात केवल राजनीतिक लाभ के लिए करती है। फ्लत: भाजपा शासन राजनैतिक प्रक्रिया में अनियत्रित भीड़ वाली बड़ी-बड़ी सभाओं की अनुमति तो देता है, पर गहरी धार्मिक जन आस्था की पुरातन सामाजिक परंपराओं को रौंदा जा रहा है। रामनगर की ऐतिहासिक रामलीला के पांच वर्षो से भी ज्यादा पुराने नाटी इमली के भरत मिलाप के ऐतिहासिक सांस्कृतिक आयोजन को भी अनुमति नहीं देने के सरकार के जन विरोधी फैसले का हम कड़ा आलोनात्मक प्रतिवाद करते हैं। संविधान एवं लोकतंत्र से मिले स्वतंत्रता का अधिकार केवल राजनीति के दास नहीं, उन पर समाज का भी हक है। उक्त बातें गुरूवार को पूर्व मंत्री अजय राय ने अपने निवास पर पत्रकार वार्ता के बतायी। पूर्व मंत्री ने कहा कि सोशल डिस्टेन्स के साथ प्रचार और वर्चुअल प्रचार माध्यमों से अपनी बातें जनता तक के वैकल्पिक माध्यम संभव है, लेकिन फिर भी न दकेवले प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आदि बड़ी जनसभाएं कर रहे हैं, बल्कि चुनाव प्रक्रिया में उसकी बेलगाम बाढ़ आई है। दूसरी ओर जनता की आस्था एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी ऐतिहासिक समाग परंपराओं को महामारी के नाम पर ध्वस्त कर जन भावना एवंज न आस्था को रौंदा जा रहा है। क्या राजनीतिक भीड़ महामारी प्रूफ और सांस्कृतिक समागमों की भीड़ महामारी-फ्रेंडली होती हो? सरकार की ऐसी दोहरी सोच की रीति नीति प्रमाण है कि भाजपा शासन जन आस्था को तुच्छ मानता है।

## बीजेपी सरकार अपराध रोकने में पूरी तरह से फेलः राजीव शुक्ला

- युवा बेहाल, किसान परेशान, अपराध का प्रदेश बना यूपी
- बांगरमऊ का चुनाव परिणाम पूरे देश मे माहौल बनाएगा



**उन्नाव।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला बांगरमऊ उपचुनाव की प्रत्याशी आरती वाजपेयी के समर्थन में उन्नाव पहुंचे। बांगरमऊ जाने से पहले उन्होंने शहर के कब्बाखेड़ा स्थित आलमबाग रिसार्ट में पत्रकारों से बात की और प्रदेश सरकार को कठघरे में खडा किया। उन्होंने कहा प्रदेश की सरकार ने युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, मगर न नौकरी दे पाये और न ही सुरक्षा। प्रदेश में हत्या, दुष्कर्म थमने का नाम नही ले रहा है। सरकार अपराध रोकने में पूरी तरह से फेल है। युवा बेहाल है किसान परेशान है। उन्होनें बांगरमऊ उपचुनाव में कांग्रेस की प्रत्याशी आरती बाजपेई के लिए वोट मांगा और सवाल उठाते हुवे कहा आप सभी को पता ही होगा यहां उपचुनाव क्यों हो रहा है। हमने तो महिलाओं को सम्मान देने के इरादे से ही महिला को प्रत्याशी बनाया है। प्रदेश के हालातों को लेकर कहा यह अपराध प्रदेश बन गया है। नौबत यह है रोज एक नया अपराध घटित होता है। बहु बेटियां असुरक्षित है। आरोप लगाते हुए कहा जहां जिन मामलों में जिम्मेदारी लेनी होती है, वहां न पीएम बोलते है और न ही सीएम। फिर चुनाव के वक्त नए वादों के साथ आ जाते है जो पूरे नहीं होते है। फिर कहा इसी के चलते आज बिहार चुनाव में तेजस्वी और महागठबंधन की आंधी आई हुई है। उन्होंने कहा बांगरमऊ के उपचुनाव से भी एक संदेश निकलेगा यहां के चुनाव का फैसला जनता का निर्णय पूरे देश मे माहौल बनाएगा। यहां का फैसला बतायेगा जनता क्या सोंच रही है। लोगों की विचारधारा क्या है। विचारधारा बदल रही है या नहीं। आरोप लगाया कि सूचना मिली है उपचुनाव यूपी पुलिस की देखरेख में हो रहा है। जिसे लेकर विपक्ष का मानना यूपी पुलिस के चलते निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं होंगे और धांधली की संभावनाएं रहेंगी। कहा चुनाव आयोग से मांग करते है, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की निगरानी में चुनाव कराए जाय। मायावती को भाजपा की बी टीम बताते हुए कहा पहले से ही शक रहता था, लेकिन बहन मायावती द्वारा भाजपा को दिया गया समर्थन और भाजपा द्वारा राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी न उतारना एक दूसरे के प्रति मिलीभगत दर्शाता है। जिले की पूर्व सांसद अन्नू टंडन के उपचुनाव के समय पार्टी छोड़ने को लेकर किये गए सवाल पर श्री शुक्ल ने कहा इस्तीफे से बांगरमऊ चुनाव पर कोई असर नही पडेगा। बल्कि प्रत्याशी और मजबूती से चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के केन्द्रीय नेतृत्व ने अन्नू टंडन को बहुत सम्मान दिया है। मगर चुनाव से कुछ पहले पार्टी छोड़ना उनका व्यक्तिगत निर्णय हो सकता है। लेकिन उन्हें सोंचना जरूर चाहिए कि कितना उचित निर्णय लिया है। प्रेस वार्ता के समय पार्टी के जिला और शहर अध्यक्ष उपस्थित थे।

# चुनाव का एजेंडा राजद-कांग्रेस तय कर रहे हैं महागठबंधन की जीत तयः सचिन पायलट

**भाषा।** पटना

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सचिन पायलट ने बृहस्पतिवार को कहा कि बिहार में चुनाव का एजेंडा राजद-कांग्रेस तय कर रहे हैं और महागठबंधन के उठाए विषयों पर ही राजग प्रतिक्रया व्यक्त कर रहा है जिनमें नौकरी का मुद्दा शामिल है। सचिन ने संवाददाताओं से कहा, बिहार में चुनाव का एजेंडा राजद-कांग्रेस तय कर रहे है और हमारी बातों का मजबूरी में भाजपा, जदयू को जवाब देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राजद ने जब कहा कि हम 10 लाख रोजगार देंगे तब तीन दिनों तक खूब मजाक उड़ाया गया और चौथे दिन उन्होंने (भाजपा) कहा कि हम 19 लाख रोजगार देंगे।

नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, अपनों का साथ छोड़ देना नीतीश कुमार के लिए कोई नई बात नहीं है। अपनी कुर्सी के लिए किसी भी हद तक जाने वाला व्यक्ति और दल बिहार का भला नहीं कर सकता है। उन्होंने दावा किया कि बिहार चुनाव में महागठबंधन की जीत ऐतिहासिक होगी और यह चुनाव परिणाम पूरे देश की राजनीति को प्रभावित करेगा। पायलट ने कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल, असम सहित अन्य क्षेत्रों में पांव पसारने का मंसूबा रखती है बिहार के लोग राज्य में उसे मजबूती के साथ रोक देंगे।



भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को बांटकर, भ्रमित करके, आक्रामक राजनीति और भय दिखाकर वोट तो लिए जा सकते हैं लेकिन सत्ता में आने के बाद जनता की कसौटी पर खरा नहीं उतरा जा सकता है। कांग्रेस नेता ने कहा, बिहार में सिद्धांतों से समझौता करने वाली राजनीति ज्यादा नहीं चलेगी। सुशासन का दावा करने वाली सरकार किसी भी सवाल का जवाब नहीं दे पा रही है और न ही कोई पारदर्शिता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कोरोना वायरस के कारण लॉकडाउन के दौरान राजस्थान के कोटा में पढ़ने वाले बिहार के छात्रों की वापसी का प्रबंध करने के लिए राजस्थान की सरकार तैयार थी लेकिन बिहार सरकार ने ध्यान नहीं दिया। पायलट ने आरोप लगाया कि कोरोना वायरस का संक्रमण पूरे देश में था लेकिन सबसे खराब प्रबंधन बिहार में दिख रहा है।

मुंगेर कांड पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजग सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। सचिन पायलट ने कहा कि महागठबंधन की सभाओं में उत्साह दिख रहा है, जिससे बदलाव निश्चित है और दस नवंबर को राजग और नीतीश कुमार की विदाई भी तय है। लोजपा के राजग से अलग होने के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राजग की आपस की खिचड़ी को कोई समझे या नहीं लेकिन प्रदेश की जनता इसे समझती है और वह अपना वोट बर्बाद नहीं करेगी। यहां डबल इंजन की सरकार की बात की जाती है लेकिन पिछले पांच साल में कौन से क्रांतिकारी काम किए गए, यह बताएं।



हैदराबाद में तेलंगाना राज्य के विधान परिषद सदस्य गुथा सुकेंदर रेड्डी ने निजामाबाद एमएलसी के रूप में शपथ लेती कलवकुंतला कविता का स्वागत किया

# आईपीएस अधिकारी ने उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए इस्तीफा दिया

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कुछ व्यक्तियों पर उन्हें अप्रत्यक्ष रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए सेवा से इस्तीफा दे दिया है। पुलिस के शीर्ष सूत्रों के अनुसार, वन प्रकोष्ठ में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पी रविन्द्रनाथ ने पुलिस महानिदेशक प्रवीण सूद के माध्यम से मुख्य सचिव टी एम विजय भास्कर को 28 अक्टूबर को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

सूत्रों ने बताया कि हाल में स्थानांतरण और तैनाती सूची आदेश में दो शीर्ष आईपीएस अधिकारियों अमर कुमार पांडे और टी सुनील कुमार को पुलिस महानिदेशक की रैंक पर पदोन्नत किया गया था। हालांकि रविन्द्रनाथ का नाम इसमें शामिल नहीं था। अपने इस्तीफे पत्र में रविन्द्रनाथ ने कहा कि उन्होंने कर्नाटक के लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा की लेकिन पिछले चार वर्षों में उन्हें कुछ व्यक्तियों द्वारा पेश की जा रही समस्याओं का सामना करना पड़ा है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण और उच्च न्यायालय का रूख किया और राहत प्राप्त की। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने भी 15 अक्टूबर को उनके सेवा मामले के संबंध में उन्हें न्याय दिया। रविन्द्रनाथ ने कहा, लेकिन कुछ लोगों ने मेरे लिए न्याय को रोका। इसलिए, अप्रत्यक्ष उत्पीड़न की पीड़ा से गुजरते हुए, मैं शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए अपना इस्तीफा सौंपता हूं। उन्होंने मुख्य सचिव से उनका इस्तीफा स्वीकार करने का आग्रह किया। आंध्र प्रदेश से 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी छह साल पहले उस समय विवादों में आ गए थे जब उन पर बेंगलुरु के एक कैफे में एक महिला की तस्वीरें कथित तौर पर खींचने का आरोप लगा था।

# मुठभेड़ में महिला नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक महिला नक्सली मारी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चिंतागुफा थाना क्षेत्र में बुधवार को दुलेड़ व मिनपा गांव के मध्य जंगल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को ढेर कर दिया। चिंतागुफा थाना क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, डीआरजी, एसटीएफ और जिला बल के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। दल अरबराजमेट्टा, कोयामेट्टा, पातादुलेड़ और ताड़मेटला गांव के जंगल की ओर रवाना हुआ था। सुबह लगभग 10 बजे दुलेड़ व मिनपा गांव के मध्य जंगल में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए और बाद में जब सुरक्षा बलों ने घटनास्थल की तलाशी ली तब वहां से एक महिला माओवादी का शव, एक 303 रायफल, भारी मात्रा में विस्फोटक, नक्सल सामग्री तथा दैनिक उपयोगी सामान बरामद किया गया।

# उप चुनावः लक्ष्मीबाई की वेश-भूषा वाली लड़कियो की सिंधिया पर अनर्गल टिप्पणियां, मामला दर्ज

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** विधानसभा उपचुनावों की बेला में सोशल मीडिया पर एक विवादास्पद वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कांग्रेस के एक पूर्व नेता पर प्राथमिकी दर्ज की है। इस वीडियो में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की वेश-भूषा वाली पांच नाबालिग लड़कियां भाजपा के राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके परिवार के खिलाफ कथित तौर पर अनर्गल टिप्पणियां करती सुनाई पड़ रही हैं। चंद्रावतीगंज पुलिस थाने के प्रभारी मोहन जाट ने बताया कि जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र के एक निर्वाचन अधिकारी की रिपोर्ट पर प्रकाश महावर और दो-तीन अज्ञात महिलाओं के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। यह मामला भादंवि की धारा 188 (किसी सरकारी अधिकारी का आदेश नहीं मानना) और धारा 171-एफ (चुनावों पर अनुचित प्रभाव डालने के लिए किसी व्यक्ति का भेष बनाना) के तहत बुधवार शाम दर्ज किया गया।

मामले से जुड़ा विवादास्पद घटनाक्रम तब सामने आया, जब सिंधिया इंदौर शहर से करीब 50 किलोमीटर दूर चंद्रावतीगंज कस्बे में मंगलवार को भाजपा की एक चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। यह इलाका सांवेर विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा है जहां तीन नवम्बर को उपचुनाव के तहत मतदान होना है। थाना प्रभारी ने बताया कि महावर पर आरोप है कि वह लक्ष्मीबाई की वेश-भूषा वाली पांच नाबालिग लड़कियों को सिंधिया की सभा के दौरान चंद्रावतीगंज लेकर आए। इसके बाद एक अज्ञात प्रश्नकर्ता ने कस्बे की आम सड़क पर इन लड़कियों से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में झांसी की रानी की शहादत के बारे में कैमरे पर सवाल पूछे।

इन सवालों के जवाब में लड़कियों ने पूर्व ग्वालियर राजघराने के वंशज ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके परिवार पर कथित रूप से अनर्गल टिप्पणियां कीं। इनसे सवाल-जवाब का वीडियो सोशल मीडिया पर भी डाला गया। वायरल वीडियो में लक्ष्मीबाई की वेश-भूषा वाली पांचों नाबालिग लड़कियां एक अज्ञात प्रश्नकर्ता को उत्तर देती नजर आ रही हैं। इस दौरान लड़कियों ने अपने हाथों में खिलौना तलवारें और ढालें भी थाम रखी थीं।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता उमेश शर्मा ने विवादास्पद वीडियो के पीछे कांग्रेस का हाथ होने का आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने इस ऑडियो-विजुअल सामग्री के आधार पर निर्वाचन अधिकारी को उप चुनावों की आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की थी। उधर, महावर ने दावा किया कि वह मार्च के आखिर में राज्य में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के सत्ता से हटने के बाद कांग्रेस को अलविदा कह चुके हैं। मैं राजनीति छोड़कर इन दिनों यूट्यूब पर एक समाचार चैनल चला रहा हूं। मैं लक्ष्मीबाई की वेश-भूषा वाली लड़कियों को सिंधिया की सभा के दौरान चंद्रावतीगंज लेकर नहीं गया था।

## क्विक न्यूज

### ईडी ने बेंगलुरु मादक पदार्थ मामले में बिनीश कोडिएरी को गिरफ्तार किया

**बेंगलुरु।** केरल के माकपा सचिव कोडिएरी बालाकृष्णन के पुत्र बिनीश कोडिएरी को बेंगलुरु मादक पदार्थ मामले में एक आरोपी के साथ उनके जुड़ाव के आरोपों के बारे में पूछताछ के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया। ईडी के एक सूत्र ने बताया कि एजेंसी के क्षेत्रीय कार्यालय में उनसे तीन घंटे पूछताछ की गई। इसके बाद उन्हें आगे की कार्वाई के लिए अदालत ले लाया गया। अधिकारी बिनीश के लिए अदालत से चार दिन की हिरासत प्रदान करने का अनुरोध करेंगे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियो के सामने बिनीश तीसरी बार पेश हुए थे। पिछली बार ईडी के अधिकारियो ने मादक पदार्थ मामले में एक आरोपी मोहम्मद अनूप के साथ वित्तीय लेन-देन को लेकर करीब छह घंटे तक बिनीश से पूछताछ की थी। केरल में सोना तस्करी मामले में एक मुख्य आरोपी और बेंगलुरु मे मादक पदार्थ को जब्त करने मामले के तार जुड़े होने के आरोपों के बाद केंद्रीय एजेंसी ने यह कदम उठाया। इससे पहले इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की युवा शाखा ने आरोप लगाया था कि बिनीश कोडिएरी का मादक द्रव्य गिरोह के कुछ सदस्यों के साथ करीबी जुड़ाव था। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने हाल में बेंगलुरु में मादक पदार्थ के एक गिरोह का पर्दाफाश किया था। बिनीश ने कहा है कि वह अनूप और उसके परिवार को जानते थे और उन लोगों ने कुछ साल पहले बेंगलुरु में एक रेस्तरां शुरु करने के लिए उनसे (बिनीश) पैसे लिए थे।

### बसपा सांसद ने जामिया के शताब्दी वर्ष पर डाक टिकट जारी करने का मोदी से किया आग्रह

**नई दिल्ली।** बसपा के सांसद कुंवर दानिश अली ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया जामिया मिलिया इस्लामिया की स्थापना के 100 साल पूरा होने की पृष्ठभूमि में मनाए जा रहे इस केंद्रीय विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह के मौके पर डाक टिकट जारी किया जाए। उत्तर प्रदेश के अमरोहा से लोकसभा सांसद ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा, जामिया मिलिया इस्लामिया इस वर्ष अपने शताब्दी वर्ष का जश्न मना रहा है, जो हम सभी के लिए गर्व और ऐतिहासिक क्षण है। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से अस्तित्व में आया जामिया मिलिया इस्लामिया हमारे स्वतंत्रता संग्राम के नेताओं द्वारा परिकल्पित भारत के विचार का एक प्रतीक है। उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के मौके पर शताब्दी वर्ष समारोह आज से शुरू हो रहा है और दुनिया भर में साल भर चलेगा। विशेष रूप से जामिया से संबंधित लोगों और आम तौर पर देशवासियों मे इसको लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। उम्मीद कर रहे है कि केंद्र सरकार भी समारोहों में भाग लेगी। बसपा सांसद अली ने आग्रह किया, जामिया मिलिया इस्लामिया के 100वें वर्ष का जश्न मनाने के लिए स्मारक डाक टिकट जारी करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए संचार मंत्रालय को निर्देश दे।

### महाराष्ट्र सरकार का जीआरपी को निर्देशः मास्क नहीं पहनने वाले यात्रियों पर जुर्माना करें

**मुंबई।** कोविड-19 के प्रसार को रोकने के प्रयास के तहत महाराष्ट्र सरकार ने सरकारी रेल पुलिस (जीआरपी) को लोकल ट्रेन मे और स्टेशन पर बिना मास्क लगाए, चलने वाले लोगो पर जुर्माना करने का निर्देश दिया है। यह जानकारी बृहस्पतिवार को एक अधिकारी ने दी। जीआरपी के आयुक्त रवींद्र शेनगांवकर को लिखे पत्र में राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के निदेशक अभय यावलकर ने कहा है कि ग्रेटर मुंबई नगर निगम (एमसीजीएम) द्वारा नौ सितंबर या इसके बाद नगर निकाय की तरफ से जारी परिपत्र के मुताबिक जुर्माना किया जाए। एमसीजीएम वर्तमान मे सार्वजनिक स्थानो पर बिना मास्क लगाए लोगों पर 200 रुपए का जुर्माना करता है। यावलकर ने पत्र मे कहा, राज्य सरकार सरकारी रेल पुलिस को अधिकार देती है कि वह लोकल ट्रेनो या स्टेशन परिसर के अंदर बिना मास्क पहने लोगों पर जुर्माना कर सकती है। पत्र मे कहा गया है कि कोविड-19 मामलो के प्रसार को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि यात्री सभी संबंधित प्रोटोकॉल का पालन करें। शेनगांवकर ने कहा कि बुधवार की शाम को उन्हे पत्र मिला और एमसीजीएम के साथ मिलकर हम निर्देश को लागू करेंगे।

### उधार की रकम को लेकर हुए विवाद में व्यक्ति की हत्या

**कठुआ/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले मे बृहस्पतिवार को उधार की रकम वापस मांगने को लेकर दो दोस्तों के बीच हुए विवाद में गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संजीव शर्मा उधार दी गई रकम वापस मांगने अपने दोस्त बानू के घर गए थे और वहां दोनो के बीच विवाद शुरू हो गया। अधिकारियो ने बताया कि आरोपी बानू ने शर्मा पर कथित तौर पर गोली चला दी। घायल शर्मा को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। उन्होने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर उसके घर से घटना मे इस्तेमाल की गई राइफल जब्त की गई है।



गांधीनगर में गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी पूर्व मुख्यमंत्री केशूभाई पटेल के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि देते हुए।

# नए भूमि कानून का विरोध करने वाले पीडीपी नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के लिए केंद्र द्वारा अधिसूचित नए भूमि कानूनों का विरोध कर रहे पीडीपी के कई नेताओं को पुलिस ने बृहस्पतिवार को हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने जिन नेताओं को हिरासत में लिया है उनमें पीडीपी नेता खुर्शीद आलम, पार्टी प्रवक्ता सुहैल बुखारी और युवा शाखा के अध्यक्ष वाहिद पार्रा शामिल हैं। ए नेता पार्टी के श्रीनगर कार्यालय से निकलकर शेर ए कश्मीर निगम पार्क में जब पहुंचे तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

पार्टी के नेता केंद्र सरकार द्वारा संघ शासित प्रदेश के लिए भूमि कानूनों में किए गए संशोधन के विरोध में रैली निकालना चाहते थे। कानून के तहत देश के अन्य हिस्से के लोग क्षेत्र में जमीन खरीद सकते हैं। कश्मीर के मुख्य धारा के दलों ने संशोधनों का विरोध किया है और इसे जम्मू- कश्मीर को बेचने के समान बताया है।

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने पार्टी कार्यालय पहुंचने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें घर लौटने के लिए कहा। अपने गुपकर आवास पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए महबूबा ने कहा कि पार्टी के नेता नए भूमि कानूनों का विरोध कर रहे हैं लेकिन किसी को भी कश्मीर में बोलने की अनुमति नहीं है।

उन्होंने कहा, हमारा विरोध जम्मू-कश्मीर के संसाधनों को लूटने के खिलाफ है...लेकिन यहां किसी को भी बोलने की अनुमति नहीं है। इससे पहले पीडीपी नेता ने ट्वीट किया, पीडीपी के पार्रा वाहिद, खुर्शीद आलम, रऊफ भट, मोहसिन कयूम को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हम सामूहिक रूप से अपनी आवाज उठाते रहेंगे और जनसांख्यिकीय स्थिति बदलने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# सोना तस्करीः शिवशंकर की गिरफ्तारी के बाद केरल में विपक्ष के निशाने पर वाम सरकार

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**प्रवर्तन** निदेशालय द्वारा निलंबित आईएएस अधिकारी एम शिवशंकर की गिरफ्तारी के बाद केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार और माकपा विपक्ष के निशाने पर आ गई हैं। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त पर हुआ है जब राज्य महत्वपूर्ण स्थानीय निकाय और विधानसभा चुनाव के लिए तैयार हो रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के काफी विश्वस्त और मुख्यमंत्री कार्यालय में एक समय सबसे प्रभावशाली अधिकारी रहे शिवशंकर से जुड़े घटनाक्रम के बाद वाम दल और उसके नेता मामले को आसानी से रफा -दफा नहीं कर पाएंगे। वियजन के पूर्व प्रधान सचिव शिवशंकर को प्रवर्तन निदेशालय ने सोना तस्करी मामले में बुधवार को

**● मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के त्यागपत्र की हो रही है लगातार मांग**

गिरफ्तार किया। शिवशंकर की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी कांग्रेस और भाजपा को विजयन पर निशाना साधने का मौका मिल गया।

शिवशंकर को लेकर विपक्षी दल आरंभ से ही मुख्यमंत्री पर हमलावर हैं। विपक्ष ने कहा है कि देश में शायद पहली बार सेवारत आईएएस अधिकारी को तस्करी जैसे अपराध के मामले में राष्ट्रीय एजेंसी ने गिरफ्तार किया है। शिवशंकर की गिरफ्तारी के बाद भाजपा और कांग्रेस दोनों ने विजयन के इस्तीफे की मांग को तेज कर दिया है। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुल्लापल्ली रामचंद्रन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने शिवशंकर को सारे अधिकार दे रखे थे और उनकी गिरफ्तारी विजयन की गिरफ्तारी के समान है। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि विजयन को राज्य के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। हालांकि, माकपा का कहना है कि शिवशंकर लंबे समय से सरकार का हिस्सा नहीं थे क्योंकि आरोप लगने के तुरंत बाद उन्हें निलंबित कर पद से हटा दिया गया।

संपर्क किए जाने पर माकपा के राज्य सचिव कनम राजेंद्रन ने पीटीआई-भाषा को बताया कि उनकी पार्टी एलडीएफ की अगली बैठक में ताजा घटनाक्रम पर चर्चा करेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा विवाद के बाद आगामी चुनाव में सत्तारूढ़ मोर्चा के सामने बड़ी चुनौतियां होंगी। राज्य में अगले साल विधानसभा का चुनाव होना है।

# 2016 में हुआ था किडनी प्रतिरोपण डॉक्टरों ने राजनीति में प्रवेश नहीं करने की दी सलाह : रजनीकांत

**भाषा।** चेन्नई

**अभिनेता** रजनीकांत ने बृहस्पतिवार को कहा कि किडनी का प्रतिरोपण कराने और कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर डॉक्टरों ने उन्हें राजनीति में प्रवेश नहीं करने की सलाह दी है। रजनीकांत ने कहा कि वह अपने संगठन मंदरम के पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर उपयुक्त समय पर घोषणा करेंगे कि वह राजनीति में प्रवेश करेंगे या नहीं।

रजनीकांत ने अपने ट्विटर हैंडल पर कहा कि सोशल मीडिया पर आए एक बयान को उन्होंने जारी नहीं किया था, जिसमें संकेत दिया गया कि वह अपनी स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए राजनीति में प्रवेश करने पर फिर से विचार कर सकते हैं। हालांकि अभिनेता ने कहा कि उनके स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी और डॉक्टरों द्वारा उनको दी गई सलाह से संबंधित सूचना सही थी। अभिनेता ने कहा, हर कोई जानता है कि यह मेरा बयान नहीं था। हालांकि मेरे स्वास्थ्य की स्थिति और डॉक्टरों द्वारा मुझे दी गई सलाह के बारे में सूचना सही थी।

कथित बयान में कहा गया था वर्ष 2016 में किडनी प्रतिरोपण कराने और कोरोना वायरस महामारी के प्रसार के कारण डॉक्टरों ने रजनीकांत को राजनीति में प्रवेश नहीं करने की सलाह दी है। बयान में कहा गया था कि उन्होंने किडनी से संबंधित दिक्कतों के समाधान के लिए 2011 में सिंगापुर के एक अस्पताल में उपचार कराया था और बाद में मई 2016 में अमेरिका के एक अस्पताल में किडनी प्रतिरोपण कराया। अभिनेता द्वारा मंदरम संगठन की शुरुआत को राजनीति में प्रवेश से पहले की तैयारी के तौर पर देखा गया था।



भोपाल में इकबाल मैदान पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के खिलाफ प्रदर्शन करते मुस्लिम

# जनसंख्या के हिसाब से मिले आरक्षण: नीतीश



पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकि नगर में गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले एक चुनावी सभा के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को माला पहनाकर स्वागत करते समर्थक

भाषा। वाल्मिकीनगर (बिहार)

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोगों को आबादी के हिसाब से आरक्षण मिले, इसमें कोई दो राय नहीं है। नीतीश कुमार ने पश्चिमी चंपारण के वाल्मीकिनगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, हम तो चाहेंगे कि जितनी आबादी है, उसके हिसाब से आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए। इसमें हम लोगों की कहीं से कोई दो राय नहीं है।

उन्होंने कहा कि जहां तक संख्या का सवाल है, जनगणना होगी तब उसके बारे में निर्णय होगा। यह निर्णय हमारे हाथ में नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे वोट की चिंता नहीं रहती है। आपने पहले काम करने का मौका दिया तब काफी काम किया। फिर काम करने का मौका मिला तो फिर आपके बीच आएंगे, आपके साथ बैठेंगे और कोई समस्या शेष रह गई हो तो उसका समाधान करेंगे। तेजस्वी यादव के 10 लाख नौकरी देने के वादे पर तंज करते हुए नीतीश कुमार ने कहा, लोग जो चाहे बोल देते हैं। 10 लाख लोगों को नौकरी देने की बात करते हैं। मैं कहता हूं कि 10 साल में इंटर पास करने वालों की संख्या एक करोड़ हो गई तब एक करोड़ युवाओं को क्यों (नौकरी) नहीं देंगे? उन्होंने सवाल किया, इसके (नौकरी) लिए पैसा क्या आसमान से आएगा? बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उन्हें (राजद) मौका मिला तब काम नहीं किया। उनके 15 साल के दौरान सिर्फ 95 हजार लोगों को नौकरी मिली जबकि हमारे 15 साल में छह लाख लोगों को नौकरी दी गई और काम के अन्य अवसर भी दिए गए।

गौरतलब है कि राजद नेता तेजस्वी यादव अपनी चुनावी सभाओं में 10 लाख नौकरी देने और विकास के मुद्दे को उठाते हैं। उधर, सिकटा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा, कुछ लोग समाज में झगड़ा लगाना चाहते हैं, लेकिन हम हाथ जोड़कर प्रार्थना करते हैं कि आपस में प्रेम से रहें। हम सेवा में लगे रहते हैं, किसी विवाद में नहीं पड़ते। उन्होंने लालू प्रसाद की पार्टी राजद पर परोक्ष निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों परिवार के लिए काम करते हैं, उनके परिवार में बेटा, बेटी, पति और पत्नी हैं, लेकिन मेरे लिए, पूरे बिहार के लोग ही परिवार हैं। उन्होंने कहा कि शराबबंदी लागू करने के कारण कुछ लोग मुझसे दुखी रहते हैं और धंधेबाज लोग इधर उधर करते रहते हैं। राजद के शासनकाल का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले न पढ़ाई की व्यवस्था थी, न इलाज का इंतजाम था और न लोगों के आने जाने की सुविधा थी और शाम के बाद लोगों की घर से निकलने की हिम्मत नहीं होती थी। उन्होंने कहा कि पहले कितनी अपराध की घटनाएं होती थी, कितनी नरसंहार, हत्या की घटनाएं होती थी, डाक्टरों एवं व्यापारियों को भागना पड़ा था। बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा, हमने अपराध की घटनाओं को नियंत्रित करने का काम किया है।

हमने कानून का राज कायम किया। कुमार ने अपनी सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी सरकार आने पर स्कूलों की स्थापना की गई, महिलाओं को पंचायतों एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि हमने न्याय के साथ विकास सुनिश्चित किया और अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े, अतिपिछड़े, महादलितों सभी को आगे बढ़ाने का काम किया जिन्हें पहले कोई पूछता नहीं था। उन्होंने कहा कि हमें आगे काम करने का मौका मिला तो हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचा देंगे। नई टेक्नोलॉजी को गांव-गांव तक पहुंचाएंगे, सभी युवक-युवतियों को इसका प्रशिक्षण दिलवाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हर घर तक बिजली पहुंचा दी है जहां साल 2005 में प्रदेश में बिजली की खपत मात्र 500 मेगावाट थी, वह आज 6000 मेगावाट हो गई है।

# उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के खिलाफ सीबीआई जांच के आदेश पर रोक

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की सीबीआई जांच के उच्च न्यायालय के कठोर आदेश पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी। न्यायालय ने कहा कि यह आदेश मुख्यमंत्री को सुने बगैर ही पारित किया गया और इससे हर कोई चकित रह गया।

दो पत्रकारों ने आरोप लगाया था कि 2016 में झारखंड के गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पद पर एक व्यक्ति की नियुक्ति का समर्थन करने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के रिश्तेदारों के खातों में धन अंतरित किया गया था। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एम आर शाह की पीठ ने कहा कि मुख्यमंत्री को सुने बगैर ही उच्च न्यायालय द्वारा इस तरह का सख्त आदेश देने से सब भौंचक्के रह गए क्योंकि पत्रकारों की याचिका में रावत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध भी नहीं किया गया था। पीठ ने कहा, इस मामले में राज्य पक्षकार नहीं था और अचानक ही प्राथमिकी का आदेश और ऐसे कठोर आदेश से सभी भौंचक्के रह गए। रावत की ओर से अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने कहा कि एक पक्ष, जो मुख्यमंत्री है, को सुने बगैर प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती और इस तरह का आदेश निर्वाचित सरकार को अस्थिर करेगा।

अटार्नी जनरल ने कहा, मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग पहले ही शुरू हो गई है और यह आदेश मुख्यमंत्री को सुने बगैर ही दिया गया है। वेणुगोपाल ने कहा कि उच्च न्यायालय ने सारे मामलों का घालमेल कर दिया है। उन्होंने कहा, जिस व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है उसे, खासकर तब जब वह सार्वजनिक पद पर हो, सुनना जरूरी है। उच्च न्यायालय ने इस तथ्य को दरकिनार करते हुए आदेश दिया कि इस आदेश से निर्वाचित सरकार अस्थिर हो सकती है। अटार्नी जनरल ने कहा, उच्च न्यायालय कानूनी पहलू पर पूरी तरह गलत था जब उसने यह कहा कि वह पक्षकार को सुने बगैर ही



प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दे सकता है। उच्च न्यायालय इस तथ्य से अनभिज्ञ नहीं हो सकता कि इससे सरकार अस्थिर होगी। वेणुगोपाल ने पीठ से कहा, एक निर्वाचित सरकार को इस तरह से अस्थिर नहीं जा सकता। सवाल यह है कि पक्षकार को सुने बगैर ही क्या स्वत: ही इस तरह का आदेश दिया जा सकता है।

दोनों पत्रकारों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि वह स्थगन आदेश का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन रावत के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के समर्थन में पर्याप्त सबूत हैं। शीर्ष अदालत ने रावत के खिलाफ सीबीआई जांच के उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार और दोनों पत्रकार- उमेश शर्मा और शिव प्रसाद सेमवाल को नोटिस जारी किए।

शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के 27 अक्टूबर के फैसले के खिलाफ मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत की अपील पर सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा, नोटिस जारी किया जाए। चार सप्ताह में जवाब दिया जाए। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश के उस अंश पर रोक नहीं लगाई है जिसमे दोनों पत्रकारों के खिलाफ इस साल जुलाई में दर्ज प्राथमिकी निरस्त की गई थी। नैनीताल उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के खिलाफ आरोपों की प्रकृति पर विचार करते हुए सच को सामने लाना उचित होगा। यह राज्य के हित में होगा कि संदेह दूर हो। इसलिए मामले की जांच सीबीआई करे। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में यह टिप्पणी भी की थी कि सरकार की आलोचना कभी भी देशद्रोह नहीं हो सकता और जन सेवकों की आलोचना किए बगैर लोकतंत्र कभी सुदृढ़ नहीं हो सकता। उच्च न्यायालय ने यह फैसला दो पत्रकारों- उमेश शर्मा और शिव प्रसाद सेमवाल-की दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनाया था।

इन याचिकाओं में पत्रकारों ने इस साल जुलाई में अपने खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया था। इन पत्रकारों के खिलाफ यह प्राथमिकी एक फेसबुक पोस्ट के सिलसिले में दर्ज की गई थी जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि 2016 में एक व्यक्ति को झारखंड के गौ सेवा आयोग का अध्यक्ष बनावाने में मदद के लिए झारखंड से अमृतेश चौहान नाम के एक व्यक्ति ने नोटबंदी के बाद हरेंद्र सिंह रावत और उनकी पत्नी सविता रावत के बैंक खाते में पैसे जमा कराए थे जो उस समय झारखंड के भाजपा प्रभारी रहे एवं वर्तमान में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के कथित तौर पर रिश्तेदार हैं।

# आतंकी गतिविधियों के लिए धन मुहैया कराने के मामले में एनजीओ और ट्रस्ट पर एनआईए के छापे : अधिकारी

भाषा। श्रीनगर

> **इनमें से कुछ संगठनों का नेतृत्व हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के जाफर अकबर सहित कट्टरपंथी अलगाववादी कर रहे हैं**

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर के अंदर और बाहर संचालित हो रहे पंजीकृत एवं गैर पंजीकृत गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) की जांच की कड़ी में बृहस्पतिवार को कुछ और संगठनों पर छापे मारे। दरअसल, इन संगठनों का इस्तेमाल कथित तौर पर आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन मुहैया कराने वाले माध्यम के रूप में किया जा रहा है।

जांच एजेंसी ने अलगाववादी संगठनों को धन मुहैया करने वाले माध्यमों को बंद करने के बाद यह कार्रवाई की है। एनआईए की विभिन्न टीमों ने एक महानिरीक्षक और एक उप महानिरीक्षक की निगरानी में लगातार दूसरे दिन नौ स्थानों पर तलाशी ली, जिनमें राष्ट्रीय राजधानी में भी एक जगह शामिल है, जहां दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष जफरूल इस्लाम खान के नेतृत्व वाले एनजीओ चैरिटी एलायंस पर छापा मारा गया।

अधिकारियों ने बताया कि जिन नौ परिसरों में छापेमारी की गई, उनमें अनंतनाग में संचालित शबीर अहमद बाबा के नेतृत्व वाला ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन,जम्मू-कश्मीर में प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामिया की अनुषंगी फलाह-ए-आम ट्रस्ट, जेके यतीम फाउंडेशन, साल्वेशन मूवमेंट और जेके वॉइस ऑफ विक्टिम्स शामिल हैं। इनमें से कुछ संगठनों का नेतृत्व हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के जाफर अकबर सहित कट्टरपंथी अलगाववादी कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) और ट्रस्ट के खिलाफ विश्वसनीय सूचना मिलने के बाद आठ अक्टूबर को भारतीय दंड संहिता और गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया था।

उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि ए संगठन तथाकथित दान और कारोबारी योगदान के माध्यम से देश और विदेश से चंदा एकत्र करते हैं और उसका इस्तेमाल जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण में करते हैं। एनआईए ने बुधवार को इसी मामले में कश्मीर और बेंगलुरु के कुछ ठिकानों की तलाशी ली थी और दावा किया था कि इस दौरान उसने दोष साबित करने वाले कई दस्तावेज जब्त किए हैं। जिन लोगों के परिसरों में छापेमारी की गई थी, उनमें खुर्म परवेज (जम्मू कश्मीर कोअलिशन ऑफ सिविल सोसाइटी के समन्वयक), उनके सहयोगी परवेज अहमद बुखारी, परवेज अहमद मत्ता और बेंगलुरु में रहने वाली उनकी सहयोगी स्वाति शेषाद्रि तथा परवीना अहंगर, एसोसिएशन ऑफ पैरेंट्स ऑफ डिसेपियर्ड पर्सन्स (एपीडीपी) शामिल हैं। एनजीओ अथरौट और जी के ट्रस्ट के कार्यालयों में भी छापे मारे गए थे। एपीडीपी ने एक बयान जारी कर कहा कि एनआईए की टीम ने कई दस्तावेज और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं।

अहंगर के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए। बयान में आरोप लगाया गया कि एनआईए की टीम ने जो दस्तावेज और उपकरण जब्त किए हैं, उनमें सुरक्षा बलों द्वारा किए गए मानवाधिकार हनन की घटनाओं में निशाना बनाए गए लोगों के नाम, पहचान के ब्योरे हैं।

# विचाराधीन कैदियों की जमानत अवधि बढ़ाने का सिलसिला खत्म करने के आदेश पर रोक

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी जिसमें उन विचाराधीन कैदियों को दो से 13 नवंबर के बीच चरणबद्ध तरीके से समर्पण करने का निर्देश दिया गया था जिनकी कोविड-19 लॉकडाउन की वजह से जमानत की अवधि बढ़ा दी गई थी। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की पीठ ने उच्च न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर दिल्ली सरकार और अन्य को नोटिस जारी किए। पीठ ने इन सभी से जवाब मांगा है। उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ नेशनल फोरम फॉर प्रिजन रिफार्म्स ने अपील दायर की है। इस मामले में अपीलकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिकन गन्साल्विज और अधिवक्ता अजय वर्मा पेश हुए। इस संगठन ने अपनी अपील में कहा है कि उच्च न्यायालय का यह आदेश उसके 23 मार्च, 2020 के आदेश की भावना के खिलाफ है जिसमें शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त अपनी ही उच्चाधिकार प्राप्त समिति की आठ सिफारिशों का अवलोकन किए बगैर ही उसे दरकिनार कर दिया है। अपील में कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने उसके समक्ष प्रस्तुत आंकड़ों को पूरी तरह गलत समझा और इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि 16,000 कैदियों में सिर्फ तीन ही कोरोना वायरस संक्रमित मामले हैं। दूसरा यह कि जघन्य अपराध करने के आरोपों में बंद विचाराधीन कैदियों की रिहाई के बारे में उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने सावधानीपूर्वक विचार करके कारण भी बताए थे लेकिन इन पर गौर ही नहीं किया गया। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि वे सभी विचाराधीन कैदियों, जिनकी जमानत की अवधि बढ़ाई गई थी, को दो से 13 नवंबर के बीच चरणबद्ध तरीके से जेल में समर्पण करना होगा। उच्च न्यायालय ने 24 अगस्त को अपने सभी अंतरिम आदेश 31 अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दिए थे।




जयपुर में गुरुवार को मतदान केंद्र पर नगर निगम चुनाव के लिए वोट डालने के लिए कतार में खड़े वोटर

# डीएसटी ने विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में महिला वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं के लिए योजना शुरू की

भाषा। नई दिल्ली

**विज्ञान** एवं प्रौद्योगिकी मंत्री हर्षवर्धन ने बृहस्पतिवार को सर्ब-पावर योजना की शुरुआत की जिसका उद्देश्य विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र में महिला शोधकर्ताओं को शोध एवं विकास गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित करना है।

योजना के तहत शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों में नियमित महिला शोधकर्ताओं को दो श्रेणियों में शोध सहयोग के जरिए उच्च स्तर के अनुसंधान एवं विकास कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। ये दो श्रेणियां हैं- पावर फेलोशिप और सर्ब पावर शोध अनुदान। सर्ब पावर फेलोशिप शीर्ष महिला शोधकर्ताओं को व्यक्तिगत फेलोशिप और शोध अनुदान की तीन वर्षों के लिए पेशकश करता है जबकि सर्ब पावर शोध अनुदान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सभी संकायों में उच्च प्रभाव वाले



शोध के वित्त पोषण को सुनिश्चित करता है। विज्ञान एवं इंजीनियरिंग शोध बोर्ड (सर्ब) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत निकाय है। डिजिटल समारोह में हर्षवर्धन ने एस एंड टी क्षेत्र में महिला शोधकर्ताओं को सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया।

महिला वैज्ञानिकों के समक्ष आ रही करियर में बाधा जैसी समस्याओं को उजागर करते हुए हर्षवर्धन ने कहा कि उन पर विशेष ध्यान दिए जाने और समर्थन के वैकल्पिक तरीकों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नए विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं अन्वेषण नीति (एसटीआईपी) में महिला वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया जाएगा। सर्ब पावर फेलोशिप 35 से 55 वर्ष के उम्र वर्ग की महिला शोधकर्ताओं को दिया जाएगा। नियमित आय के अलावा फेलोशिप में 15 हजार रुपए प्रति महीने दिया जाएगा जबकि शोध अनुदान राशि तीन वर्षों के लिए दस लाख रुपए प्रति वर्ष होगा। सर्ब पावर शोध अनुदान के तहत महिला शोधकर्ताओं को दो श्रेणियों में धन दिया जाएगा।

पहली श्रेणी में आईआईटी, आईआईएसईआर, आईआईएससी, एनआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालयों और केंद्र सरकार के राष्ट्रीय प्रयोगशाला की महिला वैज्ञानिक शामिल होंगी। उन्हें तीन वर्षों तक 60 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। दूसरी श्रेणी में राज्य विश्वविद्यालयों, कॉलेजों एवं निजी संस्थानों की महिला वैज्ञानिक एवं शोधकर्ता शामिल होंगी। उन्हें तीन वर्षों तक 30 लाख रुपए की राशि दी जाएगी।

# पेज 1 का शेष

## राहुल पर...

नड्डा ने वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया, कांग्रेस के युवराज ना तो हमारी सेना, ना हमारी सरकार और ना ही हमारे नागरिकों पर विश्वास करते हैं। उनके लिए उनके सबसे विश्वसनीय देश पाकिस्तान की तरफ से पेश है। उम्मीद है कि अब उनकी आंखें खुल जाएंगी। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस ने अपना पूरा चुनावी अभियान हमारे सशस्त्र बलों को कमजोर करने के इर्द-गिर्द रखा। उसने सशस्त्र बलों का मजाक उड़ाया, उनके शौर्य पर सवाल उठाया और हर वह दांव चला ताकि भारत को राफेल विमान न मिल सके। देश के लोगों ने ऐसी राजनीति को नकार दिया और कांग्रेस को सजा दी। बाद में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पाकिस्तान की नेशनल असेम्बली में विपक्ष के नेता सरदार अयाज सादिक ने जो कहा उससे साबित होता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सेना और शौर्य का पाकिस्तान में किस प्रकार खौफ और डर है। उन्होंने कहा कि हवाई हमले के बाद कांग्रेस के शहजादे कह रहे थे कि कुछ नहीं हुआ है।

## पूरी दुनिया...

अमेरिका ने संयुक्त बयान में सभी रूपों में सीमा पार आतंकवाद की कड़ी निंदा की थी और पाकिस्तान से कहा था कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए, तत्काल, सतत् और अपरिवर्तनीय कदम उठाए कि उसके नियंत्रण वाले किसी भी क्षेत्र का इस्तेमाल आतंकवादी हमलों के लिए नहीं होगा। पाकिस्तान ने बुधवार को संयुक्त बयान में अपने देश का जिक्र किए जाने को अवांछित करार दिया था। विदेश कार्यालय ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा था कि संयुक्त बयान में हम पाकिस्तान के जिक्र को अवांछित एवं भ्रमित करने वाला करार देते हुए खारिज करते हैं।

## सपा को...

पर यह चुनाव लड़ेगी। इस वार्ता के बाद पार्टी ने राम जी गौतम को खड़ा किया। पार्टी द्वारा राम जी गौतम को उतारे जाने के बाद सपा ने कांग्रेस की तरह अपनी दलित विरोधी मानसिकता के तहत खड़यंत्रकारी चाल चलते हुए नामांकन के आखिरी मिनटों में एक निर्दलीय उम्मीदवार को पर्चा भरवाने का काम किया। इसके बाद पर्चे की जांच के समय पार्टी के 4 विधायकों की खरीद फरोख्त करके उनसे झूठा हलफनामा दिलवाया कि नामांकन पत्र में उनके हस्ताक्षर नहीं थे। मायावती ने कहा कि वर्ष 2003 में मुलायम ने बसपा के 38 विधायकों को तोड़कर अपनी सरकार बना ली थी। तब मुलायम सिंह यादव ने गलत कार्य किया था। उन्होंने कहा कि अखिलेश की बुरी गति होगी। मायावती ने कहा कि जिन विधायकों को निलंबित किया गया है, उनके बारे में पार्टी के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आज से इन विधायकों को पार्टी के किसी कार्यक्रम में नहीं बुलाया जाएगा। साथ ही इनके किसी दूसरी पार्टी में जाते ही या फिर अन्य किसी और मामले में भी दल बदल कानून का उल्लंघन करने पर कानून के तहत इनकी सदस्यता खत्म करने की कार्यवाही भी तुरंत की जाएगी। भविष्य में अब इन्हें बीएसपी से चुनाव लड़ने का कोई मौका नहीं मिलेगा। मायावती ने कहा कि यह सभी जानते हैं कि सपा के शासनकाल में यूपी में कानून व्यवस्था की स्थिति सबसे ज्यादा खराब थी। सपा राज में कानून का नहीं बल्कि विशुद्ध रूप से गुंडों बदमाशों व माफियाओं का ही जंगलराज था। हालांकि वर्तमान सरकार में भी यूपी में कानून व्यवस्था की स्थिति काफी ज्यादा खराब है। ऐसे में सपा किस मुंह से कानून व्यवस्था के मामले में यूपी बीजेपी सरकार की आलोचना कर सकती है। मायावती ने कहा कि ऐसी घिनौनी व नापाक राजनीति का सपा को उनकी ही भाषा में जवाब दिया जाएगा।

## पुलिस पर...

पर पुलिस गोलीबारी में मारे गए व्यक्ति को उसकी खोपड़ी के खुले हिस्से के साथ जमीन पर पड़ा दिखाया गया था। इस घटना को लेकर पूरे प्रदेश में भारी रोष और गुस्सा है। मुंगेर जिले में गुरुवार को दोबारा हिंसा भड़क गई। भीड़ ने किला क्षेत्र में ही स्थित अनुमंडल अधिकारी के गोपनीय शाखा में तोड़फोड़ की और मुफस्सिल थाना, महिला थाना, वासुदेव पुलिस चौकी, पूरबसराय थाने में तोड़फोड़ एवं आगजनी की। अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) जितेंद्र कुमार ने बताया कि मुंगेर में हालात पर काबू पाने के लिए अतिरिक्त बल और पदाधिकारियों को भेजा गया है। मुंगेर के पुलिस उपमहानिरीक्षक मनु महाराज वहां हालात की निगरानी कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की गोलीबारी में 20 साल के युवक की मौत हुई जबकि जिलाधिकारी राजेश मीणा ने कहा था कि युवक भीड़ के बीच से किसी व्यक्ति द्वारा चलाई गई गोली से मारा गया। वहीं, पुलिस अधीक्षक लिपि सिंह ने कहा था कि कुछ असामाजिक तत्वों ने दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान पथराव किया, जिसमें 20 जवान घायल हो गए। भीड़ की तरफसे गोलीबारी में युवक भी मारा गया। विवाद बढ़ने पर एक्शन में आए निर्वाचन आयोग ने दोनों अधिकारियों को तत्काल हटाने का आदेश दिया है। अपर निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मगध प्रमंडल के आयुक्त असंगबा चुबा एओ को सात दिनों में घटना की जांच पूरी करने का आदेश दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के लिए, जाने के दौरान मूर्ति को ले जाने के बांस से बने वाहक के टूट जाने के बाद दिक्कत शुरू हो गई थी और इसे ठीक करने में समय लग रहा था। मूर्ति को ले जाने वाले वाहक की मरम्मत में हुई देरी के कारण अन्य मूर्ति जुलूस रास्ते में फंसे हुए थे। प्रशासन चाहता था कि जुलूस जल्दी से जल्दी निकले क्योंकि सुरक्षाकर्मियों को बुधवार को चुनाव ड्यूटी पर तैनात किया जाना था। रास्ता साफकरने की कवायद में यह घटना हुई।

## जातिवादी-वंशवादी...

अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भव्य राम मंदिर का शिलान्यास किया और हमने 500 वर्षों की टीस को दूर करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि माता सीता के बिना राम अधूरे हैं, ऐसे में मेरी इच्छा थी कि उनके मायके बिहार के हर गांव से लोग समारोह में आए लेकिन कोरोना के कारण ऐसा संभव नहीं हो सका। लेकिन हम कहना चाहते हैं कि तीन-चार वर्षों में जब मंदिर बन जाएगा तब बिहार के लोगों को अयोध्या बुलाने की व्यवस्था होगी। कश्मीर का उल्लेख करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने ऐसी व्यवस्था की थी कि कोई वहां जमीन नहीं खरीद सकता था लेकिन अब बिहार का भी कोई व्यक्ति कश्मीर में जमीन खरीद सकता है जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त करने का उल्लेख करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे स्पष्ट हुआ कि देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे और साथ ही आतंकवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम किया गया है। उन्होंने प्रथम चरण के मतदान को उत्साहवर्द्धक बताते हुए युवाओं से अपील की कि वे भारी संख्या में मतदान करके मतदान प्रतिशत को 70 प्रतिशत पहुंचाएं। योगी ने नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कोरोना वायरस फैलने के बाद गरीब कल्याण पैकेज की घोषणा और निशुल्क राशन की व्यवस्था करने का जिक्र किया। उप्र के मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एजेंडा सबका साथ सबका विकास है और इसके आधार पर जाति, धर्म और पंथ का भेद किए बिना बैंक में जनधन खाता खुला, गरीबों का आवास बना, उज्जवला योजना के तहत गैस सिलिंडर मिला, बिजली कनेक्शन मिला।

# बिहार विधानसभा के प्रथम चरण में 55.69 फीसदी मतदान हुआ: चुनाव आयोग

भाषा। नई दिल्ली

**बिहार** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में कोरोना वायरस के डर का प्रभाव नहीं दिखा और 2.15 करोड़ मतदाताओं में से 55.69 फीसदी ने बुधवार को अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह जानकारी बृहस्पतिवार को चुनाव आयोग ने दी। चुनाव आयोग के मुताबिक 2015 के विधानसभा चुनावों और 2019 के लोकसभा चुनावों की तुलना में इस बार मतदान प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2015 के विधानसभा चुनावों में इन निर्वाचन क्षेत्रों में 54.94 फीसदी मतदान हुआ था। 2019 के लोकसभा चुनावों में इन विधानसभा सीटों पर वोट प्रतिशत 53.54 था। एक प्रवक्ता ने बताया, इसलिए पहले चरण में मतदान प्रतिशत विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तुलना में ज्यादा है। बिहार में दूसरे चरण में तीन नवम्बर को और तीसरे चरण में सात नवम्बर को मतदान होना है। बिहार के 16 जिलों की 71 विधानसभा सीटों पर बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और कोविड-19 दिशानिर्देशों के बीच चुनाव हुए।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 30 अक्टूबर , 2020



### भारतीय टीम में चयन को बेताब हैं सूर्यकुमार : पोलार्ड

**अबुधाबी।** मुंबई इंडियंस के कप्तान कीरोन पोलार्ड ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आईपीएल के मैच में शानदार पारी खेलने वाले सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए कहा कि उसके भीतर भारत के लिए खेलने की जबर्दस्त इच्छा है। पोलार्ड ने कहा , यादव की पारी काफी उपयोगी थी। हम हमेशा शीर्ष तीन या चार बल्लेबाजों में से एक की बात करते है जो हमारे लिए पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाता है। सूर्य ने यह कई बार किया है।

### शास्त्री ने सूर्यकुमार से कहा, मजबूत रहो और धीरज रखो

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में जगह नही मिलने के बावजूद आईपीएल मे 43 गेंद मे 79 रन की नाबाद पारी खेलने वाले सूर्यकुमार यादव से राष्ट्रीय कोच रवि शास्त्री ने मजबूत बने रहने और धीरज रखने का आग्रह किया है। रेलू क्रिकेट और आईपीएल में लगातार अच्छे प्रदर्शन के बावजूद यादव को आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की सीमित ओवरो की टीम मे नही चुना गया। दुबई में मौजूद शास्त्री ने मैच के बाद ट्वीट किया , सूर्य नमस्कार।

### सूर्यकुमार ने हमसे मैच छीन लिया : आरसीबी मुख्य कोच कैटिच

**अबुधाबी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के मुख्य कोच साइमन कैटिच ने मुंबई के हाथों पांच विकेट से मिली हार के बाद कहा कि सूर्यकुमार यादव की पारी ने उनसे मैच छीन लिया। कैटिच ने मैच के बाद कहा , सूर्य अच्छा खिलाड़ी है और टूर्नामेंट मे उसका प्रदर्शन शानदार रहा है।उसने इस मैच में तेजी से रन बनाए और युजवेंद्र चहल पर दबाव बना दिया। एक समय उनका स्कोर 70 रन पर तीन विकेट था लेकिन सूर्यकुमार ने शानदार पारी खेलकर दबाव हटाया और हमारे लिए मैच मे वापसी मुश्किल कर दी।

### मौरिस, पंड्या को आईपीएल मैच के दौरान तीखी बहस के लिए फटकार

**अबुधाबी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के हरफनमौला क्रिस मौरिस और मुंबई इंडियंस के हार्दिक पंड्या को आईपीएल मैच के दौरान तीखी बहस के लिए फटकार लगाई गई है। यह घटना मुंबई की पारी के 19वें ओवर की है जब पंड्या ने मौरिस की गेद पर छक्का लगाकर उनकी ओर इशारा किया। मौरिस ने पांचवी गेद पर उन्हें आउट करके इशारा किया।

### खिलाड़ियों को मिल रहे हवाई और रेल के टिकट

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स मे रिपोर्ट करने वाले खिलाड़ियों को हवाई और रेलगाड़ी के टिकट दिए जा रहे है और कोविड-19 महामारी के कारण पैदा हुई स्थिति को देखते हुए इनमे से कुछ को दीवाली के बाद केंद्रों मे पहुंचने की अनुमति दी गई है।

# राणा की मेहनत बेकार, चेन्नई जीता

## ● नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया

**भाषा।** दुबई



चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया। केकेआर के 172 रन का पीछा करने उतरी चेन्नई ने निर्धारित ओवर में गायकवाड़ के 72, रायुडू -38 व जडेजा के 31रन की मदद से लक्ष्य हासिल की।

सलामी बल्लेबाज नितीश राणा के अर्धशतक की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पांच विकेट पर 172 रन बनाए। राणा ने 61 गेंद की अपनी पारी में 10 चौकों और चार छक्कों की मदद से 87 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (26) और दिनेश कार्तिक (नाबाद 21) ने भी उपयोगी पारियां खेली। नाइट राइडर्स ने टीम ने अंतिम छह ओवरों में बेहतर बल्लेबाजी करते हुए 75 रन जोड़े। सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद शुभमन गिल (26) और राणा की जोड़ी ने टीम को उम्दा शुरुआत दिलाई। गिल ने दीपक चाहर की मैच की पहली दो गेंदों पर चौके के साथ शुरुआत की जबकि राणा ने भी इसी ओवर में चौके से खाता खोला। गिल ने सैम कुरेन पर भी चौका जड़ा। राणा ने धीमी शुरुआत के बाद लुंगी एनगिडी का स्वागत चौके के साथ किया और फिर मिशेल सेंटनर की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का मारा। टीम ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 48 रन बनाए। गिल और राणा ने नाइट राइडर्स के लिए मौजूद सत्र की पहले विकेट की पहली अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। धोनी ने इसके बाद गेंद कर्ण शर्मा को थमाई और इस लेग स्पिनर ने अपनी दूसरी ही गेंद पर गिल को बोल्ड कर दिया। गिल ने 17 गेंद का सामना करते हुए चार चौके मारे। सुनील नारायण (07) ने कर्ण पर छक्के से खाता खोला लेकिन सेंटनर ने अगले ओवर में इसी शॉट को दोहराने की कोशिश में बाउंड्री पर रविंद्र जडेजा को कैच दे बैठे। सुपरकिंग्स के गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में रन गति पर अंकुश लगाया जिससे नाइट राइडर्स की टीम ने 10 ओवर में दो विकेट पर 70 रन बनाए। रिंकू सिंह (11) ने जडेजा पर चौका मारा लेकिन अगली गेंद पर भी बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अंबाती रायुडू को आसान कैच दे बैठे। राणा ने सेंटनर पर लगातार दो चौके मारे और फिर कर्ण की गेंद पर एक रन के साथ 44 गेंद में मौजूदा सत्र का तीसरा अर्धशतक पूरा किया। राणा अगली गेंद पर भाग्यशाली रहे जब उन्होंने शॉट को हवा में लहरा दिया लेकिन गेंद क्षेत्ररक्षकों के बीच में गिरी।

**स्कोर**

**कोलकाता नाइट राइडर्सः** शुभमन गिल बो कर्ण 26,राणा का कुरेन बो एनगिडी 87,नारायण का जडेजा बो सेंटनर 07,सिंह का रायुडू बो जडेजा 11,मोर्गन का गायकवाड़ बो एनगिडी 15, कार्तिक नाबाद 21, त्रिपाठी नाबाद 03 ,**अतिरिक्तः** 02,**कुलः** 20 ओवर में पांच विकेट परः 172 रन,**विकेट पतनः** 1-53, 2-60, 3-93, 4-137, 5-167,**गेंदबाजीः**चाहर 3-0-31-0,कुरेन 3-0-21-0,एनगिडी 4-0-34-2,सेंटनर 3-0-30-1,जडेजा 3-0-20-1, कर्ण 4-0-35-1

### भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिए ग्रीन आस्ट्रेलियाई टीम में

**मेलबर्न।** भारत के खिलाफ श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया ने युवा हरफनमौला कैमरन ग्रीन को अपनी टी20 और एक दिवसीय क्रिकेट टीम में शामिल किया है जबकि बिग बैश लीग में शानदार प्रदर्शन के चलते मोइजेस हेनरिक्स ने तीन साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी की। भारतीय टीम टेस्ट श्रृंखला से पहले आस्ट्रेलिया में तीन वनडे (27 नवंबर, 29 नवंबर , दो दिसंबर) और तीन टी20 (4, 6 , 8 दिसंबर) खेलेगी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता ट्रेवर होंस ने कहा , कैमरन का घरेलू फार्म शानदार रहा है। भविष्य के खिलाड़ी के रूप में उसके लिए यह श्रृंखला सीखने का मौका होगी। आस्ट्रेलिया ने सीमित ओवरों की टीम में बल्लेबाजी हरफनमौलाओं को तरजीह दी है। ग्रीन का चयन तय ही माना जा रहा था। हाल ही में आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल ने कहा था कि उन्होंने रिकी पोंटिंग के बाद पहली बार इतना प्रतिभाशाली क्रिकेटर देखा है। वहीं हेनरिक्स की कप्तानी में सिडनी सिक्सर्स ने बिग बैश लीग खिताब जीता। उनका स्ट्राइक रेट 150 के करीब था। आईपीएल के दौरान चोटिल हुए मिशेल मार्श के नाम पर विचार नहीं किया गया लेकिन वह टेस्ट श्रृंखला से पहले ए टीम में लौट सकते हैं।

# पंजाब की नजर प्लेआफ पर

## ● करो या मरो के मुकाबले में रॉयल्स से सामना

**भाषा।** अबुधाबी

आत्मविश्वास से ओतप्रोत किंग्स इलेवन पंजाब आईपीएल के मैच में शुक्रवार को जीत के इस अभियान को कायम रखते हुए प्लेआफ की ओर अगला कदम बढ़ाने के इरादे से उतरेगी जबकि राजस्थान रॉयल्स के लिए यह अस्तित्व बनाए रखने का मुकाबला होगा। टूर्नामेंट की शुरूआत में लगातार हार का सामना कर रही केएल राहुल की टीम के प्रदर्शन में चमत्कारिक बदलाव आया है। उसने लगातार पांच जीत दर्ज करके शीर्ष चार में जगह बना ली है। फिलहाल वह 12 मैचों में 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि रॉयल्स 12 मैचों में दस अंक लेकर सातवें स्थान पर है। प्लेआफ की दौड़ अभी अगर मगर के फेर में है। मुंबई इंडियंस को छोड़कर बाकी छह टीमों के लिए मैदान खुला है जबकि चेन्नई सुपर किंग्स दौड़ से बाहर हो चुकी है। रॉयल्स अगर शुक्रवार को हारते हैं तो वह भी दौड़ से बाहर हो जाएंगे जबकि हारने पर पंजाब की राह भी मुश्किल हो जाएगी। पंजाब को टूर्नामेंट में अब तक सर्वाधिक रन बना चुके राहुल से उसी प्रदर्शन की उम्मीद होगी। क्रिस गेल के आने से टीम का आत्मविश्वास कई गुना बढ़ा है। घुटने की चोट के कारण दो मैचों से बाहर रहे मयंक अग्रवाल टीम में लौटते हैं या नहीं, यह देखना होगा। मनदीप सिंह ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पारी की शुरूआत करके नाबाद 66 रन बनाए थे जिससे टीम को एक अतिरिक्त विकल्प मिल गया है। पिछले कुछ मैचों में मोहम्मद शमी की अगुवाई में पंजाब की गेंदबाजी शानदार रही है। दूसरी ओर शीर्ष पर काबिज मुंबई को हराने के बाद रॉयल्स के हौसले भी बुलंद है।बेन स्टोक्स फार्म में लौट आए हैं जिन्होंने मुंबई के खिलाफ नाबाद 107 रन बनाए थे। संजू सैमसन ने भी खोई लय हासिल कर ली है हालांकि कप्तान स्टीव स्मिथ का खराब फार्म रॉयल्स को अखर रहा होगा।

### आईसीसी चेयरमैन पद के लिए न्यूजीलैंड के ग्रेग बारक्ले का समर्थन कर सकता है भारत

**नई दिल्ली** / अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन चुनाव में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सिंगापुर के इमरान ख्वाजा के बजाय न्यूजीलैंड के ग्रेग बारक्ले का समर्थन कर सकता है। भारत के शशांक मनोहर के इस साल जुलाई में दो कार्यकाल पूरे करने के बाद से ही यह पद खाली पड़ा है। बारक्ले और ख्वाजा चेयरमैन पद की दौड़ में शामिल केवल दो उम्मीद्वार है तथा 16 सदस्ई्य आईसीसी बोर्ड को दिसंबर के पहले सप्ताह में इसके लिए मतदान करना है। निदेशक बोर्ड के बीच एकता प्रदर्शित करने के लिए अभी सर्वसम्मति से किसी उम्मीद्वार का चयन करने के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो इसकी पूरी संभावना है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड ख्वाजा का समर्थन नहीं करेगा। आईसीसी बोर्ड में नए घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, बीसीसीआई न्यूजीलैंड क्रिकेट के अधिक करीब और जो लोग भारतीय क्रिकेट बोर्ड में मायने रखते हैं वे इस पद के लिए बारक्ले को अधिक सुयोग्य मानते हैं। इसके अलावा ख्वाजा की नीतियां भी भारतीय क्रिकेट के अनुकूल नहीं हैं।

### कपिल ने वीडियो में कहा, अच्छा महसूस कर रहा हूं



**नई दिल्ली।** दिग्गज कपिल देव ने एंजियोप्लास्टी करवाने के एक सप्ताह बाद गुरुवार को 1983 विश्व कप विजेता टीम के अपने साथियों का अभिवादन करते हुए कहा कि वह अब बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं और वह सभी से फिर से मिलने के लिए बेताब हैं। इस 61 वर्षीय खिलाड़ी को दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद उनकी एंजियोप्लास्टी की गई थी। उन्हें दो दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। एंजियोप्लास्टी बंद हुई धमनियों को खोलने की प्रक्रिया है जिससे हृदय में सामान्य रक्त प्रवाह बना रहे। कपिल ने कहा, 1983 का मेरा परिवार। मौसम सुहाना है दिलकश जमाना है। क्या कहें बहुत दिल कर रहा है आप सबसे मिलने का। बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। आपकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए फिर से आभार। बैंगनी रंग की टी शर्ट पहने कपिल ने यह वीडियो 1983 के अपने साथियों के साथ साझा किया है। उन्होंने कहा, मैं उम्मीद कर रहा हूं कि जल्द से जल्द आप लोगों से मुलाकात होगी। मैं आपसे जल्द से जल्द मिलने की कोशिश करूंगा। साल का अंत आने को है लेकिन (अगले साल की) शुरूआत और भी बेहतर होगी। आप सभी को प्यार। कपिल देव की अगुवाई में ही भारत ने 1983 में पहला विश्व कप जीता था।

## धोनी 2021 में भी सीएसके के कप्तान रहते हैं तो कोई हैरानी नही होगी : गंभीर



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स और महेंद्र सिंह धोनी के बीच आपसी विश्वास का इतना अच्छा रिश्ता है कि वह इस साल खराब प्रदर्शन के बावजूद 2021 में टीम के कप्तान बने रह सकते हैं। तीन बार की चैम्पियन चेन्नई टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार प्लेआफ में जगह बनाने में नाकाम रही और 12 में से आठ मैच हारकर आखिरी स्थान पर है। गंभीर ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा , मैं हमेशा कहता हूं कि सीएसके को बनाने में मालिकों और कप्तान के बीच संबंधों का बड़ा हाथ है। उन्होंने एम एस को पूरी आजादी दी और उसे मालिकों से पूरा सम्मान मिला। यदि वे उसे बरकरार रखते हैं तो मुझे हैरानी नहीं होगी। वह तब तक खेल सकता है, जब तक वह चाहे। हो सकता है कि अगले साल बदली हुई चेन्नई टीम के साथ वह कप्तान के रूप में नजर आए। मालिकों से इस तरह के सम्मान के वह हकदार हैं।

## युवाओं पर अनुभव को तरजीह देने से सीएसके का प्रदर्शन खराब हुआ : लारा

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि युवाओं पर अनुभव को तरजीह देने से इस आईपीएल सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स का प्रदर्शन खराब हुआ और अब उसे बाकी मैचों में युवा क्रिकेटरों को मौके देने चाहिए। टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे कामयाब टीमों में से एक चेन्नई अंकतालिका में सबसे नीचे है। दूसरी टीमें जहां युवाओं को मौके दे रही हैं, वहीं चेन्नई ने कोर टीम में ज्यादा बदलाव नहीं किए जिसकी वजह से अक्सर इसे बूढ़ों की फौज भी कहा जाता रहा है। लारा ने स्टार स्पोर्ट्स के सिलेक्ट डगआउट में कहा , चेन्नई टीम में काफी उम्रदराज खिलाड़ी हैं। युवा खिलाड़ी दिखते ही नहीं। विदेशी खिलाड़ी भी लंबे समय से खेल रहे हैं।

### चैम्पियंस लीग : बार्सीलोना ने युवेंटस को हराया, चेलसी और मैनचेस्टर युनाइटेड भी जीते

**तूरिन ( इटली )।** लियोनेल मेसी की बार्सीलोना ने चैम्पियंस लीग फुटबॉल के मुकाबले में युवेंटस को 2-0 से हरा दिया लेकिन ना तो इस मैच को देखने के लिए स्टेडियम में दर्शक थे और ना ही युवेंटस टीम के लिए क्रिस्टियानो रोनाल्डो खेले। रोनाल्डो कोरोना वायरस संक्रमण के कारण इस मैच से बाहर रहे। इससे मेस्सी और उनके बीच ग्रुच चरण का मुकाबला नहीं हो सका।

### काउटिन्हो और फेबिन्हो ब्राजील की विश्व कप क्वालीफाइंग टीम से बाहर

**साओ पाउलो।** बार्सीलोना के मिडफील्डर फिलीपे काउटिन्हो और लीवरपूल के मिडफील्डर फेबिन्हो को चोट के कारण नवंबर में होने वाले विश्व कप क्वालीफाइंग मैचों के लिए ब्राजील की फुटबॉल टीम से बाहर कर दिया गया है। ब्राजीली फुटबॉल परिसंघ ने बुधवार को कहा कि काउटिन्हो की जगह लियोन के फारवर्ड लुकास पाकेटा को और फेबिन्हो की जगह एवर्टन के एलान को उतारा जाएगा।

## जयराम व शुभंकर सारलोरलक्स ओपन से बाहर, पृथकवास में

**भाषा।** सारब्रकेन (जर्मनी)



भारत के अजय जयराम और शुभंकर डे कोरोना पॉजिटिव पाए गए गत चैम्पियन लक्ष्य सेन के पिता और कोच के संपर्क में आने के कारण सारलोरलक्स ओपन बैडमिंटन से बाहर होकर पृथकवास में है। उन्नीस वर्ष के लक्ष्य पहले ही नाम वापिस ले चुके हैं जिनके पिता डी के सेन पॉजिटिव पाए गए। उनमें फिलहाल कोई लक्षण नहीं पाए गए हैं। विश्व बैडमिंटन महासंघ ने एक बयान में कहा , बीडब्ल्यूएफ इसकी पुष्टि करता है कि सरलोरलक्स ओपन 2020 से तीन खिलाड़ियों ने एहतियात के तौर पर नाम वापिस ले लिया है चूंकि वे कोरोना पॉजिटिव पाए गए उनकी टीम के एक सदस्य के संपर्क में थे। इसमें कहा गया , ए तीन खिलाड़ी लक्ष्य सेन, अजय जयराम और शुभंकर डे टूर्नामेंट में आगे भाग नहीं लेंगे। तीनों खिलाड़ियों और टीम को पृथकवास में रखा गया है। बाद में जयराम ने खेल मंत्री किरेन रीजीजू, राष्ट्रीय बैडमिंटन महासंघ और बीडब्ल्यूएफ को टैग करके ट्वीट किया कि वह और शुभंकर वापस भारत लौटना चाहते हैं क्योंकि आयोजकों ने उन्हें पृथकवास पर रहने के अलावा कोई सूचना या मदद नहीं पहुंचाई है।

### शरण व बोपन्ना अस्ताना ओपन से बाहर

**नूर सुल्तान ( कजाखस्तान )।** भारत के दिविज शरण और रोहन बोपन्ना गुरुवार को यहां अस्ताना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल में क्रमशः क्वार्टर फाइनल और प्री क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। शरण और ब्रिटेन के उनके जोड़ीदार ल्यूक बामब्रिज को आस्ट्रेलियाई ओपन के उप विजेता मैक्स पुरसेल और ल्यूक सैविली से 3-6, 5-7 से हार झेलनी पड़ी।

## एनबीएफसी को जोखिम से बचाव के लिए कदम उठाने की जरूरतः मुख्य आर्थिक सलाहकार

**नई दिल्ली।** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) के वी सुब्रमणियम ने बृहस्पतिवार को कहा कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को इस कठिन समय में सूझबूझ के साथ कदम उठाने चाहिए ताकि जोखिम नहीं बढ़े और कर्ज की गुणवत्ता को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रौद्योगिकी खासकर डाटा विश्लेषण, कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग के उपयोग से संपत्ति की गुणवत्ता बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम में सुब्रमणियम ने कहा कि एनबीएफसी को कर्ज के पुनर्वित्त से जुड़े जोखिम या संपत्ति देनदारी को लेकर अंतर और परस्पर संबंधित जोखिम को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।

### अमेरिका ने भारत के साथ मजबूत ऊर्जा संबंधों पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने बुधवार को भारत के साथ ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत संबंध की वकालत की। उसने यह भी कहा कि वह दोनों देशों में व्यापार अवसरों को बढ़ाने के लिए व्यापार और निवेश पांबदियों को कम करना चाहता है। सेरा वीक के भारत ऊर्जा मंच को संबोधित करते हुए अमेरिकी के ऊर्जा मंत्री डैन ब्रोइलेट ने ऊर्जा बाजार को स्थिर बनाने में भूमिका निभाने को लेकर भारत के पेट्रोलियम मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की सराहना की।

## शापूरजी पालोनजी समूह ने टाटा से अलग होने की योजना उच्चतम न्यायालय को सौंपी

**मुंबई।** शापूरजी पालोनजी समूह ने टाटा ग्रुप से अलग होने की योजना उच्चतम न्यायालय को सौंप दी है। समूह ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। शापूरजी पालोनजी समूह और टाटा का संबंध करीब सात दशक पुराना है। उल्लेखनीय है कि साइरस मिस्त्री को 28 अक्टूबर, 2016 को टाटा संस के चेयरमैन पद से हटा दिया गया था। मिस्त्री परिवार की ओर से शीर्ष अदालत में कहा गया है कि टाटा में उनकी हिस्सेदारी का मूल्य 1.75 लाख करोड़ रुपए बैठता है। उच्चतम न्यायालय दोनों समूहों के बीच कानूनी विवाद की सुनवाई कर रहा है। शापूरजी पालोनजी समूह ने उच्चतम न्यायालय में दावा किया है , टाटा संस प्रभावी तरीके से दो-समूहों की कंपनी है।

### ओखाई ने ग्रामीण कारीगरों के लिए शुरू की हेल्पलाइन

**मुंबई।** टाटा केमिकल्स सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट टीसीएसआरडी ने ग्रामीण महिलाओं को प्रोत्साहन देकर सक्षम बनाने के लिए स्थापन किए गए ओखाई ने कारीगरों के लिए एक विशेष हेल्पलाइन शुरू की है। भारत के दूरवर्ती गावों के कारीगर भी इस हेल्पलाइन के लाभ उठा सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस के उपलक्ष्य में ओखाई ने यह अनूठी और बहुत ही उपयुक्त पहल शुरू की है। ग्रामीण महिलाओं के जीवन संघर्षए उनकी ज़रूरतें और हमारे समाज में उनके स्थान के बारे में जागरूकता निर्माण करना इस पहल का उद्देश्य है। हाथों से उत्पाद बनाकर रिटेल दुकानों को आपूर्ति करने वाले भारतीय ग्रामीण कारीगरों का रोजगार इस वैश्विक महामारी के दौरान ठप हो चूका है। कई आकर्षक, कलात्मक कपड़ें, सजावट के उत्पाद और एक्सेसरीज बनाने के पारंपरिक कौशल जिन हाथों में हैं उन्हें इस विपदा की घड़ी में मदद मिल सकें। हेल्पलाइन नंबर पर फोन करके भारत के विभिन्न हिस्सों से कारीगर अपनी समस्याएं बता सकते हैं।

# पहली छमाही में ही राजकोषीय घाटा बजट के सालाना अनुमान से ऊपर निकला

**भाषा।** नई दिल्ली




केन्द्र का राजकोषीय घाटा पहली छमाही में ही वार्षिक अनुमान के से ऊपर निकल गया है। राजस्व प्राप्ति कम रहने से सितंबर में समाप्त छह माह में राजकोषीय घाटा बजट अनुमान के 114.8 प्रतिशत तक पहुंच गया। कोरोना वायरस महामारी और लॉकडाउन पहली तिमाही में आर्थिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुईं। यही वजह है कि पहली छमाही में राजस्व प्राप्ति भी प्रभावित हुई और राजकोषीय घाटा 9.14 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। बजट में 2020-21 में राजकोषीय घाटे के 7.96 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान लगाया गया है। सरकार के महा लेखा नियंत्रक (सीजीए) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक चाले वित्त वर्ष 2020-21 की अप्रैल से सितंबर अवधि के दौरान केन्द्र सरकार का राजकोषीय घाटा 9,13,993 करोड़ रुपए रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में इसी अवधि में राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 92.6 प्रतिशत पर रहा था जबकि इस साल यह 114.8 प्रतिशत पर पहुंच गया। सरकार को मिलने वाले कुल राजस्व और उसके कुल खर्च के बीच के अंतर को राजकोषीय घाटा कहा जाता है। वास्तव में इस साल जुलाई में ही राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान के बराबर पहुंच गया था। इस वित्त वर्ष में सितंबर तक सरकार को कुल 4,58,508 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। यह राशि अनुमानित वार्षिक राजस्व का 25.18 प्रतिशत रही है। पिछले वित्त वर्ष में सितंबर तक यह प्राप्ति वार्षिक अनुमान का 40.2 प्रतिशत रही थी। सीजीए के आंकड़ों के मुताबिक सितंबर तक प्राप्त राजस्व में केन्द्र को शुद्ध रूप से 4,58,508 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई। इसमें से 92,274 करोड़ रुपए गैर- कर राजस्व और 14,635 करोड़ रुपए गैर- ऋण पूंजी प्राप्ति रही।

### आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन सितंबर में ०.8 प्रतिशत घटा, लगातार सातवें महीने गिरावट

**नई दिल्ली।** आठ बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में गिरावट का सिलसिला सितंबर में लगातार सातवें महीने जारी रहा उत्पादन में सालाना आधार पर 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई। लेकिन मार्च के बाद यह सबसे कम गिरावट है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार सितंबर में मुख्य रूप से कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और सीमेंट क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में गिरावट आई। आंकड़ों के अनुसार सितंबर में आठ बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में गिरावट मार्च के बाद सबसे कम रही है। कोरोना वायरस और लाकडाउन से प्रभावित इस दौर में आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ा है। आंकड़ों के अनुसार सितंबर में कोयला, बिजली और इस्पात उद्योग के उत्पादन में बढोतरी रही। इसके विपरीत कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक और सीमेंट सभी क्षेत्रों का उत्पादन नीचे आया।

### डालर के मुकाबले रुपया 23 पैसा हल्का दो माह के निम्न स्तर पर

**मुंबई।** शेयर बाजारों में कमजोरी और वैश्विक स्तर पर कारोना का जोखिम बढ़ने की रपटों के बीच बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 23 पैसे गिर कर दो माह के निम्न स्तर 74.10 पर बंद हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 74.02 पर कमजोर खुला और कारोबार के दौरान और कमजोर होकर एक समय 74.16 के निचले स्तर को छू गया था। कारोबार के रुपए की विनिमय दर 23 पैसे की गिर कर 74 डॉलर 74.10 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुई। डालर 26 अगस्त के बाद पहली बार 74 रुपए को पार किया है।

### मारुति सुजुकी का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में दो प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 2.04 प्रतिशत बढ़कर1,419.6 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इसका कारण बिक्री में वृद्धि है। कंपनी को साल भर पहले की समान तिमाही में1,391.1 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान परिचालन से प्राप्त राजस्व 10.34 प्रतिशत बढ़कर 18,755.6 करोड़ रुपए हो गया। यह साल भर पहले 16,997.9 करोड़ रुपए रहा था।

### हैवल्स का दूसरी तिमाही मुनाफा 82 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** बिजली के उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनी हैवल्स इंडिया लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही की समाप्ति पर उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 81.97 प्रतिशत बढ़कर 326.36 करोड़ रुपए रहा।

### वोडाफोन आइडिया का घाटा चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कम

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया का एकीकृत घाटा चालू वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में कम होकर 7,218.2 करोड़ रुपए रहा। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही में 50,897.9 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। इसका कारण कानूनी बकाया भुगतान के लिए किया गया प्रावधान था। वोडाफोन आइडिया की कुल आय चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में करीब 3 प्रतिशत घटकर 10,830.5 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 11,146.4 करोड़ रुपए थी।

### सरकार ने प्याज बीज के निर्यात पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** सरकार ने प्याज बीजो के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से लगा दी है। घरेलू बाजार में प्याज की कीमतों में उछाल के मद्देनजर सरकार ने यह कदम उठाया है।

## कोविड-19 से प्रभावित हुई भारत की सोने की खरीद, तीसरी तिमाही में मांग 30 प्रतिशत गिरी

**मुंबई।** कोरोना वायरस महामारी से जुड़े व्यवधानों तथा उंची कीमतों के कारण सितंबर तिमाही में भारत में सोने की मांग साल भर पहले की तुलना में 30 प्रतिशत कम होकर 86.6 टन पर आ गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने एक रिपोर्ट में यह कहा है। विश्व स्वर्ण परिषद की तीसरी तिमाही सोना मांग ट्रेंड रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल की सितंबर तिमाही में सोने की कुल मांग 123.9 टन रही थी।

### देश में नौकरी को लेकर प्रतिस्पर्धा 2019 के बाद से 30 प्रतिशत बढ़ीः लिंक्डइन इंडिया

**बेंगलुरू।** देश में नियुक्तियां बढ़ रही है और अगस्त 2020 में इसमें सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि नौकरी को लेकर प्रतिस्पर्धा पिछले साल के मुकाबले 30 प्रतिशत अधिक है। पेशेवरों को जोड़ने वाला मंच लिंक्डइन के श्रम बाजार आंकड़े से यह पता चलता है। लिंक्डइन ने एक बयान में कहा कि उसके आंकड़े से यह भी पता चलता है कि मनोरंजन और यात्रा, खुदरा और कंपनी सेवासे जुड़े पेशेवर अपने मौजूदा क्षेत्रों को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में नौकरियां तलाश रहे हैं। मनोरंजन और यात्रा क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों में 3.8 गुना से अधिक संभावना है कि वे दूसरे क्षेत्रों से जुड़े। वहीं खुदरा और कंपनी सेवा से जुड़े पेशेवरों के मामले में यह क्रमशः 1.5 गुना और 1.4 गुना संभावना है।

# बाजार में दूसरे दिन भी गिरावट

## ● सेंसेक्स 173 अंक टूटाअ एल एंड टी 5 प्रतिशत नीचे

**भाषा।** मुंबई







शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 173 अंक टूट गया। मासिक डेरिवेटिव्स अनुबंधों की समाप्ति और वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच निवेशकों ने बैंक, वित्तीय और ढांचागत क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में बिकवाली की।कारोबारियों के अनुसार रुपए की विनिमय दर में गिरावट और प्रमुख कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणाम अच्छा नहीं रहने से भी निवेशकों की धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 172.61 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 39,749.85 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 58.80 अंक यानी 0.50 प्रतिशत टूटकर 11,670.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान में एल एंड टी रही। इसमें 4.99 प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 45 प्रतिशत घटने से शेयर टूटा। जिन अन्य प्रमुख शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, उनमें टाइटन, ओएनजीसी, एक्सिस बैंक, एचयूएल, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी शामिल हैं।



फोनिक्स एअरपोर्ट पर चुनावी रैली के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लोगों को संबोधित करते हुए

# भारत-अमेरिका के बीच अभूतपूर्व सहयोग लेकर आई टू प्लस टू वार्ता

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** दो प्रतिष्ठित सांसदों ने हाल में भारत और अमेरिका के बीच संपन्न हुई टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता के परिणामों का स्वागत करते हुए कहा कि यह बातचीत दोनों देशों के बीच अभूतपूर्व सहयोग लेकर आया है।

दिल्ली में भारत–अमेरिका के बीच मंगलवार को संपन्न हुई टू प्लस टू वार्ता में दोनों देशों ने अपने सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया और कुल पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए जिनमें बेसिक एक्सचेंज एंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट (बीईसीए) प्रमुख है। इस करार के तहत अत्याधुनिक सैन्य प्रौद्योगिकी, उपग्रह के गोपनीय डाटा और दोनों देशों की सेनाओं के बीच अहम सूचना साझा करने की अनुमति होगी।

इसके अलावा परमाणु ऊर्जा, पृथ्वी विज्ञान और आयुर्वेद के क्षेत्रों में सहयोग के लिए भी समझौते हुए। इस पर टू प्लस टू वार्ता के तीसरे संस्करण में भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा अमेरिका की तरफ से वहां के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ और रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने हिस्सा लिया।कांग्रेस के सदस्य एवं सदन की विदेश मामलों की समिति में रिपब्लिकन नेता माइकल टी मैककॉल ने कहा, अमेरिका–भारत के बीच हुई टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता दोनों देशों के बीच अभूतपूर्व सहयोग लेकर आया है। यह वार्ता हमारे व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर लेकर गई है। उन्होंने कहा कि बीईसीए भू–स्थानिक सहयोग समझौता समेत टू प्लस टू की उपलब्धियां एक कामयाब महीने में शुमार हुई हैं, जिसमें दोनों देशों ने जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड रूपरेखा को गहरा किया है और चार पक्षीय समुद्री अभ्यास मालाबार में ऑस्ट्रेलिया का स्वागत किया है।उल्लेखनीय है कि चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारत ने एक अहम कदम उठाते हुए, अमेरिका और जापान के साथ आगामी मालाबार अभ्यास में ऑस्ट्रेलिया के भाग लेने की 19 अक्टूबर को घोषणा की थी। इस प्रकार यह क्वाड के चार देशों के बीच पहला सैन्य–स्तर का अभ्यास बन गया है।मैककॉल ने कहा कि अमेरिका, हिंद– प्रशांत की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए भारत के साथ काम करना जारी रखेगा और बाहरी आक्रामकता से भारत की संप्रभुता की रक्षा करने में उसके साथ रहेगा।हिंद–प्रशांत में चीन द्वारा अपने सैन्य प्रभाव को बढ़ाने की पृष्ठभूमि में भारत, अमेरिका और दुनिया की अन्य शक्तियां क्षेत्र की स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने के लिए बातचीत कर रही हैं। क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों ने गठबंधन के तहत सहयोग को और बढ़ाने के लिए छह अक्टूबर को वार्ता की थी।कांग्रेस के सदस्य ब्राड शेरमन ने एक ट्वीट में टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता के सफल परिणामों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका ने दोनों देशों के रिश्तों को और विस्तार देने के लिए एक और टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

# संक्रमण मुक्त हुए मरीजों में बनी एंटीबॉडी मजबूत, यह जल्द नहीं घटती: अध्ययन

**भाषा।** न्यूयॉर्क

● अनुसंधानकर्ताओं ने 30,082 नमूनों की जांच करने के बाद पाया कि अधिक्तर लोगो मे एंटीबॉडी मध्यम से उच्च स्तर पर मौजूद है, जो वायरस को निष्प्रभावी कर सकते है

**कोविड**–19 के हल्के और मध्यम लक्षणों वाले ज्यादातर मरीजों के इस रोग से उबरने के साथ उनके शरीर में मजबूत एंटीबॉडी के रूप में एक रक्षा कवच बन जाता है, जो कम से कम पांच महीने तक कायम रहता है। एक नए अध्ययन में यह दावा किया गया है।अध्ययन के मुताबिक शरीर की इस प्रतिरोधक प्रतिक्रिया से कोरोना वायरस से दोबारा संक्रमित होने का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। जर्नल ऑफ साइंस में प्रकाशित एक अनुसंधान पत्र के मुताबिक एंटीबॉडी की प्रतिक्रिया का सबंध शरीर द्वारा सार्स–सीओवी–2 वायरस को निष्प्रभावी करने से है, जिससे संक्रमण होता है।

अमेरिका स्थित माउंट सिनाई हॉस्पिटल में कार्यरत और अनुसंधान पत्र के वरिष्ठ लेखक फ्लोरियन क्रेम्मर ने कहा, हालांकि, कुछ खबरें आई थी कि वायरस से संक्रमण की प्रतिक्रिया में विकसित एंटीबॉडी जल्द समाप्त हो जाती है, लेकिन हमने अपने अध्ययन में इसके ठीक उलट पाया। हमने पाया कि हल्के या मध्यम दर्जे के लक्षण वाले 90 प्रतिशत कोविड–19 मरीजों में बनी एंटीबॉडी महीनों तक वायरस को निष्प्रभावी रखने में मजबूती से काम करती है। इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए वैज्ञानिकों ने संक्रमण से ठीक हुए लोगों की इंजाइम लिंक्ड इम्युनोसोर्बेंट एस्से (एलिसा) नामक एंटीबॉडी जांच की, ताकि पता लगाया जा सके कि कोशिका पर वायरस का आक्रमण होने पर बनने वाले इस प्रोटीन का स्तर क्या है। अनुसंधानकर्ताओं ने 30,082 नमूनों की जांच करने के बाद पाया कि अधिकतर लोगों में एंटीबॉडी मध्यम से उच्च स्तर पर मौजूद है, जो वायरस को निष्प्रभावी कर सकते हैं।

वैज्ञानिकों ने यह भी पाया कि पहली जांच के मुकाबले दूसरी जांच के दौरान एंटीबॉडी के स्तर में हल्की सी कमी आई और तीसरी तथा आखिरी जांच में इसमें और कमी आई। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि यह संकेत करता है कि एंटीबॉडी कम से कम पांच महीने तक बनी रहती है।

# प्रेस, सोशल मीडिया बाइडेन के खिलाफ गंभीर आरोपों को छिपा रहा है : ट्रंप

● ट्रंप का इशारा जो बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की ओर था, न्यूयॉर्क पोस्ट ने अपनी एक खबर में हंटर बाइडेन पर रूस, चीन और यूक्रेन से पैसे लेने का आरोप लगाया है

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुख्यधारा की मीडिया और सोशल मीडिया कम्पनियों पर उनके प्रतिद्वंद्वी एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों को छिपाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे अमेरिका में प्रेस के दमन जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है।ट्रंप ने कहा कि मीडिया बाइडेन और उनके परिवार के खिलाफ नहीं लिखना चाहता। ट्रंप ने एरिजोना में बुधवार को कहा, एक व्यक्ति है जो पकड़ा गया है और मीडिया उस बारे में लिखना नहीं चाहती। आपको पता है, इसे क्या कहते हैं प्रेस की स्वतंत्रता नहीं, बल्कि प्रेस का दमन। ट्रंप का इशारा जो बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की ओर था। न्यूयॉर्क पोस्ट ने अपनी एक खबर में हंटर बाइडेन पर रूस, चीन और यूक्रेन से पैसे लेने का आरोप लगाया है। जो बाइडेन और उनका परिवार हालांकि इन सभी आरोपों को खारिज कर चुका है।ट्रंप ने कई चुनावी रैलियों में मुख्यधारा मीडिया पर बाइडेन परिवार के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बारे में नहीं लिखने का आरोप लगाया है। ट्रंप ने कहा, हमारे पास प्रेस की स्वतंत्रता नहीं है..... बल्कि प्रेस का दमन हो रहा है.. अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव है।

## चरमपंथी ने ट्रंप, ओबामा और क्लिंटन को ऑनलाइन पोस्ट में धमकी दी थीः एफबीआई

**ट्रावेर्से सिटी (अमेरिका)।** अमेरिकी जांच एजेंसी (एफबीआई) ने कहा कि मिशिगन के गवर्नर का अपहरण करने की कथित साजिश रचने के आरोपी व्यक्ति ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन सहित कई गणमान्य लोगों को धमकी देने वाली टिप्पणियां की थी। आरोपी ने ए धमकियां ऑनलाइन दी थीं।एफबीआई के एक ऐजेंट ने संघीय अदालत में यह बात कही। विशेष एजेंट क्रिस्टोफर लोंग ने कहा कि डेलावेयर के निवासी बैरी क्रॉफ्ट ने अपने फेसबुक पोस्ट में वर्तमान और पूर्व के कई निर्वाचित नेताओं के खिलाफ टिप्पणियां की थी।क्रॉफ्ट एक चरमपंथी अर्धसैनिक समूह के छह कथित सदस्यों में से एक है। उस पर डेमोक्रेटिक गवर्नर ग्रेचेन व्हिटमर के अपहरण की साजिश रचने का आरोप है। वह कोरोना वायरस संक्रमण को रोकने के लिए गवर्नर के लॉकडाउन के आदेश के कारण उन्हें अगवा करना चाहता था।

## कोविड-19 महामारी को जल्द काबू में करने का झूठा वादा नहीं करूंगा : बाइडेन

**बुलहेड सिटी (अमेरिका)।** डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन ने बुधवार को कहा कि वह कोविड–19 महामारी को पलक झपकते समाप्त कर देने का झूठा वादा नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार और मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप महामारी पर कथित कुप्रबंधन के लेकर निशाने पर हैं और उन्होंने चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में वायरस को खत्म करने का वादा किया है। बाइडेन ने कोरोना वायरस से निपटने के ट्रंप के तरीके को पीड़ितो का अपमान करार दिया। बाइडेन ने डेलावेयर के विलमिंगटन में अपने भाषण में कहा, अगर मैं जीत भी जाता हूं तो भी इस महामारी को खत्म करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा, मैं आपसे यह वादा करता हूं , हम पहले ही दिन से सही काम करना शुरू करेंगे।

## क्विक न्यूज

### ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा के लिए कंप्यूटरीकृत लॉटरी व्यवस्था समाप्त करने का प्रस्ताव दिया

**वाशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन ने सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र मे काम करने वाले विदेशी पेशेवरो को एच-1बी वीजा देने के लिए कंप्यूटरीकृत लॉटरी व्यवस्था को समाप्त कर इसके स्थान पर वेतन आधारित चयन प्रक्रिया अपनाने का प्रस्ताव दिया है। नई व्यवस्था के लिए एक अधिसूचना बृहस्पतिवार को फेडरल रजिस्टर मे प्रकाशित की जा रही है। गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने बुधवार को कहा कि हितधारक, अधिसूचना पर 30 दिन के भीतर जवाब दे सकते है। डीएचएस की ओर से कहा गया कि कंप्यूटरीकृत लॉटरी की व्यवस्था को समाप्त करने से अमेरिकी कर्मचारियो के भत्तो पर पड़ने वाला दबाव कम होगा जो हर साल कम वेतन वाले एच-1बी वीजा धारकों के आने से पड़ता है। एच-1बी वीजा एक गैर प्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को तकनीकी विधाओ मे दक्ष विदेशी कर्मचारियो को नौकरियां देने की मंजूरी प्रदान करता है।

### भारत, ब्रिटेन में कोविड-19 अनुसंधान के लिए नई भागीदारी

**लंदन।** दसवी ब्रिटेन-भारत आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता (ईएफडी) के तहत कोरोना वायरस महामारी से लड़ने के लिए भारत और ब्रिटेन ने नई भागीदारी की है। कोविड-19 के कारण लगे लॉकडाउन और यात्रा प्रतिबंधो को देखते हुए ईएफडी का डिजिटल आयोजन किया गया।ईएफडी के तहत बुधवार को 80 लाख पाउंड के संयुक्त कोष की घोषणा की गई जिससे तहत दोनो देश मिलकर अनुसंधान करेंगे।यूके रिसर्च एंड इनोवेशन (यूकेआरआई) तथा भारत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग (डीबीटी) ने कहा कि संयुक्त अनुसंधान मे दोनो देशों मे विभिन्न माहौल मे रह रहे जातीय समूहो से जुड़े अध्ययन के मार्फत महामारी को समझने का प्रयास किया जाएगा।बायोटेक्नोलॉजी विभाग की सचिव डॉ. रेणु स्वरूप ने कहा, यह संयुक्त कार्यक्रम भारत-ब्रिटेन शोध भागीदारी पर आधारित है और भारत तथा ब्रिटेन मे कोविड-19 संक्रमण की गंभीरता को सामूहिक रूप से समझने का अवसर है।

### अफगानिस्तान में हेरात की जेल में दंगा, आठ की मौत

**काबुल।** पश्चिमी अफगानिस्तान की एक जेल मे दंगा होने से कम से कम आठ कैदियो की मौत हो गई है। प्रांत के अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्रांत के स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता मोहम्मद रफीक शिरजई के अनुसार पश्चिमी हेरात प्रांत की राजधानी हेरात की एक जेल मे बुधवार रात को हिंसा हुई। उन्होने कहा कि हिंसा मे 12 अन्य लोग घायल हो गए जिनमे आठ कैदी और चार सुरक्षा कर्मी शामिल है। जेल मे लगभग दो हजार कैदी रखे गए है। तात्कालिक तौर पर हिंसा के पीछे तालिबान का हाथ होने की पुष्टि नही हुई है। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता जिलानी फरहाद ने कहा कि जेल के सुरक्षा कर्मी जेल के ब्लॉक पांच मे कैदियो द्वारा बनाए गए कथित विभाजन को हटा रहे थे जब हिंसा भड़क उठी। उन्होने कहा कि पुलिस ने कैदियो के पास मौजूद कुछ अनावश्यक चीजें लेने की कोशिश की, जिसका कैदियो ने विरोध किया। शिरजई ने कहा कि आठ में से एक व्यक्ति की मौत गोली लगने से हुई। उन्होने कहा कि मामले की जांच जारी है।

### चीन में मुस्लिमों पर अत्याचार की जांच के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहा संरा : अमेरिका

**बीजिंग।** संयुक्त राष्ट्र मे महिलाओ के मुद्दो के लिए नियुक्त अमेरिकी राजनयिक ने बृहस्पतिवार को कहा कि चीन के शिनजियांग प्रांत मे मुस्लिम अल्पसंख्यको पर कथित तौर पर हो रहे अत्याचार की जांच के लिए संयुक्त राष्ट्र पर्याप्त प्रयास नही कर रहा है। हिरासत केंद्रो मे प्रजनन पर बलपूर्वक नियंत्रण और यौन हिंसा की खबरो का हवाला देते हुए महिला मुद्दो पर संयुक्त राष्ट्र मे अमेरिकी राजनयिक केली क्यूरी ने कहा कि ऐसे कृत्यों से व्यापक स्तर पर महिलाओ को शिकार बनाने की परिपाटी दिखती है। क्यूरी ने कहा, यह आश्चर्यजनक है कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उल्लंघन के इन गंभीर आरोपो के प्रति चिंतित नही है और इसकी जांच करने की इच्छा भी नही है। क्यूरी ने संवाददाताओ से कहा कि संयुक्त राष्ट्र शिनजियांग की स्थिति पर कुछ बोलने की स्थिति मे नही है।

### पाकिस्तान के धार्मिक संगठन ने कहा, मंदिर निर्माण को लेकर कोई शरिया, संवैधानिक बाधाएं नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सर्वोच्च धार्मिक संगठन ने कहा है कि इस्लामाबाद या पूरे देश के किसी भी हिस्से मे हिंदू मंदिर के निर्माण पर कोई संवैधानिक अथवा शरिया प्रतिबंध नही है। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, इस्लामी विचारधारा परिषद (सीआईआई) ने संविधान और 1950 मे हुए लियाकत-नेहरू समझौते के आधार पर एक बैठक मे यह निर्णय लिया। सीआईआई ने सरकार को सैदपुर गांव मे स्थित एक प्राचीन मंदिर और उससे सटी धर्मशाला को भी इस्लामाबाद के हिंदू समुदाय को सौपने की अनुमति दी। परिषद ने कहा, इस्लामाबाद मे वर्तमान आबादी के मद्देनजर सैदपुर गांव मे स्थित एक प्राचीन मंदिर और उससे सटी धर्मशाला को हिंदू समुदाय के लिए खोला जाए और उनके लिए वहां पहुंचने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि वे अपने धार्मिक अनुष्ठान कर सकें।

# वर्ष 2020 का अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव अबतक का सबसे महंगा चुनाव, 14 अरब डॉलर खर्च होने की उम्मीद

**भाषा।** न्यूयॉर्क

● ट्रंप ने दानकर्ताओं से 59.6 करोड़ डॉलर का कोष चुनाव प्रचार के लिए जुटाया है

**अमेरिका में** इस वर्ष हो रहा राष्ट्रपति चुनाव देश के इतिहास का सबसे महंगा चुनाव बनने जा रहा है। इस चुनाव में पिछले राष्ट्रपति चुनाव के मुकाबले दोगुनी राशि खर्च होने का अनुमान है। इस बार करीब 14 अरब डॉलर खर्च होने की उम्मीद है। शोध समूह दि सेंटर फॉर रेस्पॉनसिव पॉलिटिक्स ने कहा कि मतदान से पहले के आखिरी महीने में राजनीतिक चंदे में भारी वृद्धि हुई है और इसकी वजह से इस चुनाव में जो 11 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान लगाया गया था, वह पीछे छूट गया है। शोध समूह ने कहा कि वर्ष 2020 के चुनाव में 14 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान है जिससे चुनाव में खर्च के पुराने सभी रिकॉर्ड ध्वस्त हो रहे हैं। समूह के मुताबिक डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन अमेरिकी इतिहास के पहले प्रत्याशी होंगे जिन्होंने दानकर्ताओं से एक अरब डॉलर की राशि प्राप्त की। उनके प्रचार अभियान को 14 अक्टूबर को 93.8 करोड़ डॉलर प्राप्त हुए हैं जिससे डेमोक्रेट का रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को हराने को लेकर उत्सुकता बढ़ती जा रही है। वहीं, ट्रंप ने दानकर्ताओं से 59.6 करोड़ डॉलर का कोष चुनाव प्रचार के लिए जुटाया है। शोध समूह ने कहा, महामारी के बावजूद हर कोई वर्ष 2020 के चुनाव में अधिक राशि दान कर रहा है, फिर चाहे वह आम लोग हों या अरबपति। समूह ने बयान में कहा कि इस बार महिलाओं ने दान देने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।



सोमालिया में फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुअल मैक्रेन के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग

# सोशल मीडिया कंपनियों के सीईओ ने पक्षपात के दावे का खंडन किया, कहा-चुनाव की शुचिता की रक्षा करेंगे

**एपी।** वाशिंगटन

● दोनों पार्टियों के आलोचकों का कहना है कि इस कानून की धारा-230 सोशल मीडिया कंपनियों को निष्पक्ष सामग्री की जिम्मेदारी से मुक्त करती है। डोर्सी और पिचाई ने कानून में किसी भी बदलाव को लेकर सतर्कता बरतने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने पक्षपात करने के आरोपों को भी सिरे से खारिज कर दिया

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप और उनके सहयोगियों की आलोचना का सामना कर रहे ट्विटर, फेसबुक और गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने सीनेट की सुनवाई में रूढ़िवादियों के खिलाफ पक्षपात पूर्ण रवैया रखने के आरोपों का खंडन किया और वादा किया कि अगले हफ्ते होने वाले मतदान से पहले कथित अराजक स्थिति पैदा होने में उनके मंच का इस्तेमाल नहीं हो यह सुनिश्चित करेंगें।

चुनाव की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच सीनेट की वाणिज्य मामलों की समिति ट्विटर के जैक डोर्सी, फेसबुक के मार्क जुकरबर्ग और गूगल के सुंदर पिचाई ने वादा किया कि चुनाव के नतीजों के आसपास हिंसा को भड़काने या विदेशी ताकतों द्वारा चुनाव में हेरफेर करने की कोशिशों से उनकी कंपनी रक्षा करेंगी।वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समिति के समक्ष पेश इन कंपनियों के सीईओ ने कहा कि चुनाव की शुचिता को बनाए रखने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें मतदान को लेकर सटीक सूचना देने के लिए समाचार संगठनों के साथ करार शामिल है। डोर्सी ने कहा कि ट्विटर चुनाव अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप नीत रिपब्लिकन पार्टी आरोप लगा रही है कि सोशल मीडिया मंच बिना सबूत, जानबूझकर रूढ़िवादी, धार्मिक और गर्भपात विरोधी विचारों को दबा रहे हैं और उनका यह व्यवहार ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद उम्मीदवार जो बाइडेन के चुनाव में चरम पर पहुंच गया है। वाणिज्य समिति के अध्यक्ष और रिपब्लिकन सीनेटर रोजर विकर ने सुनवाई शुरू करते हुए कहा कि ऑनलाइन अभिव्यक्ति के नियमन के लिए बने कानून को संशोधित करने की जरूरत है क्योंकि इंटरनेट के खुलेपन और स्वतंत्रता पर हमले हो रहे हैं। वहीं, डेमोक्रेटिक पार्टी की सोशल मीडिया से शिकायत घृणा भाषण, भ्रमित करने वाली व अन्य सूचनाओं को लेकर है, जो उनके मुताबिक हिंसा भड़का सकते हैं, लोगों को मतदान से दूर कर सकते हैं और कोरोना वायरस को लेकर गलत सूचना फैला सकते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया कंपनियों के सीईओ की आलोचना मंच पर उपलब्ध सामग्री की उचित निगरानी कर पाने में अक्षमता को लेकर की। डेमोक्रेट का आरोप है कि सोशल मीडिया घृणा अपराध में और व्हाइट हाउस (ट्रंप)के राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने में भूमिका निभा रहा है। बहस के बीच ट्रंप प्रशासन ने कांग्रेस से मांग की कि वह उन नियमों में बदलाव करे जिसके जरिए सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा पोस्ट की गई सामग्री के संबंध में प्रौद्योगिकी कंपनियों को कानूनी सुरक्षा मिलती है। प्रस्ताव 1996 में बने कानून में संशोधन का है जो इंटरनेट पर निर्बाध अभिव्यक्ति का आधार है।

दोनों पार्टियों के आलोचकों का कहना है कि इस कानून की धारा–230 सोशल मीडिया कंपनियों को निष्पक्ष सामग्री की जिम्मेदारी से मुक्त करती है। डोर्सी और पिचाई ने कानून में किसी भी बदलाव को लेकर सतर्कता बरतने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने पक्षपात करने के आरोपों को भी सिरे से खारिज कर दिया।

# इमरान खान दोषमुक्त करार



● पाकिस्तानी संसद पर 2014 में हुए हमले के मामले में

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** प्रधानमंत्री इमरान खान को बृहस्पतिवार को एक आतंकरोधी अदालत ने वर्ष 2014 में संसद पर हमले के मामले में दोषमुक्त करार दिया। हालांकि अदालत ने इस मामले में कई विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी समेत कई वरिष्ठ मंत्रियों को तलब किया है। मीडिया में प्रकाशित खबर में यह जानकारी सामने आई। द एक्सप्रेस ट्रब्यून की खबर में कहा गया कि हालांकि, आंतकरोधी अदालत के न्यायाधीश राजा जावेद अब्बास हसन ने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) और पाकिस्तान आवामी तहरीक (पीएटी) के कार्यकर्ताओं ने 31 अगस्त 2014 को संसद और प्रधानमंत्री आवास की ओर कूच किया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ हुई झड़प में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई थी और 26 अन्य घायल हो गए थे। पीटीआई अब देश की सत्ता पर काबिज है। पुलिस ने इमरान खान तथा पीटीआई के अन्य नेताओं के विरुद्ध आतंकवाद निरोधी धाराओं में मामला दर्ज किया था। डॉन अखबार में प्रकाशित एक खबर के अनुसार प्रधानमंत्री इमरान खान की दोषमुक्ति उनके द्वारा एक हफ्ते पहले अदालत से किए गए आग्रह के बाद सामने आई है। इमरान ने अभियोजन पक्ष द्वारा मामले को आगे नहीं बढ़ाए जाने में रुचि नहीं दिखाने का हवाला देते हुए उन्हें दोषमुक्त करने का अदालत से आग्रह किया था।

# प्रियंका चोपड़ा जोनास को मिली हॉलीवुड की फिल्म में भूमिका



प्रियंका चोपड़ा जोनास ग्रैमी विजेता अभिनेत्री सेलिन डियोन तथा अभिनेता सैम ह्यूगन के साथ उनकी रोमांटिक फिल्म 'टेक्स्ट फॉर यू' में भूमिका निभाएंगी।

प्रियंका ने उत्साहित होकर इस आशय की घोषणा का स्क्रीन शॉट संलग्न करते हुए अपने ट्वीट में लिखा, 'मैं जिम स्ट्राउज़, सैम ह्यूगन, सेलिन डियोन जैसे दिग्गजों के साथ फिल्म में काम करने को लेकर बहुत अधीर हूं।'

इसका निर्देशन और लेखन जिम स्ट्राउज़ ने किया है। ये जर्मन भाषा की फिल्म एसएमएस फर डिक, का ही अंग्रेजी रूपांतरण है जो सोफी क्रेमर के उपन्यास पर आधारित है। इसमें प्रियंका एक ऐसी महिला का चरित्र निभा रही हैं जिसका मंगेतर मर जाता है। अपने मृत मंगेतर के पुराने नंबर पर एसएमएस करते करते वो एक ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आ जाती है जो उसके जैसी परिस्थिति में होता है। सेलिन डियोन का संगीत उन दोनों के मिलने और एक नई आस लेकर आता है।

ह्यूगन को उनकी सीरीज़ आउटलैंडर, में अभिनेता और निर्माता के रूप में उनके कार्य के लिए जाना जाता है। उन्हें हाल ही में विन डीज़ल अभिनीत ब्लडशॉट, में देखा गया था। इसके अलावा कॉमेडी द स्पाई हू डंप्ड मी, में भी वो थे जिसमें उनके साथ मिला क्यूनिस, केट मैकिनन, जस्टिन थेरॉक्स तथा जिलियन एंडरसन भी थे। 'ऐसी टीम के साथ काम करने के लिए अधीर हूं', ह्यूगन ने इंस्टाग्राम पर लिखा।

प्रियंका को इसके बाद द व्हाइट टाइगर, में देखा जा सकेगा जो एक रूपांतरण फिल्म है। इसे उन्होंने ही निर्मित किया है। इसका निर्देशन रॉबर्ट रोड्रिग्स कर रहे हैं। इसके अलावा वो मिंडी केलिंग तथा डैन गूर के साथ मिलकर एक कॉमेडी विकसित कर रही हैं। वो रूसो ब्रदर्स की फिल्म सिटाडेल, तथा द मैट्रिक्स-4 में भी काम कर रही हैं।

# लेखक ने मिर्जापुर 2 के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** हिंदी अपराध उपन्यास लेखक सुरेंद्र मोहन पाठक ने अमेजन प्राइम वीडियो श्रृंखला मिर्जापुर दो के निर्माताओं के खिलाफ कानूनी कार्वाई करने की चेतावनी दी है। उन्होंने अपने उपन्यास धब्बा को बिल्कुल अश्लील तरीके से दिखाने के लिए यह चेतावनी दी है। लेखक ने 27 अक्टूबर को जारी पत्र में आरोप लगाया कि सीजन टू के तीसरे एपिसोड में अभिनेता कुलभूषण खरबंदा (श्रृंखला में सत्यानंद त्रिपाठी की भूमिका करने वाले) पाठक का उपन्यास धब्बा पढ़ रहे हैं, लेकिन वॉयस ओवर का उपन्यास में लिखी बातों



से कोई लेना -देना नहीं है। पाठक (81) ने ट्विटर पर साझा किए गए पत्र में दावा किया, श्रृंखला में चरित्र को धब्बा पढ़ते हुए जो दिखाया गया उसका मूल टेक्सट से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने लिखा, इसके विपरीत जो पढ़ा जा रहा है वह काफी अश्लील है, जबकि लेखक ऐसा लिखने के बारे में सोच भी नहीं सकता। लेकिन इस प्रक्रिया में दिखाया गया है कि इसे मेरे उपन्यास धब्बा से पढ़ा जा रहा है जो गलत चित्रण है। पाठक ने आरोप लगाए कि ऐसा गलत चित्रण मेरे पांच दशक से अधिक की छवि को खराब करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि लेखकों ने उन्हें फोन कर वादा किया है कि शो से वॉयस ओवर को हटा दिया जाएगा। इस बारे में टिप्पणी के लिए एक्सेल इंटरटेनमेंट के निर्माताओं से संपर्क नहीं हो सका।







# 'एक फिल्म का हिट होना काम मिलने की गारंटी नहीं होता'

**अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने पायनियर संवाददाता आयुषी शर्मा के साथ एक रोचक बातचीत में बताया कि वो वर्चुअल डेटिंग और आधुनिक संबंधों की अवधारणा से सहमत नहीं हैं। उनका विश्वास व्यक्तिगत रूप से मिलने और एक दूसरे को समझने की पारंपरिक सोच में अधिक है और उनकी आने वाली फिल्म 'सूरज पे मंगल भारी' में भी यही दिखाया गया है। उनसे बातचीत के अंश-**

दंगल फिल्म में गीता फोगट का चरित्र तो सभी को स्मरण होगा। ये चरित्र फातिमा सना शेख ने ही पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता से निभाया था और इसे सभी ने सराहा भी था। लेकिन परिस्थितियों को कुछ और ही स्वीकार था। उनके अभिनय की दर्शकों तथा कई अभिनेता और अभिनेत्रियों की सराहना पाने के पश्चात भी उन्हें अधिक भूमिकाएं नहीं मिलीं। फातिमा को भी समझ में आ गया कि किसी एक बड़े बैनर की फिल्म में काम करने मात्र से ही बॉलिवुड में आपका कॅरियर नहीं बन जाता। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानीं। रोल मिलने में समय लगा लेकिन उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा। उन्होंने केवल उन्हीं भूमिकाओं को लिया जो उनके अनुसार बड़े परदे पर के लिए उचित थे। ऐसा ही एक रोल है फिल्म 'सूरज पे मंगल भारी' में टीना का जो फातिमा ने ही निभाया है। इसमें उनके साथ मनोज बाजपेई और दिलजीत दोसांझ ने भी भूमिकाएं निभाई हैं। इसका निर्देशन किया है अभिषेक शर्मा ने। ये एक युवा सूरज (दिलजीत दोसांझ) की कहानी है जो अपने लिए जीवन साथी की तलाश में है। लेकिन भाग्य को कुछ और स्वीकार्य था क्योंकि उसकी योजनाओं में विघ्न डालने के लिए मंगल (मनोज बाजपेई)उपस्थित था। इस प्रकार दोनों एक रेस में पड़ जाते हैं। प्रस्तुत हैं उनके साथ बातचीत के अंश-

**भले ही दिलजीत (दोसांझ) लड़कियों के आसपास आरक्षित हैं, लेकिन आपको सहज महसूस कराने के लिए उनके पास यह विशेष गुण है। और मुझे लगता है कि ये आप सभी की जरूरत है...उनके इस गुण ने वास्तव में हम दोनों को उस रसायन विज्ञान को बनाने में मदद की**



**❐ इस फिल्म में आपका चरित्र आपकी अभिनय संबंधी अनुभवों को किस प्रकार से समृद्ध करता है?**

मैं इसमें महाराष्ट्र की एक मध्यवर्गीय लड़की का चरित्र कर रही हूं। वो एक घरेलू लड़की जैसी सीधी-सादी है। उसके जीवन में एक लड़के का प्रवेश होता है और वो अपने परिवार से इस बात को छिपाती है। उसका भाई एक वैवाहिक जासूस है और भावी वर की पृष्ठभूमि का पता लगाना ही उसका व्यवसाय है। लेकिन वो बहुत ही जटिल टाइप का व्यक्ति है। फिल्म की कहानी इन तीन पात्रों और उनके बीच के संबंधों के आसपास ही घूमती है। मेरे विचार से जब भी कोई ऐसा चरित्र होता है जिसके बारे में आपको तैयारी करनी होती है तो आपको उसके बारे में गहन जानकारी प्राप्त करनी ही पड़ती है। ये आदत आपको भविष्य में बहुत काम आती है। तो यहां मुझे महाराष्ट्र की लड़की का चरित्र निभाना था तो मुझे वहां की संस्कृति, उनकी बोली और उनकी जीवनशैली के बारे में सीखना था। हमारे पास एक सिखाने वाले थे जो हमें महाराष्ट्र की बोली और उनके शब्दों आदि के बारे में सिखाते थे।

**❐ ये फिल्म 1990 की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म के बारे में आपको कैसे ये विश्वास है कि दर्शक इसे आज 2020 में भी पसंद करेंगे?**

मेरा मानना है कि 90 का दशक उतनी पुरानी बात नहीं है। लोग आज भी उस समय से जुड़ाव रखते हैं। ये वो कालखंड है जो हमें बस कल जैसा लगता है लेकिन साथ ही ये प्राचीन इतिहास भी लगता है। सामान्यत: ऐसा होता है कि हम या तो आज के कोविड काल के बारे में बात करते हैं या फिर हम बहुत पुराने समय की बात करते हैं। लेकिन ये इस कालखंड के बीच की बात है। मेरा मानना है कि फिल्म बहुत ही दोनों ही युगों की मधुर याद लिए हुए है। इसमें 90 से पहले और बाद के जीवन को ही प्रस्तुत किया गया है। वैसे ये स्वच्छ पारिवारिक कॉमेडी कही जा सकती है।

**❐ ये फिल्म उस समय की बात करती है जब माता-पिता द्वारा तय किये जाने वाले विवाह की बात करती है आपके लिए इस परिदृश्य को सही ढंग से समझना कितना चुनौतीपूर्ण था?**

फिल्म केवल उस समय की बात ही नहीं करती। बल्कि इसमें संबंध और चरित्रों के बारे में भी बहुत कुछ है। ये बहुत सामयिक है। अत: मेरे लिए इसे समझना उतना भी कठिन नहीं था क्योंकि मैं ऐसे कई विवाहों का हिस्सा रह चुकी हूं। हर कोई अपने जीवन में ऐसे विवाह समारोहों में जाता रहता है। मैं वैसे विवाह संस्थान में विश्वास नहीं करती लेकिन शेष लोगों के लिए तो ये एक सत्य है ही। मेरे विचार से ये अवधारणा आज भी बहुत प्रासंगिक है और भविष्य में भी रहने वाली है।

**❐ आप आज के समय की हैं। आपके अनुसार आज आपको कितना परिवर्तन समझ में आता है?**

विश्व तेजगति से बदल रहा है और आगे भी बढ़ रहा है। इसमें आश्चर्य जैसी कोई बात नहीं है। वैसे भी बदलाव एक मिलेनियम का है। एक समय था जब इंटरनेट, मोबाइल फोन, और सोशल मीडिया नहीं हुआ करता था। लोगों को सबकुछ भौतिक रूप से ही करना होता था। फिल्म में भी यही दिखाने का प्रयास किया गया है। आज हमें कितना कुछ पता है। अब तो ऑनलाइन डेटिंग तक होने लगी है। इससे जोड़ों को मिलने में बहुत सुविधा हो गई है। मैंने वर्चुअल डेटिंग नहीं की है तो मुझे इस बारे में अधिक जानकारी नहीं है। मेरे लिए तो शारीरिक उपस्थिति आवश्यक है। मैं व्यक्तिगत रूप से मिलना पसंद करती हूं। वर्चुअल मीटिंग की अवधारणा के कारण अब वास्तविक, ठोस और स्वस्थ संबंधों को विकसित करने जैसा कुछ भी दिखाई नहीं देता। मैं वर्चुअल स्तर पर लोगों से जुड़ाव अनुभव ही नहीं कर पाती। मेरे लिए ये बहुत कठिन है। मैंने डेटिंग ऐप्स में प्रयास किया है लेकिन मुझे ये समझ में नहीं आते। मुझे पुराना ढंग ही अच्छा लगता है।

**❐ दिलजीत दोसांझ परदे के चरित्र से विपरीत बहुत अलग है। वो लड़कियों के सामने लजीला, कम बोलने वाला व्यक्ति है। परदे पर आप उससे प्यार करती हैं तो आपके लिए उसके साथ केमिस्ट्री विकसित करना कितना कठिन था?**

उनके साथ काम करना और उन्हें जानना अच्छा अनुभव था। मेरे लिए ये थोड़ा भी कठिन नहीं था। यदि वो लड़कियों के सामने लजीला है तो ये आपको केवल सहज करने के लिए करता होगा। और ये आवश्यक भी है। उसके इसी गुण के कारण हमारे बीच सहजता आना संभव हुआ। उनके साथ अच्छा समय बीता। मैं जब भी किसी बात को लेकर उससे मिली तो वो सदैव उपलब्ध होता था। वो अच्छा व्यक्ति है।

**❐ मनोज बाजपेई के साथ काम करना कैसा अनुभव था?**

मैं मनोज बाजपेई के काम की बड़ी प्रशंसक रही हूं। उनके साथ भी सबकुछ अच्छा रहा। उनके द्वारा फिल्मों में अब तक निभाए गए चरित्र स्मरणीय रहे हैं। मैं जब भी सेट पर जाती थी तो उनके विभिन्न चरित्रों के बारे में ढेर सारे प्रश्न पूछा करती थी। आप कई सकते हैं कि मैंने उन्हें परेशान करके रख दिया। जब मुझे इन अभिनेताओं के फिल्म में होने का पता चला तो मैं तो बस फिल्म में आना ही चाहती थी।

**❐ क्या आपको लगता है कि दंगल आपके लिए एक बड़ा ब्रेक था या फिर आपको इससे भी बड़ी फिल्म में भूमिका मिल सकती थी?**

मेरे साथ ऐसा भी हुआ है कि मुझे कई फिल्मो से बाहर कर दिया गया लेकिन ये सब चलता है। ये मुझे समझ आता है। लेकिन अब मेरे पास लूडो, सूरज पे मंगल भारी और एक लघु फिल्म भी हैं। ऐसे अनुभव भी हैं जो अच्छे नहीं कहे जा सकते। लेकिन ये तो हर काम में होता ही है। यदि आज आपकी फिल्म हिट होती है तो आपको झट से दूसरा काम मिल जाएगा ऐसा निश्चित नहीं होता। हर बात की एक प्रक्रिया होती है और मैं इस नियम का सम्मान करती हूं। मैं आज भी काम कर रही हूं यदि मेरे पास कोई काम ही नहीं होता तो बात कुछ और हो सकती थी। देखते हैं कि जीवन ने आपके लिए क्या लिख रखा है।

**(उनकी ये फिल्म 13 नवंबर दीपावली पर रिलीज़ होगी)**

# भारतवंशी उद्यमी को कनाडा-इंडिया बिजनेस काउंसिल करेगा सम्मानित

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारतीय-अमेरिकी** उद्यमी एवं परोपकार के कार्य से जुड़े एम आर रंगस्वामी को कनाडा-इंडिया बिजनेस काउंसिल सम्मानित करेगा। उन्हें इंडियास्पोरा की स्थापना करने और भारतीय प्रवासियों को वैश्विक तौर पर जोड़ने के लिए पहले ग्लोबल सर्विस अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि यह पुरस्कार डिजिटल माध्यम से बृहस्पतिवार को दिया जाएगा जो कनाडा-इंडिया बिजनेस काउंसिल के डिजिटल दिवाली पुरस्कार का हिस्सा है। ग्लोबल सर्विस अवॉर्ड इस साल पहली बार शुरू किया गया है। यह उन व्यक्तियों दिया जाएगा है जो उत्कृष्टता को प्रदर्शित करते हैं और जिनका दूसरों की भलाई के लिए असाधारण सेवा का रिकॉर्ड होता है। बयान में कहा गया है कि ग्लोबल सर्विस अवॉर्ड निस्वार्थता, समर्पण और कनाडा या भारत के लिए महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देता है।

इंडियास्पोरा के संस्थापक एवं उद्यमी तथा निवेशक रंगस्वामी ने कहा कि प्रतिष्ठित कनाडा-भारत बिजनेस काउंसिल से यह पुरस्कार स्वीकार करना एक सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, यह पुरस्कार हमें भारतीय प्रवासी को विश्व स्तर पर जोड़ने की हमारी यात्रा में गति प्रदान करेगा। हम कनाडा और भारतीय-कनाडाइयों को इस मिशन का अभिन्न अंग मानते हैं। कनाडा के टोरंटो में भारतीय महावाणिज्य दूत अपूर्व श्रीवास्तव ने कहा कि 16 लाख की आबादी वाला भारतीय समुदाय समृद्ध है, मेहनती है, शांतिपूर्ण है और कनाडा के विचारों से पूरी तरह से जुड़ा हुआ है।

# ब्रह्मराक्षस 2 में तांत्रिक के रोल के लिए गंजे हो गए मनीष खन्ना



**मुंबई।** बीते 27 वर्षों से ज्यादा समय से ज़ी टीवी ने अनेक सफ्ल शोज़ प्रस्तुत किए हैं और अपने अलग और असाधारण कार्यक्रमों के साथ दर्शकों का दिल जी त लिया है। अब यह चैनल अपने बेहद सफ्ल और रोमांचक शो ब्रह्मराक्षस के दूसरे सीजन के साथ दर्शकों को फैन्टसी के सफ्र पर ले जाने को तैयार है। बालाजी टेलीफिल्म्स के निर्माण में बने इस शो में पॉपुलर एक्ट्रेस निक्की शर्मा और पर्ल वीण् पुरी लीड रोल निभा रहे हैं। उनके साथ पॉपुलर टेलीविजन एक्टर मनीष खन्ना भी होंगे, जो अपने नए रोल में अपने काम और परफॉर्मेंस से एक बार फिर दर्शकों को लुभाने की तैयारी कर रहे हैं।

तांत्रिक का रोल निभाने जा रहे मनीष टेलीविजन इंडस्ट्री में एक जाने.पहचाने नाम हैं और उन्होंने अपने अलग.अलग शोज़ में कई तरह के पॉजिटिव और नेगेटिव किरदार निभाए हैं। इससे पहले वो कुमकुम भाग्य में दुष्यंत के नेगेटिव किरदार में नजर आ चुके हैं और अब एक बार फिर वो एक ग्रे किरदार निभाएंगे, जिसके लिए वो जोर.शोर से तैयारी कर रहे हैं। अपने किरदार की जरूरतों और मांग के हिसाब से मनीष ने अपने रोल में निखरने के लिए सपाट गंजा लुक अपनाया है। अपने रोल की तैयारियों के बारे में बताते हुए मनीष खन्ना ने कहा, मेरे किरदार का एक शैतानी रूप है और मुझे लगा कि यह मेरे हुलिये से झलकना चाहिए। दाढ़ी मूछों से लेकर अलग.अलग विग अपनाने तक हमने 15.20 तरह के लुक आजमाए। आखिर में हमने इस लुक को पूरी तरह गंजा रखने का फैसला किया और यह बहुत अच्छा बन पड़ा! असल में यह हुलिया हमारी सोच से ज्यादा भयानक था, जिससे यह किरदार बखूबी झलकता है।

मैं इस फैसले से पूरी तरह सहमत हूं क्योंकि मुझे लगता है कि लुक में कुछ भी नकली अपनाने से विश्वसनीयता नहीं आती। इसके अलावा मुझे लगता है कि इस तरह की नकली चीजें लगाने से मेरी परफॉर्मेंस में भी अड़चन आएगी और इस समय मैं इस लुक के साथ काफी आराम से शूटिंग कर रहा हूं।

# बिग बॉस में मराठी भाषा विरोधी टिप्पणी करने के लिए जान कुमार सानू ने मांगी माफी

**मुंबई।** रिएलटी शो बिग बॉस में मराठी भाषा को लेकर की गई अपनी कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए गायक जान कुमार सानू ने माफी मांग ली है।

गायक कुमार सानू के बेटे जान कुमार सानू ने हाल ही में शो के एक एपिसोड में साथी प्रतियोगी एवं अभिनेत्री निक्की तंबोली से कहा था कि वह मराठी में बात ना करें क्योंकि इससे उन्हें चिढ़ होती है। गायक ने यह भी कहा था कि तंबोली को उनसे हिंदी में बात करनी चाहिए। इसके बाद सोशल मीडिया पर एक धड़े ने जान कुमार सानू की टिप्पणियों को अपमानजनक और मराठी विरोधी बताया था। मामले के तूल पकड़ने के बाद बुधवार को गायक ने अपने बयान के लिए शो में माफी मांगी। जान कुमार सानू ने कहा, कुछ दिन पहले, मैंने अनजाने में मराठी लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई। मैं



इसके लिए दिल से माफी मांगता हूं। मेरा इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था। उन्होंने कहा, मैं बिग बॉस से भी माफी मांगता हूं,अगर मैंने आपको शर्मिंदा किया। मैं यह गलती दोबारा कभी नहीं दोहराऊंगा। टीवी चैनल कलर्स ने भी बुधवार को ट्विटर पर एक संक्षिप्त बयान में गायक की टिप्पणी के लिए माफी मांगी थी।

कोरोना वैक्सीन आने से पहले तैयार हो रहा खाका

# शासन ने मांगा मेडिकल स्टॉफ का ब्योरा

● तैयारियों में जुटा स्वास्थ्य विभाग

संवाददाता। सीतापुर



**कोविड-19** पर रोंक लगाने को लेकर तैयार की जा रही वैक्सीन कब आएगी, अभी यह भले ही स्पष्ट न हो, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने इस महामारी पर अंकुश पाने को लेकर अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। वैक्सीन आने के बाद सबसे पहले सरकारी व गैर सरकारी चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को लगेगी । इस संबंध में चिकित्सा-स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भी भेजा है। शासन से इस आशय के निर्देश मिलने के बाद विभाग इसकी तैयारियों में जुट गया है। स्वास्थ्य विभाग कोरोना वैक्सीन लगाने को लेकर सभी सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों के कर्मियों की सूची बनाना शुरू कर दिया है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीके सिंह ने बताया कि शासन और जिलाधिकारी से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार जनपद में कार्यरत समस्त मेडिकल, पैरा मेडिकल एवं नॉन मेडिकल स्टॉफ को सूचीबद्ध कर उनका पहचान पत्र लिया जा रहा है। इस सूची में नियमित कर्मचारियों के अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा और आउटसोर्सिंग के कर्मचारी भी शामिल हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य संगठनों को इस सूची से बाहर रखा गया है। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिकों की टीम वैक्सीन बनाने में लगी हुई है। अगले साल के शुरूआती महीनों में वैक्सीन आने की उम्मीद है जिसके लिए सबसे पहले उसे सरकारी व गैर सरकारी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफको लगाया जाना है। उन्होंने बताया कि इस सूची को 31 अक्टूबर तक सुरक्षित कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि संकलित की गयी समस्त सूचियों को कोविड वैक्सीनेसन बेनिफिशियरी मैनेजमेंट सिस्टम (सीवीबीएमएस) पर अपडेट किया जाएगा। वैक्सीन उपलब्ध हो जाने पर सूची के अनुसार टीकाकरण किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक को प्रदेश स्तर का नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि जिले स्तर पर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिले में जिलाधिकारी की देखरेख में ही मुख्य चिकित्साधिकारी की ओर से सभी सूचनाएं शासन को उपलब्ध कराने का काम किया जायेगा।

### जनपद में मिले 9 कोरोना पॉजिटिव




**सीएमओ** बंगला को कोरोना से छुटकारा नहीं मिल रहा है। गुरूवार को यहां 3 कोरोना संक्रमितों की पहचान की गई। इनके अलावा जिले में 9 अन्य मरीज मिले हैं। शहर के आनन्दनगर में 1 मरीज मिला है। खैराबाद में 2 और रामपुर मथुरा, गोंदलामऊ, लहरपुर, महोली में 1-1 मरीज की पहचान की गई है। अब सीतापुर में 4,208 पॉजिटिव केस हो गए हैं।

## मजदूरी मांगने गए व्यक्ति की हुई पिटाई

**मछरेहटा सीतापुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव मे मजदूरी मांगने गए व्यक्ति की पिटाई करने का मामला सामने आया है । जानकारी के अनुसार सरैया निवासी रविकांत पुत्र छोटेलाल ने थाने मे तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बीते बुधवार की शाम चार बजे वह मछरेहटा निवासी उमेश पुत्र राजेन्द्र के घर अपनी मजदूरी का पैसा मांगने गया था तो उसने घर से भगा दिया । थोड़ी देर के बाद उमेश अपनी मोटरसाइकिल पर अजय पुत्र बुद्धा को लेकर रविकांत के घर सरैया पहुंचा और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी । इसी बीच रविकांत की गर्भवती भाभी शालू पत्नी बबलू घर से बाहर आकर रविकांत को बचाने लगी। अजय और उमेश ने उसे भी धक्का देकर गिरा दिया जिससे शालू को काफी चोट आई और उसे अस्पताल मे भर्ती कराना पड़ा । प्रार्थी रविकांत की तहरीर पर आरोपी उमेश और अजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि विवेचना के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

# बदलते मौसम में बच्चों की देखभाल में न बरते लापरवाही

● इस मौसम मे सर्दी जुकाम, खांसी, एलर्जी की रहती है अधिक संभावना

● बच्चों के आहार मे शामिल करें पोषक तत्व शरीर की सफाई पर भी दें विशेष ध्यान

संवाददाता। सीतापुर



**बदलते** मौसम में थोड़ी सी लापरवाही परेशानी का कारण बन सकती है। खासकर नवजात शिशुओं से लेकर पांच साल तक के बच्चों की देखभाल मे विशेष सावधानियां बरतने की जरूरत है। मौजूदा समय दिन में गर्मी तो सुबह-शाम व रात में हल्की ठण्ड हो रही है। ऐसे मे बच्चों को सर्दी, खंसी, जुकाम, एलर्जी, की संभावना ज्यादा रहती है। सर्द मौसम में बच्चों का खन-पान कैसा होना चाहिए उनके भोजन मे क्या शातिल किया जाय। इम्युनिटी बढ़ाने के साथ षरीर की साफ-सफाई के अलावा और किन-किन बातों पर विषेश ध्यान दिए जाने की जरूरत है यह जानकारियां महिलाओं को घर बैठे पहुंचाने के लिए आई इण्डिया ने जिला चिकित्सालय के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नन्द नथानी, वरि. चिकित्सक डॉक्टर प्रदीप जैन व डाक्टर सुनील वैश्य से ने 'पायनियर' से कहा कि बच्चों को अपने ख्याल रखे व पोषक तत्व खाने में दिया करें, जिससे वह स्वास्थ्य रहे।

# कोरोना की दहशत में मलेरिया डेंगू भी अब बिगाड़ रहे सेहत



### आगे और भी बिगड़ेंगे हालात

**अभी** तो नवम्बर माह की शुरूआत भी नहीं हुई है। आने वाले 2-3 माह में डेंगू के चरम पर पहुंचने की प्रबल आशंका बनी हुई है। ऐसे में हालात कितने भयावह होंगे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कोरोना मरीजों की जांच से लेकर इलाज करने में स्वास्थ्य महकमे के जब हाथ-पाव फूलते रहे और एक के बाद एक 62 कोरोना मरीज दम तोड़ते रहे तो भला डेंगू मरीजों का समुचित इलाज कैसे हो पायेगा। ऐसे में खुद सावधानी बरतना कहीं डेंगू से बचने का उचित उपाय है क्योंकि हर ओर डेंगू का शोर सुनाई दे रहा है। फागिंग फिर भी नहीं हो रही है। बेहतर होगा कि आप ही मच्छर को पनपने न दें और मौत को आमंत्रण देने से बचें।

● सीतापुर में बढ़ रही मलेरिया मरीजों की तादाद, खैराबाद लहरपुर सेउता और संदना में डेंगू का आतंक

संवाददाता। सीतापुर

**जिले में** कोरोना की रफ्तार कुछ थमी तो दूसरी ओर डेंगू का कहर तेजी से बरपा। नगरों, कस्बों से लेकर गांवों तक में डेंगू की चपेट में आकर हजारों मरीज लखनऊ के प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर हो गये हैं। करीब एक माह के अन्तराल में नजर डालें तो दो सैकड़ा से अधिक मरीज जिला मुख्यालय से सटे नगर खैराबाद में पाए जा चुके हैं। लहरपुर, सेवता, सिधौली, संदना इलाके में तो डेंगू मरीजों की मौत के मामले भी सामने आ चुके हैं। हालांकि स्वास्थ्य महकमा डेंगू, मलेरिया मरीजों के समुचित इलाज की व्यवस्था का बखान कर रहा है। मगर यह शायद सिर्फ कागजों पर है। विभागीय अधिकारी तो यह मानने को भी तैयार नहीं हैं कि सीतापुर में डेंगू का प्रकोप है जबकि शहर के प्रतिष्ठित बाल रोग विषेशज्ञ डाक्टर सुनील वैश्य का यह कहना है कि उनके पास आने वाले 10 से 12 बुखार पीड़ितों में एक डेंगू व एक मलेरिया का मरीज निकल रहा है। डाक्टर वैश्य का तो यह तक कहना है कि इस साल डेंगू, मलेरिया के जितने मरीज आ रहे हैं इससे पहले जिले में ऐसी स्थिति नहीं पायी गयी।

सीतापुर के दौरे पर आई नोडल अफसर

# मनरेगा श्रमिकों से गौशाला तक पहुंचाए पराली : मिनिस्ती एस

● महोली में बैठक कर जानीं योजनाओं की रफ्तार

संवाददाता। सीतापुर



**बुधवार** को जिले की नोडल अफसर आयुक्त स्टांप मिनिस्ती एस जनपद दौरे पर आयी। तहसील सभागार महोली में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति, कोविड प्रोटोकाल, गड्ढा मुक्ति, धान खरीद एवं संक्रामक रोगों के नियंत्रण के सम्बंध में चलाये जा रहे अभियान की स्थिति की समीक्षा की। धान खरीद में लघु एवं सीमान्त किसानों को प्राथमिकता प्रदान किया जाये। इसके लिये उप कृषि निदेशक, जिला गन्ना अधिकारी, डिप्टी आर.एम.ओ. समन्वित प्रयास करके यह देखें कि अब तक पंजीकृत किसानों में कितने किसान लघु एवं सीमान्त श्रेणी के हैं, जिनके द्वारा धान विक्रय किया गया है। पाइलेट रूप से किसी एक ग्राम में पराली एकत्र करने के लिये मनरेगा योजना के श्रमिकों के माध्यम से एकत्र कराया जाये तथा गौशाला तक पहुंचाया जाये। पंचायत घर एवं सामुदायिक शौचालयों के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश दिये निर्माणाधीन 132 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निर्माण कार्य समयान्तर्गत पूर्ण करायें तथा उसकी गुणवत्ता की जांच भी करायें। किचेन गार्डेन को बनाये जाने की योजना की समीक्षा की। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया कि तहसीलवार निर्माण कार्यों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करायें। सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सामान विक्रय हेतु उचित स्थान उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज विधायक महोली शशांक त्रिवेदी ने कोरोना वायरस को रोकने के लिये जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

### नोडल अधिकारी ने रोड चौड़ीकरण कार्य का किया निरीक्षण

**नोडल अफसर** मिनिस्ती एस. ने गुरुवार को हरगांव महोली मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इसकी स्वीकृत लम्बाई 34 किमी है तथा कार्य की लागत 4835 लाख है। नोडल अधिकारी ने कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने योजना से संबंधित बोर्ड प्रदर्शित किये जाने एवं गुणवत्ता की नियमित जांच कराये जाने के निर्देश दिये।

### अचानक धान क्रय केंद्र की व्यवस्था देखने भी पहुंच गईं

**नोडल** अधिकारी ने महोली में खाद्य विभाग द्वारा संचालित धान क्रय केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी तथा कृषकों से वार्ता करके उनकी समस्याओं की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये किसानों को 72 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि नियमित रूप से सभी क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण करते रहें।

### बढ़ैया में नोडल अफसर ने लगाई खुली चौपाल

**नोडल** अफसर ने गुरुवार को महोली विकास खंड के ग्राम बढ़ैया में बैठक कर शासन से संचालित योजनाओं की धरातल पर क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि शासन की संचालित योजनाओं का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाये। नोडल अधिकारी ने ग्रामीणों को महिलाओं के सम्मान, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के विषय में जागरूक करते हुये कहा कि सभी को शौचालय का सभी को नियमित रूप से प्रयोग करना चाहिये। जिन लोगों ने अभी तक शौचालय नही बनवाया है वह अपने घर की महिलाओं के आत्मसम्मान की रक्षा के लिये अपने संसाधनों से ही शौचालय बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिये बच्चों के पुस्कालय के लिये पुस्तकें निःशुल्क दी जा सकती है। चौपाल के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, उपजिलाधिकारी मिश्रिख, क्षेत्राधिकारी, उप निदेशक कृषि, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी आदि ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में जानकारी दी।

## क्विक न्यूज

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**महोली सीतापुर।** कोतवाली महोली इलाके में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने दहेज के लालच में हत्या की आशंका जताते हुए पति व ससुरालीजनों पर आरोप लगाया है। दरअसल मामला इलाके के गांव सेमरावां का है। परिजनों के अनुसार जहां की निवासी 26 वर्षीया लक्ष्मी सिंह पत्नी भूपेन्द्र सिंह व दो बच्चों के साथ थाना मितौली में एक निजी मकान में रहती थी। बुधवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतका के पिता मुन्ना सिंह निवासी बेलगवां थाना इमलिया सुल्तानपुर के अनुसार ज बवह ससुर पप्पू सिंह की सूचना पर सेमरावां पहुंचा तो ससुराली जन आधी रात को ही अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे। इसके अलावा मृतका की पीठ, गले समेत पूरे शरीर पर चोट के निशान हैं। मामले में जब कोतवाली महोली अमरमणि त्रिपाठी से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि प्रार्थना पत्र मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### युवक का मिला शव

**रामकोट सीतापुर।** रामकोट थाना इलाके के बीहट गौड़ में गुरूवार सुबह घर में किसान भीखू का शव मृत अवस्था में पाया गया। किसान घर मे अकेला ही रहता था। परिवार में लड़का व लड़की कोई नही था। ग्रमीणों की माने भीखू की मौत करंट से हुई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### पकड़े गए शराब के आरोपी

**सीतापुर।** अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई करते हुए अलग-अलग थानों की पुलिस ने 80 लीटर कच्ची शराब के साथ आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाली पुलिस में 5 लीटर कच्ची शराब के साथ नर्सोही के फुद्दी, कोतवाली महोली पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब के साथ मुराउनटोला के बबलू, 10 लीटर कच्ची शराब के साथ थाना हरगांव पुलिस ने महमूदपुर के हरिश्चंद्र को, थाना तंबौर पुलिस ने 30 लीटर शराब के साथ आलमपुर के परमेश्वर, तुलापुरवा की कमलेश व मायावती को, थाना रेउसा पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ दीक्षितपुरवा के सतीश को व कोतवाली मिश्रित पुलिस ने 5 लीटर कच्ची शराब के साथ शिवथान निवासी प्रेम को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### 145 शिक्षकों को आवंटित हुए विद्यालय

**सीतापुर।** 15-नवनियुक्त शिक्षकों को विद्यालय आवंटित करने के लिए डायट पर काउंसलिंग हुई। 145 शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यालय आवंटित किए गए। डायट प्राचार्य मनोज कुमार अहिरवार ने बताया कि जल्द ही जिला बेसिक शिक्षक अधिकारी षिक्षकों की ज्वाइनिंग सुनिश्चित करेंगे।

### मालगाड़ी से कटकर युवक की मौत

**कमलापुर सीतापुर।** कमलापुर थाना क्षेत्र स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे अधेड़ की माल गाड़ी से कटकर मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।

## बंदी ने लगाई जेल में फांसी



**सीतापुर।** दहेज हत्या के मामले में जेल में बंद मछरेहटा के गांव रायपुर के सर्वेष ने फांसी लगाकर जान दे दी। जेल में हुई इस घटना से सनसनी फैल गई। नायब तहसीलदार कोतवाल टीपी सिंह के साथ जेल पहुंचे और पड़ताल की।

## बाइक सवार को बचाने में तालाब में गिरी कार

● पक्के तालाब के पास हुआ हादसा

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर



**कोतवाली** क्षेत्र लहरपुर की तहसील स्थित पक्के तालाब के पास बीती रात बाइक सवार को बचाते समय अनियंत्रित होकर कार पलटने से कार में बैठे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज सीएचसी लहरपुर में कराया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील कार्यालय लहरपुर के निकट पक्के तालाब के पास केसरीगंज की तरफ से आ रही कार मोटरसाइकिल सवार को बचाते समय पलट कर तालाब में गिर गई जिसमें सवार प्रधान पवन वर्मा पुत्र अनिरुद्ध वर्मा उम्र 33 वर्ष मानवेंद्र कुमार पुत्र चंद्रगुप्त वर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम न्यामूपुर थाना तालगांव गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है।

जनपद के विभिन्न थानों में हुई पीस कमेटी

# शांति से मनाएं त्यौहार: राजीव दीक्षित

संवाददाता। सीतापुर



**अपर पुलिस** अधीक्षक नार्थ राजीव दीक्षित ने साफ कर दिया है कि बारावफात का जूलूस किसी भी हाल में नहीं निकलेगा। बुधवार शाम कोतवाली में मरकजी कमेटी के साथ हुई बैठक में एएसपी ने कहा कोरोना की गाइड लाइन का उल्लघंन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में मरकजी कमेटी के सदर हाजी मुजीब अहमद, अनीश मिर्जा, आफ्ताब असांरी, कारी सलाउद्दीन, सरताज खान, इकबाल अहमद, मसूद आलम, अकील आदि मौजूद रहे। सीओ महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद ने दलबल के साथ सदरपुर थान क्षेत्र में मार्च किया। उन्होंने सदरपुर थानाध्यक्ष उमाकांत दीपक, एसआई सतेन्द्र कुमार, उमानाथ यादव, देवियापुर चौकी इंचार्ज अजित वर्मा, दीवान कमल किशोर, अरुण कुमार, ब्रजेश, विकास पटेल, अजय मनीष, उपेन्द्र सिंह, रमेश गुप्ता आदि को साथ लेकर भुड़कुड़ा, सेखपुर, बसुदहा, जहांगीराबाद सहित दर्जन भर गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान शांति पूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की गई।-शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पिसावां पुलिस ने क्षेत्र में पैदल मार्च किया। कुतुबनगर चौकी प्रभारी अरविंद कुमार कटियार ने फोर्स के साथ वजीर नगर, कुतुबनगर व निरहन गांव में भ्रमण करके बारावफात पर जुलूस न निकालने की हिदायत दी। अन्य थाना क्षेत्रों की पुलिस की ही तरह इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने क्षेत्र में मार्च निकाला। थाना प्रभारी विनय सिंह, एसआई दीनानाथ यादव, मनोज कुमार, सिपाही जयवीर, अंकित कुमार, वैशाली, अर्चना वास आदि ने बीबीपुर, शारदानगर आदि गांवों में भ्रमण किया। इस दौरान बारवफात का जुलूस न निकालने की चेतावनी दी गई।

1802 बनी 'पीआरवी ऑफ द डे'

# ...और बेटी को देख झूम उठा पूरा परिवार




● हरदोई में हुई सीतापुर पुलिस की वाहवाही

संवाददाता। सीतापुर

**घर में** मां बाप के डांटने के बाद गुस्से में बाहर निकली 10 वर्षीय बालिका को पुलिस ने परिजनों से मिलवाकर सराहनीय कार्य किया। पीआरवी 1802 को पिसावां थाना इलाके से बरगांवा चौराहे से एक सज्जन व्यक्ति द्वारा लावारिस बच्ची के मौजूद होने की सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बच्ची को अपनी सरंक्षा में लेकर घर का पता पूंछा गया। बालिका ने बताया कि वह अपनी मां के डांटने के बाद गुस्से में बाहर निकली और घर का रास्ता भूल गई। पुलिस ने बालिका के बताए पते शेखापुर थाना पिहानी जनपद हरदोई पहुंची जहां बालिका द्वारा परिजनों द्वारा पहचान के बाद अपनो से बिछड़ी बेटी को मिलवा दिया।

# जनता तक पहुंचायें योजनाओं का लाभ

## विकास की निर्माणाधीन परियोजनाएं गुणवत्ता के साथ तेजी लाते हुए समय से की जाएं पूरी:कमिश्नर



**लखीमपुर-खीरी।** नोडल अधिकारी/मंडलायुक्त रंजन कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाओं को धरातल पर पूरी पारदर्शिता के साथ उतारा जाए। पात्र व्यक्तियों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। जिले में विकास की निर्माणाधीन परियोजनाएं में गुणवत्ता के साथ तेजी लाते हुए ससमय पूरा किया जाए। जनपद में संचारी रोग, साफ-सफाई के कार्यों को सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर सम्पादित कराने के निर्देश दिये। एसपी विजय ढुल ने जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति एवं आगामी त्योहारों के संबंध में की गयी तैयारी के बारे में जानकारी दी। मंडलायुक्त ने विभिन्न बिंदुओं पर पुलिस अधीक्षक से जानकारी प्राप्त की। नोडल अधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिए कि जिले भर में अभियान चलाकर आयुष्मान कार्डों का वितरण किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आरसी अग्रवाल को निर्देश दिए कि दुर्घटना में होने वाली मृत्यु का डेट आडिट किया जाए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी एवं परिवहन विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए ब्लैक स्पॉट का चयन कर वहां संकेतक लगवाएं। उन्होंने प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में सभी पात्र कन्याओं का अनिवार्य रूप से पंजीकरण करवाकर उन्हें लाभान्वित कराया जाए। उन्होंने बंद पड़े राजकीय नलकूपों को क्रियाशील किये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। नगरीय निकायों में साफसफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के साथ ही समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।उन्होंने पंचायत भवनों को अतिशीघ्र ग्राम सचिवालय के रूप में विकसित किए जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जाति आय निवास सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का भी आवेदन वहीं से कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। गोआश्रय स्थलों में गोवंशों के रखरखाव की व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाया जाए। उन्होंने किसान सम्मान निधि के डाटा को शीघ्र ही दुरुस्त करा कर किसानों को लाभांवित किए जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कृषि, महिला कल्याण, समाज कल्याण, दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग, बेसिक शिक्षा, जल निगम, श्रम विभाग सहित विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कमिश्नर को निर्देशों के शत-प्रतिशत पालन के प्रति आश्वस्त किया। बैठक में सीडीओ अरविंद सिंह, डीएफओ दक्षिण समीर सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल, एडीएम अरुण कुमार सिंह, एएसपी अरुण कुमार सिंह, पीडी आरके चौधरी, डीडीओ अरविंद कुमार व डीएसडीओ राजेश कुमार सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सपाइयों ने भेजा राज्यपाल को ज्ञापन

**निघासन**-खीरी। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने निघासन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मझरा में बाघ द्वारा मारे गए ग्रामीणों के सम्बंध में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी द्वारा ज्ञापन लेने के लिए अधिकृत उपजिलाधिकारी पूजा यादव को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में एमएलसी शशांक यादव, जिलाध्यक्ष कयूम खान व लोकसभा के पूर्व प्रभारी चौधरी हिमांशु पटेल मौजूद रहे।

## हादसे में बाइक सवार की मौत

**निघासन-खीरी।** निघासन थाना क्षेत्र अंतर्गत निघासन-ढखेरवा स्टेट हाइवे पर हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। बाइक सवार की पहचान भीम पुत्र छोटे लाल निवासी टापरपुरवा के रूप में हुई थी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस और परिजनों को सूचना दे दी गई थी।

# जहरीली शराब पीने से युवक की मौत



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** तहसील गोला के विभिन्न थानों की पुलिस व कच्ची शराब का उत्पादन व बिक्री का गोरखधंधा में संलिप्तता के चलते समय-समय पर होने वाली असमय मौत का सिलसिला जारी है। पुलिस ने जहरीली शराब पीने से एक युवक की मौत होने पर उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।धार्मिक नगरी गोला गोकरननाथ के मोहल्ला कुम्हार टोला निवासी सूरज कुमार मिश्रा (27) के पुत्र रामजी मिश्रा की बुधवार की रात्रि में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतक के पिता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है जिसमें शराब पीने से मौत का हवाला दिया है। कच्ची व जहरीली शराब का धंधा नगर के मोहल्ला कुम्हार टोला व पश्चिमी दीक्षिताना में स्थित पासी समाज की आबादी में खुलमखुला जारी है।कुम्हार टोला में डा. बंगाली के मकान के पीछे व पश्चिमी दीक्षिताना में लालबहादुर शास्त्री इंटर कालेज के निकट हर समय पियक्कड़ों का आना जाना बना रहता है। इसके अलावा नगर सीमा बाहर के बदनाम ग्राम कोंधवा, बहेरा, भुसौरिया, जहानपुर, भवानीगंज आदि हैं। इन ग्रामों में सुबह से शाम पियक्कड़ों की भीड़भाड़ बनी रहती है। शाम होते ही भीड़ बढ़ जाती है। ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार पुलिस व आबकारी नहीं जानती है पर हफ्ता व माहवारी वसूली के चलते वह खामोश बनी रहती है। इसकी शिकायत भी जिम्मेदार प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से की जा चुकी है पर कार्रवाई शून्य है। सोशल मीडिया व समाचार पत्र भी समय-समय पर इस अवैध शराब के मामलों को उजागर किया करते हैं पर जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ता है। गोरखधंधा भी बदसूरत जारी है। इसी कड़ी में वन रेंज गोला के जंगल से निकली बड़ी नहर में कुछ अवशेष जल में जहर डालने की घटना में मछलियां तो मर गई पर उसी जल से कच्ची शराब भी बनती है। वह भी जहरीली होना स्वाभाविक है। कहीं यही शराब ने रामजी मिश्रा की जान तो नहीं ली यह एक बहुत बड़ा सवाल बना हुआ है पर खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा।

## विधायक ने क्रय केंद्र प्रभारियों को फटकारा



**मैगलगंज-खीरी।** धान खरीद में केंद्र प्रभारियों की हीला-हवाली के चलते रोज मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू आज मैगलगंज मंडी में धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान धान के चारों क्रय केंद्र बंद मिले देखकर कस्ता विधायक का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। मौके पर मौजूद केंद्र प्रभारी और मंडी के कर्मचारियों की जमकर क्लास लगाई। शासन के निर्देशों का पालन करने की हिदायत दी। मंडी में ही कुर्सी डालकर धान खरीद शुरू न होने तक बैठे रहे। मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह ने चारों क्रय केंद्रों पर तौल शुरू कराई। इस दौरान सैकड़ों किसानों ने कस्ता विधायक से धान खरीद में हो रही लापरवाही की शिकायतें कीं। कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने किसानों की समस्याओं को सुनने के बाद धान के एक.एक दाने की तौल कराने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि मैगलगंज मंडी में शासन के द्वारा चार क्रय केंद्र लगाए गए हैं। कुछ देर खरीद होने के बाद कोई न कोई बहाना लगा कर चारों क्रय केंद्र बंद कर दिये जाते हैं। किसान हफ्तों से मंडी में अपना धान बेंचने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं लेकिन सेंटर प्रभारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा। आज कस्ता विधायक के निरीक्षण के दौरान भी धान के चारों सेंटर बंद मिले तो विधायक जी ने भी प्रभारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाईं।

# एसपी की फटकार पर सुबूत जुटाने की जद्दोजहद

- दौदापुर में लाखों की चोरी का मामला
- पायनियर की खबर का लिया था एसपी ने संज्ञान



संवाददाता । बेहजम-खीरी

**थाना** नीमगांव की बेहजम पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव दौदापुर में बीते 5 दिन पूर्व किसान के घर हुई लूट के मामले में पायनियर अखबार ने 'चार दिन पूर्व हुई लूट का नहीं हुआ खुलासा' शीर्षक खबर प्रकाशित की थी। पुलिस अधीक्षक खीरी के द्वारा संज्ञान लेते हुए घटना का अनावरण में लगाई गई टीमों की कड़ी फटकार लगाते हुए घटना से संबंधित सुबूत जुटाने के लिए नीमगांव पुलिस सहित क्राइम ब्रांच के साथ फारेंसिक एक्सपर्ट टीम गांव पहुंचकर साक्ष्य जुटाने के लिए कई बिंदुओं पर बारीकी से जांच पड़ताल की।

बताते चलें कि नीमगांव थाना क्षेत्र के दौदापुर गांव में एक संपन्न किसान रामवीर सिंह के घर में शनिवार की रात में करीब दस लाख रुपए के जेवरात व एक लाख नगदी की लूटपाट लुटेरों के द्वारा की गई थी। वहीं पीड़ित रामवीर की लाइसेंसी बंदूक घर से लूट कर गांव के बाहर खेत में पताई के घर पर छोड़ कर फरार हो गए थे। नीमगांव पुलिस ने चोरी में रिपोर्ट दर्ज कर मामले के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कई टीमों का गठन किया गया था। स्थानीय पुलिस के द्वारा खेत से बरामद बक्से व बंदूक के साथ अन्य सामान उठाकर पीड़ित के घर में रखवा दिया था।

इस स्थिति में किस प्रकार से साक्ष्य मिटाने के बाद फारेंसिक टीम सफलता अर्जित कर पाएगी, यह समय बताएगा। पायनियर अखबार में प्रकाशित खबर को पुलिस अधीक्षक विजय ढुल ने संज्ञान लेते हुए टीमों के साथ नीमगांव पुलिस की कड़ी फटकार लगाते हुए घटना का जल्द से जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। जिस पर हरकत में आई पांचवें दिन नीमगांव पुलिस व क्राइम ब्रांच के साथ-साथ फारेंसिक टीम एक्सपर्ट मौके पर पहुंच कर खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस सूत्र बताते हैं कि इस घटना में पांचवें दिन क्षेत्र के कई संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। जिससे क्षेत्र के अपराधियों की जारी धरपकड़ से अपराधियों में खौफ व्याप्त है। वहीं पीड़ित परिवार घटना का खुलासा न होने से रात-रात जागकर भय से खौफ में रात गुजारने को मजबूर है।

# 80 वर्षीया मां के साथ बेटे ने किया दुष्कर्म

**मोहम्मदी**-खीरी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक पुत्र द्वारा अपनी सगी मां से बलात्कार करने की घटना प्रकाश में आई है। पुलिस में मुकदमा दर्ज कर वृद्धा को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के एक ग्राम में एक 80 वर्षीय विधवा वृद्धा अपने 40 वर्षीय पुत्र व पोती के साथ रहती थी। 27-28 अक्टूबर की रात उसका पुत्र शराब के नशे में घर आया। उस पर कामवासना हावी हो गई। पहले उसने अपनी पुत्री को अपना शिकार बनाना चाहा और अपनी पुत्री को दबोच लिया लेकिन जब वृद्धा ने अपनी 13-14 वर्षीय पोती की चीख चिल्लाहट सुनी तो वह उसे बचाने के लिए गई और अपने पुत्र से भिड़ गई। वृद्धा के भिड़ने से वृद्धा की पोती अपने पिता के चुंगल से छूट गई और शौचालय में जाकर छिप गई। अंदर से कुंडी बंद कर ली। लेकिन वासना के मद में अंधे हुए पुत्र ने अपनी मां को ही अपना शिकार बना डाला। घटना की खबर जब बृद्धा के दूसरे पोते को हुई जो कि नोएडा में नौकरी करता है। तब वह वहां से भागकर मोहम्मदी आया और कोतवाली में तहरीर दी। जिस पर पुलिस में धारा 376 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर वृद्धा को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा है। आरोपी की तलाश जारी है।

## क्विक न्यूज

### विवाहिता ने दर्ज कराई दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**संडीला(हरदोई)।** कम दहेज लाने के लिए ससुराल में उत्पीड़ित की जा रही एक महिला ने अपने पति समेत अन्य ससुरालीजन के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई। ग्राम मोरारनगर निवासी मन्जू देवी पुत्री राजेश ने एफआईआर दर्ज कराते हुए कहा कि उसका विवाह थाना औरास के अंतर्गत ग्राम कोथावां निवासी अरुण पुत्र फकीरे के साथ हुआ था। विवाह के अवसर पर उसके माता पिता ने उसे अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था परन्तु तमाम दहेज को प्राप्त करके भी उसके ससुरालीजन संतुष्ट नहीं हुए तथा मोटरसाइकिल, सोने की जंजीर तथा 50 हजार रुपए नकद लाकर देने की मांग की। जब यह मांग पूरी नहीं हुई तो ससुराल में उसका उत्पीड़न किया जाने लगा तथा विगत 6 मार्च को उसे मारपीटकर निकाल दिया गया। मन्जू के पिता ने उसके पति तथा उसके संबंधियों को समझाने का काफी प्रयास किया परन्तु उनपर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। विवश होकर पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर पर पति एवं अन्य 6 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करके पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष और एमए तृतीय में प्रवेश प्रारम्भ

**फतेहपुर।** डॉ0 भीमराव अम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के प्रमोशन शर्तों के अधीन बीए/बीएससी द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष तथा एमए तृतीय सेमेस्टर के प्रवेश 02 नवम्बर से प्रारम्भ हो रहे हैं। उक्त जानकारी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 अपर्णा मिश्रा ने दी। उन्होंने कहा कि प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रमोशन की शर्तों के अनुरूप होंगे। यदि कोई छात्रा विश्वविद्यालय द्वारा प्रमोट नहीं की जाती है तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा एवं प्रवेश शुल्क वापस कर दिया जायेगा। डॉ0 मिश्रा ने कहा कि छात्राएं वर्मा चौराहा स्थित ओरियन्टल बैंक ऑफकॉमर्स से प्रवेश फार्म लेकर महाविद्यालय में जमा करके यथाशीघ्र प्रवेश ले लें।

### मोमबत्ती जलाकर व केक काटकर मनायेंगे लौह पुरूष की जयन्ती

**फतेहपुर।** पटेल सेवा संस्थान के अध्यक्ष लाल देवेंद्र पटेल, महामंत्री पुनीत वीर विक्रम, उपाध्यक्ष सत्येंद्र पटेल प्रखर ने बताया कि अखंड भारत के निर्माता सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती की पूर्व संध्या पर कल पटेल प्रतिमा पटेल नगर चौराहा में सायं 6 बजे 565 मोमबत्ती प्रज्वलित कर प्रतिमा के चबूतरे में लगाई जाएंगी। साथ ही रात्रि 9 बजे से 12 बजे तक विभिन्न विषयों पर विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। वही रात्रि 12 बजे केक काटकर धूम धाम से जन्म दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने कहा 31 अक्टूबर को सेवा संस्थान में प्रातः 9 बजे से कार्यक्रम शुरु होंगे। इसमें सबसे पहले पटेल नगर में सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण जाएगा। 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मेधावी छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद सरदार पटेल के जीवन पर पर चर्चा होगी। इस दौरान बताया कि कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा पालन किया जाएगा। वहीं मास्क, सैनिटाइजर का इस्तेमाल करके ही लोग कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर संजीव पटेल, राजेंद्र पटेल, बृजेश पटेल, संगीता सचान आदि मौजूद रही।

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**बरेली।** पति के उत्पीड़न से परेशान होकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी मौत के बाद मायके वालों ने पति पर उसको जहर देने का आरोप लगाया। पुलिस ने जांच शुरू करते हुए लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला मढ़ीनाथ निवासी 40 वर्षीय राजेश्वरी देवी पत्नी लोकपाल सिंह की बीती रात घर में ही जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। सुभाषनगर थाना क्षेत्र में बदायूं रोड स्थित बीडीए कॉलोनी निवासी मृतका के भाई राजू सिंह ने आरोप लगाया कि लोकपाल सिंह राजेश्वरी को प्रताड़ित करता था। वह अक्सर मारपीट करता था। जिसके चलते राजेश्वरी परेशान रहती थी। राजू ने आरोप लगाया कि लोकपाल ने कल उसकी पिटाई के बाद जहरीला पदार्थ दे दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका सात बच्चों की मां थी।

### दो मोटरसाइकिल टकराई,युवक की की मौत

**बरेली।** दो मोटर साइकिलों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर टक्कर मारने वाली बाइक के फरार चालक की तलाश शुरू कर दी।कुलड़िया थाना क्षेत्र के गांव नकटपुर निवासी 32 वर्षीय मनोज पुत्र ओमपाल की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के घरवालों ने बताया कि मनोज कुमार 26 अक्टूबर को नवाबगंज स्थित अपनी ननिहाल जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन नवाबगंज पहुंचने से पहले ही रास्ते में सामने से आ रही एक दूसरी मोटरसाइकिल ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने वाली बाइक को रोकने की कोशिश की। तब उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मनोज को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर उसके पास मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना उसके घरवालों को दे दी। जो अस्पताल पहुंच गए। बीती रात मनोज ने दम तोड़ दिया।

# डीएम के हाथों सम्मानित हुए रक्तदाता और स्वैच्छिक संस्थाएं

संवाददाता। फतेहपुर

**राष्ट्रीय स्वैच्छिक** रक्तदान दिवस-01 अक्टूबर के अवसर पर जिला चिकित्सालय में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदाताओं एवं स्वैच्छिक संस्थाओं का सम्मान समारोह विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी संजीव सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। पुलिस विभाग, कन्या फाउंडेशन संस्था, अमर उजाला फाउंडेशन, बैंक आफ बड़ौदा, सर्व फॉर हयूमैनिटी फाउंडेशन आदि रक्तदान करने वाली संस्थाओं एवं रक्तदाताओं को जिलाधिकारी द्वारा शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही है क्योकि रक्तदान से दुर्घटना में घायल व्यक्ति/गर्भवती महिलाओं की जान रक्तदान करके बचायी जा सकती है। 18 वर्ष से 60 वर्ष की आयु का कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। रक्तदान से नई ऊर्जा मिलती और लोगो की जान बचती है। बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार व आयरन की गोली, पत्तीदार सब्जियों को खाने के लिये जागरूक किया जाय।

मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि रक्तदान से शरीर में रक्त की कमी नही होती है क्योकि तीन माह के अन्दर रक्त नष्ट होकर नया रक्त बन जाता है। ब्लड बैंक में रक्तदान होगा तो अनेक व्यक्तियों का जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक कर जोड़ा जाय। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि रक्तदान करने वाले व्यक्ति के शरीर में कमजोरी नही आती और बीमारियों के सम्बन्ध में जानकारी होती है। गर्भवती महिलाओं को रक्तदान देने से दो जाने बचती है। रक्तदान महापुण्य का काम है इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर, एसीएमओ सहित संस्था एवं भूतपूर्व सैनिक आदि उपस्थित रहें।

# डीएम की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबधं समिति की बैठक सम्पन्न



संवाददाता। फतेहपुर

**विकास भवन** सभागार में जिलाधिकारी संजीव सिंह की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबधं समिति (जवाहर नवोदय विद्यालय सरकंडी) की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने प्रचार्य से कहा कि सौर ऊर्जा, पेय जल, भूमि सुधार के लिये आज ही पत्र बनाकर दें और विद्यालय में उगी जंगली घास को मनरेगा से कटवाकर वृक्षारोपण कराया जाय। अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिये कि विद्यालय के विद्युत बिल का परीक्षण कराकर उचित बिल दिया जाय जिससे भुगतान हो सकें। उन्होने कहा कि विद्यालय खुलने के उपरान्त छात्र/छात्राओं का कोविड-19 की जांच स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कराया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, प्रचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय सरकंडी सहित सदस्य आदि उपस्थित रहें।

## चार पहिया वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुर के समीप गुरूवार की दोपहर चार पहिया वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 70 वर्षीय एक वृद्ध गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र के लाडलेपुर गांव निवासी स्व0 ठाकुरदीन का पुत्र शंकरलाल आज दोपहर अपने रिश्तेदारी में हथगाम थाने के अन्तर्गत जा रहा था। बताते हैं कि वाहन से उतरने के बाद वह पैदल जैसे ही सड़क पार करने लगा इसी बीच विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रही चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर सरकारी एम्बुलेन्स ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान इमरजेन्सी में ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# लव जिहाद और कटट्रपंथी विचार धारा को लेकर विशेष कानून बनाने की मांग

**बरेली ।** परशुराम सेना लव जिहाद कटट्रपंथी विचार धारा पर विशेष कानून बनाने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित जिला अधिकारी को प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता के नेतृत्व में ज्ञापन दिया अर्जुन गुप्ता ने बताया भारत में कटट्रपंथी विचार धारा , लव - जिहाद व धर्म परिर्वतन जैसी घटनायें हत्याओं को बढ़ावा दे रही है । हालिया में हुये आर्दश नगर दिल्ली में भक्ति साउण्ड छेड़खानी का विरोध करते हुये सुशील कुमार को चाकू से गोदकर हत्या कर दी एवं बल्लवगण , हरियाणा में लव - जिहाद व धर्म परिर्वतन के लिये तैयार न होने पर निकता को गोली मार कर सामूहिक हत्या दी गयी । यह सभी घटनायें दर्शाती हैं कि कटट्रपंथी विचारधारा इस देश में किस प्रकार से हावी हो रही है । कटट्पंथी विचारधारा रखने वालों की सोचं यह है कि वह हिंदु बनकर हमारी हिंदु बहन बेटियों को धर्म परिर्वतन के लिये बरगलाते हैं और ऐसा न करने पर उनकी हत्या की दी जाती है । ऐसी विचारधारा पाकिस्तान में रह रहे हिन्दु पर धर्मपरिवर्तन के लिए हो रहे अत्याचार पर इंगित करता है । इन सभी घटनाओं को रोकने के लिये सरकार को कड़े कानून बनाने होगें , जिसके लिये परशुराम सेना मांग करती है सम्पूर्ण भारत देश में फांस व साउदी अरब जैसे कड़े कानून बनाये जायें , जिससे इस तरह की कटट्रपंथी जैसी विचारधारा पर रोक लगाई जा सके । जिस प्रकार फांस व साउदी अरब में जबरन धर्म परिवर्तन करवाने व कटट्रपंथी विचारधारा रखने पर कड़े कानून व सख्त सजा का प्रावधान है , उसी प्रकार भारत में भी कड़े कानून व सख्त ध् माकूल सजा जैसे कानून तुरत प्रस्तावित किये जायें और उन्हें तुरंत अमल में लाया जायें । देश में उक्त घटनाओं जैसे ( दूसरे धर्म की वैशभूसा धारण कर बच्चियों को जबरन बर्गलाने व जबरन धर्म परिर्वतन कराने व उन्हें बाद में छोड़ देना ) ऐसे व्यतिक्यों के लिये एक कमेटी गठित की जाये और उन्हें फास्ट ट्रेक कोर्ट के तहत उन पर कड़ी कार्यवाही की जाये और ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया जाना चाहिए , ताकि वों भविष्य में ऐसा कोई कदम न उठायें । भारत में चल रहे ऐसे संगठनों पर रोक लगाई जाये जो कि जिहादियों और कटट्रपंथी को बढ़ावा देते हैं , उन पर तत्काल रूप से प्रतिबंध लगाया जाये । ऐसे संगठनों को मिल रहे दान ( देश व विदेश ) की तुरंत जाँच कराई जायें जिससे यह सरकार को पता लग सके कि किस व्यक्ति के द्वारा यह किस कार्य हेतु दिया गया है और इसका प्रयोग कहाँ हो रहा है ज्ञापन के दौरान प्रदेश प्रमुख महिला मोर्चा माला गुप्ता , जिला प्रमुख महिला मोर्चा रेशमा कश्यप , आकाश चौहान , विशाल गुप्ता , प्रदीप गुप्ता , सुरेश कुमार , सतेन्द्र मौर्य , पप्पू सागर , अनिता , शिव ओम , कमल गुप्ता , आदि लोग मौजूद रहे ।

# ईद ए मीलादुन्नबी पर नहीं निकलेगा जुलूस ए मोहम्मदी



परचमे मोहम्मदी की बैठक में मौजूद उलेमा

**संडीला( हरदोई )।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस ईद ए मीलादुन्नबी के अवसर पर निकाला जाने वाला भव्य जुलूस इस बार कोविड-19 के कारण नहीं निकाला जाएगा। लोग घरों पर ही इस त्यौहार को मनाएंगे। जुलूस ए मोहम्मदी कमेटी की बैठक में डॉ0 जुबैर अहमद ने कहा कि पै0 हजरत मोहम्मद साहब सारे आलम के लिए रहमत बनाकर भेजे गए है। उनका जन्मदिन मनाने का सबसे बेहतर तरीका उनकी शिक्षाओं पर अमल करना है। उनकी शिक्षाएं है कि हम कोई ऐसा काम ना करें जिससे दूसरों को परेशानी हो। बैठक में मौजूद शहर काज़ी सैयद आरिफ अब्दुल्ला, मौलाना मेंहदी हसन, फरीदउद्दीन अहमद आदि ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि इस बार जुलूस ए मोहम्मदी नहीं निकाला जाएगा। लोग घरों पर ही रहकर इस त्यौहार को मनांए। दूसरी ओर जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर शांति कमेटी की बैठक पुलिस चौकी नगर पर आयोजित की गयी। जिसमें तहसीलदार अम्बिका चौधरी, कोतवाल सूर्यप्रकाश शुक्ला, चौकी इंचार्च तथा नगर के प्रतिष्ठित लोग मौजूद थे। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी लोग ईद ए मीलादुन्नबी को शांतिपूर्ण ढंग से अपने घरों पर ही मनाएंगें तथा किसी प्रकार का कोई जुलूस इत्यादि नहीं निकाला जाएगा।

# मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट के कई अनुभागों का किया निरीक्षण

संवाददाता। कानपुर देहात



कमिश्नर डा0 राजशेखर डीएम कार्यालय का निरीक्षण करते हुये

**कानपुर** मण्डल के मण्डलायुक्त डा0 राज शेखर ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया। निरीक्षण से पूर्व उन्होंने सलामी ली तथा संयुक्त कार्यालय, खनन कार्यालय, अभिलेखागार विभाग, शस्त्र अनुभाग का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इस मौके पर अपर आयुक्त राजाराम, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लाल, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजीव राज, एसडीएम सदर आनन्द कुमार सिंह की उपस्थिति में अभिलेखागार में रखे अभिलेखों के बस्ते खुलवा कर देखे तथा अभिलेखों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

वहीं रसूलाबाद तहसील क्षेत्र में अग्निकांड से पूर्व में अभिलेख नष्ट हुए थे उसका लेखा-जोखा रखने एवं परीक्षण करने अभिलेखागार में जो अभिलेख (ब्लीड) नष्ट कराई गई है उसका टीम द्वारा परीक्षण कर कागजों को नष्ट कराने के साथ-साथ प्रॉपर लिखा पढ़ी रखने के निर्देश दिए। इसी कड़ी में संयुक्त कार्यालय में पहुंच मंडलायुक्त ने उपस्थिति रजिस्टर को देखा शस्त्र अनुभाग में पहुंचे शस्त्र दुकान की बिक्री व्यवस्था विवरण कार्यालय मे न मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारतूस खरीदकर नष्ट किये के विवरण का भी व्यवस्थित पत्र व्यवहार हो। इसके पश्चात शस्त्रों के नवीनीकरण के बारे में जानकारी ली तो शस्त्र लिपिक ने बताया कि तहसील स्तर से नवीनीकरण किए जाते हैं जब रिवाल्वर आदि के नवीनीकरण का मुख्यालय स्तर से किए जाने की बात कहीं। इसी कड़ी में अनुभाग में रखे अभिलेखो मे नवीनीकरण के सम्बन्धी जानकारी दर्ज इसका विवरण कितने लाईसेंस नवीनीकरण से छूटे है विवरण नही मिला। वहीं वेतन लिपिक पटल पर जीपीएस पत्रावली को देखा और इस मामले में गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। इसी कड़ी में खनन विभाग में खनन के कितने प्रकरण है और कितने संचालित हैं और उनकी क्या प्रतिक्रिया है इसके बारे में विस्तृत जानकारी ली यही नहीं जुर्माना सम्बन्धी आरसी के रजिस्टर का रखरखाव ठीक न होने के मामले में मण्डलायुक्त ने नाराजगी प्रकट की खनन निरीक्षक को इस मामले में निर्देश दिए। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी वीएन पाण्डेय आदि अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मण्डलायुक्त को डीएम ने गौ स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**कानपुर देहात।** कानपुर मण्डल के मण्डलायुक्त डा0 राज शेखर को जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने गौ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसी कडी में मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी की प्रशंसा की और कलेक्ट्रेट परिसर व कलेक्ट्रेट बिल्डिंग की सुसज्जित व्यवस्था को देख मीडिया के सम्मुख प्रेसवार्ता के दौरान सराहना की। वहीं मण्डलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान भी कोई विशेष कमियां न मिलने की बात कही वहीं जो कमियां मिली है उन्हें तीन माह में पूर्ण करने की बात कही। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लाल, जिला सूचना अधिकारी वीएन पाण्डेय, सभी एसडीएम आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अनुदानित कृषि यंत्रों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**कानपुर देहात।** कानपुर मण्डल के मण्डलायुक्त डा0 राज शेखर ने कलेक्ट्रेट के समीप ईको पार्क में अनुदानित कृषि यंत्रों को हरी झंडी दिखाकर उनके स्वामियों के घर के लिए रवाना किया। इस मौके पर अपर आयुक्त राजाराम, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लाल, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजीव राज, एसडीएम सदर आनन्द कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। किसानों ने कृषि यंत्र की खरीद को लेकर प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। वही मण्डलायुक्त ने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि कृषि यन्त्रों का व्यापक प्रचार प्रसार कराये तथा किसानों को कृषि यंत्र उपलब्ध कराये। उन्होंने कृषकों से अपील की है कि फसल अवशेष को जलाये नहीं कृषि यंत्रों के माध्यम से फसल अवशेष को नष्ट करें। फसल अवशेष जलाने से वातावरण दूषित होता है। शासन द्वारा अनुदानित कृषि यंत्रों के मिलने से जहां पराली मामले में काफी राहत मिल सकेगी वहीं किसानों को उन्नत सील खेती में लाभ होगा। इस मौके पर उप निदेशक कृषि विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी सुमित पटेल, जिला सूचना अधिकारी वीएन पाण्डेय सहित अन्य अधिकारीगण, कृषक भाई आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### श्रमिक कराएं पंजीयन

**कानपुर देहात।** उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत निर्माण श्रमिको के पंजीयन एवं अंशदान (नवीनीकरण) हेतु दिनांक 09.10.2020 से 30.11.2020 की अवधि तक कोई शुल्क देय नहीं होगा। पंजीयन एवं नवीनीकरण हेतु उक्त छूट मात्र एक वर्ष के लिये ही प्रभावी होगी अर्थात उक्त निःशुल्क पंजीयन/अंशदान (नवीनीकरण) मात्र आगामी एक वर्ष के लिये ही कराया जा सकेगा। उपरोक्त जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनीत त्रिपाठी ने देते हुए बताया कि सभी निर्माण श्रमिक जो 18 से 60 वर्ष की आयु के मध्य के है वे अपने आधार कार्ड, बैंक पास बुक की छाया प्रति एवं मोबाइल नं0 के साथ अपने निकटस्थ जन सुविधा केन्द्र (सी0एस0सी0) से स्वः प्रमाणन के आधार पर पंजीयन कराना सुनिश्चित करें।

### सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

**चकरनगर।** चकरनगर थाना के गांव फूटाताल निवासी एक युवक अपनी बाइक से मंगलवार देर शाम करीब नौ बजे चकरनगर कस्बा से अपने घर वापस जा रहा था। इसी दौरान उदी सड़क मार्ग पर अनियंत्रित बाइक सांकेतिक बोर्ड से टकरा गई। जिसमें उक्त युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसने सैफई अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दी। अमर सिंह का करीब 26 वर्षीय पुत्र सचिन अपनी बाइक से मंगलवार देर शाम करीब नौ बजे चकरनगर कस्बा से कुछ सामान लेकर उदी मार्ग से अपने घर वापस जा रहा था। इसी दौरान नीमाडाढ़ की घूम पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क मार्ग किनारे लगे सांकेतिक बोर्ड से टकरा गई। जिसमें उक्त युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उक्त घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए घायल को सैफई अस्पताल रेफर कर दिया। यहां घायल ने उपचार के चलते घटना के दूसरे दिन दम तोड़ दिया।

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एक नवम्बर को होगा

**जसवंतनगर।** राम लीला महोत्सव इस वर्ष भले ही कोरोना की वजह से नही हो सकाए मगर हर वर्ष आयोजित होने वाला अखिल भारतीय कवि सम्मेलन रामलीला समिति जसवंतनगर इस वर्ष भी आगामी एक नवंबर को आयोजित करवाएगी। यह जानकारी समिति के प्रबंधक राजीव बबलू गुप्ता और संयोजक ठाण्ठाकुर अजेंद्र सिंह गौर ने आज देते हुए बताया है यह कवि सम्मेलन कोविड प्रोटोकॉल के नियमों के पालन के साथ एक नवंबरए रविवार को सांय 4 बजे से श्री कृष्ण उत्सव महल पुरानी सेंट्रल बैंक स्थल में आयोजित होगा। प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि होंगे। कवि सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त गीतकार डॉ विष्णु सक्सेनाए कवियत्री शबीना अदीब के अलावा ओज के हस्ताक्षर अब्दुल गफ्फार जयपुर सेए गौरी मिश्रा नैनीताल सेए हेमन्त पांडेय कानपुर से और कवयित्री सुल्तान जहां बरेली से पधारकर काव्य पाठ करेंगी। अन्य नामचीन कवियों से भी स्वीकृति ली जा रही है।

### क्रय केंद्र से किसान को टरकाया, एसडीएम से की शिकायत

**जसवंतनगर।** धान क्रय केंद्रों पर प्रभारियों के नखरों से किसान परेशान हैं। किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर अपना धान बेचने के लिए बहुत पापड़ बेलने पड़ रहे हैं। जागरूक किसान रोजाना अफसरों को क्रय केंद्र प्रभारियों के नखरों से अवगत करा रहे हैं। मंडी समिति में स्थित सरकारी क्रय केंद्र में धान न लिए जाने पर एक किसान को एसडीएम तक से शिकायत करनी पड़ी। जसवंतनगर क्षेत्र के ग्राम राजपुर तमेरी निवासी किसान विजय नारायण पुत्र विशुन सिंह ने बताया कि वह मंडी गेट पर प्रथम क्रय केंद्र पर पहुंचे। क्रय केंद्र प्रभारी उमा शंकर शाहू ने धान किस्म 64प44 मौटा धान होने की कहकर तौल करने से मना कर दिया। छिलका अधिक निकलेगा रिजेक्ट कर दिया गया। किसान धान लेकर बाजार में बेचने गया तो किसान को फसल उगाने की लागत भी बसूल नही हुई। ये महज एक किसान की आपबीती है। यही हाल लगभग सभी क्रय केंद्रों का है। यही कारण है कि धान खरीद की रफ्तार तेजी नहीं पकड़ पा रही है। इस मामले में उपजिलाधिकारी ज्योत्स्ना बंधू ने जांच किये जाने व दोषियों पर कार्यवाही का भरोसा जताया है।

### शार्ट सर्किट से छप्पर में आग लगी, दो मवेशी मरे

**शमसाबाद फर्रुखाबाद।** शार्ट सर्किट से छप्पर में आग लग गई। जिससे उसमें रखा घरेलू सामान जल गया। आग में जलकर दो मवेशी मर गए और दो झुलस गए। ग्रामीणों ने उपकेंद्र पर सूचना देकर बिजली बंद कराई और पानी डालकर आग बुझाई। गांव पहाड़पुर बैरागर निवासी लटूरीलाल शाक्य के छप्पर के ऊपर से बिजली के केबल निकली है। गुरुवार दोपहर केबल में शार्ट सर्किट हो गया। उससे निकली चिगारी छप्पर पर गिरने से आग लग गई। लपटें देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शमसाबाद विद्युत उपकेंद्र पर सूचना देकर बिजली बंद कराई। चीख.पुकार पर पहुंचे ग्रामीणों ने मवेशियों को बचाने का प्रयास कियाए लेकिन कामयाब नहीं हुए। दो मवेशियों को जैसे बाहर निकाल पाएए वह भी झुलस गए थे। पानी डालकर किसी तरह आग बुझाई। तब तक दो मवेशियों की जलकर मौत हो चुकी थी। आग लगने से झोपड़ी में रखा भूसाए साइकिल व अन्य घरेलू सामान भी जल गया।

### भाइयों में चली गोली, एक की मौत

**सैफई।** सैफई थाना क्षेत्र के गांव लरखौर में पारिवारिक जमीनी विवाद में गोली चलने से एक 30 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हुई दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे पीजीआई सैफई में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार लरखौर गांव के रमाकांत दुबे ओर उमाकांत दुबे दो सगे भाई हैं जिनमें जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चला आ रहा है। आशू दुबे व अतुल दुबे पुत्र पुत्रगण रमाकांत दुबे यह लोग इटावा में रहते थे और गांव में अपनी चार पहिया गाड़ी से मां के साथ खेतों पर आए थे कि इसी बीच उमाकांत दुबे के पुत्र अनुराग दुबे ने गोली चला दी जिससे आशु दुबे की मौके पर ही मौत हो गई और आशु का छोटा भाई अतुल दुबे गोली लगने से घायल हो गया जो खुद घायलावस्था में मोटरसाइकिल चलाकर मेडिकल यूनिवर्सिटी सैफई में इलाज के लिए पहुंचा। इस गोलीकांड में ही मृतक की मां 55 वर्षीय मिथिलेश कुमारी भी घायल हुई है। उन्होंने बताया कि सुबह उमाकांत के लड़कों द्वारा शाम को घर पर बुलाया गया था जब हम लोग आए तो खेत पर पहुंचने के लिए बोला जिस पर हम लोग खेत पर पहुंच गए थे। हम लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही अनुराग दुबे ने तमंचे से दोनों पुत्रों को गोली मार दी। इस दौरान एक गोली उनके हाथ मेरे हाथ में भी लगी है। जानकारी के मुताबिक मृतक आशु दुबे की शादी लगभग 10 साल पहले मैनपुरी जनपद के करहल क्षेत्र से हुई थी। मृतक आशु का 6 वर्षीय पुत्र आभार और पत्नी हेमा सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### मां का अंतिम संस्कार करने जा रहे वृद्ध की ट्रैक्टर से गिरकर मौत

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** परिवार के साथ मां का अंतिम संस्कार करने जा रहा वृद्ध ट्रैक्टर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत खराब होने पर कानपुर ले जाने के दौरान रास्ते में उनकी दर्दनाक मौत हो गई। कमालगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी 60 वर्षीय रामऔतार 90 वर्षीय मां रामवती का अंतिम संस्कार करने बुधवार को चाचूपुर घाट पर ट्रैक्टर से जा रहे थे। रास्ते में वह पेड़ की टहनी से टकराकर ट्रैक्टर से गिर गए। स्वजन घायल अवस्था में फतेहगढ़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। रात करीब 11 बजे हालत बिगड़ने से रामऔतार को कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। स्वजन शव को घर ले आए।

## डेंगू से युवक की मौत

**कानपुर देहात।** कोरोना से भी खतरनाक स्तर पर पहुँच चुका डेंगू लगातार उदासीनता व लापरवाही से आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। चाहें शहरी इलाके हो या ग्रामीण इलाके सभी जगह डेंगू, चिकिनगुनिया, मलेरिया व वायरल बुखार से लम्बी आबादी ग्रसित है। स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही से पिछले डेढ महीने से मच्छरजनित इन संक्रामक बीमारियों से कई लोगों की जान ले ली है। बन्नाजाखा निवासी युवक की मौत भी डेगू से हुयी। डेंगू से हुयी मौत की जानकारी पर सपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व अकबरपुर रनियाँ प्रत्याशी ने मृतक के घर पहुँच उसे सॉत्वना दी।

कोरोना बीमारी से बचाव के लिये राष्ट्रीय स्तर से जमीनी स्तर पर जितना काम मिशनरी भावना से किया गया परन्तु कोरोना से प्रभावित लोगों की इम्यूनिटी व उपलब्ध संशाधनों के चलते इतना प्रभाव नही हुआ था जितना हाईप खडा किया गया था।

## ट्रैक्टर से कुचली बच्ची ने उपचार के दौरान दम तोड़ा, मुकदमा दर्ज

> पीड़ित परिवार की तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी चालक की तलाश जारी है।
> **महेंद्र प्रताप सिंह**
> **प्रभारी निरीक्षक भरेह**

**चकरनगर।** भरेह थाना क्षेत्र के गांव गढ़ाकास्दा में सोमवार दोपहर समय एक बच्ची अपने दरवाजे के सामने रास्ता पार कर रही थी। इसी दौरान खेतों की तरफ से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बच्ची को रौंद दिया। गंभीर हालत में घायल को स्वजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों की टीम ने घायल को सैंफई रेफर कर दिया। सैंफई में उपचार के दौरान घायल ने तीसरे दिन दम तोड़ दी। मलखान सिंह परिहार की सात वर्षीय पुत्री मनु परिहार 26 अक्टूबर को दोपहर समय करीब ढ़ेड बजे अपने घर के सामने रास्ते को पार कर रही थी। इसी दौरान अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उक्त बच्ची को रौंद दिया। बच्ची को घायल देखकर स्वजन में चीख.पुकार मच गई। मौके पर एकत्रित हुए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के जरिए घायल को जिला अस्पताल भिजवाया गया। यहां घायल की गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों की टीम ने बच्ची को सैफई रेफर कर दिया। सैफई में उपचार के दौरान घायल ने घटना के तीसरे दिन दम तोड़ दिया। उक्त बच्ची का शव लेकर स्वजन घर पहुंचेए तो परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज ना होने तक बच्ची को जल प्रवाह करने से इनकार कर दिया। तदोपरांत मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेते हुए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी। इधर पीड़ित परिवार ने बच्ची के शव को जल प्रवाह कर दिया।

## थानाध्यक्ष ने चलाया चेकिंग अभियान



**राजेपुर फर्रुखाबाद।** कोरोना वायरस से सावधानी और सोशल डिस्टेंस का पालन न करने वालों पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। गुरूवार को मास्क लगाने को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार मिश्र के नेतृत्व में राजेपुर थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार गंगवार ने अपनी टीम के साथ राजेपुर तिराहा पर चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें दरोगा सुबोध यादव व मुलायम सिंह ने सहयोग करते हुये कई बाइक सवार बिना मास्क व हेलमेट वालों को रोका। थानाध्यक्ष ने कई बाइकों के चालान काटते हुये हिदायत दी कि मास्क व हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। राजेपुर थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार गंगवार ने बिना मास्क लगाए लोगों से महामारी को देखते हुए मास्क लगाने की अपील की साथ ही सोशल डिस्टेंस का भी पालन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस वायरस से केवल सावधानी ही बचा सकती है। इस अभियान को देखकर बाइक सवारों में हड़कंप मच गया।

### पांच किलो वाट वाले बकाया विद्युत कनेक्शन धारकों के विरुद्ध अभियान चला, काटे कनेक्शन

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** विद्युत जेई नितिन उपाध्याय के निर्देशन में गठित टीम जिसमें लाइनमैन नावेद, टाटा, पप्पू एवं मीटर रीडर शामिल थे। इस टीम ने कायमगंज नगर में अभियान चलाकर 5 किलो वाट क्षमता बाले घरेलू तथा कमर्शियल विद्युत कनेक्शन धारक जिन पर अब तक दस हजार रुपए से अधिक धनराशि के विद्युत बिल बकाया हो चुके थे। उनके यहां मौके पर पहुंचकर टीम ने लगभग सत्रह कनेक्शन काटे और इसी के साथ कई बकायेदारों ने बकाया बिल का रुपया जमा भी किया।

## कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ मुकदमा

### जनसंपर्क के दौरान रुपये देने का इंटरनेट मीडिया में वायरल हुआ था वीडियो

**घाटमपुर।** बीते बुद्यवार को इंटरनेट मीडिया में वायरल हुए एक बीडियों जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी डाक्टर कृपाशंकर को जेब से कुछ निकल कर एक मतदाता को देते हुए दिखाया गया था को लेकर मचे हड़कम्प के बीच देर रात पुलिस ने कृपा शंकर के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जाँच शुरु कर दी गयी है। ये मुकदमा कोतवाली प्रभारी क्राइम की ओर से धारा 171 के तहत दर्ज किया गया है। रिटर्निंग आफीसर/उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जारी बीडियों में कांग्रेस प्रत्याशी कृपाशंकर पर बोट के बदले नोट बांटने का आरोप लगाया गया। चुनाव आयोग ने भी घटना को संज्ञान में लेकर रिपोर्ट माँगी है।

### रेवना में आज केशव प्रसाद मौर्य की जनसभा

संवाददाता घाटमपुर-डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आज शुक्रवार को दोपहर बाद रेवना पधार रहे है। वहाँ वो पार्टी प्रत्याशी उपेन्द्र पासवान के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संवोधित करेंगे। हो रहे उप चुनाव मीडिया प्रभारी प्रभारी बिबेक शुक्ला ने बताया कि डिप्टी के साथ प्रदेश के कई मंत्री भी मौजूद रहेंगे। बिबेक शुक्ला ने डिप्टी सीएम की सभा को सफल बनाने की अपील की है। डिप्टी सीएम के आने को लेकर शांम को उप जिलाधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव व सीओ रबि कुमार सिंह रेवना गये और सभा स्थल के साथ अन्य ब्यवस्थायें जाँची। उधर मीडिया प्रभारी ने बताया कि जनसभा को लेकर सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गयी है।

### प्रमोद तिवारी की भी सभा घाटमपुर में

घाटमपुर- कांग्रेस के बरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी घाटमपुर पधार रहे है वो यहाँ पार्टी के प्रत्याशी कृपा शंकर के समर्थन में आयोजित एक सभा को संवोधित करेंगे। उनकी सभा को सफल बनाने के लिये पूर्ब सांसद राकेश सचान तथा पार्टी के अन्य नेता उनकी सभा को सफल बनाने के लिये ब्यवस्था का जायजा लिया।

## साक्षी महाराज की भूमि पर हो रहा अवैध कब्जा

**फर्रुखाबाद।** उन्नाव के चर्चित सांसद व फर्रुखाबाद के पूर्व सांसद साक्षी महाराज के आश्रम की भूमि पर अबैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। जिसको कब्जा मुक्त कराने के लिए अखिल भारतीय क्षत्रिय लोधी महासभा ने कमर कसी है। संगठन नें जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौपा है। संगठन के जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा नें जिलाधिकारी को दिये गये ज्ञापन में कहा है कि संगठन का कार्यालय भोपतपट्टी (श्याम नगर) में स्थित है। वह भूमि मन्दिर ठाकुर जी के नाम से दर्ज है। जिसके मुख्य सवराकार उन्नाव के सांसद सच्चीदानंद हरि साक्षी जी महाराज हैं। मन्दिर से लगी हुई भूमि तालाब की है। तालाब की सम्पूर्ण भूमि और मन्दिर की कुछ भूमि पर भूमाफिया आयुष पुत्र रवि रस्तोगी और रवि कुमार निवासी पुराना कोटा पार्चा व कमलेश कुमारी पत्नी रामसेवक व उनके वारिस प्रदीप गुप्ता आदि प्लाटिंग के लिए कर रहें है। जिसको रोंका जाना अवश्यक है। जिलाधिकारी नें कार्यवाही का भरोसा दिया।इस दौरान सतीश कुमार, धर्मेन्द्र शाक्य, सुधीर कुमार, रामगोपाल वर्मा, प्रेमपाल सिंह आदि रहे।

## डीएम को नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर सहित 9 कर्मचारी गायब मिले



### संविदाकर्मियों को किया बर्खास्त

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने गुरूवार को नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र का आकास्मिक निरीक्षण करने के दौरान डॉक्टर शोभा सक्सेना सहित नौ संविदा कर्मियों के अनुपस्थित पाये जाने पर तत्कालिक प्रभाव से सेवाएं समाप्त कर दी। यह जानकारी जिला मुख्या चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वंदना सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह गुरूवार को प्रातः 10:10 बजे फर्रूखाबाद शहर के रकाबगंज स्थित नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र पर आकस्मिक निरीक्षण पहुँचे। इस दौरान केन्द्र पर तैनात संविदा महिला चिकित्सक डॉ0 शोभा सक्सेना, स्टाफ नर्स शीतल, लैब टेक्निशियन विकल्प तोमर, एएनएम सुषमालाल व अन्य कर्मियों में श्वेता राठौर, प्रीति चतुर्वेदी, आरती सागर, योगेन्द्रवती, प्रतिभा देवी अपनी-अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित मिले। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वंदना सिंह ने निरीक्षण में जिलाधिकारी श्री सिंह को अवगत कराया कि नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात डॉ0 शोभा सक्सेना समीपवर्ती बजरिया रोड पर अपना प्राइवेट नर्सिंग होम चलाती हैं और वहीं पर बैठकर प्राइवेट मरीजों को देखती हैं। इतना सुनते ही डीएम का पारा सातवें आसमान पर यहां तक चढ़ गया कि उन्होने ड्यूटी के प्रति घोर लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर सहित नौ संविदा कर्मियों को तत्कालिक प्रभाव से सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिये।

## जिला पंचायत सदस्य की पत्नी की संदिग्ध हालात में मौत

**फर्रुखाबाद।** सपा नेता व जिला पंचायत सदस्य की पत्नी की गुरुवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके वालों ने हंगामा कर हत्या का आरोप लगाया। मृतका की बड़ी बहन चप्पल लेकर सपा नेता पर दौड़ पड़ी। हालांकि लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। इस दौरान भीड़ लग जाने से मुख्य मार्ग पर जाम लग गया।

फतेहगढ़ कोतवाली के मोहल्ला जाफरी निवासी जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव की 25 वर्षीय पत्नी मोनिका उर्फ मंगला यादव की गुरुवार सुबह मौत हो गई। सपा नेता उमेश ने पत्नी की मौत की सूचना पुलिस को दी और पैनल से पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा। सिविल लाइन चौकी प्रभारी रहमत खां जांच करने मौके पर पहुंचे। दोपहर को जनपद कन्नौज के तिर्वा थाना क्षेत्र के गांव गूरा निवासी मां सावित्रीए बड़ी बहन पूनमए भाई सुशील आदि स्वजन मौके पर पहुंचे। मोनिका का शव देखकर स्वजन रोने बिलखने लगे। मृतका की बड़ी बहन पूनम हाथ में चप्पल तानकर जिला पंचायत सदस्य को मारने के लिए दौड़ पड़ी। हालांकि कुछ लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। जिस पर दोनों में जमकर नोकझोंक हुई। मामला मारपीट तक पहुंच गया। दोनों पक्षों में विवाद होने और लोगों की भीड़ लग जाने से मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। मायके वालों ने बताया कि दो वर्ष पहले मोनिका की शादी हुई थी। मोनिका के पिता बाबूराम की मौत हो चुकी है। मोनिका की एक तीन माह की पुत्री है। जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव ने मायके वालों द्वारा लगाए गए आरोपों को गलत बताया। उन्होंने बताया कि पत्नी की हालत बिगड़ने पर उन्हें आवास विकास कॉलोनी स्थित एक नर्सिंगहोम में भर्ती कराया था। गुरुवार को वह पत्नी को लेकर बाहर जा रहे थे। रास्ते में पत्नी की मौत हो गई। उन्होंने पत्नी के इलाज की जानकारी ससुरालीजन को दी थी। उन्होंने बताया कि चुनाव नजदीक हैंए जिस पर विरोधी साजिश रच रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश पाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### माल सहित चार चोर गिरफ्तार, भेजा जेल

**चकरनगर।** कस्बा चकरनगर के एक व्यापारी की दूकान से करीब चार दिन पूर्व चोरों ने नकदी सहित 50 हजार रुपये का माल चोरी किया था। उक्त मामले में पुलिस ने माल सहित चार चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चकरनगर कस्बा के व्यापारी उमा सिंह की परचून की दूकान से 24 अक्टूबर की रात्रि में चोरों ने दूकान का सटर तोड़कर उसमें रखे करीब 50 हजार रुपये के सामान सहित 20 हजार रुपये की नकदी चोरी की थी। उक्त मामले में थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए माल सहित चार अभियुक्तों को बुधवार शाम चार बजे भरेह सड़क मार्ग से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में उक्त अभियुक्तों ने क्रमशः अंकित पुत्र मोहर सिंह, आलोक पुत्र अनिल सिंह, शुशील पुत्र मंगल सिंह, रिप दमन सिंह उर्फ हेमू पुत्र गोविंद सिंह सभी निवासी राजपुर चकरनगर के रूप में स्वीकार किया। उक्त दूकान से चोरी की गई तीन एलसीडी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा, डालडा के डिब्बे सहित अन्य सामान बरामद किया गया। उक्त मामले में सभी आरोपितो को पुलिस ने जेल भेजा।

## 293 किलो विस्फोटक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**कानपुर देहात।** एसपी केशव कुमार चौधरी के कुशल व प्रभावी निर्देशन में भोगनीपुर पुलिस ने पुखरॉया कस्बे में छापा मार 293किलोग्राम अवैध विस्फोटक बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। विस्फोटक की बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी में पुखरॉया चौकी पुलिस की प्रमुख भूमिका रही।

पुखरॉया चौकी इंर्चाज अतुल गौतम अपने हमराही एसआई अरविन्द कुमार, करवेन्द्र कुमार के साथ दीपावली पर्व में खपाये जाने वाले बिना लाइसेंस, अवैध विस्फोटकों की सुरागकशी में लगे थे उसी समय उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि पुखरॉया कस्बे के शिवाजीनगर सुखाईतालाबा अवैध रूप से अनार, फुलझडी, चकरी, पटाखा, राकेट, फायर शट जिसका वनज 293 किलो400 ग्राम है का भण्डारण किया गया है। सूचना पर पुलिस ने छापा मार विस्फोटक के साथ शीलू त्रिवेदी पुत्र स्व0 हरिशचन्द्र ख्रिवेदी निवासी शिवाजीनगर सुखाई तालाब पुखरॉया को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद विस्फोटक को सील कर अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## इस सरकार में इमरजेंसी जैसे हालातः वसीम

संवाददाता। इटावा



**समाजवादी** पार्टी के शहर अध्यक्ष वसीम चौधरी ने आज यह दावा किया कि सूबे में इस समय एक अघोषित इमरजेंसी का दौर चल रहा है। विपक्ष की आवाज को दबाया व कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज सूबे में उन्हीं लोगों की इज्जत सलामत है जो सरकार के राग में राग अलापने का काम कर रहे हैं। जो लोग सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर सड़को पर उतर रहे हैं उन्हें सरकार जेल भेजने का काम कर रही है। शहर अध्यक्ष वसीम ने कहा इस माहौल को ही अघोषित इमरजेंसी का माहौल हैं। सपा के शहर अध्यक्ष वसीम चौधरी आज अपने आवास में आयोजित एक प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि कोरोना की रोकथाम में सूबे व देश की सरकार पूरी तरह से फेल साबित हुई है। सरकार की गलत नीतियों के कारण ही आलू प्याज टमाटर की कीमतें आसमान छू रही हैं।यही वजह है कि आम नागरिक अब बेहद मानसिक तनाव में है और इसी मानसिक तनाव में सूबे में लोगो की आत्महत्या करने की घटनाएं बढ़ी हैं। वसीम ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सूबे की योगी सरकार पूरी तरह से फेल हो गयी है। आज सूबे में बेटियों महिलाओ की इज्जत खतरे में है। हाथरस रेप कांड जैसी घटनाओं ने इस बात का प्रमाण दिया है कि सूबे कानून व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है।

सपा शहर अध्यक्ष ने सूबे की योगी सरकार को झूठे वायदे करने की सरकार बताया हैं।उन्होंने कहा कि सरकार यह झूठ बोल रही है कि वह कोरोना की वैक्सीन जनता निशुल्क वितिरित करवाएगी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सरकार का चुनावी बयान है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अब तक कोरोना मरीजो की अपने अस्पतालों में इलाज की भी व्यवस्था ठीक ढंग से नही की है।

सपा शहर अध्यक्ष वसीम चौधरी ने आज इस सम्वाददाता सम्मेलन में यह दावा किया कि अब प्रदेश की जनता भाजपा सरकार बुरी तरह से परेशान हो चुकी है इसलिये आगामी 2022 के चुनाव में सूबे में समाजवादी पार्टी अपनी सरकार बनाने जा रही है।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2020



# योगी आज आयेंगे बाल्मीकि आश्रम, विकास को लगेंगे पंख



**चित्रकूट।** महर्षि बाल्मीकि जयंती पर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 30 अक्टूबर को जिले के उपेक्षित लालापुर के महर्षि बाल्मीकि आश्रम आएंगे। यहां महर्षि बाल्मीकि पूजन के बाद पर्यटन और विकास के चल रहे कार्यो को देखने के बाद जनसभा को मुख्यमंत्री सम्बोधित करेंगे। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को सवेरे 11.45 पर बाल्मीकि आश्रम पहुंचेंगे। यहां करीब 3.10 बजे तक रहेंगे। कार्यक्रम तय होने के बाद जिला प्रशासन अंतिम रूप देने में युद्ध स्तर पर जुटा है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के प्रवेश द्वार के नाम से विख्यात झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में जिले के बगरेही गांव के समीप स्थित लव-कुश की जन्मभूमि एवं रामायण के रचयिता महर्षि बाल्मीकि की कर्मस्थली बाल्मीकि आश्रम केंद्र प्रदेश सरकार की उपेक्षा का शिकार है।

रामायण की रचना कर भगवान श्रीराम के आदर्श और चरित्र की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुंचाने वाले आदि कवि महर्षि बाल्मीकि ने इसी आश्रम में रहकर रामायण की रचना की थी। इस आश्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि अयोध्या लौटने के बाद भगवान श्रीराम ने माता सीता को अपने राज्य से निकाला था। तब उन्होंने इसी आश्रम में शरण ली थी। इसी आश्रम में लव और कुश का जन्म हुआ। इसी आश्रम में महर्षि बाल्मीकि की देख-रेख में राजकुमार लव और कुश की शिक्षा-दीक्षा हुई थी। आश्रम के महंत भरतदास महाराज ने बताया कि आदि कवि एवं रामायण के रचयिता महर्षि बाल्मीकि का लालापुर आश्रम भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट का प्रवेश द्वार है। देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक होने के बावजूद लम्बे अरसे से केंद्र और प्रदेश सरकार के साथ जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन की उपेक्षा का शिकार होने से आज तक विकास नहीं हो सका।

## स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही जमकर लूट

**चित्रकूट।** प्रदेश के उपभोक्ताओं के साथ स्मार्ट मीटर के नाम पर पिछले एक साल से जबरदस्त लूट हो रही है। इस मामले में एक रिपोर्ट भी आयी पर उसको दबा के रखा गया। रिपोर्ट में उजागर हुआ कि उपभोक्ताओं में मीटर से 30 फीसदी ज्यादा लिया जा रहा है। बिल 1000 का आ रहा है तो उसमें 300 रुपये अधिक लिया जा रहा है। इस बात की शिकायत लगातार होने पर योगी सरकार ने कोई कार्यवाही न कर हर छह माह में बिजली का बिल बढा देते हैं। 24 घंटे बिजली न मिलने पर भी दस दिनों से उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने का अभियान चल रहा है। जितना बिल मीटर तेजी की वजह से उपभोक्ताओं से वसूला गया है, सबको पैसा वापस किया जाये। आप के संतोषीलाल शुक्ला ने इसे लेकर बड़ा आंदोलन चलाने की चेतावनी दी है। जनता से फिक्स चार्ज के नाम पर लूट की जा रही है। फास्ट मीटर चलाकर बिजली कंपनियों से मिलीभगत कर कमीशन खाई जा रही है। गरीबी की वजह से उपभोक्ताओं के बिल न चुकाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

## रश्मि व डॉ जैन ने बांटे राशन किट

संवाददाता। चित्रकूट


साधु-संतों को राशन किट देते रश्मि भाई।

**गुरुदेव** रणछोरदास महाराज के स्थापित एवं नेत्र चिकित्सा क्षेत्र में विख्यात सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट में लॉकडाउन के समय से ही क्षेत्र में साधनारत साधु-संतों को उनके आश्रम में राशन किट पहुंचाकर अन्न सेवा कर रहा है।

गुरुवार को सद्गुरु ट्रस्ट के गुरुभाई रश्मि भाई भीम जियानी परिवार मुम्बई ने ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ बीके जैन से संस्था से संचालित मानव सेवा की विभिन्न गतिविधियों व संत सेवा की जानकारी ली। मासिक राशन की 15 सौ किट विभिन्न आश्रमों में सेवार्थ बांटी जा रही हैं। कोरोना महामारी के समय में भी ज्यादा से ज्यादा साधु-संतों को किट बांटकर सेवा की गई है, ताकि उनकी साधना अनवरत जारी रहे।

डॉ जैन एवं रश्मि भाई का मानना है कि उन्हें इस तरह की व्यवस्था करने पर अन्यत्र भोजन आदि को भटकना नहीं पड़ेगा। भजन साधना में ज्यादा से ज्यादा वक्त गुजरेगा। भक्ति में शक्ति से विश्व का कल्याण होगा।

कोरोना जैसी बीमारी से भी निजात मिलेगी। इससे पूर्व भी ट्रस्ट ने लॉकडाउन के समय नगर परिसर चित्रकूट एवं जिला प्रशासन सतना के साथ क्षेत्र में प्रतिदिन दो हजार लोगों को भोजन पैकेट बांटने का काम किया था।

## क्विक न्यूज

### करंट से एक युवक की मौत, दूसरा कानपुर रिफर

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** सुमेरपुर क्षेत्र में आज करंट से झुलसे एक प्राइवेट लाइन मैंन की उपचार दौरान कानपुर में मौत हो गई जबकि नलकूप का कनेक्शन जोड़ते समय एक युवक बुरी तरह झुलस गया तो उसे कानपुर रिफर किया गया है। सुमेरपुर कस्वा निवासी शिवकुमार (23) पिछले मंगलवार को कस्बे के निजी नलकूपों का कनेक्शन करने एक युवक के साथ नलकूप गया था तभी वह करेंट लगने से वह खंभे से गिरकर घायल हो गया था गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल हमीरपुर ले जाया गया था जहां डाक्टरों ने कानपुर रिफर कर दिया गया था, उपचार के दौरान आज उसकी मौत हो गई। एक दूसरी घटना में ग्राम पचखुरा बुजुर्ग में 35 हजार का बिल बकाया होने पर विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन काटे जाने के बाद रामदत्त का 22 वर्षीय पुत्र आनंद खुद कनेक्शन जोड रहा था तभी वह करेंट से झुलस गया गंभीर हालत में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर से जिला अस्पताल भेजा गया वहां से गंभीर हालत देखते हुए उसे कानपुर रेफर किया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है।

### महिला प्रधान पति को जान से मारने की धमकी

**मौदहा(हमीरपुर)।** मौदहा क्षेत्र में दबंग ने महिला प्रधान पति को रोक कर गाली गलौज करते हुये जातिसूचक शव्दो का प्रयोग किया, पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। जानकारी के मुताबिक चवरखन्ना गांव निवासी गोपाल अहिरवार प्रधान पति ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले वह मौदहा से अपने गांव जा रहा था तभी ग्राम भवानी निवासी ज्ञानसिंह यादव ने उसे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और जातिसूचक शब्दो का प्रयोग किया। उसने पुलिस को बताया कि ज्ञानसिंह ने कहा कि जब से वह प्रधान बन गया है तब से वह सीधे बात नही करता है। और गमछे से उसका गला कस दिया जिससे वह बेहोश हो गया, किसी प्रकार वह भाग कर थाने जाकर आपबीती सुनाई पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### बाइक की टक्कर से दो घायल, अस्पताल में भर्ती

**सरीला (हमीरपुर)।** सरीला विवांर मार्ग पर रंहटिया गाँव के पास बाइक सवार ने लोनिवि के मेट समेत दो टक्कर मार कर घायल कर दिया दोनो को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सरीला विवांर मार्ग पर डामरीकरण का कार्य चल रहा है। पीडब्ल्यूडी के मेट ज्ञानी पुत्र दयाराम निवासी चिल्ली मार्ग की नाप कर रहा था। तभी बाइक से महरोज पुत्र गोरेलाल निवासी जलालपुर ममना गांव से अपने गाँव जलालपुर जा रहा था। रंहटिया गाँव के पास टक्कर मार दी।जिसमे दो घायल हो गये और एक बाइक सवार भाग गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 नं पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरीला लाये।जिसमे पीडब्लूडी के मेट ज्ञानी की हालत गंभीर होने पर झांसी रिफर किया गया है। और घायल बाइक सवार महरोज का इलाज सरीला में चल रहा है।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव निवासी अजयसिंह राजपूत की 22 वर्षीय पत्नी आरती एक माह से डकौर थाना क्षेत्र के खरका गांव में अपनी ससुराल में बनी हुई थी। बुधवार को अजय सिंह अपनी पत्नी को लेने के लिये ससुराल गया था। शाम को वह बाइक से पत्नी को लेकर गांव लौट रहा था। तभी शाम करीब 6:30 बजे हमीरपुर रोड स्थित श्यामला देवी मंदिर के पास महिला अनियांत्रित होकर बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। पति आनन फानन में इलाज के लिये महिला को सीएचसी ले गया। जहां चिकित्सक ने उसे झांसी रिफर कर दिया। जहां महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतका के पति ने बताया कि उसकी शादी 2017 में हुई थी।

### उपचुनाव में आठ किमी रेंज में शराब की दुकानें रहेंगी बंद

**हमीरपुर।** डीएम डा, ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि घाटमपुर उपचुनाव के देखते हुये मतदान दिवस व मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले घाटमपुर रेंज से हमीरपुर जिले की आठ किलोमीटर दूर तक की आबकारी व भांग की दुकाने बंद रहेगी, अर्थात एक नवम्बर सायं छह बजे से तीन नवम्बर तक सायं मतदान समाप्त होने तक हमीरपुर जिले की रेंज की थोक व फुटकर दुकाने बंद करने का फैसला शासन ने किया है।

### बाइक से गिरकर आधा दर्जन घायल

**राठ(हमीरपुर)।** चिकासी थाने के ग्राम चंदवारी निवासी स्वराज पुत्र बद्रीनाथ बाइक से राठ आ रहा था। रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। वहीं जलालपुर थाने ग्राम धौहल निवासी अंकित पुत्र राजेंद्र, पठानपुरा निवासी शाहजहां (60) पत्नी मोहम्मद गुलाब, ग्राम महेरा निवासी धीरेंद्र, ग्राम महू निवासी निर्दोष कुमार पुत्र विजय बहादुर, ग्राम सरसई निवासी रामकृपाल पुत्र मदन, ग्राम छानी निवासी सुरेंद्र घायल हो गए हैं।

### युवती ने खाया जहर

**राठ (हमीरपुर)।** जलालपुर थाने के ग्राम पुरैनी में निवासी प्रेमवती (18) पुत्री जमुना प्रसाद में पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये।

### गांजे के साथ गिरफ्तार

**हमीरपुर।** हमीरपुर कोतवाली पुलिस ने आज कालपी चौराहा मोहाल निवासी राशिद अहमद को चेकिंग के दौरान लक्ष्मीबाई तिराहे पर एक किलो दो सौ ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया है। न्यायलय में पेश करने के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

### घरेलू विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम सूलन पुर निवासी बलवीर पुत्र अशोक ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि परिवार के ही देवेंद्र, रविंद्र कुमार, लल्ला बाबू और छोटे ने बंटवारे के विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आकर अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। बचाव करने आए उसके भाई दिनेश को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

### बच्चों के झगड़े को लेकर महिला को पीटा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बच्चों के झगड़े को लेकर दबंगों ने महिला के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी विनीता देवी पत्नी लव कुश ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर ने कहा है कि गांव के रंजीत श्री राम रंजीत की पत्नी बबली और बेटी सुलेखा ने बच्चों के झगड़े को लेकर उसके दरवाजे पर आकर उसके साथ अभद्रता करते हुए उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### युवक हुआ लापता गुमशुदगी दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर तेराजाकेट निवासी मोनू ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसका भाई 40 वर्षीय सोनू मानसिक रूप से विक्षिप्त था जिसके कारण वह 2 दिन पूर्व घर से बिना बताए कहीं चला गया काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटा तो अपने भाई की आस पड़ोस और रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की परंतु कोई भी सुराग नहीं लग सका पीड़ित भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की खोजबीन शुरू कर दी है।

# पशु क्रूरता में दो दबोचे, तमंचे के साथ युवक पकड़ा गया


पुलिस गिरफ्त में पशु क्रूरता के आरोपी।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर कोतवाल कर्वी अरुण कुमार पाठक की टीम के दरोगा दिनेश कुमार सिंह ने दो लोगों के कब्जे से सात भैसों को क्रूरता पूर्वक लादकर ले जाते दबोचा है। कोतवाली कर्वी के जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने एलआईसी तिराहे के पास मो आरिफ पुत्र इलियाश व जैनुस पुत्र मो सलीम निवासी बांधी थाना रैपुरा को पिकअप यूपी 96टी- 2412 में दो भैंस व पांच पडवा क्रूरता पूर्वक लादकर ले जाते गिरफ्तार किया है। पशु क्रूरता अधि. का मामला दर्जकर जेल भेजा है। मऊ थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र चौरसिया की टीम के दरोगा अवधेश कुमार शुक्ला ने विनोद सिंह उर्फ डब्बू सिंह पुत्र बोधन सिंह उर्फ छत्रधारी सिंह निवासी चकोर को एक तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मानिकपुर थाने के दरोगा के टीम के दरोगा अशोक कुमार निगम ने वांछित शिवमंगल पाण्डेय पुत्र कुम्भा निवासी नागर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## नहर की पटरी पर कब्जा

संवाददाता। चित्रकूट

**राजापुर** में भूमाफिया सरकारी जमीनों पर कब्जाकर निर्माण करा रहे हैं। नहर की पटरी पर भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया है। सिंचाई विभाग के अधिकारी मौन हैं। राजापुर कस्बे में भूमाफियाओं का बोलबाला है। भूमाफियाओं ने नहर की पटरी पर कब्जा कर लिया है। नहर की पटरी में मकान निर्माण करा लेने से नहर की पटरी नेसतनाबूत हो गई है। लगभग बीस वर्षों से नहर की पटरी पर भूमाफियाओं ने कब्जाकर आम रास्ते को बन्द कर दिया है। नहर की पटरी पर अवैध कब्जा होने से आम रास्ता बन्द हो गया है। किसानों को सिंचाई को पानी नहीं मिल रहा है। लघुडाल नहर के अधिशाषी अभियंता शरद चौहान को अवैध कब्जे के बारे में बताया गया तो उन्होंने कहा कि जल्द ही नहर की पटरी से अवैध कब्जा हटाकर भूमाफियाओं पर कार्यवाही की जायेगी।

# एनआरएलएम की महिलाएं आंगनवाड़ी केंद्र में अब वितरित करेंगी राशन व घी-दूध

**हमीरपुर।** आगनवाड़ी केंद्रो मे पोषाहार बंद होने के बाद अब शासन ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पहली मर्तवा सूबे में आंगनवाड़ी केंद्रो में गेहू, चाबल, दाल,घी, सूखा दूध का पावडर वितरित कराने का फैसला किया है। बाल विकास परियोजना के जिला कार्यक्रम अधिकारी(डीपीओ) सुरजीत सिंह ने बताया कि महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तराखंड राज्यों में एनआरएलएम की समूह महिलाओं द्वारा आंगनवाडी केंद्रो में ड्राई राशन यानी गेहू दाल चावलघी, सूखा दूध का पावडर कोटेदार के यहां से लेकर वितरित किया जा रहा है और यह कार्यक्रम सफल रहाहै उसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश मे भी समूहों द्वारावितरित करने का फैसला किया गया है। इसके लिये शासन ने पूरी गाइडलाइन बना ली है। राशन वही से उठाया जायेगा जहां से राशन कोटेदार की दूरी ज्यादा न हो, इसमे छह माह से छह साल के बच्चे को हर माह एक किलो चावल, डेढ़ किलो गेहू, चार सौ ग्राम सूखा दूध का पावडर, 75 ग्राम दाल वतीन माह में चार सौ पचास ग्राम देशी घी वितरित किया जायेगा। गर्भवती महिलाओं को यही सुविधा दी जायेगी।

इसमे आधा किलो चावल व तीन सौ ग्राम सूखा दूध की बढ़ोत्तरी कर दी गयी है। छह माह से लेकर तीन साल के कुपोषित बच्चो को समस्त सुविधाए यही रहेगी बल्कि गेहू की दर बढ़ाकर ढाई किलो कर दी गयी है। यह सब अनाज लाभार्थी के घर पहुजाया जायेगा। मासूमों को पौष्टिक भोजन प्रदान किया जा सके। डीपीओ सिंह ने बताया कि दूध,घी, सूखा पावडर यहसब कोआपरेटिव डेरी फेडरेशन से उपलब्ध कराया जायेगा। अनाजों की अलग-अलग पैकेजिंग करने की जिम्मेदारी समूह की महिलाओं की होगी वे केंद्रो में जाकर इसकी आपूर्ति करेगी। सारा अनाज हर माह की पांच तारीख तक बच्चों के घर हर हाल में पहुचना अनिवार्य होगा। इसके लिये प्रत्येक अनाज के लिये पैकेटो का रंग निश्चित कर दिया गया है।

पैकेटो के ऊपर गांव व शहर का कोड नंबर अंकित होगा ताकि इस कम मे पारदर्शिता हो सके। एनआरएलएम के डीसी कमलेश कटियार ने बताया कि शासन की मंशा ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब महिलाओं को रोजगार देना है इससे महिलाओं में आत्म निर्भरता बढ़ेगी और जो आंगनवाडी केंद्रो में जो शिकायते प्राप्त हो रही थी उसका निदान हो जायेगा। इसके लिये कई महिलाओं को काम में लगाया गया है बाकी महिलाओं को और काम दिया जायेगा। वही इस योजना से जहां लोगों को योनजा का पूरा लाभ मिलेगा और भ्रष्टाचार का खात्मा होगा।

# मुस्करा मंडल में भाजपा का प्रशिक्षण संपन्न, चुनावी सफलता के दिए टिप्स

संवाददाता। बिवांर (हमीरपुर)


प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पदाधिकारी

**भाजपा** के मण्डल मुस्करा में मण्डल के सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियो का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन वैजनाथ विद्यालय मुस्कुरा में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के जिला संयोजक सुरेंद्र कुमार तिवारी ने कार्यकर्ताओं को बताया कि सभी कार्यकर्ता गांव गांव जाकर पार्टी की नीतियों व सिद्धांतो के बारे में ग्रामीणो को जानकारी दे और आगामी आने वाले पंचायती चुनाव में दल पूरी ताकत के साथ चुनाव में भाग लेगी। इस प्रशिक्षण में सरस्वती शरण द्विवेदी, महेंद्र सिंह लोधी, कौशल किशोर द्विवेदी, मयंक तिवारी, जगदीश प्रसाद व्यास ने प्रथम दिवस 27 अक्टूबर को प्रशिक्षण दिया। तथा द्वितीय दिवस सुनील पाठक, मनीषा अनुरागी विधायक राठ, महेंद्र सिंह , मुरली मनोहर तिवारी, व शिव प्रताप सिंह ने प्रशिक्षण दिया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने की संचालन मण्डल उपाध्यक्ष कपिल वर्मा के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में सुबह दस बजे से लेकर शाम पांच बजे तक उक्त वक्ताओं द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी द्वारा दिये गए विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया।

वही कार्यकम में नरविन्द सिंह, महेश शिवहरे, सुनील अग्रवाल, शिव प्रसाद कुशवाहा, मदन मोहन, रविराज सिंह शक्ति चौरसिया, भूपेंद्र सिंह, कुबेर सिंह, अमित शिवहरे आदि सभी कार्यकर्ताओं ने भरपूर सहयोग दिया प्रशिक्षण समाप्ति उपरान्त मण्डल अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## गौशाला में पशु न रखने पर होगा धरना

**चित्रकूट।** तहसील कर्वी के दुगवां गांव के मजरा खरैहा के ग्रामीण रामनरेश, नत्थू, लालमन, केसन, राम सिंह, रामलाल, कमलेश, रामराज, दादूलाल, दीपक व प्रेम सिंह ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि प्रधान ने गौशाला निर्माण में गबन किया है। अन्ना पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। गुरुवार को कर्वी तहसील के दुगवां गांव के मजरा खरैहा के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि प्रधान गौशाला में अन्ना पशुओं को न रखकर भूसे व चारे का गबन करने को जानवरों को अन्ना छोड़ दिया है। अन्ना पशु खरैहापुरवा में डेरा जमाये हैं। किसानों को रात-रात भर जागकर खेतों की रखवाली करनी पड रही है। अन्ना पशु खेतों को साफ कर रहे हैं। कई बार तहसील दिवस में अवेदन देने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। प्रधान ने भूसा व चरही निर्माण व टीनशेड़ निर्माण को ढाई लाख रुपये निकालकर चहारदीवारी के नाम पर कटीली झाडियां लगवाकर रुपये गबन कर लिए हैं।

# पीड़ित के परिजनों से भेंट कर दिया मदद का भरोसा


पीड़ित परिजनों को मदद का भरोसा देते कांग्रेसी।

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने सरैंया गांव के मजरा पोखरीपुरवा व सेमरदहा गांव पहुंचकर पीड़ित परिजनों से भेंटकर हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कांग्रेस नेत्री रंजना बरातीलाल पाण्डेय के साथ सरैंया गांव के मजरा पोखरीपुरवा पहुंचकर गनेश यादव के परिजनों से भेंट की। गैस सिलेंडर से आग लगने पर पीड़ित परिवार का सबकुछ जलकर राख हो गया था। सेमरदहा गांव में बिहारीलाल कोटार्य ने आर्थिक तंगी के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। पीड़ित के परिजनों से भेंटकर कांग्रेसियों ने हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। कांग्रेस नेत्री रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री चित्रकूट का कई बार दौरा कर चुके हैं। क्षेत्रीय समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिला अस्पताल रेफर सेन्टर बना है। लोग भुखमरी से आत्महत्या कर रहे हैं।

# लापता दो किशोरियों का 48 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं

**सुमेरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा से मंगलवार की शाम को देवी विसर्जन के लिए घर से निकली दो नाबालिग लड़कियों के अचानक गायब होने के बाद उनके फोन आने से परिवार में खलबली मच गई थी द्यजानकारी होने पर पुलिस भी उनका पता लगाने में जुट गई थी लेकिन 48 घंटे बीत जाने के बाद भी उनका कुछ भी पता नहीं चला है। दोनों लड़कियां बस से सुमेरपुर आने के बाद कानपुर के बस स्टॉप झकर कटी मैं उनका लोकेशन अवश्य मिला है गौरतलब है कि मंगलवार की शाम को टेढ़ा गांव की 15 वर्ष की दो लड़कियां घर से देवी विसर्जन के लिए आई थी किंतु देर शाम जब अपने घर वापस नहीं पहुंची तो घर के लोगों ने खोजबीन की कुछ भी ना पता चलने पर खलबली मच गई थी वही एक लड़की का फोन आया था कि पापा हमें बचा लो नहीं तो हमे मार डालेंगे यह सुनते ही मामला और गंभीर हो गया था द्य कुछ लोगों के द्वारा उन्हे बहला फुसला कर ले जाने और फोन पर लड़कियों द्वारा परेशान होने की खबर सोशल मीडिया में आते ही पुलिस सक्रिय हो गई थी। थाना सुमेरपुर की पुलिस ग्राम टेढ़ा जाकर उनकी खोजबीन के लिए कुछ युवकों को पूछताछ के लिए थाना ले आई थी ष्ट उनसे पूछताछ की जा रही है वहीं पुलिस को यह भी पता चला है कि दोनों लड़कियां टेढ़ा से बस में सुमेरपुर आई हैं इसके बाद उनका लोकेशन कानपुर के बस स्टॉप झकर कटी में मिला है। पुलिस दोनों लड़कियों को बरामद करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है उनके मोबाइल नंबर सर्विलांस में लगाया जाए गए हैं ताकि उनका शीघ्र पता चल सके वहीं इस घटना से पुलिस विभाग सक्रिय हो गया है सुमेरपुर पुलिस से इस घटना के संबंध में जानकारी मांगी गई है लड़कियों का पता कब तक चल पाता है वक्त पर मालूम होगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बहला फुसला कर उन्हे ले जाने वाले अग्यात लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया है।

## महोबा पुलिस से जांच कराये जाने की मांग

संवाददाता। मौदहा(हमीरपुर)

**मौदहा** निवासी एक युवक ने ठगी के मामले में पुलिस की शिथिलता को देखते हुये महोवा पुलिस से जांच कराये जाने की मांग शासन से की है। आरोप है कि दबंग जान से मारने की धमकी बराबर दे रहे है। जानकारी के मुताबिक कस्वे के इसरार अहमद ने शासन को बताया कि ठगी के मामले में 28 जनवरी को मौदहा थाने में इमरान निवासी परछछ के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी जिसकी जांच निरीक्षक संजय यादव को दी गयी थी। मगर अभी तक कोई कार्यवाही नही की गयी है। बाबू उर्फ इमरान बराबर मुकदमा समाप्त कराने की धमकी दे रहा है। इस मामले में जब उसने संजय यादव से अपनी पीड़ा बतायी तो उसे बेइज्जत करके भगा दिया था। इसरार अहमद का कहना है कि इस मामले में गहराई से जांच पड़ताल की जाये ताकि उसे न्याय मिल सके।

# जल्द होगा जलेसर घाट का सुंदरीकरण: जीतू तिवारी

- भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने सांसद को दिया प्रस्ताव

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)


भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी।

**नगर व क्षेत्र** के लोगों की आस्था के प्रतीक जलेसर घाट का कोरोना काल से उबरने के पश्चात सांसद के प्रयासों से जल्द ही सुंदरीकरण का कार्य कराया जाएगा। भाजपा सरकार द्वारा सभी वर्गों के लोगों के हितों में कार्य कर विभिन्न प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर लोगों को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। भाजपा सरकार में सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर कार्य किया जा रहा है।

यह बात गुरुवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित आवास कार्यालय पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने कही। कहा कि सांसद सुब्रत पाठक के प्रयासों से नगर के रुके हुए विकास कार्यों को गति दी जाएगी। कहा कि नागरिकों की बेहद मांग पर नगर के रामजानकी मंडपम के संचालन शुरू कराने के लिए सांसद को अवगत कराया जा चुका है और अपने व्यक्तिगत प्रयासों से भी जल्द ही रामजानकी मंडपम का संचालन कराया जाएगा। उनके साथ संजय तिवारी, बिलियन त्रिपाठी, सुमित सक्सेना, दीपू सक्सेना, सोनू तिवारी, रवि त्रिपाठी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पूर्व सभासद का पूरा परिवार मिला कोरोना संक्रमित

**हमीरपुर।** गुरुवार को छह लोगों ने कोरोना जंग जीतकर अपने घर वापसी की है। वहीं जिले में कुल सोलह नए कोरोना संक्रमित लोग पाए गए हैं। बुधवार को एक दर्जन कोरोना पॉजिटिव मरीज मिलने के बाद गुरुवार को 16 और मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई है। इनमें छह मरीज मुख्यालय के हैं। जिसमें पुराना यमुना घाट में पूर्व सभासद का पूरा परिवार में कोरोना की पुष्टि हुई है। इसमें पूर्व सभासद की 90 साल की वयोवृद्ध मां भी शामिल है। इसके अलावा मुख्यालय के मंझूपुर में 73 वर्षीय वृद्ध और 39 वर्षीय युवक भी कोरोना से ग्रसित मिले है। राठ तहसील के गोहानी पनवाड़ी में 54 वर्षीय व 28 वर्षीय युवकए सुमेरपुर में तीन लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है। इसमें 45 वर्षीय महिलाए 15 वर्षीय किशोरए नई बस्ती थोक ऊंछा का 25 वर्षीय युवक है। जबकि मौदहा के पूर्वी तरौस निवासी 33 वर्षीय युवक व 42 वर्षीय युवक में कोरोना की पुष्टि हुई है। कुरारा में 70 वर्षीय वृद्ध और गल्ला मंडी निवासी 19 वर्षीय युवक भी कोरोना से संक्रमित मिले हैं। सीएमओ ने बताया कि छह मरीजों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया गया है।

# किसानों व व्यापारियों की हितैषी है भाजपा सरकार: दीपक गुप्ता

- भाजयुमो नगर अध्यक्ष ने की जनहित के कार्यों की सराहना


भाजयुमो नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता।

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** खेतों में अथक परिश्रम करने के बाद अन्नदाताओं की फसल में बिचौलिए बगैर मेहनत किए किसानों के बराबर लाभ कमा रहे थे। जिससे किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम नहीं मिल पा रहा था। भाजपा सरकार द्वारा किसानों के हित में किसान बिल पास किए गए हैं। जिससे किसान अपने खेत की फसल सबसे ज्यादा दाम देने वाले ग्राहक को दे सकता है। जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और उनके जीवन में खुशहाली आएगी।

गुरुवार को आवास कार्यालय पर भाजयुमो नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने भेंटवार्ता के दौरान कही। कहा कि भाजपा सरकार ने स्वनिधि योजना के तहत पथ बिक्रेताओं को रोजगार बढानें सहायता सहित देशहित जनहित में कई फैसले लेकर देश को विकास की ओर अग्रसर किया है। कहा कि भाजपा शासनकाल में गरीब, मजदूर, किसान सहित आम जनता के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर उन्हें लाभान्वित करने का कार्य किया है। कहा कि सुगम यात्रा के लिए सड़कों, पुलों का निर्माण कराया है। कहा की भाजपा सरकार ने कूटनीतिक व आर्थिक रूप से दुश्मन देशों की विश्व समुदाय में हालत खराब कर दी है। उमाकांत सैनी, चंद्र प्रकाश कुशवाहा, मोहित बाथम, राहुल बाल्मिक आदि मौजूद रहे।

# सहकारी समिति पीपीएफ पर धान खरीद शून्य

## निरीक्षण में खुली पोल

संवाददाता। सुलतानपुर


धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करते डीएम रवीश गुप्ता

**डीएम ने** धान क्रय केन्द्र साधन सहकारी समिति पीपीएफ के क्रय केन्द्र दूबेपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय केन्द्र पर केन्द्र प्रभारी तस्लीमा आरिफ उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने केन्द्र पर क्रय सम्बन्धी समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अपनी उपस्थिति में कांटे पर तौल कराकर कांटे की गुणवत्ता परखी और बजन मशीन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। धान क्रय केन्द्र पर उपलब्ध 02 इलेक्ट्रॉनिक कांटा नमी मापक यंत्र, पंखा तथा बोरे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, जिसमें हाथ से चलाने वाला पंखा खराब पाया गया, जिसको तत्काल ठीक कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण में पाया कि केन्द्र सम्पर्क रजिस्टर बना हुआ है, जिस 20 किसानों से सम्पर्क का विवरण भी दर्ज है। केन्द्र पर खरीद शून्य है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि लगातार क्षेत्र के किसानों से सम्पर्क कर किसानों की धान की तौल ज्यादा से ज्यादा करायी जाय और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये। डीएम ने केन्द्र प्रभारी से धान खरीद लक्ष्य के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, तो केन्द्र प्रभारी ने जिलाधिकारी को लक्ष्य के विषय में अवगत कराया कि जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी द्वारा अभी तक लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि अविलम्ब जनपद के समस्त धान क्रय केन्द्रों पर लक्ष्य निर्धारित कर धान क्रय मानक के अनुरूप करवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी के निरीक्षण के समय मौके पर दो किसानों के धान के नमूने भी रखे पाये गये, जिसमें डीएम द्वारा अपने समक्ष नमूनों की नमी चेक करायी गयी और जिसमें मानक के अनुरूप पाये जाने पर केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि मानक वाले धान की तौल तत्काल प्रारम्भ करें। हालांकि सवाल यह भी पैदा हो रहा है कि किसान किस वजह से सरकारी धान क्रय केन्द्र जाने के बजाए बिचौलियों का शिकार हो रहे हैं।

## किसान पंजीयन के लिए खुला कन्ट्रोल रूम

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता के निर्देश के क्रम में जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा ने बताया कि जनपद सुलतानपुर में खरीद विपणन सत्र 2020-21 के अन्तर्गत 44 धान क्रय केन्द्र स्वीकृत हैं। उन्होंने किसानों को किसान पंजीयन तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य के सम्बन्ध में लगातार जानकारी प्रसारित करायी जा रही है। शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 1668 रुपया प्रति कुन्तल (कॉमन 1888 रू0 प्रति कु0 ग्रेड)। है। उन्होंने बताया है कि विक्रय के लिए इच्छुक किसानों को किसान पंजीयन अथवा कोई समस्या के निस्तारण के लिए, जिला विपणन अधिकारी कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित है, जिससे दूरभाष नम्बर पूर्व में प्रसारित कराया गया है एवं किसानों की सुविधा के लिये पुनः प्रसारित किया जा रहा हे। कृष्णानन्द शाह कनिष्ठ लिपिक जिसका मोबाइल नम्बर 8299701776 है तथा राकेश कुमार चतुर्थ श्रेणी जिनका मोबाइल नम्बर 9455161994 है। इस कन्ट्रोल रूम नम्बर पर आप सब जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## पुलिसिया अभियान चला साढ़े तीन किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**ऊंचाहार, रायबरेली।** अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने अभियान चलाया तो दो गांजा तस्कर हत्थे चढ़ गए है। उनके कब्जे से करीब साढ़े तीन किलोग्राम गांजा बरामद करने के दावा किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस की माने तो पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। जिसमे ऊंचाहार कस्बा के कलवारन टोला निवासी अजय जायसवाल पुत्र गोविंद प्रसाद को पकड़ा गया। इसके कब्जे से दो किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। यहां पर उल्लेखनीय बात यह है कि इससे पहले भी अजय जायसवाल कई बार अवैध शराब व गांजा तस्करी में जेल जा चुका है। पुलिस ने दूसरी बरामदगी क्षेत्र के अरखा गांव के पास की है। यहां पर अरखा गांव निवासी शिव कुमार को पकड़ा गया है। उसके कब्जे से एक किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। कोतवाल पंकज तिवारी ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई है।

## क्विक न्यूज

### एनटीपीसी की माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यशाला आयोजित



**ऊंचाहार।** एनटीपीसी द्वारा माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन कार्यशाला का आयोजन एवं सेनीटरी पैड का वितरण माहवारी की बात होते ही लड़कियों और महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव की तस्वीर उभरने लगती है। खासकर ग्रामीण और कामकाजी महिलाओं को इस भेदभाव से दो-चार होना पड़ता है ग्रामीण छात्राओं को जागरूक करने के लिए एनटीपीसी ऊंचाहार ने आई टी आई खोजनपुर में माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया स माहवारी के दौरान स्वच्छता से जुड़े मुद्दों पर जागरुकता उत्पन्न करना इसका मुख्य उद्देश्य था स आई टी आई खोजनपुर, की सभी छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

### एसडीएम जीतलाल सैनी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक

**लालगंज रायबरेली।** आगामी त्योहारो के मद्देनजर कोविड गाईड लाईन का पालने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में एसडीएम जीतलाल सैनी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मौजूद लोगो को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार हमसभी के लिये खुशियो को पैगाम लाते है लेकिन वर्तमान समय में कोविड महामारी के चलते हमसभी को सर्तक रहने की आवश्कयता है। क्षेत्राधिकारी इंद्रपाल सिंह ने कहा कि त्योहारो के दौरान कोविड गाईड लाईन का पालन कर खुद सुरक्षित रहे तथा दूसरो को सुरक्षित रखने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करे। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह समेंत चौकी इंचार्ज महेश यादव व स्टाफमौजूद रहा।

### पत्रकार को पितृ शोक

**करनैलगंज (गोंडा)।** करनैलगंज सीएचसी पर तैनात रहे पूर्व स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी व एक प्रमुख अखबार के पत्रकार अजीत दीक्षित के पिता चन्द्रमा प्रसाद दीक्षित का बुधवार शाम को निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। वे स्वास्थ विभाग में स्वास्थ शिक्षा अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुए थे। बीते करीब एक माह से बीमार चल रहे थे, उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनका देहांत हो गया।

### रेवती रमण तिवारी बने पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष

**सुलतानपुर।** भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी रेवती रमण तिवारी पूर्व सैनिक सेवा परिषद, उत्तर प्रदेश का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व सैनिक सेवा परिषद की कार्यकारिणी का गठन मेजर आशुतोष टंडन प्रभारी काशी प्रांत व कर्नल आरबी सिंह उपस्थिति में हुआ। पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रेवती रमण तिवारी , जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, प्रदीप पांडे व राजेंद्र सिंह को बनाया गया है। मधर्मदेव सिंह को मंत्री एवं सुल्तानपुर पूर्व सैनिक सेवा परिषद के संरक्षक के रूप में कैप्टन एसएन तिवारी और सूबेदार अयोध्या वर्मा को नामित किया गया। कार्यकारिणी गठन के दौरान मुख्य र सूबेदार मेजर श्याम बिहारी मिश्र, सूबेदार परिक्रमा सिंह एसपी सिंह, एलन सिंह, संतोष वर्मा, पीएन मिश्रा ,रमेश चंद्र तिवारी ,केएन मिश्रा, के के पांडे अनिल मिश्रा, सूबेदार सर्वदेव सिंह, सूबेदार अर्जुन पांडे आदि लोग उपस्थित रहे। रेवती रमण तिवारी ने बताया कि जल्द ही तहसील और ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

### चार माह से फरार किशोरी से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**ऊंचाहार,रायबरेली।** झांसा देकर दलित किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपित को चार माह बाद गिरफ्तार किया है। इस पर पांच हजार का इनाम भी घोषित था। पुलिस ने क्षेत्र के गांव दिलमनपुर निवासी रोहित विश्वकर्मा कुमार पुत्र शिव विलास को गिरफ्तार किया है । इसके विरुद्ध कोतवाली में चार माह पूर्व एक दलित किशोरी के साथ दुष्कर्म व धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। तब से यह युवक फरार चल रहा था। इस बीच पुलिस ने इसके ऊपर पांच हजार का इनाम भी घोषित किया था। कोतवाल पंकज तिवारी ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

### जनता दर्शन में सुनी फरियाद

**सुलतानपुर।** शासन के दिशा निर्देश पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये सभी फरियादियों की कोविड -19 की टेस्टिंग कराने के पश्चात सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करते हुए एक-एक फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुनी और उसका समय से निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भिजने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध महिला की मौत

**श्रावस्ती।** जमुनहा थाना मल्हीपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चमर पुरवा के मजरा मथुरा पुरवा निवासिनी वृद्ध महिला मेढ़ा पत्नी पट्टे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा थाना मल्हीपुर की पुलिस को दी गई। सूचना मिलने मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और सभी पहलुओं की जाँच कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर ददन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी ।

### आरेडिका में वेब-आधारित संगोष्ठी



**रायबरेली।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आरेडिका में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को आरेडिका के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य हितधारकों के लिए संगठन की नीतियों/प्रक्रियाओं, निवारक सतर्कता उपायों एवं कार्य निविदा/सेवा निविदा विषय पर वेब-आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के आयोजक व मुख्य वक्ता सीएमई/पी शैलेन्द्र कुमार रावत व पीसीई राम वृक्ष यादव ने कार्य निविदा एवं सेवा निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वेब के माध्यम से जुड़े अधिकारियों/कर्मचारियों ने इसमे बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं जानकारी हासिल की। इसी क्रम में आज दो कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पहला कार्यक्रम गणेष इंटर कॉलेज, ऐहार में हुआ जहॉ उपस्थित शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाने के उपरांत सतर्क भारत, समृद्ध भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दूसरा कार्यक्रम आरेडिका के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य हितधारकों के लिए संगठन की नीतियों/प्रक्रियाओं, निवारक सतर्कता उपायों व भंडार निविदा विषय पर वेब- आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/पर-।। श्री योगेष कुमार एवं उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम-पी श्री मनोज कुमार, ने भंडार निविदा से संबंधित विषयों की विस्तृत जानकारी दी। आरेडिका के मुख्य सतर्कता अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने इस वर्ष के विषय सतर्क भारत, समृद्ध भारत की महत्ता को बताते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से अधिकारियों/कर्मचारियों में सही एवं विधि सम्मत कार्य करने के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में नेहरु युवा केंद्र में बैठक




संवाददाता। गोंडा

**मुख्य विकास** अधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा कार्यक्रम सलाहकार समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गयी, जिसमें नेहरू युवा केन्द्र के विभिन्न कार्यक्रमों पर गहन विचार-विमर्श कर वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन समिति द्वारा किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला युवा समन्वयक, नेहरू युवा केन्द्र, तरंग सारस्वत को निर्देश दिए कि आत्म निर्भर भारत योजनान्तर्गत युवाओं को कौशल मानचित्रण एवं हैण्ड होल्डिंग वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2020-21 संक्षिप्त विवरण कोर कार्यक्रम जैसे आत्मनिर्भर भारत योजना की बुकलेट तैयार कर मुद्रण एवं डिजिटाइलेशन करना, युवाओं का अभिमुखीकरण करना, व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रम एवं सहायता अभियान, बुनियादी व्यावसायिक शिक्षा, डिजिटल सहायता हेतु बैंक मित्र तैयार करना सहित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी समिति को दी गयी। सीडीओ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का अनुमोदन समिति की बैठक में किया गया। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.देवराज, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अशोक सोनकर, जिला आयुर्वेद अधिकारी तथा रेडक्रास सोसायटी, स्काउट गाइड, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाकियू ने दी धरने की दी चेतावनी

**करनैलगंज ( गोंडा )।** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के भंभुआ पुलिस चौकी के निकट इलाहाबाद बैंक के बीसी संचालक द्वारा सैकड़ों खाताधारकों के खाते से रकम निकाल लेने के बाद फरार चल रहे संचालक के विरुद्ध कार्रवाई न होने पर भारतीय किसान यूनियन ने बैंक के सामने अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी है। उधर मामले में एसडीएम ने शाखा प्रबंधक को जांच कराकर पीड़ित किसानों को धन वापस कराने एवं कोतवाल करनैलगंज को बीसी संचालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को पूजा मौर्य, विक्रम, मुन्नालाल, आरती मौर्य सहित करीब आधा दर्जन लोगों ने एसडीएम से शिकायत की जिसमें कहा गया है कि बीसी संचालक सैकड़ों लोगों के लाखों रुपए खाते से निकालकर फरार हो गया। जिस पर पुलिस द्वारा या बैंक अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। उधर किसान यूनियन भानू गुट के प्रदेश मंत्री गजराज सिंह ने कहा है कि यदि एक सप्ताह के भीतर बीसी संचालक के विरुद्ध कार्रवाई या पैसा वापस कराने की कार्रवाई अमल में न लाई गई तो सैकड़ों किसानों के साथ इलाहाबाद बैंक के सामने तंबू तान कर अनिश्चितकाल के लिए धरने पर बैठ जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उधर एसडीएम ने कोतवाल करनैलगंज को निर्देश दिया है कि दोषी बीसी संचालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई करें।

# कौशल विकास की योजनाओं के प्रचार के लिए एलईडी वैन रवाना




**गोंडा।** बुधवार को जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल व सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने सतरंग कार्यक्रम के तहत कौशल विकास योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्ट्रेट से मोबाइल एलईडी वैन व सांस्कृतिक दल को संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। एलईडी वैन के माध्यम से कौशल विकास की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ ही सांस्कृतिक दल द्वारा नुक्कड़ नाटक के कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएगें।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रचार वाहन से लोगों को कौशाल विकास की योजनाओं के प्रति जागरूकता आएगी जिससे वे रोजगार से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठा पाने में सक्षम हो सकेगें। जिलाधिकारी ने सतरंग कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि इसमें मा0 मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता विकास, मुख्यमंत्री अप्रेन्टिसशिप प्रमोशन स्कीम, जिला कौशल विकास योजना, कौशल पखवाड़ा, अन्तर्राष्ट्रीय मानदण्ड के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए आईआईटी कानपुर, आआइएम लखनऊ, बेसिक शिक्षा विभाग से राज्य सरकार का एमओयू, आरपीएल, प्लेसमेन्ट एजेन्सीज व रोजगार मेले का आयोजन शामिल है। कौशल विकास योजना के जिला प्रबन्ध संजय कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित स्थलों अम्बेडकर चौराहा, गुरूनानक चौक, जयनगरा तथा इटियाथोक बाजार सहित जिले के चार स्थलों पर कोशल विकास की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। एलईडी वैन को रवाना करने के अवसर पर अपर उपजिलाधिकारी महेन्द्र सिंह, डीडीओ रजत यादव, आईटीआई प्रधानाचार्य सतीश कुमार तथा आदर्श कश्यप, अनुदेशक व कार्यदेशक उपस्थित रहे।

## निठल्ले स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें: डीएम

**रायबरेली।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बचत भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की आयोजित बैठक अध्यक्षता करते हुए कहा कि जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम, नियमित टीकाकारण, परिवार कल्याण कार्यक्रम, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण आदि के साथ ही आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री मातृ वन्दन योजना, जननी सुरक्षा का क्रियान्वयन प्रभारी तरीके से किया जाये। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यक्रमों में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न पाये जाने पर डलमऊ, डीह, हरचन्दपुर, जगतपुर, नसीराबाद, सरेनी, शिवगढ़, ऊचाहार आदि सहित कई एमओआईसी, चिकित्सा अधीक्षक को कड़ी फटकार लगाते हुए समस्त एमओआईसी चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य कार्यक्रम में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाई जाये तथा जननी सुरक्षा योजना भुगतान के लाभार्थियों व आशाओं को ससमय भुगतान करे साथ शत-प्रतिशत किया जाना सुनिश्चित करें।

# तकनीकी शिक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने के लिए नवाजी गईं संस्थाएं



**रायबरेली।** फिरोज गाँधी इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्जीनियरिंग एण्ड टेक्नोलोजी,रायबरेली को टाइम्स ग्रुप द्वारा आयोजित अभियांत्रिकीय शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने के लिए संस्थान को पुरुस्कृत किया गया। संस्थान के मीडिया प्रभारी राजीव वर्मा ने बताया कि संस्थान के निदेशक डा.आर.पी.शर्मा ने इस पुरुस्कार को लखनऊ स्थित होटल फॉरचून पार्क बीबीडी में आयोजित कार्यक्रम में आशुतोष टंडन 'गोपाल जी', शहरी विकास, शहरी रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री , उत्तर प्रदेश, द्वारा प्राप्त किया। कार्यक्रम में शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों जैसे इंजीनियरिंग, प्रबन्धन, चिकित्सा आदि में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाली संस्थाओं को पुरुस्कृत किया गया एवं नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर परिचर्चा की गई। परिचर्चा में निदेशक डा.आर.पी.शर्मा सहित अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविध्यालय के कुलपति डा.ए.के. सिंह, संजय गांधी पी.जी.आई के डा. के.एन. गुप्ता एवं लखनऊ विश्वविध्यालय की डा. निशी पांडेय आदि ने प्रतिभाग किया। संस्थान के पुरुस्कृत होने पर छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने गौरवपूर्ण बताया तथा हर्ष व्यक्त किया।

## उचक्कों ने डिग्गी में रखा पैसा पार कर दिया

**लालगंज रायबरेली।** मजदूरो को भुगतान करने के लिये बैंक से पैसा निकालकर ले जा रहे युवक की डिक्की से उचक्कों ने 48000 रूपये पार कर दिये। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर रकम बरामदगी की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक गुरूवार की दोपहर क्षेत्र के जगतपुर रामगढी निवासी जगतपाल कस्बे के एचडीएफसी बैंक से मजदूरो को बांटने के लिये 48000 रूपये निकालकर बाईक की डिक्की में रख दिये और बैंक के सामने स्थित एक दुकान पर पत्नी के साथ सामान लेने लगा। इसी बीच उचक्को ने डिक्की में रखा पैसा पार कर दिया। जैसे ही भुक्तभोगी को शंका हुई तो उसके होश उड़ गये। उसने फोन पर घटना की जानकारी पुलिस को दी जिस पर जांच पडताल करते हुए पुलिस ने शीघ्र पैसा बरामद किये जाने का आश्वासन पीड़ित को दिया है।

# आपदा प्रबन्धन को लेकर लेखपालों का दी गई ट्रेनिंग

**गोंडा।** जिलाधिकारी के निर्देशन में बुधवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन दिवस के अवसर पर आपदा प्रबन्धन कार्यालय में तहसील सदर के लेखपालों को आपदा प्रबन्धन का प्रशिक्षण दिया गया तथा शीत लहर, बाढ़, सूखा, भूकम्प, सुनामी जैसी आकस्मिक आपदाओं से निपटने व पूर्व तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षु लेखपालों को बताया गयाा कि समय-समय पर शीत लहर, बाढ़, सूखा, भूकम्प, सुनामी जैसी आकस्मिक आपदाएं आती ही रहती हैं और इनके कारण जीवन और सम्पत्ति की बहुत हानि होती है। इसलिए यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि इन प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने और जहाँ तक सम्भव हो इन आपदाओं को कम से कम करने के उपाय और साधन खोजे जाएँ। आग, दुर्घटना तथा महामारी आदि द्वारा होने वाली आपदा विनाशकारी प्राकृतिक विपत्तियों की तरह ही आकस्मिक होती हैं और उन्हीं के समान विनाशकारी भी होती हैं। उन्होंने बताया कि आपदाओं से होने वाले नुकसान का आकड़ा हमारी आपदा से पूर्व की तैयारी पर निर्भर करता है। यदि हमारी पूर्व की तैयारी और जानकारी अच्छी है तो निश्चित ही आपदा के दौरान नुकसान कम से कम होगा। इसलिए आपदा प्रबन्धन के महत्व व बारीकियों को जानना बेहद जरूरी है। कार्यशाला में निर्देश दिए गए कि वे लोग अभी से आपदा से जुड़े हर अधिकारी कर्मचारी के नम्बरों का आदान-प्रदान कर लें जिससे आपदा के दौरान सूचनाएं आसानी से मिल सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्व विभाग द्वारा आपदाओं के पूर्व व आपदा के दौरान की जाने वाली तैयारियों तथा कार्यवाहियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा बताया गया कि आपदाओं से निपटने के लिए क्या, कब और कैसे करना चाहिए।

# इसौली विधानसभा में सांसद की बड़ी सौगात

**सुलतानपुर।** दो नवम्बर को सूबे के जल शक्ति राज्य मंत्री बल्देव सिंह औलख 12:30 बजे अपराह्न धनपतगंज पहुँच रहे है। राज्य मंत्री औलख पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी की अध्यक्षता में इसौली विधानसभा में धनपतगंज के चन्दौर में 9 करोड़ 38 लाख रूपए की लागत से बनने वाले डबिया-चन्दौर ड्रेन का शुभारंभ करेंगे। राज्य मंत्री औलख के निजी सचिव धर्मेश कुमार तिवारी ने गुरुवार को प्रोटोकॉल जारी किया। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि सांसद मेनका संजय गांधी 1 नवम्बर को 7 दिन बाद पुन: संसदीय क्षेत्र पहुँच रही है। श्रीमती गांधी 2 नवम्बर को 11:00 बजे पूर्वाह्न पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम का शिलान्यास खेल मंत्री उपेन्द्र तिवारी के साथ एवं डबिया-चन्दौर ड्रेन का शुभारंभ 12:30 बजे जल शक्ति राज्य मंत्री बल्देव सिंह औलख की उपस्थित में धनपतगंज के चंदौर ग्राम से करेगी। सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार,भाजपा नेता अखिलेश तिवारी, भाजपा नेता बाबी सिंह ने चन्दौर जाकर शिलान्यास स्थल का निरीक्षण किया। सतरही झील के कारण 1 दर्जन से अधिक गांवो की लगभग 2 हजार बीघा जमीन जलमग्न रहने के कारण किसान कोई भी फसल नही ले पाता है। 9 करोड़ 38 लाख रूपए की लागत से बनने वाली डबिया-चन्दौर ड्रेन के किलोमीटर 20.200 तक आन्तरिक सेक्शन में मिट्टी खुदाई एवं पांच बीआरबी निर्माण कार्य से सैकड़ों किसानों का भला होगा। गोमती नदी की धारा की दिशा बदलाव के कारण दशको पहले यह समस्या पैदा हुई थी। इसौली विधानसभा क्षेत्र के लिए सांसद मेनका संजय गांधी की तरफ से यह एक बड़ी सौगात होगी।

## वाहन चालकों का हुआ कोरोना टेस्ट

**सुलतानपुर।** कोविड-19 एल-1 केयर सेन्टर केएनआईटी गेस्ट हाउस में प्रात: 09 बजे कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम व बचाव सम्बन्धी समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने कोरोना जांच बढ़ाने के साथ साथ स्वास्थ्य महकमे के अफसरों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि होम आइसोलेशन में रखे हुए व्यक्तियों के सम्बन्ध में प्रतिदिन जानकारी प्राप्त की जाये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी व्यक्ति में कोविड-19 में लक्षण की सूचना मिलती है, तो उन्हें तत्काल कोविड-19 के प्रोटोकाल के अनुसार भर्ती कराया जाय। जिलाधिकारी ने सर्विलान्स टीम को निर्देशित किया कि जनपद में टेस्टिंग बढ़ायी जाय। उन्होंने एल-1 हास्पिटल में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे व्यक्तियों के खान-पान, स्वास्थ्य तथा साफ-सफाई नियमित रूप से कराएं जाने के निर्देश सम्बंधित को दिए।

# 1.32 लाख आबादी में खोजे जाएंगे टीबी रोगी

## दो नवंबर से शुरू होगा दस दिवसीय सघन टीबी रोगी खोज अभियान

संवाददाता। श्रावस्ती

**देश से** वर्ष 2025 तक टीबी को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आगामी दो नवंबर से सघन टीबी रोगी खोज अभियान ;एसीएफद्ध शुरू किया जा रहा है। इस अभियान का समापन 11 नवंबर को होगा। मार्च माह में चलने वाले इस अभियान को इस साल लॉकडाउन के चलते स्थगित कर दिया गया था। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी डॉण् एम एल वर्मा ने बताया कि दस दिवसीय इस अभियान के तहत टीबी के नए रोगियों को खोजकर उनका इलाज किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस अभियान में कुल 51 टीमें लगाई गईं हैं। यह टीमें जिले की 1० 32 लाख की आबादी में टीबी के रोगियों को खोजने का काम करेंगी। प्रत्येक टीम में तीन सदस्य है जिनमें आशा एएनम और स्वयं सेवकों को शामिल किया गया है। यह टीमें संभावित मरीजों के सैंपल लेकर जांच को भेजेंगी और टीबी की पुष्टि होने के बाद उनका विधिवत उपचार शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में टीबी की जांच की व्यवस्था है। इन सभी टीमों की निगरानी के लिए 16 सुपरवाइजर भी तैनात किए गए हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि एसीएफसाल में दो बार चलाया जाता है जिसके तहत 10 प्रतिशत आबादी का लक्ष्य लेकर संभावित टीबी रोगियों को खोजा जाता है। पिछले साल के अभियान में जिले में 70 टीबी रोगी मिले थे।

### टीबी के लक्षण

1. लगातार तीन हफ्तों से खांसी का आना और आगे भी जारी रहना।
2 . खांसी के साथ खून का आना।
3 . छाती में दर्द और सांस का फूलना।
4 . वजन का कम होना और ज्यादा थकान महसूस होना।
5 . शाम को बुखार का आना और ठण्ड लगना।
6 . रात में पसीना आना।

### ऐसे फैलता है टीबी

टीबी क्षय रोग एक घातक संक्रामक रोग है। जो कि माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस जीवाणु की वजह से होता है। टीबी आम तौर पर ज्यादातर फेफड़ों पर हमला करता है लेकिन यह फेफड़ों के अलावा शरीर के अन्य भागों को भी प्रभावित कर सकता हैं। यह रोग हवा के माध्यम से फैलता है। जब क्षय रोग से ग्रसित व्यक्ति खांसता छींकता या बोलता है तो उसके साथ संक्रामक ड्रॉपलेट न्यूक्लिआई उत्पन्न होता है। जो कि हवा के माध्यम से किसी अन्य व्यक्ति को संक्रमित कर सकता है। ये ड्रॉपलेट न्यूक्लिआई कई घंटों तक वातावरण में सक्रिय रहते हैं। जब एक स्वस्थ्य व्यक्ति हवा में घुले हुए इन माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस ड्रॉपलेट न्यूक्लिआई के संपर्क में आता है तो वह इससे संक्रमित हो सकता है।

# पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर होगा लहसुन बीज का वितरण: सीडीओ

**श्रावस्ती।** इस समय लहसुन बुआई का समय चल रहा है किसान भाइयों को कोई परेशानी न हो और लहसुन बीज वितरण में पारदर्शिता बनाये रखने के लिए इस बार पहले आओ पहले पाओ के सिद्धांत पर बीज वितरण का कार्य किया जाएगा। जिससे किसानों को आसानी से लहसुन बीज उपलब्ध हो सके और उन्हें कोई दिक्कत न हो। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2020 . 21 में लहसून के बीज का वितरण पंजीकृत कृषको को किया जाना है। यह वितरण पहले आओ पहले पाओ के सिद्वांत पर चलेगा। लहसून बीज वितरण की तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है और इसी दिन पंजीकृत किसानो को लहसून के बीज का वितरण किया जायेगा। लहसून के बीज वितरण में पारदर्शिता बनाये रखने के उददेश्य से जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रत्येक विकासखण्ड के लिए स्थल तथा नोडल अधिकारी चिन्हित कर दिए गये है।

### लहसुन बीज वितरण में इन अधिकारियों को बनाया गया नोडल

विकासखण्ड इकौना में राजकीय पर्यावरण उद्यान सीताद्वार में विजय कुमार जिला कृषि रक्षा अधिकारी को और विकासखण्ड गिलौला में राजकीय पौधशाला मदारा में जिला कृषि अधिकारी आर0पी0 राना को तथा विकासखण्ड जमुनहा में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में सुरेश कुमार सहायक निदेशक मत्सय को एवं विकासखण्ड हरिहरपुररानी एवं सिरसिया में जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में शिशिर कुमार भूमि संरक्षण अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के सभी किसान भाइयो से यह भी अनुरोध किया है कि सभी किसान भाई पहले आओ पहले पाओ के सिद्वांत पर सम्बंधित केन्द्रो पर जाकर लहसुन के बीज को निः शुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

# बीडीए ने सील किए 11 अवैध निर्माण

संवाददाता। बस्ती

**बिना** मानचित्र स्वीकृत कराए आवासीय भू उपयोग के विरूद्ध निर्माण कराने के मामले में 11 अवैध निर्माण को सील करने की बस्ती विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई की है। बीडीए उपाध्यक्ष और डीएम आशुतोष निरंजन के निर्देश पर जनपद में सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिन 11 अवैध निर्माण कार्यो को सील करने की कार्रवाई की गई है उनमें अमहट उर्फ वैरिहवा में दुर्गावती देवी पत्नी रमाकांत वर्मा, गणेश पुत्र छेदीलाल लैबुड़वा ताल एसएस पब्लिक स्कूल के पास मड़वानगर, किरन चौधरी पत्नी सूर्य प्रकाश चौधरी, राजेश कुमार श्रीवास्तव अमहट उर्फ वैरिहवा, राम चन्द्र सर्राफ गांधीनगर, राम पाल वर्मा हवेली खास बड़ेवन के भू उपयोग के विरूद्ध बिना मानचित्र स्वीकृत कराए गए निर्माण को सील



किया गया। बीडीए कार्यालय के सामने बिना मानचित्र स्वीकृत कराए भू उपयोग के विरूद्ध व्यावसायिक निर्माण, कंचन देवी पत्नी बैजनाथ गुप्ता बड़ेवन फ्लाईओवर के पास, राधिका प्रसाद शुक्ल बड़ेवन फ्लाईओवर पास मूड़घाट,, उर्मिला देवी पत्नी राघवराम मूड़घाट बाईपास, रेनू मिश्रा पत्नी दीप चन्द्र मिश्रा बड़ेवन फ्लाईओवर मड़वानगर में हरित पटिटका में व्यावसायिक निर्माण करने के चलते उसे सील करने की कार्रवाई की गई है। अवैध निर्माण सील करने की कार्यवाही में मजिस्ट्रेट पवन जायसवाल, अधिशासी अभियंता पंकज पाण्डेय, अवर अभियंता आरसी शुक्ल, पुलिस एवं बीडीए टीम शामिल रहा।

### लापरवाह क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी पर होगी कार्रवाई

**बस्ती**। निर्माण कार्यो में शिथिलता एवं लापरवाही पाए जाने पर क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अरविन्द कुमार राय के विरूद्ध डीएम आशुतोष निरंजन ने कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कड़र शिव मन्दिर में पिछले छह माह में पैसा होने के बावजूद कार्यदायी संस्था सिडको द्वारा कोई काम नहीं किया और पर्यटन अधिकारी ने भी इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं किया। सिडको के अधिशासी अभियन्ता को निर्माण के लिए उत्तरदायी अभियन्ता के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। समीक्षा में पाया कि जिले में पर्यटन विकास के लिए विभिन्न स्थलों पर घाट, धर्मशाला, गेस्ट हाउस, बाउण्ड्रीवाल, गेट, सोलर लाइट, हैण्ड पम्प, इण्टरलाकिंग आदि का कार्य कराया जा रहा है। इसके लिए पर्यटन विभाग द्वारा धन उपलब्ध कराया गया है परन्तु पर्यवेक्षणीय शिथिलता के कारण कार्य समय से पूरा नही हो रहा है और जनता को इसका लाभ नही मिल रहा है। इस पर असंतोष व्यक्त करते हुए पर्यटन अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई हेतु शासन को संस्तुति भेजने का निर्देश दिया। मखौड़ा धाम में फेज-1 एवं फेज-2, श्रृंगीनारी, छावनी में शहीद स्मारक, तपसीधाम, अमौलीपुर, बनकटी हनुमान मन्दिर, देवरियामाफी, कप्तानगंज, कड़र, भदेश्वरनाथ, बहादुरपुर, छावनी रामरेखा आदि पर्यटन स्थलों पर कराए जा रहे निर्माण कार्य की समीक्षा किया। बैठक में सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका, अर्थ एंव सख्याधिकारी टीपी गुप्ता, कार्यदायी संस्था सिडको, आवास विकास परिषद, सीएण्डडीएस के अधिशासी अभियन्ता मौजूद रहे।

# क्षय रोग उन्मूलन के लिए सरकार प्रतिबद्धः जय प्रताप

### मुख्यमंत्री एक नवम्बर को शुरू करेंगे सघन टीबी रोगी खोज अभियान

### प्रदेश के 29 जिलों में चलेगा 10 दिवसीय अभियान

संवाददाता। मिर्जापुर

**वर्ष** 2025 तक क्षय रोग यानि टीबी उन्मूलन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को समय से पहले पूरा करने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह गंभीर है । इस संकल्प को सही मायने में धरातल पर उतारने को लेकर नए कार्यक्रम शुरू करने के साथ ही पहले से चल रहे कार्यक्रमों में और तेजी लायी जा रही है। टीबी उन्मूलन को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों और योजनाओं के बारे में बुधवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने विस्तार से मीडिया को जानकारी दी ।

उन्होंने बताया कि कोविड-19 के दौरान टीबी मरीजों की खोज और पहचान के लिए चलाये जा रहे अभियान पर भी असर पड़ना स्वाभाविक था, लेकिन आगामी एक नवम्बर से प्रदेश के 29 जिलों में एक बार फिर सघन टीबी रोगी खोज (एक्टिव केस फाइंडिंग) अभियान शुरू होने जा रहा है । मुख्यमंत्री एक नवम्बर को लखनऊ से इस अभियान का शुभारम्भ करेंगे। 10 दिन तक चलने वाले इस अभियान के दौरान घर.घर जाकर टीम लोगों की स्क्रीनिंग करेगी और जिनमें लक्षण नजर आयेंगे उनके बलगम की जांच करायी जाएगी। उन्होंने टीबी के अलावा दस्तक अभियान और टीकाकरण अभियान के बारे में भी विस्तार से बताया।टीबी मरीजों को इलाज के दौरान पोषण के लिए 500 रूपये प्रतिमाह दिए जाने के लिए अप्रैल 2018 में लायी गयी निक्षय पोषण योजना बड़ी मददगार साबित हुई है । योजना के तहत प्रदेश में अब तक 162 करोड़ रुपये की धनराशि प्रत्यक्ष लाभ हस्तातंरण के माध्यम से क्षय रोगियों को प्रदान की जा चुकी है।

### टीबी मरीजों के लिए चलेगा विशेष अभियान



**संतकबीरनगर**। केन्द्र सरकार के 2025 तक टी. बी. को जड़ से समाप्त करने के अभियान के तहत जिले में सक्रिय टीबी खोज अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान जिले के 2.5 लाख लोगों के बीच टीबी रोगियों की खोज की जाएगी। इसके लिए कुल 80 टीम बनाई गई हैं। ये यह टीम घर-घर जाकर लोगों की स्क्रीनिंग करेंगी तथा जिन लोगों में टीबी के लक्षण दिखेंगे उनके बलगम की जांच कराई जाएगी। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एसडी ओझा ने दी। उन्होने बताया कि दो से 11 नवम्बर तक जिले में सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान चलेगा, जिसमें कुल 2.5 लाख की जनसंख्या को कवर करते हुए स्वास्थ्य टीम टीबी मरीजों को खोजेंगी। यह टीमें उन क्षेत्रों में नहीं जाएंगी, जहां पर अभियान पहले से ही चल चुका है। टीम का प्रशिक्षण हो चुका है तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। अभी तक जिले में कुल छह अभियान चलाए जा चुके हैं और 12.5 लाख जनसंख्या को कवर किया जा चुका है। अभियान का एक चरण कोविड के चलते पूरा नहीं हो सका। इस दौरान खोजे गए 270 मरीजों की दवाएं चल रही हैं। इनमें से 236 मरीज पूरी तरह से इस बीमारी से मुक्त भी हो चुके हैं। बाकी मरीजों की दवाएं पर्यवेक्षकों के निर्देशन में चल रही हैं। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम समन्वयक अमित आनन्द ने बताया कि जिला क्षय रोग विभाग के द्वारा टीबी को जड़ से समाप्त करने के लिए चलाए जा रहे सभी अभियानों से बेहतर इस अभियान की प्रगति रहती है। इस अभियान के तहत टीबी के वाहकों को मुख्य धारा से जोड़कर उनका उपचार करते हैं, ताकि इसका विस्तार न हो सके।

### त्रैमासिक विशेष टीकाकरण अभियान एक नवंबर से

**सोनभद्र**। जनपद में स्वास्थ्य विभाग त्रैमासिक विशेष टीकाकरण अभियान चलाएगा। यह अभियान 1 नवंबर से प्रारंभ होगा जो जनवरी 2021 तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत उन बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा जो टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. राम कुंवर ने बताया कि कोरोनावायरस संक्रमण के चलते लॉकडाउन के दौरान टीकाकरण अभियान बंद हो गया था जिससे जिले के अधिकांश बच्चे एवं गर्भवती महिलाएं टीकाकरण से वंचित रह गये थे। ऐसे छूटे हुए शून्य से एक वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती माताओं को शत-प्रतिशत टीकाकरण से आच्छादित करने के लिए 1 नवंबर से जनवरी 2021 तक त्रैमासिक विशेष टीकाकरण अभियान स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की तरफसे चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस विशेष टीकाकरण अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं को टीटी प्रथम व द्वितीय तथा बूस्टर टीका और बच्चों को बीसीजी, पेंटावाइलेंट, रोटावायरस ,ओपीबी, आईपीबी, एम आर का टीका लगाया जाएगा। इस अभियान में कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य है।

## भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

सेमरियावां (**संतकबीरनगर**)। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग के तत्वाधान में सेमरियावां मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण बृहस्पतिवार को पैड़ी चौराहे पर शुरू हुआ। इस मौके पर कसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना ही लक्ष्य है ताकि विपक्षी पार्टियों के दुष्प्रचार से निपटा जा सके। पूर्व जिलाध्यक्ष सेतवान राय ने कहा कि भाजपा की सरकार सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर काम कर रही है। हमारा लक्ष्य है कि समाज के सभी वर्ग के लोगों को बिना किसी भेदभाव के लाभ मिले। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष राम सागर चौधरी तथा संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष राम पुरूषोत्तम गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मंडल इकाई के पदाधिकारी, सेक्टर इकाई तथा बूथ इकाई के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# रवि सिंह ने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया: अनुप्रिया

### सांसद ने शहीद के घर गौरा जाकर उनके पिता व मां से की मुलाकात

संवाददाता। मिर्जापुर

**अपना** दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष स्थानीय सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि रवि ने अपना देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देकर मिर्जापुर जिले को गौरवान्वित किया है। मुझे फख्र है कि मैं शहीद रवि के जिले की सांसद हूं। श्रीमती पटेल गुरुवार को शहीद के घर गौरा जाकर उनकी मां व पिता से मुलाकात की। सांसद ने कहा कि वे शहीद के परिवार के साथ हैं। उनकी स्मृति युगों तक कायम रहे, इसके लिए वे हर सम्भव प्रयास करेंगी। जिगना से



शहीद के गांव को जोड़ने वाले रास्ते का नामकरण शहीद के नाम करने का प्रस्ताव शाशन को प्रेषित हो गया है। मुख्य मार्ग पर शहीद रवि कुमार सिंह गेट का भी निर्माण कराया जाएगा। सांसद से मिलने के समय शहीद के पिता व मां दोनों भावुक हो गए थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दोनों को सांत्वना दी। सांसद के साथ छानबे विधायक राहुल प्रकाश कोल, पार्टी के जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लोटन बिंद, युवा जिलाध्यक्ष उदय पटेल, छानबे विधानसभा अध्यक्ष तुलसी पाल, अजीत प्रताप सिंह, जिला मीडिया सचिव शंकर सिंह चौहान आदि भी थे।

### जनसमस्याएं सुनीं

**मिर्जापुर**। स्थानीय सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने अपने भरुहना स्थित कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं तथा आमजन से मुलाकात की। दोपहर बाद नगर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का दौरा भी किया। सांसद के जिला मुख्यालय पर मौजूदगी की सूचना पाकर सैकड़ों लोग अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए कार्यालय पर सुबह ही आ गए थे। श्रीमती पटेल ने एक-एक करके सभी की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारी को तुरंत फोन कर निस्तारण का निर्देश दिया।

## डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

**मीरजापुर**। जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल व पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैरक, मेस, कारागार परिसर एवं दरी बनाने वाले सेल आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि, आज के मेनू में चने की दाल, आलु बैगन पालक की सब्जी, चावल और रोटी दिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान मेस में साफसफाइ की व्यवस्था बेहतर पायी गयी। जिलाधिकारी द्वारा कैदियों से कारागार के अंदर मिलने वाले व्यवस्था के बारे में जानकारी ली गयी तथा उनके द्वारा कैदीयों को साफ-सफाई रखने, मास्क का प्रयोग करने, एवं सोशल डिस्टेसिंग बनाये रखने के बारे मे बताया गया एवं कोरोना संक्रमण से बचाव व सावधानी हेतु आवश्यक का निर्देश संबंधित को दिये गये

## भाजपा विकास व नैतिक मूल्यों पर आधारित राजनैतिक दल:चौबे

**सोनभद्र**। भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र का दो दिवसीय मण्डल प्रशिक्षण वर्ग दुद्धी, विण्ढमगंज एवं म्योरपुर में प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधान परिषद सदस्य जय प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है, 1952 में जनसंघ के रुप स्थापित दल आज भारतीय जनता पार्टी के रुप में कार्य कर रहा है, 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एकल बहुमत वाली पार्टी के रुप में स्थापित हुई भारतीय जनता पार्टी देश के विकास व नैतिक मूल्यों पर आधारित राजनीति करने वाला दल है। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चैबे ने कहा की भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा को लेकर काम करने वाला दल है, जो मूलत: कार्यकर्ताओं पर आधारित है आज हम सभी कोरोना वायरस बीमारी से जूझ रहे है। तब भी इस अजेय संगठन के आधार पर गत पांच-छह माह से जनता की सेवा में संगठन के कार्यकर्ता लगे रहे। पूर्व विधायक तिरथराज ने कहा कि ने कहा की 2014 के चुनाव में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार प्रशिक्षण वर्ग में दुद्धी मण्डल अध्यक्ष मनोज सिंह बबलू, मण्डल प्रभारी सोना बच्चा अग्रहरी, विण्ढमगंज मण्डल अध्यक्ष राकेश केशरी व मण्डल प्रभारी चांदप्रकाश जैन, जिला महामंत्री जीत सिंह खरवार आदि मौजूद रहे।

### समाजवादी पार्टी ने लोगों को दिए रोजगारः कुशवाहा

**ललितपुर**। मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड की मासिक बैठक में पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा ने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियों ने सदैव लोगों के जीवन को रौशन किया है। लोगों को स्वावलम्बी बनाया है। युवाओं को रोजगार दिए, तो वहीं बेरोजगारी भत्ता दिया। इसके अलावा छात्राओं को उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर करने के लिए कन्या विद्याधन योजना वरदान साबित हुई। समाजवादी पेंशन वृद्धजनों का सहारा बनी। इसके अलावा प्रदेश में विकास के नये आयाम तय किये गये। बैठक की अध्यक्षता करते हुए यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष हृदेश यादव मुखिया ने कहा कि प्रत्येक युवा को अपने बूथ को मजबूत बनाये रखने के लिए कार्य करना है। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन की विचारधारा से लोगों को अवगत कराने का कार्य करना है।

## काव्य गोष्ठी में कवि प्रमोद कुमार को किया गया सम्मानित

संवाददाता। बीजपुर (सोनभद्र)

**साहित्यिक** एवं सामाजिक संस्था सोन संगम के तत्वावधान में विद्युत विहार एनटीपीसी शक्तिनगर परिसर में सामाजिक दूरी एवं अन्य कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर एनटीपीसी शक्तिनगर से सेवानिवृत्त वरिष्ठ कवि प्रमोद कुमार पाण्डेय को हिन्दी भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। कवि प्रमोद कुमार पाण्डेय ने इस मौके पर कहा कि उन्होंने ग्राम जीवन एवं प्रकृति से जुड़ी रचनाओं का पाठ किया। उनकी कविताओं 'विद्यमान हो भर लो मुझको अंकपाश में अपने' एवं 'कहां गये वे दोस्त' आदि ने वातावरण को मर्मस्पर्शी बना दिया। वरिष्ठ कवि माहिर मिर्जापुरी ने 'कोरोना तुम मानव के संहारी' कविता सुनाकर कोरोना वैश्विक महामारी से सचेत एवं सुरक्षित रहकर मुकाबले पर बल दिया।

# ड्रोन कैमरे से बनेगा दो सौ ग्रामों का मानचित्र



संवाददाता। बस्ती

**स्वामित्व** योजना लोकप्रिय होता जा रहा है, हर ग्रामीण अपने संपत्तियों का वैधानिक स्वामित्व प्रमाण-पत्र चाहता है। जब से इस योजना में जिला नंबर हुआ है, तब से इसकी लोकप्रियता और मांग बढ़ गई है। लोग इस योजना के जरिए लड़ाई-झगड़ों और कोर्ट कचहरी से दूर रहने की चाहत रखते है। हालांकि अभी भानपुर और सदर तहसीलों के 10 ग्रामों के 800 से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिला है, लेकिन शासन और प्रशासन की मंशा सितंबर 21 तक जिले के सभी 3200 राजस्व ग्रामों के लोगों को लाभ पहुचाने का है। इसके लिए डीएम आशुतोष निरंजन की अगुवाई में द्वितीय चरण का काम भी शुरु हो चुका है। इसमें चार तहसीलों के 200 ग्रामों को लिया गया है। इन सभी ग्रामों का सर्वे और मानचित्र डोन कैमरे की मदद से बनाए जाएंगे। डीएम ने बताया कि इस योजना में डोन कैमरे का बहुत बड़ा योगदान है। सफलतापूर्ण पहले चरण का काम पूरा करने भूलेख कार्यालय के राघवेंद्र पांडेय के कार्यो की सराहना डीएम ने की। चूंकि यह योजना चकबंदी से बड़ी है, इस लिए इसके सफल क्रिन्यावनय के लिए एक सेल का गठन करने मांग हो रही है, हांलाकि वैसे यह योजना डीपीआरओ की है।

# नलकूप विभाग में भी निकला घोटाला, जांच को बनी कमेटी

### सदर विधायक के प्रतिनिधि राजकुमार शुक्ल ने डीएम से की शिकायत, तीन रिमांइडर के बाद भी नहीं दिए जा रहे हैं अभिलेख-फर्जी बिल एमबी और वर्क आर्डर के नाम पर तीन साल से हो रहा गोलमाल

**बस्ती**। भ्रष्टाचार की श्रेणी में अधिाषाषी अभियंता नलकूप खंड विभाग का नाम भी षामिल हो गया। सदर विधायक के प्रतिनिधि राजकुमार षुक्ल की माने तो इस विभाग के अधिकारी और ठेकेदार मिलकर पिछले तीन साल से फर्जी बिल, एमबी और वर्क आर्डर के नाम पर वित्तिीय अनियमितता करते आरहे है। कहते हैं कि कागजों में तो लाखों रुपये काम दिखा दिया, मगर मौके पर काम गायब है। बताया कि उन्होंने डीएम से इसकी षिकायत करते हुए समिति से भौतिक एवं वित्तीय सत्यापन कराने की मांग एक माह पहले की थी, मगर अभी तक जांच का पता नहीं चला। उधर जांच टीमके मुखिया डीआरडीए के पीडी आरपी के अनुसार अधिषाषी अभियंता को पिछले तीन तिथियों में तीन बार अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए रिमाइंडर कियागया, मगर अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। कहा कि बिना अभिलेख के भौतिक सत्यापन का कोई औचित्य नहीं है।

षिकायती पत्र में विधायक प्रतिनिधि ने वर्ष 17-18 से वर्ष 2020-21 के बीच तीन सालों में अधिकारी और ठेकेदारों ने फर्जी बिल, एमबी और वर्क आर्डर के जरिए लाखों रुपये का वित्तीय घोटाला किया है। बताया कि इसका सबूत है कि जांच टीम को एक्सईएन के द्वारा एक माह में भी उपलब्ध नहीं कराया गया। कहते हैं कि जब अधिकारी फंसने लगते हैं तो अभिलेख ही उपलब्ध नहीं कराते है। क्यों कि अधिकारी अच्छी तरह जानते हैं कि बिना अभिलेख के कोई जांच हो ही नहीं सकती, और जब जांच नहीं होगी तो आरोप साबित नहीं होगा। उन्होंने प्रषासन से ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करनी की मांग की। कहते हैं कि अधिकारी जब विधायक के प्रतिनिधि के षिकायत पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, तो आम जनता के षिकायतों पर कितना ध्यान देते होंगे, इसे आसानी से समझा जासकता हैं। इससे षासन और प्रषासन की छवि खराब होती है।

# पशुओं को खिलाएं हरा चारा

### जिगिना गौशाला का डीएम ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

संवाददाता। सेमरियावां (संतकबीरनगर)

**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल ने जनपद के समस्त गोआश्रय केन्द्र एवं पशु आश्रय स्थल के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पशुओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें हरा चारा का प्रबन्ध किया जाए। श्रीमती मित्तल ने जिगना गोशाला का औचक निरीक्षण के बाद पशुओं के रहने एवं उनको दी जा रही सुविधाओं के विषय में जानकारी दी। उन्होने कहा कि बेजुबान पशुओं पर मानवता के दृष्टि से अधिकारी, कर्मचारी अपनी सेवा ठीक ढंग से प्रदान करें। बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी ने सेमरियावां क्षेत्र के गांव जिगना स्थित गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। साथ ही मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।



बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के गांव जिगना स्थित गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान 111 पशु मिले। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने खण्ड विकास अधिकारी सेमरियावां को साफसफाई व्यवस्था करने, पशुओं का टीकाकरण कराने, भूसा चोकर की उत्तम व्यवस्था कराने के निर्देश दिये।

### राशन कार्ड शिकायत निस्तारण के लिए हुई बैठक

संतकबीरनगर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में राशन कार्ड के सम्बन्ध में यूनिट जोड़े जाने या घटाये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में बैठक आहुत हुई। जिसमें बताया गया कि ऐसे राशनकार्ड जिन पर पांच माह से लगातार ट्रान्जेक्शन ना होने के कारण खाद्य एवं रसद विभाग के पब्लिक डोमनस से 31,488 कार्ड धारक ऐसे है, जिनको साइड से हाइड कर दिया गया है। इसमें पात्र गृहस्थी 30291 कार्ड धारक व अन्तोदय 1197 कार्ड धारक सम्मिलित है। यदि किसी असक्रिय कार्ड धारक, को अपने राशन कार्ड को पुन: सक्रिय कराना है, तो वह अपने सभी यूनिट के आधार कार्ड के साथ जिला पूर्ति कार्यालय संतकबीरनगर व तहसीलों में स्थित आपूर्ति कार्यालय में सम्पर्क कर सक्रिय करा सकता है। सभी तहसील व खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय इस हेतु ड्राप बाक्स की सुविधा प्रदान की जाय। हाइड किये गये 31,488 कार्ड धारको की सूची जनपद की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी।

## दूसरे इण्डस्ट्रियल एरिया के यूपीएसआईडी से डीएम करेंगी वार्ता

**संतकबीरनगर**। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बन्धुओं की बैठक में कहा कि जनपद में दूसरे इण्डस्ट्रियल एरिया के लिए यूपीएसआईडी के रिजनल मैनेजर से वार्ता करेगी। उन्होने सम्बन्धित विभाग को जमीन चिन्हित किये जाने के लिए निर्देश दिया है। श्रीमती मित्तल ने कहा कि उद्योगो को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन का सहयोग नियमानुसार रहेगा। उद्योग बन्धु की बैठक में उद्योग सरलीकरण नीति पर चर्चा हुई। उन्होने कई विभागो को निर्देश दिया कि उद्यमियों को 72 घंटे के अन्दर एनओसी प्रमाण पत्र निर्गत करें। बैठक में उप जिलाधिकारी खलीलाबाद राज नारायण त्रिपाठी, उपायुक्त उद्योग रवि प्रकाश शर्मा, एक्सईएन विद्युत आरके सिंह, फायर इंस्पेक्टर व्यापारी नेता श्रवण कुमार अग्रहरि, अमित जैन, सर्वदानन्द पाण्डेय सहित उद्योग बन्धु उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संतुलन में सकारात्मक सहयोग करें किसानः डीएम

संवाददाता। सोनभद्र

**जिले** के किसान बन्धु के साथ ही आम नागरिक फसल अवशेष प्रबन्धन पराली अपशिष्ट को न जलाये जाने के सम्बन्ध में सकारात्मक सहयोग करते हुए सोनभद्र जिले में पर्यावरणीय संतुलन बनाये रखने के सम्बन्ध में अपनी भूमिका निभाएं। उक्त बातें जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने बृहस्पतिवार को फसल अवशेष प्रबन्धन पराली अपशिष्ट न जलाएं जाने के सम्बन्ध में जिले के किसानों व नागरिकों से अपील में कही। उन्होने बताया कि विगत वर्षों में कृषक मजदूरों की कमी होने के कारण फसलों की कम्बाइन से कटाई मड़ाई होने से अधिकांश क्षेत्रों में कृषकों द्वारा फसल अवशेष जलाने की शिकायत संभावित थी, जिसके कारण वातावरण प्रदूषित होने के साथ साथ मृदा में पोषक तत्वों की अत्यधिक क्षति होना स्वभाविक थी। यदि दुश्मनीवश किसी अन्य के द्वारा पराली जला दी जायेगी



तो भी वास्तविक मालिक के खिलाफ ही प्रथम दृष्टया होगी, बाद में जाकर पुलिस विवेचना में स्थिति स्पष्ट हो पायेगी। उन्होंने पराली जलाने को शत-प्रतिशत रोकना बेहद जरूरी है, जिसकी रोकथाम करना पर्यावरण सुरक्षा के लिए अति आवश्यक है।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय हरित ट्रिब्यूनल द्वारा खेतों में फसल अवशेषों को जलाने के इन कुप्रभावों को देखते हुए इस पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से अर्थ दण्ड निर्धारण करने की व्यवस्था की गयी है। जिस हेतु जनपद स्तर पर अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक सेल का गठन किया गया है। यदि किसी कृषक के द्वारा फसल अवशेष को जलाते हुए पाया जायेगा तो उससे निम्नानुसार अर्थदण्ड वसूलने का प्रावधान है।

# उद्योग के लिए दो करोड़ के ऋण पर मिलेगी ब्याज में छूट

### बैठक में नहीं आया खादी ग्रामोद्योग आयोग गोरखपुर से कोई अधिकारी, मुम्बई स्थित निदेशालय को कार्यवाही के लिए संस्तुति भेजने का सीडीओ ने दिया निर्देश

**बस्ती**। जिले में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उद्योग की स्थापना के लिए दो करोड़ रूपये के ऋण पर 3 प्रतिशत ब्याज की छूट दी जाएगी। यह जानकारी सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने दी है।

पुलिस लाईन सभागार में आयोजित उद्योग बन्धु की बैठक में उद्यमियों से अपील किया कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में विशेष रूप से मशीनरी की स्थापना के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि इसको भारत सरकार को भेज कर स्वीकृत कराया जा सके।बताया कि इस योजना में व्यक्तिगत, समूह तथा पंजीकृत समितिया, कृषि उत्पादक संगठन (एफ्पीओ) उद्योग स्थापना कर सकती है। इसमें 90 प्रतिशत धनराशि बैंक से ऋण तथा 10 प्रतिशत उद्यमी को लगाना होगा। इस योजना में व्यक्तिगत उद्यमी को 35 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। उद्यमियों को डीपीआर बनाने में खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यान विभाग पूरा सहयोग करेगा। बताया कि जिले में ब्लाकवार खाद्य उत्पाद चिन्हित किया गया है। इसमें मशरूम, गुड़, चावल, शहद, मछली आदि उत्पाद शामिल है। यह योजना नाबार्ड द्वारा संचालित की जाएगी।एकल मेज व्यवस्था उद्योग आधार मेमोरण्डम, विद्युतभार स्वीकृति, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, औद्योगिक आस्थान में कानून व्यवस्था के प्रगति की समीक्षा किया।

## जेसीआई ने वृद्धाश्रम में लगाया सेनिटाइजर डिस्पेंसर और फल बांटा

**जौनपुर।** जेसीआई के संस्थाध्यक्ष धर्मेंद्र सेठ की अध्यक्षता में नगर के प्रेमराजपुर में स्थित वृद्धाश्रम में आटोमैटिक सेंसिंग सैनिटाइजर डिस्पेंसर लगाया गया। उपरोक्त मशीन को बिना छुए हाथ को सेनिटाइज किया जा सकता है। कोविड.19 जैसी महामारी से वृद्धजनों के लिए अत्यंत उपयोगी इस सेनिटाइजर मशीन को उनकी सुरक्षा की दृष्टि से लगाया गया।

## तदर्थ शिक्षकों ने वेतन भुगतान को लेकर उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर।** तदर्थ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष तिलकराज सिंह के नेतृत्व में तदर्थ शिक्षकों का प्रतिनिधिमण्डल सूबे के उप मुख्यमंत्रीध्मंत्री माध्यमिक शिक्षा दिनेश शर्मा से यादवेश इंटर कालेज नौपेड़वा में आयोजित जनसभा में मिलकर वेतन भुगतान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि तदर्थ शिक्षकों के वेतन भुगतान के पक्ष में सर्वोच्च न्यायालय ने बीते 26 अगस्त 2020 को शासन को आदेशित किया लेकिन आदेश के 2 महीने के उपरांत अभी तक वेतन भुगतान नहीं किया गया है।

## मतदाता पहचान पत्र के विकल्प खुले: एडीएम

**जौनपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 367.मल्हनी विधानसभा उपचुनाव 2020 के लिए 3 नवंबर को होने वाले मतदान में प्रयुक्त मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में बिंदु संख्या 3 बैंकों व डाकघरों द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड को बैंकों व डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक से प्रतिस्थापित किए जाने संबंधी शुद्धि पत्र जारी किया गया है।

## सीएम को अभद्र भाषा में वायरल वीडियो में विहिम ने दी पुलिस को तहरीर

**देवरिया ।** देवरिया में एक ऑडियो वायरल हुआ है जिसमें बरहज विधायक द्वारा मुख्यमंत्री को अपशब्द कहां गया जिसको लेकर विश्वा हिंदू महासभा ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी । बरहज विधायक द्वारा मुख्यमंत्री को अभद्र भाषा के प्रयोग पर वायरल वीडियो वायरल ऑडियो को लेकर विश्व हिंदू महासंघ ने कोतवाली पुलिस में बरहज विधायक के खिलाफतहरीर दी है जिस में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है वहीं विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष बृजेश तिवारी ने कहां है कि विधायक द्वारा मुख्यमंत्री को अपशब्द बोलने के वायरल वीडियो की जांच होनी चाहिए और जांच के बाद मुकदमा दर्ज हो क्योंकि सीएम जो गोरक्ष पीठ के पीठाधीश्वर है वह हिंदू जनमानस में लोकप्रिय हैं ।

## लोकार्पित होगा गाजीपुर का पहला ट्रामा सेंटर

**गाजीपुर।** जनपद के मोहम्मदाबाद शहीद पार्क के पास स्थित बहुप्रतीक्षित ट्रामा सेंटर अब मूर्त रूप ले चुका है जिसका लोकार्पण 30 अक्टूबर को बलिया के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त और प्रभारी मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला के द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। ट्रामा सेंटर इस मौके पर मोहम्मदाबाद विधायक अलका राय के साथ ही तमाम जनप्रतिनिधिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जीसी मौर्य के साथ विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## दो ईनामी बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

**गाजीपुर।** जनपद के सैदपुर थाना पुलिस ने स्वाट टीम के साथ मिलकर की गई कार्यवाही के दौरान क्षेत्र के धुँआर्जुन पुलिया से 25.25हजार के इनामी बदमाश गौरव सिंह उर्फसन्नी सिंह और देवेंद्र सिंह उर्फचंदन सिंह को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों के ऊपर कई आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। अभियुक्तों के पास से एक पिस्टल और एक कार बरामद की गई है।

## कारोबारी ने की आत्महत्या

**गाजीपुर।** जनपद में मंगलवार की रात शहर कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज निवासी मुन्नू प्रसाद 62, ने जहर पीकर आत्महत्या कर ली। कोतवाल विमल मिश्रा ने बताया कि मिले सुसाइड नोट में बसपा से चुनाव लड़ने के लिए बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा मांगे गए दो करोड़ रुपये के इंतजाम न होने को कारण बताया गया है। साथ ही अन्य लोगों से पैसे के लेनदेन का मामला सुसाइड नोट में लिखा गया है। कारोबारी मुन्नू प्रसाद का शव पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है और मामले की तफ्तीश की जा रही है।

## पानी टंकी की मोटर जलने से पानी आपूर्ति बाधित

**चहनियां, चन्दौली।** टाण्डाकला में जल निगम बिभाग द्वारा लगा टँकी शो पीस बनकर रह गया है । बिगत एक पखवाड़े से टाण्डाकला सहित गांव में पानी की सप्लाई नही आ रही है । यहाँ मोटर जलने से लोग पानी के लिए परेशान है । बिकास खण्ड चहनियां के उत्तरी पश्चिमी छोर पर स्थित टाडाकला में जल निगम बिभाग द्वारा लगाया गया पानी टंकी की मोटर जलने से पिछले एक पखवाड़े से दर्जनों गांवों में पानी की आपूर्ति बाधित है।

# सपा शासन में फिसड्डी था यूपी

## भाजपा विकास के नए आयाम बना रही और जन-जन तक पहुंच रहे हैं विकास कार्यक्रमः दिनेश शर्मा



**संवाददाता।** देवरिया

**उप** मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने गुरुवार को कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार गुंडे और माफिया की सरकार थी। सपा और बसपा साथ मिलकर चुनाव लड़े और आज बसपा की मुखिया समाजवादी पार्टी को अपराधी और गुंडों की पार्टी बता रही हैं। उन्हें सपा से जान को खतरा है। उस समय भाजपा को रोकने के लिए यह दोनों दल एक साथ हुए थे लेकिन जनता ने उनकी एक न सुनी और देश में नरेंद्र मोदी जैसे गरीब बेटे को प्रधानमंत्री बनाया। उप मुख्यमंत्री डॉ शर्मा देवरिया विधान सभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी के समर्थन में बैतालपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्?होंने कहा कि भाजपा एक संकल्प के साथ काम कर रही है। भाजपा सरकार ने घरघर शौचालय बनवाया और बहू बेटियों बहनों की इज्जत की रक्षा की सलेमपुर में आयुर्वेद कॉलेजए देवरिया में मेडिकल कॉलेजए देवरिया के जिले के बगल में एम्सए सड़कों का जाल बिछाने के साथ ही तमाम कल्याणकारी योजनाओं से देवरिया को लाभान्वित किया गया। 1 सीट का असर पड़ता है, देवरिया से कमल खिलेगा तो यहां का सर्वांगीण विकास होगा। सरकार हमारी हैए विधायक हमारा होगा तो बीच मे कोई बाधा नही होगी। एक राजभर नेता सपा की बी टीम बन कर कर काम कर रहे हैं। राजभरों का बेटा अनिल राजभर भाजपा की सरकार में मंत्री है। राजभरों के लिए वह काम कर रहे हैं। हमने गरीबों किसानों नौजवानों के लिए काम किया हैए इसलिए आज जनता हमारे साथ खड़ी है। शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभालते ही नकल माफिया को रास्ता दिखाया। साढ़े तीन लाख नौकरियां प्रदेश सरकार ने दी है । 1 लाख 37 हजार नौकरियां पुलिस में दी गई। शिक्षकों की भर्ती जारी है। बेहतर स्वास्थ्य सेवा देना योगी सरकार की प्राथमिकता में कहा कि योगी सरकार ने विकास कार्यों को एक आयाम दिया। स्वास्थ सबसे बड़ी समस्या हैए इसको ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने देवरिया में देवराहा बाबा के नाम पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरू कर दिया है। अगले साल से उसमें पढ़ाई भी होगी। इसके अलावा पड़ोसी जनपद गोरखपुर में एम्स शुरू हो गया है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देना योगी सरकार की प्राथमिकता में है। भारतीय जनता पार्टी हमेशा विकास कार्यों को तरजीह देती है। उसी को ध्यान में रखते हुए सलेमपुर में आयुर्वेदिक अस्पताल का निर्माण हो रहा है। लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए देवरिया विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया। उप मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने कहा कि देवरिया में पासपोर्ट कार्यालय खोला गया ट्रेनिंग सेंटर के जरिए लोगों को रोजगार से जोड़ने की कोशिश शुरू हो गई है। यह सब भाजपा सरकार की देन है। विकास कार्यों के बदौलत हम आपके बीच में आए हैं। भाजपा हमेशा विकास की बात करती है।

### यूपी–बिहार में जीतेगी भाजपाः उपमुख्यमंत्री

**जौनपुर।** डिप्टी सीएम डा़ दिनेश शर्मा का दावा है कि भाजपा बिहार और यूपी में हो रहे उप चुनाव की सभी सीटो पर जीत दर्ज करने जा रही है। वे आज मल्हनी विधानसभा उपचुनाव में एक जनसभा को सम्बोधित करने के लिए आये थे। उन्होने कहा कि हमारी सरकार ने सड़को के जाल बिछाया हैए पुलों का निर्माण हुआ। ओवरब्रिज बनाया गया, बिजली गांव गांव तक पहुंचाया है। गैस कनेक्शन दिया,गरीबो का घर बनवाने समेत तमाम योजनाएं चलायी है। जिसके कारण जनता बीजेपी को वोट करने जा रही है। सभा को सम्बोधित करते हुए दिनेश शर्मा ने कहा कि अपराधियों के खिलाफसरकार अभियान चला रही है।

# डाक्टरों के विवाद की भनक लगते ही मुआयना करने पहुंच गए स्वास्थ्य मंत्री

**संवाददाता।** बढ़नी, सिद्धार्थनगर



**प्राथमिक** स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी दो डाक्टरों की विवाद के संबंध में गुरुवार को उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री राजा जय प्रताप सिंह ने आकस्मिक निरीक्षण कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी का विवाद की जानकारी प्राप्त की।

मंगलवार और बुधवार के दिन 2 दिनों तक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने एक डॉक्टर के हस्ताक्षर वाले खाने में लाल निशान लगा दिया था। बुधवार के दिन जब आपने हस्ताक्षर वाले खाने में लाल निशान लगा देखकर वह काफी क्रोधित हो गए और इसे संबंध मैं जानकारी लेने के लिए प्रभारी के कक्ष में पहुंचे तो वहां अमर्यादित भाषाओं के प्रयोग के कारण तू.तू.मैं.मैंए गाली–गलौज व मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री राजा जय प्रताप सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पहुंचे वहां पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए समस्त कार्यक्रमों के बारे में जानकारी लिया तथा अस्पताल के विभिन्न विभागों में जाकर वहां की सर सफाई और व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त किया। अस्पताल पर कल की घटी घटना के संबंध में दोनों चिकित्सकों से पूछताछ कर वास्तविकता के बारे में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया। बताया जाता है कि अब यहां लड़ाई दो डाक्टरों के बीच से हटकर दो बड़े नेताओं के बीच पहुंच गई। हालांकि मौके पर मंत्री ने कुछ भी नहीं कहा इस अवसर पर प्रभारी थाना ढेबरुआ तहसीलदार सिंह पुलिस चौकी इंचार्ज बढ़नी महेश सिंह अपने दल बल के साथ मौजूद रहे।

## उप निर्वाचन वीडियो निगरानी टीम में अतिरिक्त अधिकारियों की तैनाती

**संवाददाता।** देवरिया

**जिला** निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी अमित किशोर ने 337 देवरिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन 2020 हेतु निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण संबंधी आयोग के दिशानिर्देश के अनुपालन में निर्वाचन कार्य के पारदर्शी एवं सफल निष्पादन के दृष्टिगत वीडियों निगरानी टीम गठित की है। उन्होने उक्त टीम में अतिरिक्त अधिकारियों की तैनाती की है। वीडियों अवलोकन टीम हेतु मु शकील अहमद, सहायक विकास अधिकारी देसही देवरिया, केदारनाथ कुशवाहा सहायक विकास अधिकारी भाटपाररानीए सुरेश कुमार मौर्या सहायक विकास अधिकारी रुद्रपुर, मनोज कुमार शर्मा सहायक विकास अधिकारी तरकुलवा को नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया है कि वीडियों निगरानी टीम द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्र में संवेदनशील घटनाओं और सार्वजनिक रैलियोंए व्यय से संबंधित सभी घटनाओं की वीडियोग्राफी की जायेगी। टीम की शूटिंग के प्रारम्भ में घटना का नाम और प्रकारए तारीखए स्थान और घटना का संचालन करने वाली पार्टी और अभ्यर्थी का नाम स्वर प्रणाली वॉयस मोड में रिकार्ड करना होगा। टीम, वाहनो, घटनाओं, पोस्टरों, कटआउट का इस तरह से वीडियों लेगी कि प्रत्येक वाहन का साक्ष्य, उसका

## मतदाताओं जगाने के लिये दौड़ा मल्हनी

**संवाददाता।** जौनपुर



**स्वीप** कार्यक्रम अन्तर्गत मतदाता जागरूकता मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जहां अपर जिलाधिकारीध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने मैराथन को करंजाकला बाजार से मल्हनी बाजार तक 5 किलोमीटर की दौड़ के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य अतिथि राम प्रकाश ने 3 नवम्बर को मल्हनी विधानसभा उपचुनाव में अधिक से अधिक मतदान की अपील किया। उन्होंने कहा कि इंसान को जिंदगी में ज्यादा मेहनत करनी चाहिए। सफलता के लिए समय के साथ प्रेक्टिस जरूरी है। उम्र का सही और समय का भरपूर आनंद लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 3 नवम्बर को सभी काम छोड़कर मतदान केन्द्र पर मतदाता मास्क लगाकर आयें तथा सोशल डिस्टेन्सिंग पालन करते हुए शत् प्रतिशत मतदान करें। युवाओं ने दौड़ लगाकर निर्वाचन साक्षरता व मतदान करने के लिए सभी को संदेश दिया। मैराथन में 80 वर्षीय शिवमूरत का दौड़ना आकर्षक का केन्द्र रहा जिससे अन्य लोगों को प्रेरणा मिली। विजेताओं को लायन्स क्लब मेन द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया जिसमें प्रथम अवधेश पाल, द्वितीय अर्जुन कुमार, तृतीय संदीप यादव को कप प्रदान करते हुये त्रिभुवन पाल, विवेक, लालू पाल, अवनीश यादव व दिनेश यादव को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## मऊ में एटीएम क्लोन बनाने वाले दो शातिर चढ़े पुलिस के हत्थे

**मऊ।** नगर कोतवाली पुलिस व साइबर सेल टीम ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर दोहरीघाट पुलिया के पास से एटीएम क्लोन बनाकर धोखाधड़ी करने वाले दो अंतरजनपदीय शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने उनके पास से एक अदद एटीएम क्लोनिंग डिवाईसए एक एटीएम कार्ड डेटा रिसीवरए एक मोबाइलए 20 ब्लैंक एटीएम कार्ड, एक सीडी एवं 16 हजार रुपया नगदी बरामद किया। साथ ही साथ पुलिस की जांच में यह भी तथ्य प्रकाश में आया कि पकड़े गए दोनों अपराधी दो माह पूर्व ही मऊ व आजमगढ़ जिला कारागार से रिहा हुए थे। पुलिस अधीक्षक ने सफलता हासिल करने वाली पुलिस टीम को पांच हजार रुपए ईनाम देकर पुरस्कृत किया। पुलिस अधीक्षक सुशील घुले के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ जिले में सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शहर कोतवाली पुलिस टीम व साइबर सेल टीम सघन चेकिंग कर रही थीए इस बीच मुखबिर से सूचना मिला कि एटीएम क्लोन बनाकर धोखाधड़ी करने वाले दो शातिर अंतर जनपदीय गिरोह के सदस्य किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में आए हुए हैं। मुखबिर की सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस व साइबर सेल टीम ने दोहरीघाट पुलिया के पास घेराबंदी करते हुए सघन चेकिंग करना शुरु कर दिया। चेकिंग के दौरान बाइक पर सवार दो लोगों को पुलिस ने रोक लिया। उनकी जब सघन तलाशी ली गई तो उनके पास से एटीएम का क्लोन बनाकर धोखाधड़ी करने का औजार बरामद किया। पुलिस टीम ने दोनों शातिरों को गिरफ्तार कर लिया।

## भाजपा सरकार के कार्यों से बेहद आक्रोशित है प्रदेश की जनता : लौटन



**संवाददाता।** जौनपुर

उत्तर प्रदेश की जनता वर्तमान भाजपा सरकार से पूर्ण तरीके से आक्रोशित है। प्रदेश की जनता को अब तक के इतिहास में इतनी भ्रष्ट और जनता विरोधी सरकार से पाला नहीं पड़ा था। उक्त बातें समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी लौटन राम निषाद ने पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि जनता इस बार उपचुनाव में मल्हनीए देवरिया सहित जहां भी उपचुनाव हो रहा हैए उन सभी सीटों पर सपा को भारी मतों से जिता करके वर्तमान की भाजपा सरकार से मुक्ति पाना चाह रही है। इसी क्रम में पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य व जिलाध्यक्ष चन्दौली सत्य नरायन राजभर ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश की सभी गरीब जातियों को छला है। उनके आरक्षण व अच्छे दिन की बात कहकर उनका वोट लिया और पूंजिपतियों के पक्ष में काम किया। 2022 में चुनाव को ध्यान में रखकर जनता अपने भविष्य का चुनाव इस उपचुनाव में दिखायेगी। योगी सरकार की वर्तमान नीतियों का विरोध करके उनकी ताबूत में कील ठोंकेगी। 2017 में आरक्षण नीति पर भाजपा सरकार को आईना दिखा देगी। इस उपचुनाव में सपा भारी मतों से जीत रही है। साथ ही प्रदेश सचिव अयूब खान ने कहा कि जिन क्षेत्रों में हम लोगों ने भ्रमण किया है और जनता से रूबरू भी हुएए वहां का माहौल सपामय है। इस उपचुनाव में सपा का परचम अवश्य लहरायेगा। इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे।

## मुठभेड़ में ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**संवाददाता।** चंदौली



**पुलिस** से गुरुवार की सुबह.सुबह हुई मुठभेड़ के दौरान 50 हजार के एक इनामी बदमाश आशुतोष यादव को गिरफ्तार कर लिया । वहीं एक अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्त पर चंदौली और बिहार में हत्या समेत दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं । बताया जा रहा है कि बलुआ पुलिस इलाके में जांच कर रही थी । इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक इनामी बदमाश बाइक से किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में जा रहा है । इस पर बलुआ थाने की पुलिस ने पीछा किया तो बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी । इसमें पुलिस की गाड़ी पर कुल तीन गोलियां लगीं । इसके बाद बदमाश कैली की ओर भागने लगे । इसके बाद बलुआ पुलिस ने वायरलेस के जरिये अन्य थानों को भी सूचित किया।इस पर अलीनगर और मुगलसराय कोतवाली की पुलिस ने दूसरी तरफसे बदमाश को घेर लिया । कैली के पास तीन थानों की फोर्स ने बदमाश को घेर लिया । खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी । वहीं जवाबी कार्रवाई में एक गोली बदमाश के पैर में जा लगीए जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा । मुठभेड़ में घायल बदमाश को पुलिस ने इलाज के लिए राजकीय महिला अस्पताल में भर्ती कराया । पकड़े गए बदमाश की पहचान जनपद के बलुआ थाना क्षेत्र के नादी निदौरा गांव निवासी आशुतोष यादव उर्फ छिटकु के रूप में हुईए जो कि 50 हजार का इनामी है । मौके से एक बाइक और और पिस्टल बरामद हुई हैए जबकि इसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया ।एएसपी प्रेमचंद ने बताया कि मुठभेड़ में घायल बदमाश आशुतोष यादव पर लूट और हत्या समेत दर्जन भर मुकदमे वाराणसीए चन्दौली और बिहार में दर्ज हैं । गिरफ्तार अभियुक्त पिछले दिनों चन्दौली के सदर कोतवाली क्षेत्र के धुरिकोट में हुई हत्या में शामिल था ।

**मांगे पूरी नहीं हुई तो आन्दोलन तेज होगा : अनिल पासवानः**चकिया, चन्दौली । 6 सूत्री मांगों को लेकर तहसील के ताजपुर गढ़वा में अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा तथा इंकलाबी नौजवान सभा द्वारा 11 सितंबर ;49 दिनोंद्धसे ही चलाए जा रहे अनिश्चितकालीन धरने पर पहुंचे भाकपा;मालेद्धजिला सचिव अनिल पासवान ने कहा कि धरना स्थल पर पहुंचे उपजिलाधिकारी चकिया द्वारा कोई ठोस आश्वासन न देना आंदोलन को जारी रखने पर मजबूर किया।

## हरियाणा प्रकरण को लेकर हिन्दू परिषद सहित तमाम संगठन उतरे सड़क पर

### डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को पत्रक भेजकर उठायी गयी आवाज



**जौनपुर।** हरियाणा राज्य के बल्लभगढ़ में निकिता तोमर का लव जिहादियों द्वारा सरेआम हत्या करने के विरोध एवं उनके खिलाफ कार्यवाही सहित लव जेहाद पर केन्द्रीय कानून बनाने को लेकर अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, महिला परिषद एवं राष्ट्रीय ओजस्विनी परिषद द्वारा प्रदर्शन किया गया। इसको लेकर इस घटना की निन्दा करते हुये जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री भारत सरकार को पत्रक प्रेषित किया। पत्रक के माध्यम से ज्ञापन देने वालों ने कहा कि देश में आज जिहादी मानसिकता के लोगों द्वारा लव जिहाद् की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अपना नाम, गोत्र, जाति, धर्म छिपाकर भोलीभाली बहनबेटियों को बहलाफुसलाकर लव जिहाद के चंगुल में फंसाया जा रहा है। उनकी बात न मानने पर उन्हें सरेआम गोली मारने के साथ अन्य तरीकों से लड़कियों की हत्या कर दी जा रही है। पत्रक के माध्यम से लोगों ने कहा कि लव जिहादियों को चिन्हित करके गैरजमानती वारंट के साथ हर राज्य व जिलों में गिरफ्तारी हो। लव जिहाद करने वालों के विरुद्ध फांसी देने का केन्द्रीय कानून बनाया जाय। लव जिहादियों का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाकर चलाया जाय जिससे जल्द से जल्द निर्णय हो सके व दोषियों को सजा मिल सके।

## गाजीपुर में विद्युत विभाग का छापा

**गाजीपुर।** अधीक्षण अभियंता विजयराज सिंह के निर्देश पर आज भोर में 4 बजे से 8 बजे तक शहर क्षेत्र के अष्टभुजी कॉलोनी,बंशी बाजार,विवेकानंद कॉलोनी, तुलसी सागर, तड़बनवा, एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में सुबह मॉर्निंग रेड किया गया। जिसमे कुल 19 लोगो द्वारा मीटर से अलग केबल लगा के अथवा बिना स्वीकृत संयोजन के विद्युत उपभोग करने पर कार्यवाही की गई, जिसमें विद्युत थाना रौज़ा पे प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है। आज शहर के बकाएदार वाणिज्यिक कनेक्शन धारियों पे अभियान चलाया जाएगा, जिसमे सभी दुकानदारों से अनुरोध ही कि अपना बकाया 31 तक जमा कर के विद्युत विक्षेदन की कार्यवाही से बचें।


## प्रशिक्षण में उपस्थित न हुए तो होगीू एफआई आर : सीडीओ

**देवरिया।** मतदान कार्मिकों के टाउन हॉल ऑडिटोरियम में आयोजित प्रशिक्षण के चौथे दिन आज कुल 18 मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। इन अनुपस्थित कार्मिकों को यह कड़ी चेतावनी दी गई है कि अनिवार्य रूप से वे प्रशिक्षण के अंतिम दिन 30 अक्टूबर को प्रशिक्षण में प्रतिभाग करेंगे, अन्यथा उनके विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्वाईकर दी जाएगी। आज प्रथम पाली में कुल 9 कार्मिक जिसमें 3 पीठासीन अधिकारी, 1 मतदान अधिकारी प्रथम,3 मतदान अधिकारी द्वितीय, 2 मतदान अधिकारी तृतीय अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 1 मतदान अधिकारी प्रथमए 4 मतदान अधिकारी द्वितीय एवं 4 मतदान अधिकारी तृतीय सहित कुल 9 कार्मिक अनुपस्थित रहे।

# कोरोना काल में पाठशालाओं का बुरा हाल







**डुमरियागंज,** सिद्धार्थनगर। वैश्विक कोरोना महामारी के चलते जहां पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है वहीं देश के भविष्य नौनिहालों का कैरियर भी पूरी तरह दांव पर लगा हुआ है। सबसे अधिक प्रभाव पठन.पाठन पर ही पड़ रहा है जिससे नौनिहालों का भविष्य अंधकारमय दिखाई पड़ रहा है। अब ऐसे में जहां सरकार किसी तरह शिक्षण कार्य को पटरी पर लाने प्रयास कर रही है तो वही गुरुजी सरकार की मंशा को पूरी तरह धूमिल करने पर उतारू है। प्राथमिक शिक्षकों के सैर सपाटे पर जाने से विद्यालय पूरी तरह वीरान पड़े हुए हैं। जबकि अध्यापकों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। मामला मिठवल ब्लांक संसाधन केंद्र अंतर्गत में परिषदीय विद्यालयों में बहुत ही लापरवाही हो रही है ।शिक्षक मोटा वेतन लेकर सैर सपाटे पर हैं और परिषदीय प्राथमिक विद्यालय वीरान पड़े हुए हैं। इसका खुलासा करने के लिए बुधवार को संवाददाता ने दौरा किया तो पाया कि प्राथमिक विद्यालय सुमहा में जहां पांच अध्यापक की तैनाती है पर मोके पर सहायक अध्यापक कंचन यादव की मात्र उपस्थिति रही।सहायक कंचन यादव से जानकारी मिली प्रधानाध्यापक सुग्रीव बर्मा एमणि पांडेय एपूजा सिंह, मंजू यादव सभी नदारद मिले ग्रामीणों ने बताया अध्यापक मणि पांडे पिछले 3 महीनों मैं एक भी बार विद्यालय में नहीं पहुंची हैं । प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय पेडार जो सिविलियन विद्यालय पर मोके पर शिक्षामित्र शकुन्तला मौजूद रहीं। प्रधानाध्यापक आरती कई माह से नदारद हैं। विद्यालय भवन से लेकर शौचालय तक जर्जर स्थिति है। विद्यालय में अभी तक चुना कारी तक नहीं कराया गया है टाइल्स की बात तो बहुत दूर है। इस मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर राजेंद्र सिंह ने गैरहाजिर अध्यापकों पर तत्काल कार्रवाई करने की बात कही है।

### आदेश के बावजूद गैरहाजिर रहने वाले अध्यापकों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगीः बेसिक शिक्षा अधिकारी

## बगैर जांच पड़ताल अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा होने पर प्रदर्शन

**सकलडीहा,चन्दौली।** तहसील के एक अधिवक्ता सहित चार लोगों के खिलाफ बलुआ थाने में धोखाधड़ी का बीते एक सप्ताह पूर्व मुकदमा दर्ज किया गया है।जिसे लेकर अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाते हुए गुरूवार को तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सीओ के मनमानी के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। जिला प्रशासन से अधिवक्ताओं ने दर्ज मुकदमा वापस लेने व सीओ को हटाने की मांग उठाया है। इस दौरान अधिवक्ता पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे। चेताया कि मामले का निस्तारण होने तक अधिवक्ता अनवरत आन्दोलन के लिये बाध्य होंगे। सकलडीहा डेमोंक्रिटक बार एसोएिशन के संरक्षक अजय कुमार सिंह ए पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र मिश्राए मनोज पांडेय बताया कि अधिवक्ता वादकारी के प्रति निष्ठावान और विधि सम्मत कार्य ईमानदारी से करता है। वादकारी हित में किया गया सहयोग अपराध नही है। किसी भी मामले की जांच किये बगैर अधिवक्ता के खिलाफ एक पक्षी कार्रवाई करना न्याय संगत नही है।अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी के दबाव में बलुआ पुलिस ने अधिवक्ता शैलेन्द्र पांडेय सहित चार लोगों के खिलाफ मनमानी ढ़ग से मुकदमा दर्ज कर दिया है।

## जीयर स्वामी के आगमन को लेकर तैयारियां

**चहनियां ,चन्दौली ।** क्षेत्र में लक्ष्मी प्रपत्र जीयर स्वामी के आगमन को लेकर गांवो में तैयारियां जोरों पर चल रही है। इसकी शुरुआत 1 नवम्बर से महुअर कला गांव से शुरुआत करेंगे । तीरगावां एसराय बलुआ में लक्ष्मी बिबाह एघनश्यामपुर में तुलसी बिबाहएकैथी में आगमन को लेकर गांवो में साफसफाई किया जा रहा है । किसी गांव में चार दिन तो किसी गांव में पांच दिन प्रबचन का कार्यक्रम चलेगा। लक्ष्मी प्रपत्र जीयर स्वामी का इन दिनों गोपालापुर वाराणसी में महायज्ञ चल रहा है । 31 अक्टूबर को यज्ञ समाप्ति के बाद जीयर स्वामी का आगमन 1 नवम्बर को क्षेत्र के कई गांवों में हो रहा है । जिसमे तुलसी विवाह,लक्ष्मी विवाह व प्रवचन का कार्यक्रम चलेगा।

## दो सगी बहनों को सांप ने डसा, एक की मौत

मसौली **( बाराबंकी )**। थाना क्षेत्र के ग्राम टेरासानी में बीती रात्रि एक जहरीले सांप ने दो सगी बहनों को डस लिया। जिसमे एक की मौत हो गई हैं तथा दूसरी का इलाज चल रहा है । मृतका ने 15 दिन पहले पुत्री ने जन्म लिया था। ग्राम टेरासानी निवासी इश्तियाक की विवाहिता पुत्री समीरा व सानिया बीती रात्रि कमरे में सो रही थी, तभी एक जहरीले सांप ने दोनों बहनों को डस लिया, जिसमे विवाहिता समीरा की मौत हो गई हैं तथा सानिया का इलाज चल रहा है। जिसकी हालात नाजुक बनी हुई हैं। मृतका के 15 दिन पूर्व पुत्री ने जन्म लिया है तथा दो दिन पूर्व पुत्री को लेकर अपने मायके टेरासानी आयी थी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**बाराबंकी**। गुरुवार की सुबह मार्निंग वाक पर निकले एक बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया जिससे उनकी घटना स्थल पर ही कुछ देर मे मौत हो गई पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। प्राप्त विवरण के मुताबिक थाना फतेहपुर के महमूदाबाद मार्ग पर करसा भारी गांव के मोड़ के पास मैकूलाल (70 वर्ष) गुरुवार की सुबह रोज की तरह ठहलने निकले थे करसाभारी मोड़ के पास उनको किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी घटनास्थल पर कुछ मिनटों बाद मौत हो गई मृतक बुजुर्ग की शिनाख्त ग्राम गद्दीपुर थाना बड्डूपुर के रूप में हुई है।

## सन्दिग्ध हालात में मिला युवक का शव

**बाराबंकी**। जिला अस्पताल परिसर में बुधवार की रात में एक नशेड़ी युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। जिसकी शिनाख्त अस्पताल के पड़ोसी मोहल्ले बेगमगंज के स्व.हिदायत रसूल के 40 वर्षीय पुत्र जाबिर के रूप में हुई है जाबिर बेगमगंज में ही कुछ समय पहले भाइयों के साथ लकड़ी की कुर्सियों की बुनाई का कार्य करता था और नशे की लत ने उसे काम-धाम से अलग कर दिया था और घर से भी वह अलग रहता था। पुलिस ने पंचनामा भरकर उसके शव को अंत्यपरीक्षण ग्रह में रखवा दिया है परिवारीजनों के आने के बाद उसका पोस्टमार्टम करा कर परिवार को सौंप दिया जाएगा।

## जानलेवा है रेलवे क्रासिंग के पास बना गड्ढा

मुसाफिरखाना **( अमेठी )**। क्षेत्र के कादूनाला स्थित रेलवे क्रासिंग के पास बना गढ्ढा जानलेवा साबित हो रहा है। लोगों ने प्रशासन से गढढे को पटवाये जाने की मांग की है। वाराणसी-उतरेटिया रेल पथ स्थित कादूनाला के पास रेलवे क्रासिंग के पास बरसात के समय बना गहरा गढढा सड़क से सटा होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ट्रेन के गुजरने के पहले गेट बंद होने पर दोनों तरफ तमाम छोटे बड़े वाहन एकत्र हो जाते हैं। गेट खुलने पर मोटर साइकिल व सायकिल सवार की गढढे में गिरने संभावना बनी रहती है।

## निकिता हत्याकांड को लेकर दिया ज्ञापन

मुसाफिरखाना **( अमेठी )**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने तहसील मुसाफिरखाना कार्यालय मे प्रदेश कार्यकारणी सदस्य राहुल कौशल की अध्यक्षता व नगर मंत्री शैलेंद्र यादव के नेतृत्व में एसडीएम मुसाफिरखाना को ज्ञापन सौंपा। फरीदाबाद की छात्रा निकिता को सरेराह बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी जिसमें एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया गया ।जिसमें यह मांग की गई कि ऐसी कुत्सित मानसिकता रखने वाले आरोपी फांसी की सजा की मांग की। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला मीडिया संयोजक राहुल कौशल विद्यार्थी ने कहा कि फरीदाबाद में ऐसी घटना को लेकर छात्रों में काफी आक्रोश है हम सब विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता यह मांग करते हैं कि ऐसे मानसिकता रखने वाले आरोपी को फांसी की सजा दी जाए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष दुर्गेश ओझा तहसील सह संयोजक विजय बहादुर गिरी, एसएफडी जिला संयोजक प्रवीण पांडे, तहसील संयोजक विनय तिवारी, सूरज पांडे सत्यम यादव, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक अभिषेक पटवा, विवेक यादव, भास्कर पांडे , उत्कर्ष पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रनिंग स्टाफ संघ मनाएगा काला दिवस

**प्रतापगढ़**। रेलवे के निजीकरण व निगमीकरण के विरोध में आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन शुक्रवार को काला दिवस मनाएगी। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि शुक्रवार को सभी कर्मचारी काला बैज लगाकर काम करेंगे और लंच के समय मीटिंग कर सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों पर चर्चा की जाएगी।

## रात्रि 10 बजे तक खुलेंगी शराब की दुकानें

**बाराबंकी**। जिलाअधिकारी डा. आदर्श सिंह ने बताया कि कन्टेनमेंट जोन के बाहर फुटकर अनुज्ञापनों एवं बार अनुज्ञापनों तथा क्लब अनुज्ञापनों के संचालन की अवधि प्रात: 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है। इसके साथ ही आबकारी दुकानों के संचालन के संबंध में निर्गत शासनादेश की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी। उन्होंने उपरोक्त आदेश के अनुपालन में निर्देशित किया है कि जनपद बाराबंकी में कन्टेनमेंट जोन के बाहर स्थित फुटकर आबकारी एवं बार अनुज्ञापनों तथा क्लब अनुज्ञापनों के संचालन की अवधि प्रात: 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक संचालित की जायेगी।

## अधिवक्ताओं ने भ्रष्टाचार खत्म करने की मांग की

**बाराबंकी**। जिला बार एसोसिएशन के तत्वावधान में अधिवक्ताओं ने जिला मुख्यालय पर भ्रष्टाचार खत्म करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी डॉ आदर्श को ज्ञापन सौंपा। इस सम्बंध में जिला बार के अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह ने बताया कि कोरोना संकट के कारण विगत करीब सात माह से अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। इस दौरान भ्रष्टाचार बढ़ता गया। महामंत्री नरेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष अमीनददीन, अशोक वर्मा ने बतायाकि राजस्व एरिया यानी तहसील सदर में भ्रष्टाचार चरम पर है और बगैर सुविधा शुल्क के तहसील में काम नहीं होता।

## पुलिस पर पिटाई करने का आरोप लगाया

लालगंज **( प्रतापगढ़ )**। कोतवाली क्षेत्र मे खरगपुर गांव मे पीडिता ने पुलिस पर ज्यादती का आरोप लगाया है। पीडित पक्ष ने गुरूवार को सीओ से मिलकर इलाकाई पुलिस की करतूत की शिकायत भी की है। वहीं पुलिसिया तांडव व पिटाई से परिवार के लोग भी सहमे है। पीड़ित परिवार के सदस्य श्यामलाल बेरिया, अखिलेश आदि ने शिकायत मे पुलिस पर अत्याचार का आरोप मढ़ा है। वहीं पुलिस से भयभीत परिवार न्याय के आस मे दर-दर भटक रहा भी रहा है। पीडित पक्ष का आरोप है कि क्षेत्रीय पुलिस द्वारा अकारण गांव पहुंचकर उन लोगों को भददी-भददी गोलियां देते हुए पिटाई करने लगी। पुलिस की पिटाई से पीडित परिवार के सदस्यो को चोटें भी आई है। इस संदर्भ मे सीओ जगमोहन का कहना है कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़ित परिवार ने उत्पीडन को लेकर एसपी को भी शिकायती पत्र सौंपा है।

## युवक ने कुंए में लगाई छलांग, मौत

लालगंज **( प्रतापगढ़ )**। जेठवारा थाना के पूरे गुलाबराय लक्ष्मणपुर के कन्धई का पुत्र प्रमोद 19 ने गुरूवार की सुबह कुएं मे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। संदिग्ध परिस्थितियों मे प्रमोद की मौत को लेकर कोहराम मच गया। हालांकि परिवार के लोग मृतक का मानसिक संतुलन खराब ठहरा रहे थे। प्रमोद ने जैसे ही कुएं मे छलांग लगाई पारिवारिकजन ग्रामीणों की सहायता से उसे बाहर ले आये, लेकिन तब तक युवक की सांसे थम गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए दोहपर बाद जिला अस्पताल भेजवाया।

## शौचालय निर्माण को लेकर जांच के आदेश

लालगंज **( प्रतापगढ़ )**। विवादित जगह पर सामुदायिक शौचालय के निर्माण कराए जाने को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत की है। सांगीपुर विकासखण्ड के पूरे विजय सिंह गांव के लोगों ने गुरूवार को एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि प्रधान एवं राजस्व महकमे की मिलीभगत से गांव मे विवादित स्थल पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है।

# बोरी में मिला युवती का शव, हत्या की आशंका

**संवाददाता**। सिरौलीगौसपुर **( बाराबंकी )**



बदोसराय कोतवाली क्षेत्र के अद्रा पुल के नीचे शारदा सहायक नहर मेंप्लास्टिक की बोरी में एक अज्ञात युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। आशंका है कि इसकी हत्या करके शव को लाकर यहां फेंका गया है। मौके पर कोतवाली बदोसराय पुलिस एवं क्षेत्राधिकारी रामनगर ने शव को निकलवा कर पीएम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कोटवाधाम से कोटवा सड़क मार्ग पर पड़ने वाले अद्रा पुल के ठीक नीचे करीब बीस वर्षीय एक युवती का शव सफेद प्लास्टिक की बोरी में लिपटा हुआ देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकलवा कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया किंतु सफलता नहीं मिली। जहां पर शव बरामद हुआ है वहां पर मामूली रूप से पानी भरा हुआ है। युवती के दाहिने हाथ में लाल रंग का कलावा बधा हुआ है तथा लोवर व टॉप पहने हुए है। उसके शरीर पर कपड़े पूरी तरह सही सलामत है। शव के गले में चोट का निशान पाया गया है जिससे आशंका है कि युवती की हत्या करके बाहर से लाकर यहां फेंका गया है । यदि नहर में पानी बह रहा होता तो शव मिलना मुश्किल था। इस समय नहर में पानी ना के बराबर है । मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आरएस गौतम क्षेत्राधिकारी रामनगर दिनेश कुमार दुबे, प्रभारी निरीक्षक बदोसराय सुधीर कुमार सिंह सहित भारी पुलिस बल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी ने अपने बयान में कहा कि युवती के शव को यहां लाकर फेंका गया है । गले में निशान होने के कारण हत्या की आशंका जताई जा रही है।

## मनोविज्ञानी आम लोगों को दिलाएंगे तनाव से मुक्ति

**ललितपुर**। नेहरू महाविद्यालय ललितपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं मुस्कुराएगा इंडिया काउंसलर डॉ संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि कोरोना महामारी के चलते उपजे तनाव को दूर करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की शुरुआत की गयी। जिसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को ना सिर्फ मानसिक रोगों के प्रति जागरूक करना हैं बल्कि आम जनमानस को मानसिक रोगों से मुक्ति दिलाना भी है। इस मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन निशुल्क मानसिक स्वास्थ्य परामर्श दिया जा रहा है । इस अभियान के तहत लोगो को मानसिक रोगों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए मनोवैज्ञानिक समस्याओं से संबंधित शोधलेख प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशित कराये जा रहे है।

डा. शर्मा ने आगे बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसारए लगभग 7०5 प्रतिशत भारतीय किसी.न.किसी रूप में मानसिक रोगों से ग्रस्त हैं। साथ ही डब्ल्यूएचओ के अनुमान के अनुसारए वर्ष 2020 तक भारत की लगभग 20 प्रतिशत आबादी मानसिक विकारो से पीड़ित होगी। मानसिक रोगियों की इतनी बड़ी संख्या के बावजूद भी यहां मानसिक स्वास्थ्य की पूर्णत: उपेक्षा की जाती है और इसे काल्पनिक बीमारी ही समझा जाता है। जबकि वास्तविकता यह है कि जिस प्रकार शारीरिक बीमारी हमारे लिये हानिकारक हो सकते हैं उसी प्रकार मानसिक बीमारी भी हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते। डब्ल्यूएचओ के अनुसार वर्ष 2020 तक अवसाद दुनिया भर में दूसरी सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्या होगी। मानसिक बीमारी कई सामाजिक समस्याओं जैसे. बेरोजगारी, गरीबी, नशाखोरी, अपराध, आत्महत्या आदि को जन्म देती है। मानसिक रोगो के संबंध में जागरूकता की कमी भी भारत के समक्ष मौजूद एक बड़ी चुनौती है।

## भव्य तरीके से मनाएं महर्षि वाल्मीकि की जयन्ती: डीएम

**संवाददाता**। प्रतापगढ़

31 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के सफल आयोजन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि विश्व के आदि कवि है जिन्होने विश्व प्रसिद्ध कालजयी कृति रामायण महाकाव्य की रचना श्री राम के जीवनकाल में की। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण सामाजिक मूल्यों, मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा वर्णित स्थल जिन्हें राम-जानकी मार्ग, राम वन-गमन मार्ग आदि के रूप में जाना जाता है, सम्पूर्ण भारत स्थल पर लगभग 280 स्थलों के रूप में आज भी विद्यमान है। उत्तर प्रदेश में राम-जानकी मार्ग तथा राम वन-गमन मार्ग के अन्तर्गत अनेक स्थल विद्यमान है जहाँ भारतीय संस्कृति के मूल तत्व एवं मान्यताएं सुरक्षित है।

## दो से चलेगा टीबी रोगी खोज अभियान

त्रिवेदीगंज **( बाराबंकी )**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदिगंज में दो से 12 नवम्बर तक सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा। जिसके लिए आठ टीम और दो सुपरवाइज़र को लगाया गया है। सीएचसी त्रिवेदिगंज के अधिक्षक डॉक्टर महमूद खान ने बताया की 10 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में आशा, आंगनबाड़ी की ओर स्वयंसेवक कार्यकर्ता को प्रशिक्षित करके इस अभियान में लगाया गया। इस कार्यक्रम मे सीएचसी त्रिवेदीगंज के अन्तर्गत आने वाले ग्राम कबूलपुर, इलियासपुर, सारायपांडेय, राघवपुर, पैकौली, पुरेनरदही, दुर्गागंज के साथ अन्य ग्रामसभा में चलाया जाएगा। इस अभियान के अन्तर्गत टीम के सभी लोग गांव में प्रत्येक घरल्घर जाकर घर के मुखिया से बात करके टीबी बीमारी में होने वाले लक्षण के बारे में पूछेंगे। यदि कोई व्यक्ति इस लक्षण से ग्रसित पाया जाता है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया सड़क का शिलान्यास



**संवाददाता**। हैदरगढ़ (बाराबंकी)

**सुबेहा** क्षेत्र के कमेला चौराहे से लोदीपुर तक जिला पंचायत निधि से बनने वाली 710 मीटर लंबी सड़क का जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह द्वारा गुरुवार शिलान्यास किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने बताया कि यह डामरीकृत सड़क 28 लाख 80 हजार की लागत से बन रही हैं। इस मार्ग का निर्माण हो जाने से सुप्रसिद्ध टीकाराम बाबा धाम, जोंधी, कमेला,महमदपुर सहित कई गांव के लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा और टीकाराम धाम को जाने वाले नरौली मार्ग पर अधिक भीड़ व जाम से लोगों को निजात मिल सकेंगी। इससे पूर्व शिलान्यास स्थल पर पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष का स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर सपा नेता राजू सिंह, विनोद सिंह, बृजेश मिश्रा, अय्यूब कुरैशी, गुड़िया सिंह, पिंकू सिंह, मोहम्मद नदीम, रानू हासमी, असगर अली, मोहम्मद वसीम, मरूई ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## हजरत मोहम्मद के जन्मदिन पर बांटे गरीबों में फल

**बाराबंकी**। हजरत मोहम्मद के मुबारक जन्मदिन पर बज्म-ए-रहमत बाराबंकी के जानिब से वृद्ध आश्रम सफेदाबाद पहुंच कर गरीबों, असहाय बुजुग, बेसहारों, महिलाओं व पुरुषों को फल, मिठाई, दूध, बिस्किट दान करके संदेश दिया है और हम लोग उसी पर अमल कर रहे हैं और आप सभी से गुजारिश है कि इस महामारी के वक्त कि जब पूरा देश और पूरी दुनिया इस बीमारी से जूझ रहे हैं तो हमारा फर्ज बनता है कि इस वक्त हम अपने नबी के मुबारक जन्मदिन पर गरीबों व मजलूमों की मदद करें यही इस वक्त के सबसे मजबूत अमल होगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से कारी अब्दुल कलाम, हाफिज नदीम, हाफिज जुनैद, हाफिज कलीम, ताज बाबा राईन, मो आसिफ मो तैय्यब बब्बू, किसान नेता शुऐब राईन,जफर अंसारी, मोइनुद्दीन अंसारी, हफीज सलमानीए मुजीब अंसारी, शकील सलमानी आदि मौजूद थे।

## रोजगारपरक योजनाओं में संतोषजनक प्रगति न होने पर डीएम नाराज

**संवाददाता**। प्रतापगढ़

**जिलाधिकारी** डा. रूपेश कुमार की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में रोजगार परक योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना में लक्ष्य के सापेक्ष सन्तोषजनक प्रगति नहीं होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। बैठक में अग्रणी बैंक प्रबन्धक, जिला बैंक समन्वयकों के बिना किसी पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को सम्बन्धित से तीन कार्य दिवस के अन्दर स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। भारतीय स्टेट बैंक में अधिकांश आवेदन पत्र लम्बित होने एवं आरबीआई गाइडलाइन के विपरीत निरस्त कर देने के सम्बन्ध में उद्यमियों द्वारा बताया गया जिस पर जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के भीतर उचित कार्रवाई करते हुये अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत करने के निर्देश दिये साथ ही साथ चेतावनी दी यदि सकारात्मक कार्यवाही न की गयी तो बैंक में संचालित सभी सरकारी खातों को अन्य बैंकों में स्थानान्तरित कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने समस्त बैंकों को एक सप्ताह के भीतर लम्बित आवेदन पत्रों की स्वीकृति प्रदान करते हुये ऋण वितरण की कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उद्यमियों की मांग पर अगली उद्योग बन्धु की बैठक में समस्त बैंकों के क्षेत्रीय प्रबन्धकों को भी बैठक में बुलाने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया।

## गन्ना किसान संगोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन

**संवाददाता**। रामनगर **( बाराबंकी )**

**अमोली** हिसामपुर में प्रगतिशील किसान संतोष बाजपेई की अगुवानी में एक दिवसीय गन्ना किसान संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस दौरान गन्ना किसानों से संवाद स्थापित करते हुए श्री द्विवेदी ने गन्ने की फसल की नवीन किस्म, नवीन पद्धति, कृषि बिल, धान खरीद एवं कृषि योजनाओं पर विस्तृत चर्चा के साथ कार्यशाला में भागीदारी की और बताया कि एसटीपी विधि, रिंग पिट एवं सिंगल बड़ नर्सरी जैसी नवीन गन्ना बुवाई पद्धति से किसान गन्ने की बेहतर पैदावार पा सकते हैं बल्कि सफसली खेती जैसे शिमला मिर्चए आलूए चना मटर की खेती कर आम के आम और गुठलियों के दाम की कहावत को भी चरितार्थ कर सकते हैं।गन्ने की प्रत्येक गांठ से उपजी नर्सरी (सिंगल बड) जैसी नवीन पद्धति बेहतर उपज के साथ अन्य फसल के लिये किसानों को पर्याप्त समय भी देती हैं साथ ही इस पद्धति से गन्ना बुवाई की लागत भी बहुत कम आती है।किसानों की आय दोगुना करनें की राह पर प्रदेश एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करते हुए श्री द्विवेदी ने बताया कि कृषक समिति एवं प्रगतिशाली कृषि व्यवस्था के माध्यम से सभी किसान कृषि यंत्रों, तारबंदी, फसल बीज, टपक विधि सिंचाई व्यवस्था और पौध पर निश्चित अनुदान पा सकते हैं साथ ही सरकार प्रत्येक सत्र में क्षेष्ठ किसानों के उत्साहवर्द्धन के लिए निश्चित पुरास्कार राशि की भी व्यवस्था करती है।

## मारपीट में अधेड़ महिला की मौत

सिद्धौर **( बाराबंकी )**। कोठी थाना क्षेत्र के डेढ़िया गांव में बुधवार की बीती रात हुई कहासुनी को लेकर बिंद्रा प्रसाद शीतला प्रसाद समेत अन्य ने कोहराम मचाते हुए मारपीट की इसी दौरान रानी देवी पत्नी रामदीन आयु (करीब 55 वर्ष) की मौत हो गई। यह सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई वही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जिसके बाद इसकी सूचना परिजनों ने कोठी पुलिस को दी।

वहीं मृतिका रानी के परिजनों का आरोप है कि शीतला प्रसाद बिंद्रा प्रसाद व अन्य ने उनके घर के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की है और परिवार के लोगों को गंभीर चोटें आई हैं जिनका इलाज चल रहा है वहीं थाना प्रभारी का कहना है कि सूचना मिली थी मौके पर पहुंचकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## जनक दरबार व लक्ष्मण परशुराम संवाद पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**संवाददाता**। लालगंज **( प्रतापगढ़ )**



**क्षेत्र** के चमरूपुर शुक्लान में हो रही रामलीला मे जनक दरबार तथा लक्ष्मण परशुराम संवाद आदि का मंचन देख दर्शक भावविभोर हो उठे दिखे। अवध रामलीला समिति के संयोजन मे आयोजित रामलीला के मंचन का शुभारंभ प्रबंध समिति के सदस्य राम शिरोमणि शुक्ल एवं जय प्रकाश शुक्ल द्वारा किया गया। अतिथियो ने महर्षि विश्वामित्र व श्रीराम लक्ष्मण की आरती उतारी।

वहीं आयोजन समिति के संरक्षक स्व.श्री विनोद कुमार ओझा जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण भी किया गया। कलाकारों द्वारा धनुष यज्ञ का प्रसंग अत्यन्त मनोहारी मंचन मे दिखा। रामलीला के आयोजन मे कोविड-19 से बचाव एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। कलाकारों ने जनक दरवार मे सभी राजाओं का आगमन, बाणासुर-रावण संबाद, सभी राजाओं द्वारा धनुष भंग करने का प्रयास, जनक द्वारा अफसोस करना, लक्ष्मण-जनक संबाद, धनुष भंग, परशुराम का समाधि भंग, परशुराम का जनक दरवार मे प्रवेश, लक्ष्मण-परशुराम संवाद, दशरथ दरबार मे दूत का आगमन, बारात प्रस्थान, जनक द्वारा स्वागत करना, राम-सीता,लक्ष्मण-उर्मिला, भरत-मांडवी, शत्रुघ्न-श्रुत्कीर्ति का विवाह व विदाई होना, अयोध्या में नववधुओं का प्रवेश तथा स्वागत, कौशल्या आदि के द्वारा आरती उतारना दृश्यों पर भी लोग मंत्रमुग्ध दिखे।

## वेटरंस एसोसिएशन के बैनर तले निकाला गया शांति तिरंगा यात्रा




**संवाददाता**। बाराबंकी

**वे**टरंस एसोसिएशनके तत्वाधान मे सैनिक सम्मान शांति तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा आशीष वर्मा की अगुवाई में पटेल चौराहा से जिला अधिकारी कार्यालय तक गई। जिसमें मुख्य रूप से वेटरन्स एसोसिएशन के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी सूबेदार मेजर जय प्रकाश मिश्र और प्रदेश अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह मौजूद रहे। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी दिग्विजय मिश्र, प्रदेश उपाध्यक्ष बोधराज तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक वीरेन्द्र प्रशाद पाठक, प्रदेश महासचिव विनोद कुमार, जिला महामंत्री महेन्द्र कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार जितेंद्र मिश्र, वरिष्ठ सलाहकार माता प्रसाद वर्मा, पंचायत प्रकोष्ठ वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंहए अयोध्या मंडल सचिव राकेश कुमार श्रीवास्तव, राजाराम चौहान, गिरिजेश चौहान, अमरेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## कायस्थ समाज ने राष्ट्र निर्माण में अपने कर्तव्यों का किया निर्वहन: योगेन्द्र

**अमेठी**। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि हम सब कायस्थ बंधु इस सृष्टि के न्यायाधीश भगवान श्री चित्रगुप्त जी के अंश हैं। इस बात पर सिर्फ हमें ही नहीं हमारी पीढ़ियों को भी गर्व होना चाहिए क्योकि हम हमेशा न्याय के पक्षधर रहे हैं।

कायस्थ समाज ने सदा राष्ट्रनिर्माण में अपने कर्तब्यों का निर्वहन किया हैए चाहे आजादी के पहले का कालखण्ड रहा हो या आजादी के बाद राष्ट्र के पुनर्गठन का समयए कायस्थ समाज ने बढ़-चढ़कर अपनी सफल भूमिका निभाई है। आज हम सब को तेजी से बदलते इस वैश्विक समयचक्र की धुरी में फिर से अपने राष्ट्र के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का मौका मिला है। कायस्थ समाज को आज फिर अपनी प्रतिभा से देश दुनिया को परिचित कराने का मौका मिलने जा रहा है।

## कंट्रोल रूम से आने वाली शिकायतों का निस्तारण शीघ्र हो: जिलाधिकारी

**संवाददाता**। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने सीएमओ कार्यालय में संचालित एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेन्टर में कोविड.19 के संबंध में विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान समस्त उपजिलाधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रतिदिन जांच हेतु भेजे जाने वाले सैंपल के संबंध में जानकारी ली तथा सर्विलांस टीम की सक्रियता बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लक्षण युक्त सैंपल जांच हेतु भेजने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों की जांच अवश्य किया जाये तथा कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाए। कोविड अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तायुक्त भोजनए नाश्ता की व्यवस्था एवं अस्पताल में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रखी जाए। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को विशेष ध्यान देकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये एवं मरीजों से फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाए। कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक भोजन देने के साथ.साथ उनका देखभाल भी बेहतर ढंग से किया जाये ताकि मरीजों को कोई दिक्कत ना होने पाये। जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक जनपद अमेठी में 133981 सैंपल जांच हेतु भेजे गए हैं, जिनमें से 2859 मरीज पॉजिटिव आए है। अब तक 2708 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज किए गए हैं। वर्तमान में 124 एक्टिव केस हैं तथा अब तक जनपद में कुल 27 लोगों की कोरोना से मृत्यु हुई है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अभियान चलाकर टैक्सी स्टैंड, रिक्शा इत्यादि लोगों का सैंपल कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए।